का॰३॰८॰१॰ यजमानपत्नी वेद (कुशमुष्टिपूलक) को खोले वेदोऽसीति॥ वेद देवत्यं यजुः। हे कुशमुष्टिनिर्मित पदार्थ तू वेद (ऋग्गाद्यात्मक यज्ञ ज्ञाता) है। हे द्योतनात्मक वेद जिस कारण करि तू देवताओं का ज्ञापक हुआ तिसी कारण मेरा ज्ञापक हो॥ का॰३॰८॰४॰ समिष्टयजु होमें देवा गातुविद इति॥ मनसस्पति दृष्टा विराट् छन्दस्का वातदेवत्या। अस्याः पूर्वार्धेन देवता विसृजति। हे गातुविदः (यज्ञवेत्तारो देवाः +) हमारा यज्ञ प्रवृत्त हुआ यह जानिकर यज्ञ प्रति आए वा गातुं (गन्तव्य) मार्ग॰ हमारे यज्ञ करि तुष्ट हुए स्वमार्ग को जाओ। एवं देवान्विसृज्य चन्द्रं प्रत्याह। हे मनसस्पते (मनके अधिपते चन्द्रः। वा देवताओं के यजने के लिये मन के प्रवर्तक परमेश्वरः तं प्रत्युच्यते। हे मनसस्पते (परमेश्वरः) हे देव यह अनुष्ठित यज्ञ स्वाहा (तेरे हाथ में देता हूं। और तू तिस यज्ञ को वायुरूप देवता में स्थापन करि। वाते हि यज्ञोऽवतिष्ठते। तदुक्तं श्रुत्या। वायुरेवाग्निस्तस्माद्यं देवाध्वर्युरुत्तमं कर्म करोत्यर्थे तमेवाप्येतीति॥२१॥

+ गीयहैं। नानाविधि वेदवाक्योंसे प्रतिपादन करी और इति गातु (यज्ञ) है तिसके जानने वाले गातुवित्

सम्बर्हिरङ्क्ताᳬ हविषा घृतेन समादित्यैर्वसुभिः सम्मरुद्भिः। समिन्द्रो विश्वदेवेभिरङ्क्तां दिव्यं नभो गच्छतु यत्स्वाहा॥२२॥

का॰३॰८॰५॰ सम्बर्हिरिति बर्हि होमें॥ लिङ्गोक्तदेवत्या त्रिष्टुब्विराड्रूपा। इन्द्र हविः संस्कारयुक्त घृत करिके बर्हिएँ भले प्रकार अञ्जनोपेत (लिप्त)

करे। और केवल सो इन्द्र ही नहीं किंतु आदित्य वसु मरुत् और विश्व नामक गण देवों सहित लिप्त करे। वस्वादि सहित इन्द्र करि लिप्त करी सो बर्हि जो कि दिव्यं नभो (आदित्यलक्षण ज्योति) है तिसे प्राप्त हो। स्वाहा (यह बर्हि देवता के उद्देश करि दिया॥२२॥

कस्त्वा विमुञ्चति स त्वा विमुञ्चति कस्मै त्वा विमुञ्चति तस्मै त्वा विमुञ्चति। पोषाय रक्षसाम्भागोऽसि॥२३॥ + - + क॰य॰अ॰र॰सि॰द्र॰॥२३॥

का॰३॰८॰६॰ अध्वर्यु आहवनीयाग्नि को परिक्रमा दे वेदी के दक्षिणभाग में उदङ्मुख बैठि प्रणीता ले वेदी के मध्य में रख तहां ही औंधावे कस्त्वेति॥ कस्त्वेति यजुः प्रजापति दे॰। व्याख्यातो अध्या॰१॰६॰मन्त्रः तहां यज्ञयोग में परं तु यहां यज्ञविमोक में नियुक्त है। पोषाय (यजमान के पुत्रादिकों के पोषण के अर्थ तुझे) औंधाता हूं इतिशेषः +॥ का॰३॰८॰७॰ पुरोडाशकपाल करि कृष्णाजिन के नीचे ही कणों को उत्कर में डाले॥ रक्षसामिति याजुषी गायत्री रक्षो देवता। हे कण समूह तू राक्षसों का भाग है (तिन्हों के नीचजातित्व से निकृष्टभाग युक्त है॥२३॥

+ यो वै यज्ञं प्रयुज्य न विमुञ्चत्यप्रतिष्ठानो वै स भवतीति श्रुत्यन्तरवचनात्।

अथ याजमानम्

अ॰ ६॰ सं वर्चसा पयसा सं तनूभिरगन्महि मनसा सꣳ शिवेन। त्वष्टा सुदत्रो विदधातु रायोऽनुमार्ष्टु तन्वो यद्विलिष्टम्॥२४॥

।त्रिष्टुप्। का॰ ३.७.८-१०. पूर्णपात्र को ले पूर्व से आहव-
को फेरा दे दक्षिण से उत्तराभिमुख यजमान की अञ्जलि में सं
जल छोडे छूटते पूर्णपात्र को यजमान संवर्चसेति अञ्जलि क
करे फिरि चुपके से मुँह धोवै॥अर्थः। ब्रह्मतेज करि ह
ल हुए। क्षीरादिरस करि संग॰। तनूः (अनुष्ठानक्षम शरी
वा भार्यापुत्रादि) करि संग॰। शान्त कर्म श्रद्धा युक्त म
संग॰। यज्ञ को समीप जाते मनुष्य के ब्रह्मतेजादि प्राप्त हो
तिन्हें फिरि भी इस से पूर्ण करता है। किं च शोभनदानः त्व
को विविध स्थापन करे। हमारे शरीर का जो न्यून अ
तिसे न्यूनत्वपरिहारेण अनुकूल करिके शोधै। अर्थात् धन
की पुष्टि करे॥२४॥

दिवि विष्णुर्व्यक्रꣳस्त जागतेन् छन्दसा ततो निर्भ-
क्तो यो॒ऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मोऽन्तरिक्षे वि-
ष्णुर्व्यक्रꣳस्त त्रैष्टुभेन् छन्दसा ततो निर्भक्तो यो-
ऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः पृथिव्यां विष्णुर्व्यक्र-
ꣳस्त गायत्रेण छन्दसा ततो निर्भक्तो योऽस्मान्द्वे-
ष्टि यं च वयं द्विष्मोऽस्मादन्नादस्यै प्रतिष्ठाया
अगन्म स्वः सं ज्योतिषाभूम॥२५॥ +

का॰ ३.८.११.१२. यजमान अपने आसन से उठि वेदी की द-
क्षिणश्रोणि से ले आहवनीय के पूर्व में तीनि विष्णुक्रमसंज्ञक
पदक्षेपण (विष्णुपाद बुद्धि करि अपने पाद का भूमि में क्षपण) क-

+ दि-ष्म॥ अ॰। अ-ष्म॥ पृ॰। पृ-ष्म॥ ऊ॰। अ-त। अ॰। अ-मे। ल॰। अ-स्व॥ का॰
सं-म। पृ॰। २५॥

है दिवि विष्णुरित्यादि तीनि मन्त्रों वा पृथिवी अन्तरिक्षदिवी त्यादि ऊँचे आरोहण क्रम से॥ दिवि विष्णुरितित्रीणि यजूꣳषि विष्णुदेवत्यानि। विष्णु (यज्ञपुरुष) जगतीछन्दरूप अपने पाद से द्युलोक में विशेषेण परिक्रमा करता हुआ। तथा सति तो द्युलोक से निर्भक्तः (भागरहित करिके निकाला कौन कि जो हमें देखि प्रीति नहीं करता और जिसे देखि हम प्रीति नहीं करते सो द्विविध शत्रु॥ एव मुत्तराव पि विष्णुक्रममन्त्रौ व्याख्येयो॥ का॰ ३॰ ८॰ १३॰ अस्मादन्नादिति अपने भाग को देखे॥ अस्मादन्नादिति दैवी बृहती भागोदे॰। जो यह भाग रीखता है मुरु यजमान के भाग से निर्भक्त इति वाक्यशेषोऽनुवर्तनीयः॥ का॰ ३॰ ८॰ १४॰ अस्यै प्रतिष्ठाया इति भूमि को देखे॥ याजुषी गायत्री भूमिर्दे॰। इस साम्ने दृश्यमाना प्रतिष्ठा हेतु यज्ञभूमि से निर्भक्त इत्यादि पूर्ववत्॥ का॰ ३॰ ८॰ १५॰ अगन्मस्वरिति पूर्व को देखे॥ दैवीबृहती देवा देवता। पूर्वदिशा में स्थिति स्वः (सूर्य वा आकाश) को हम यज्ञानुष्ठान करि प्राप्त हुए॥ का॰ ३॰ ८॰ १६॰ संज्योतिषेत्याहवनीय को देखे॥ याजुषी गायत्री आहवनीयाग्निदे॰ आहवनीयलक्षणज्योति करि हम संगत हुए॥ २५॥

स्वयम्भूरसि श्रेष्ठो रश्मिर्वर्चोदा असि वर्चो मे देहि।
सूर्यस्यावृतमन्वावर्ते॥ २६॥ +

का॰ ३॰ ८॰ १७॰ स्वयम्भूरिति सूर्य को देखे॥ सूर्य देवत्यं यजुः। हे सूर्य तू स्वयंसिद्ध है। श्रेष्ठ (प्रशस्यतम) रश्मि (मण्डलशरीराभिमानी

+ स्व-हि। अ॰। सू-तैं। इ॰॥ २६॥

...गर्भ है। सूर्य की सप्त रश्मिएं हैं। चारोंदिशा में चारि। एक ऊ... एक नीचे। सातवीं मण्डलाभिमानी हिरण्यगर्भ पुरुष वोह ... है सो तू है। यतः तू वर्चोदा (तेजका दाता) है + अतः मुझे ब्रह्म... ...दे॥ का॰ ३॰ ८॰ १९॰ सूर्यस्येति प्रदक्षिणाकरै॥ याजुषीबृहती ... ॰। सूर्य की सम्बन्धिनी आवर्तन को अनुसरण करि मैंभी ...वर्तन करता हूं॥ २६॥

अग्ने गृहपते सुगृहपतिस्त्वयाग्नेऽहं गृहपतिना भूयासꣳ सुगृहपतिस्त्वंमयाग्ने गृहपतिना भूयाः॥ अस्थूरि णौ गार्हपत्यानि सन्तु शतꣳ हिमाः सूर्यस्यावृतमन्वावर्ते॥ २७॥ + अ-मा॰। अ॰। सू-नें। इ॰॥ २७॥

का॰ ३॰ ८॰ २१॰ अग्ने गृहपते इति गार्हपत्याग्नि को उपस्थान (प्रकाश) करै॥ ब्राह्मी बृहती गार्हपत्याग्निदे॰। हे मेरे गृह के पालक हे अग्ने तुझ गृहपालक के प्रसाद करि मैं शोभन गृहपालक होउं। तथा हे अग्ने तू भी मुझ गृहपति की करी सेवा से शोभन गृहपति हो। एवं सति हम गृहपतियों (स्त्रीपुरुषों) करि निष्पाद्य कर्म शतवर्ष पर्यन्त अस्थूरीव हों (निरन्तर अव्यवहित प्रवर्तें। एकपार्श्व में वलीवर्द युक्त शकट को स्थूरि कहिते हैं॰ लुप्तोपमानम्। बलीवर्दयुक्त शकट जैसे निरन्तर अव्यवहित वर्तें है तैसे हम गृहपतियों के हों॥ का॰ ३॰ ८॰ २३॰ सूर्यस्येति प्रदक्षिणा दे॥ याजुषी बृहती सूर्यदे॰ व्याख्याता २६॰ इ॰॥ २७॥

अग्ने व्रतपते व्रतमचारिषं तदशकं तन्मेऽराधीद-

+ का॰ ३॰ ८॰ १८॰ अथवा वर्चोदा के स्थान पर पुत्रदा धनदा गोदा अश्वद इत्यादि जो कामना रखता है तिसे उच्चार करै॥

महं य एवास्मि सो॒ऽस्मि॥२८॥+

का॰ ३॰ ८॰ २९॰ व्रतग्रहण में दो मन्त्र कहे गये अध्या॰१॰ काण्डी ५॰ तिन्हों के मध्य जिस (पहिले वा दूसरे) से व्रतादान किया हो यहां भी तिसी के अनुसार से व्रत को विसर्जन करे॥ अग्ने व्रतपत इति साम्नी पङ्क्तिः इदमहमिति याजुषी पङ्क्तिः द्वे आग्नेये। हे अग्ने हे व्रतपते (कर्मपालक) में नें कर्म का अनुष्ठान किया और तेरे प्रसाद से कर्मशक्त हुआ और तूनें मेरा कर्म सिद्ध किया॥ द्वितीयो मन्त्रः। हे अग्ने यह कर्म समाप्ति करि जो में पहिले था वोह ही मनुष्य हूं॥२८॥

॥ इति याजमानर्ठंसमाप्तम् ॥

॥ इति भाष्ये षष्ठोऽनुवाकः६ ॥

॥ इति दर्शपूर्णमासेष्टि मन्त्राः समाप्ताः ॥

+ अ-धि। ख०। इ-सि। वृ०॥२८॥

अतःपरं पिण्डपितृयज्ञमन्त्रास्तेषां प्रजापतिर्ऋषिः

अ॰ ७॰ अग्नये कव्यवाहनाय स्वाहा सोमाय पितृमते स्वाहा। अपहता असुरा रक्षांꣳसि वेदिषदः॥२९॥ †

का॰ ४॰ १॰ ७॰ अग्नि से थोडे पके चाँवल कि जिन्हों से स्थाली [illegible] न होवे आसादित आज्य करि अभिघारि दक्षिणतः निकालि दक्षिणाग्नि के पूर्वभागी करि प्रदक्षिण उत्तरतः ला करि सव्य करिके ठैरि तीनि समिधाएँ आधान करि बैठि प्राङ्मुख मेक्षण करि अग्नये और सोमाय दो मन्त्र करि चरु को होमें॥ द्वे देव देवत्ये यजुषी स्वाहाकारस्य श्रुतेः। कवयः (क्रान्तदर्शिनः-पितरों) के सम्बन्धि हवि के वहाने का अधिकार जिस का वोह कव्यवाहन तिस अग्नि के अर्थ स्वाहा (हवि दिया)॥ पितृसंयुक्त सोमनामक देवता के अर्थ हवि दिया॥ स्वाहाकारेण वषट्कारेण वा देवेभ्योऽन्नदानश्रुतेर्दैवाविमौ मन्त्रौ॥ का॰ ४॰ १॰ ८॰ दक्षिण से उल्लेखन करै अपहता इति॥ आसुरी उष्णिक् आसुरम्। वेदी में स्थित असुर वेदी के सकाश से निकाले तथा राक्षस भी निकाले (असुर और राक्षस जाति हैं देवताविरोधिओं की।)॥२९॥

ये रूपाणि प्रतिमुञ्चमाना असुराः सन्तः स्वधया चरन्ति। परापुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्टाँल्लोका-

† अ-हा। अ॰। सो-हा। द्वृ॰। अ-द॰। उ॰॥२९॥

कान्यग्रणुदात्यस्मात् ॥३०॥

का॰४॰१॰९॰ रेखा के उल्मुक को दक्षिणाग्नि के एकदेश में स्थापन करें॥ ये रूपाणीति त्रिष्टुप् कव्यवाहनाग्निर्देवत्या। (स्वधा (पैतृकान्न निमित्त) पितरों का अन्न हमलोग भक्षण करें इस हेतु करि अपने रूपों को प्रतिमुञ्चमान (पितृसमान रूपों को स्वीकार) करते हुए जे असुर देवविरोधि पितृयज्ञस्थान में प्रसरते हैं। तथा जे असुर परा पुरों (स्थूलदेहों) और निपुरों (सूक्ष्मदेहों) को धारण करते हैं अपने असुरत्व छिपाने के लिये। उल्मुकरूप अग्नि इस लोक (पितृयज्ञस्थान) से तिन असुरों को प्रकर्षेण निकाले॥ ३०॥

अत्र पितरो मादयध्वं यथाभागमावृषायध्वम्।
अमीमदन्त पितरो यथाभागमावृषायिषत॥३१॥

का॰४॰१॰१३॰१४॰ अत्र पितरः इति पिण्डों के संमुख संहितास्वर करि पढि के प्रदक्षिण लौटि उदङ्मुख हो यथाप्राप्ति श्वासधारण करि बैठे। प्रदक्षिण फिरि लौटि कर पिण्डसंमुख हो अमीमदन्त इति संहितास्वर से ही पढे॥ द्वे साम बृहत्यौ पित्र्ये। हे पितरो तुम इन बर्हिओं पर हृष्ट होओ। फिरि हवि में यथा भाग (अपने-अपने भाग) को बाँटि भले प्रकार वृषवत् आचरो (जैसे वृष अपने अभीष्ट घास को प्राप्त हो तृप्ति पर्यन्त स्वीकरता है तद्वत् स्वीकरो॥ जिन पितरों प्रति हृष्ट होओ यह कहा ते हृष्ट हो यथाभाग वृषवत्स्वीकरते हुए अर्थात् अपने भाग को खाते हुए॥३१॥

नमो वः पितरो रसाय नमो वः पितरः शोषाय

† ऋ॰-मृ॰ आ॰अ॰-ता॰ई॰॥३१॥

नमो॑ वः पितरो जी॒वाय॒ नमो॑ वः पितरः स्व॒धा॒यै॒ नमो॑ वः पितरो घो॒राय॒ नमो॑ वः पितरो म॒न्यवे॒ नमो॑ वः पितरः पितरो॒ नमो॑ वो गृहान्नः पितरो॒ दत्त स॒तो वः पितरो॒ देष्मैतद्वः पितरो॒ वास॒ आध॑त्त ॥३२॥+

[redacted]॰४॰१॰१५॰ नमो व इति छै वार नमस्कार करे ॥ नमो वः १-[redacted]र्बृहत्यः षष्ठ्यार्ची उष्णिक् ६ षड्भिः रोक्त देवत्याः। षड्वाक्र [redacted] पितर इति श्रुते रसादि शब्देन वसन्तादि षड़ृतव उच्यन्ते। [redacted] च पितॄणां स्वरूपभूता अतस्तेभ्यो नमस्करोति। हे पितरओ तुम्हारे रस (रसभूत वसंत) के अर्थ नमस्कार। क्यों कि मधादि रस वृक्षों में उत्पन्न होते हैं इस हेतु रसशब्द करि वसन्त है। और तुमरूप वसन्त के अर्थ नमः ॥१॥ एवमग्रेतना मन्त्रा व्याख्याः। शोषाय (शुष्क होती हैं ओषधीएँ जहां) ग्रीष्म ॥२॥ जीव (जीवनहेतु जलवर्षनेहारी) वर्षा ॥३॥ स्वधा (शरद) स्वधावै शरत्स्वधा वै पितॄणामन्नमिति श्रुतेः। शरद में ही प्रायशः अन्न होते हैं ॥४ घोर (विषम) हेमन्त। हेमन्त शीत प्रचुरत्व करि दुःखदाता होनेसे घोर है ॥५॥ मन्यु (क्रोध तद्रूपी शिशिर) शिशिर ही ओषधीएँ जलाती है। हे पितरओ एवंविध तुम ऋतुरूपीओं के अर्थ नमस्कार हे पितरओ तुम्हारे अर्थ नमः इत्यभ्यास आदरातिशयार्थः ॥६॥ गृहान्न इति साम्नी अनुष्टुप् पितरो देवता। हे पितरओ हमारे अर्थ घरों (भार्यापुत्रपौत्रादिकों) को देओ। हे पितर ओ तु-

+म॰ प॰ अ॰ ३॰ उ॰ क॰ ल॰ न॰ व॰ प्रा॰ ग॰ षे॰ ई॰ ए॰ ना॰ ऊ॰ ॥३२॥

म्हारे विद्यमान से देवें। अर्थात् देते हुए हमारा द्रव्यक्षय कभी नहीं॥का॰४॰१॰१६-१८॰ एतद्व इति प्रति पिण्ड के ऊपर तीनि तीनि सूत्र स्थापन करै॰ वा ऊर्णा के वस्त्र से ऊर्णा निकालि वा पचाशवर्ष से ऊँची अवस्था का यजमान अपने हृदय के रोमों से पिण्डों को ढकै॥ प्राजापत्या गायत्री पितरो दे॰। हे पितरओ तुम्हारे अर्थ यह सूत्र ही परिधान हो॥३२॥

आधत्त पितरो गर्भं कुमारं पुष्करस्रजम्। यथेह पुरुषोऽसत्॥३३॥

का॰४॰१॰२२॰ आधत्तेति धर्मपत्नी पुत्रकामा मध्यमपिण्ड को प्राशन करै॥ पितृदेवत्या गायत्री। हे पितरओ जैसे जिस प्रकार यह पुरुष देवपितृ मनुष्यों के अपेक्षितार्थ का पूरण करने हारा होवे तैसे इस ही ऋतु में कुमार (पुत्ररूप) गर्भ को तुम सम्पादन करो। कैसे कुमार कि पुष्करस्रक्। जैसे अश्विनी कुमार देवताओं के वैद्य कमलों की माला धारण करें हैं तिस तुल्य को। अश्विसमान कहने से रोगहीन और सुन्दर पुत्र आधान करो यह सूचना की॥३३॥

ऊर्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिस्रुतम्।
स्वधा स्थ तर्पयत मे पितॄन्॥३४॥

इति संहितायां सप्तमोऽनुवाकः॥७

इति श्री शुक्लयजुषि माध्यन्दिनीयायांवाजसनेयसंहितायां दीर्घपाठे द्वितीयोऽध्यायः॥२॥

४॰१॰१६॰ऊर्जं वहन्तीति उदपात्रस्थ अवनेजनाव- र उदक को पिण्डों के ऊपर सींचे॥ अब्देवत्या विराट्। जल तुम स्वधा (पितरों की हविःस्वरूपा) हो इस हेतु मेरे रों को तृप्त करो। कैसी जल कि परिस्रुत् (पुष्पों से निक- र) को वहतीओं। और वोह सार ऊर्जशब्द घृतशब्द प- ब्द करि तीनि विध है। तहां ऊर्ज शब्द करि अन्नगत स्वा- और घृत तथा पय प्रसिद्ध हैं। और वोह त्रिविध भी कैसा अमृत (सर्वरोगनाशक और मृत्युनाशक। पुनः कैसा कि लाल (सर्वबन्धनिवर्तक) है। ऐसे त्रिविधसार वहने से ज- ों का पितृतर्पकत्व उपपन्न है॥३४॥

इति श्री गिरिधरभाष्ये सप्तमोऽनुवाकः ७

श्री वेदार्थप्रदीपेन तमो हार्दं निवारयन्
पुमार्थांश्चतुरो देयाद्यज्ञपुरुषः सनातनः २

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गत माध्यन्दिनीय शाखाध्येतृ वैया- घ्रपदान्वय श्री विश्वामित्र पुराधिप श्रीमज्जयकिशोरदेववर्मा- त्मज रौक्मिणेय नृपति गिरिप्रसाद रचिते श्रीवेदार्थप्रदीपे गिरि- धरभाष्ये इध्मप्रोक्षादि पितृयज्ञान्तो द्वितीयोऽध्यायः॥२॥

हरिः ओम्

ओं नमो यज्ञपुरुषाय

यज्ञात्मकं द्विरूपं च साधनैर्बहुरूपकम्
स्वानन्ददायकं कृष्णं ब्रह्मरूपं परं स्तुमः ३

अग्न्याधेयं प्रजापतेरार्षं देवानामग्नेर्गन्धर्वाणां वा

अ॰ १॰ समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्। आस्मिन्हव्या जुहोतन॥१॥

ओं नमो याज्ञवल्क्याय
यज्ञागिरिप्रसादेन श्रीवेदार्थप्रदीपके
अग्न्याधानादिपित्र्यान्तस्तृतीयोऽध्याय ईर्यते ३

प्रथम द्वितीय अध्यायों में दर्शपौर्णमासेष्टिविषयक मन्त्र कहे अब अष्टमी कण्डिका पर्यन्त आधान के मन्त्र कहे जाते हैं॥ का॰ ४.७.१॰ अमावास्या में अग्न्याधान करना इस से आदि ले कालविशेषादि को और ब्रह्मोदनपाकपर्यन्त कार्यों को कहि कर पीछे यह कहिता है॥ का॰ ४.८.४-७॰ चारि ऋत्विजों करि भोजनयोग्य ओदन पकाकर स्थाली में बाहिर निकालि तिस के मध्य घृतसेन के अर्थ गर्त करि तिस में घृत भरि आज्य-

...नि समिधाएँ उसी घृत में डुबो समिधाग्निमिति तीनि ऋ-
...से प्रत्येक समिधा को अग्नि में आधान करै। पहिली दूसरी
... ऋचा से आधान करै चौथी को जपै। वा पहिली से आधान
...सरी को जपै फिरि तीसरी चौथी करि आधान करै॥ चतस्र
...यत्रीछन्दोऽग्निर्देवता १ विरूपाङ्गिरसदृष्टा २ वसुश्रुत ३
...ज॥ मन्त्रार्थस्तु॥ हे ऋत्विजः तुम समिधा (भलीभाँति से
...न करिये है अग्नि तिस काष्ठरूपा समित्) करि अग्नि को परि-
...ो। पूर्णाहुति सम्बन्धि होष्यमाण घृत करि अतिथि (आतिथ्यक-
...रि पूजनीय अग्नि) को बोधन (प्रज्वलित) कराओ। इस प्र-
...लित अग्नि में नानाविध हविओं को सर्वतः होमो॥१॥

सुसमिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन। अग्नये जात-
वेदसे॥२॥

हे ऋत्विजः अग्नि के अर्थ तुम घृत करि के होम करो। कैसे अ-
ग्नि कि सुसमिद्ध (शोभनदीप्त) अत एव शोचिष्मन्त (ज्वलित)
जातवेद (जातं वेत्ति वा वेदयति वा जात प्रज्ञान। कैसे घृत कि तीव्र
(स्वादुतम वा समग्र वा पटुतर) ग्रहणोद्वासनाधिश्रयणावेक्ष-
णादि करि संस्कृत॥२॥

तं त्वा समिद्भिरङ्गिरो घृतेन वर्धयामसि। बृहच्छोचा
यविष्ठ्य॥३॥

हे अङ्गिरः (तत्तद्यागों में गमनवन्न ग्ने) तिस (उक्तगुणसमयाविष्ट)
...) तुझे समिधाओं और संस्कृताज्य से प्रवृद्ध करते हैं। हे यवि-

ष्ट्र (कदाचिदपि स्थविरत्व रहित) प्रवृद्ध जैसे तैसे दीप्त हो॥ अ
उप त्वाग्ने हविष्मतीर्घृताचीर्यन्तु हर्यत। जुषस्व समिधो
मम॥४॥
हे अग्ने हविर्युक्ता घृताक्ताः ये समिधाएँ तुम प्रति प्राप्त हों। हे हर्यत (प्रेप्सावन्) मेरी समिधाएँ तू सेवन (अङ्गी) करि॥४॥
अ॰ २॰ भूर्भुवः स्वर्द्यौरिव भूम्ना पृथिवीव वरिम्णा। तस्यास्ते पृ-
थिवि देवयजनि पृष्ठेऽग्निमन्नादमन्नाद्यायादधे॥५॥ +
का॰ ४॰ ८॰ १॰ १६॰ आपः हिरण्य ऊषा आखूत्कर और शर्करा इन पाँच सम्भारों का सम्पादन करि स्फ्य से लिखी हुई शुद्ध भूमि में तिन सम्भारों को स्थापि तिन्हों पर यज्ञियकाष्ठ करि ज्वलित अग्नि को भूर्भुवः इन तीनि अक्षरों का उच्चारण करि आधान करै। यह आहवनीय का आधान है। एवं अष्टाक्षर होने से अग्नि का गायत्री होना श्रुति में कहा है। गायत्री सहित अग्नि का प्रजापति के मुख से उत्पन्न होने से इति सूत्रार्थः॥ मन्त्रार्थस्तु। भूरिति दैवी गायत्री अग्निर्देवता। भुवरिति दैव्युष्णिग्वायुर्देवता। सुवरिति दैवी गायत्री सूर्यो देवता। इन आधानमन्त्रों में ये तीनों व्याहृतिएँ हैं। ये ही तीनों व्याहृतिएँ पृथिव्यादि तीनों लोकों के नाम हैं। इन्हीं के उच्चारण पूर्वक प्रजापति करि तीनों लोकों के उत्पन्न होने से। अतः इनों में स्थापन करि तीनों लोकों को इन्हीं करि स्मरण करै इन व्याहृतिओं की महिमा हो। यद्वा भूर्भुवः स्वः शब्द करि ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य तीनों जानियें वा आत्मप्रजापशु ये सब मेरे वशवर्तिनः हों यह प्रार्थना

+ भू-स्व॥ अ॰। द्यौ-धे। द्र॰॥५॥

करि अग्निओं को स्थापन करै इत्यर्थः॥का॰४॰६॰१७॰फिरि यजमान ईंधन के पूर्वार्ध को ग्रहण करि द्यौरिव भूम्नेति जपै॥यजुषो यजमानाशीर्लिङ्गोक्तदेवता।हे पृथिवि देवयजनि (देवता पूजियें हैं जिसमें वोह) तिस तेरे पृष्ठ (ऊपर) में अन्नाद (अन्न की आहुतिके भक्षण करनेहारो) अग्नि (गार्हपत्यादिरूप) को स्थापन कर्त्ता हूँ। किमर्थम् कि भक्षणयोग्य अन्न की सिद्धि के अर्थ वा अन्न भक्षण के अर्थ। जिस पृष्ठ में अग्नि रखिके जैसे आकाश में तारे बहुत हैं ऐसे हम पुत्र पश्वादि करि बहुत होवें इति शेषः। जैसे पृथिवी सब प्राणियों का आश्रय है ऐसे हम॰ यद्वा पूर्वार्धस्यायमर्थः। कैसे अग्नि को कि जैसे द्यौः नक्षत्रादि बहुत करि युक्त है तैसे ज्वाला बहुत्व करि युक्त को। किंच जैसे पृथिवी सब प्राणिओं के आश्रयत्व रूप करि श्रेष्ठत्व से युक्त है तैसे सब वस्तुओं के शोधकत्व रूप करि श्रेष्ठत्व से युक्त को। अत एव क्वचिद्विधिवाक्ये अग्नये पावकायेत्याम्नातम्॥५॥

आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरं पुरः। पितरं च प्रयन्त्स्वः॥६॥

का॰४॰६॰१८॰१९॰ और आयं गौरिति तीनि ऋचाओं सार्पराज्ञीनामाओं से आहवनीय का उपस्थान करै। फिरि अध्वर्यु गार्हपत्य से कर्पर करि अग्नि ले दक्षिणाग्नि को आधान करै आयं गौरिति तिसृणामृचां सार्पराज्ञी (कद्रू पृथिव्यभिमानी) दृष्ट्री गायत्रीछन्द अग्निः परावररूपेण देवता। अग्निः परावररूपेण स्तूयते। यह दृश्यमान अग्निः सर्वतः आहवनीय गार्हपत्य दक्षिणाग्निस्थानों में क्रमेण (पादविक्षेप) करता हुआ। कैसा अग्नि कि यज्ञनिष्पत्ति के अर्थ तिस-ति-

स यजमानगृह में चलता। तथा चित्रवर्णों (लोहितशुक्लादिबहुविधज्वाला-पेत। आक्रमणमेवाह। प्राचीदिशा में माता (पृथिवी) को आहवनीयरूप करि प्राप्त हुआ और तैसेंही आदित्यरूपकरि स्वर्ग में चलता पिता (द्युलोक) को प्राप्त हुआ † ॥ ६॥

अन्तश्चरति रोचनास्य प्राणादपानती। व्यख्यन्महिषो दिवम् ॥ ७॥

एवमादित्यरूपेणाग्निं स्तुत्वा वायुरूपेण स्तौति। इस अग्नि की दीप्ति कोइक शक्ति वायुनामा अन्तः (द्यावापृथिवी के शरीर मध्य में) चलती ‡। क्या करती कि प्राणादपानती (सर्वशरीरों में प्राणव्यापार के अनन्तर अपान व्यापार को करती। अपान के अनन्तर प्राणतीत्यप्यर्थोलभ्यते सामर्थ्य से प्राणापानवायुविशेष का प्रेरक है इत्यर्थः। क्योंकि जठराग्नि में जीवनहेतु उष्णता के सद्भाव से शरीर में प्राणापान प्रवर्ते हैं तिस हेतु से अग्नि प्राणापानरूप है। एवं स्वशक्तिभूत वाय्वादित्य करि इस जगत का अनुग्रह करिके जो ऐसे को उपतिष्ठे है तिस का क्या करता है। इत्याह। कि महिषोऽग्निः दिवं व्यख्यत् (द्युलोकभोगस्थान को अनुष्ठाताओं के अर्थ विशेषेण प्रकाश करता हुआ और प्रकाश करता है। महि (महात्म्य याग कर्तृ स्वरूप) को देता * ॥ ७॥

त्रिंशद्धाम विराजति वाक्पतङ्गाय धीयते। प्रतिवस्तोरह द्युभिः ॥ ८॥

त्रिंशत् धामों (तीस ३० महूर्तनामा स्थानों ※) में जो वाणी विराजै (शोभै) है सो स्तूयमाना वाणी पतङ्ग (अग्नि ५) के अर्थ उच्चारण करिये है (सर्वदेवसम्बन्धिनी स्तुतिओं करि अग्नि ही स-

† स्वः शब्देन सूर्यः निघं० १।४ द्युलोक इलोकयोर्मातापितृत्वं मन्यत्रापि श्रूयते। द्यौः पिता पृथिवी मातेति।

‡ अन्तरिक्षे ऽयं निर्यद्वायुः पवत इति श्रुतेः।

* अग्निर्वै महिषः स इदं जातो महानिति श्रुतेः॥

※ धामानि त्रयाणि भवन्ति स्थानानि नामानि जन्मानीति निरु० ९। २८। २९। अत्र धामशब्देन स्थानमुच्यते। अहोरात्रस्य त्रिंशन्मुहूर्ता धाम शब्देनाभिप्रेताः। ५ पतन् गच्छति पतङ्गः। अग्निः। सद्धरण्योः पतन् गार्हपत्यभावं गच्छति गार्हपत्यात्पतन्नाहवनीयतामित्यादि।

वीत्मक होने से स्तुति करियै है। केवल त्रिंशत् धामों में जो वाणी विराजै है सो ही अग्नि के अर्थ उच्चारण करियै है यही नहीं किंतु प्रति वस्तोः (दिन) में जो स्तुति लक्षणवाणी और जो द्युओं (यागपारायणद्युत्सवभूत दिनों) करि स्तुतिलक्षणवाणी विराजैहै सो अग्नि॰। नही अन्यदेवता के अर्थ †। सब काल में सब स्तुतिवाचा अग्नि के ही अर्थ है इत्यर्थः॥ यद्वास्या ऋचो ऽयमर्थः। धाम (स्थान) और सो त्रिंशत्संख्याकमासगतदिनभेद करिके विशेषेण राजै (दीपै) है (आलस्यरहित यजमानों के अनुष्ठान करि आहवनीयाद्यग्नीओं का स्थान मास गतत्रिंशत्संख्याक दिनों में विशेषेण शोभै है। स्तुति रूपा वाणी पतङ्ग (अग्नि) के अर्थ उच्चारण करियै है। पतङ्गः पक्षी तिसके सदृश होने से अग्नि पतङ्ग है क्योंकि जैसे पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान को जाता है तैसे अग्निभी गार्हपत्यस्थान से आहवनीयस्थान को जाता है। अहेति निपातः पूर्वोक्तनिषेधार्थः॥ इस ऋचा के पूर्वार्द्ध में अग्निमाहात्म्यज्ञापक दो वाक्यों करि जो दो अर्थ कहे गये तैसे ही नहीं होता किंतु और भी कहियै है इत्यर्थः। प्रति वस्तः (दिन) द्युओं (द्योतनों) करि यह अग्नि स्तुति करियै है इत्यध्याहारः॥ ८॥ इत्यग्न्याध्येयमन्त्राः समाप्ताः॥ ॥ इति द्वितीयोनुवाकः २

अथाग्निहोत्रहोममन्त्राः प्रजापतिदृष्टाः

अ॰ ३ अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा॥ अग्निर्वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा सूर्यो वर्चो ज्यो-

† वस्तोः द्युः भानुरित्यहर्नामसु पठितम्. निघ॰ १.९. अहेति निपातो विनिग्रहे।

तिर्वर्च्चः स्वाहा॥ ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा ॥९॥+
अग्निर्ज्योतिरिति दो कण्डिकाओं में अग्निहोत्र के मन्त्र हैं। सप्तलिङ्गोक्तदेवता। पञ्चैकपदा गायत्र्यः। द्वे गायत्र्यौ। अग्निर्ज्योतिः सूर्यो ज्योतिः एते द्वे तक्षा मुनिरपश्यत्। ज्योतिः सूर्यः इमां चेलकस्य पुत्रो जीवल ऋषिरपश्यत्॥ का॰ ४·१४·१४· प्रकाशित समिध के मध्य में अग्निर्ज्योति इस मन्त्र से होम करै॥ काण्वशाखीया वाजसनेयसंहिता के अध्या॰ ३· अनु॰ २· मन्त्र १· अग्निर्ज्योतिषं त्वा वायुमतीं प्राणवतीम्॥ स्वर्ग्याᳬ स्वर्गायोपदधामि भास्वतीम्॥ अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा॥ सै समित्प्रक्षेप है॥ मन्त्रार्थस्तु। जो यह अग्निदेव सोही ज्योति (दृश्यमानज्योतिःस्वरूप) है। जो यह दृश्यमान ज्योति सोही अग्निदेव है। देव और ज्योति का कभी भी अवियोग से एकत्व करि प्रतिपादन है। स्वाहा (ज्योतीरूप अग्नि के अर्थ हवि दिया) अयं सायंकालीनोऽग्निहोत्रहोममन्त्रः॥ काण्व ३·२·२· सूर्यज्योतिषं॰ स्वाहा॥ प्रातर्होममन्त्रः॥ सायंहोममन्त्रवद्व्याख्येयः। सूर्यसम्बन्धि तेज रात्रि में अग्नि को प्रवेश करता है इस हेतु सायंसमय अग्निर्ज्योति यह मन्त्र युक्त हुआ। उदयकाल में अग्निसम्बन्धि ज्योति सूर्य को प्रवेश करती है तिस से प्रातः समय सूर्योज्योति यह मन्त्र है+ का॰ ४·१४·१५· ब्रह्मतेज का चाहनेवाला अग्निर्वर्च्चः सूर्यो वर्च्चः इन्हों से साँझ और सवेरे होम करै॥ जो अग्नि वर्च्चः (ब्रह्मतेज) अनन्यभूत है। जिस का सो ज्योतिर्वर्च्चः अनन्यभूत है। तिस के अर्थ सुहुत हो। एवं सूर्यो वर्च्च इति॥ का॰ ४· १५· ११· अथ वा प्रातःसमय ज्यो-

+ अ-हा। अ॰। सू-हा। इ॰। अ-हा। उ॰। सू-हा। ऋ॰। ज्यो-हा। लृ॰॥९॥
+ अग्निमादित्यः सायं प्रविशति तस्मादग्निर्दूरान्नक्तं ददृशे। उभे हि तेजसी सम्पद्येते उद्यन्तं वादित्यमग्निरनु समारोहति। तस्माद्धूम एवाग्नेर्दिवा ददृशे इति तित्तिरिश्रुतेः॥

तिः सूर्य इति होम करै॥ जो ज्योति सो सूर्य ही है। जो सूर्य सो ज्योति ही है। तिस के अर्थ सुहुत हो॥७॥

सजूर्देवेन॑ सवि॒त्रा स॒जू रात्र्येन्द्र॑वत्या। जु॒षा॒णो॑ऽअ॒ग्निर्वे॑तु स्वाहा॑॥ स॒जूर्दे॒वेन॑ सवि॒त्रा स॒जूरु॒षसेन्द्र॑वत्या। जु॒षा॒णः सूर्यो॑ वेतु॒ स्वाहा॑॥ १०॥† इतिसं॰ अ॰ ३॰

का॰ ४॰ १४॰ १४॰ पूर्वोक्त मन्त्रों (अग्निर्ज्योतिः सूर्योज्योतिः) के साथ ये दोनों मन्त्र विकल्पित हैं॥ मन्त्रार्थः। अग्निः वेतु (हमारे कर्म को प्राप्त हो यद्वा आहुति को भक्षण करै। कैसा अग्नि कि सविता देव (प्रेरक परमेश्वर) करि सहित सजूः (सामान प्रीति जिस की वो ह्व। तथा इन्द्रवती (इन्द्रदेवयुक्ता) रात्रि देवता करि सजूः। तथा हमारे विषें प्रीतियुक्त। जो उक्तगुणवान् अग्निदेव तिस के अर्थ स्वाहा हूयमान यह द्रव्य दिया॥ प्रातः सूर्य उच्यते। अग्निमन्त्रवदयं सूर्यमन्त्रो व्याख्येयः। पूर्वार्धे रात्रिदेवतायाः स्थाने उषोदेवता योजनीया॥१०॥

यजमानाग्न्युपस्थानं बृहदुपस्थानं देवदृष्टम्

अ॰ ४॰ उप॑ प्र॒यन्तो॑ऽअध्व॒रं मन्त्रं॑ वोचेमा॒ग्नये॑। आ॒रेऽअ॒स्मे च॑ शृण्व॒ते॥११॥

का॰ ४॰ १२॰ १—३॰ सायंसमय के अग्निहोत्र होम में काण्व॰ ३॰ ३॰ मन्त्र " स॒मिद॑सि समि॒द्धो मे॑ऽअग्ने दीदिहि॥ स॒मे॒द्धा ते॑ अग्ने दीद्यासम्॥ से समिधाधान के अनन्तर उप प्रयन्त ११॰ से ले परि ते ३६॰ तलक वात्सप्रसंज्ञक उपस्थान करि के आहवनीय

† स-हा॰ अ॰ ८॰ ॥१०॥

गार्हपत्य दोनो अग्नियों को उपतिष्ठे अध्यवान करें। तहां उपस्थानपक्ष में उप प्रयन्त ११॰अस्य प्रत्ना १६॰परि ते ३६॰इन तीनों ऋचाओं और चित्रावसविति १८॰ई॰को यथा स्थानस्थित तीनि-तीनि बार जपें॥ आद्ये द्वे आग्नेय्यौ गायत्र्यौ क्रमेण गोतम विरूपाभ्यामपि† दृष्टे॥ आहवनीयोपस्थानमन्त्रा आदौ। हम अनुष्ठान करनेहारे अग्नि के अर्थ मन्त्र(मनन करिके त्राण करनेवाला शब्द समूह कहते हैं। कैसे हैं हम कि अध्वर(यज्ञ)को समीप में चलते। कैसे अग्नि कि दूर और समीप में इति शेषः हमारे वाक्य सुनने को उद्युक्त॥११॥

अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्।
अपाꣳ रेताꣳसि जिन्वति॥१२॥

यह अग्नि जलों के रेतों(द्युलोक से वृष्टिरूप करि गिरतीहुई जलों के सार व्रीहियवादिरूपों करि परिणतों को प्रीति करता(बढाता)है।यद्वा जलों के कारणों को पुष्ट करता है। आहुति परिणाम करि वृष्टि को उत्पन्न करता है इत्यर्थः‡। कैसा अग्नि कि द्युलोक के शिरः समान(जैसे शिर शरीर के ऊपर में वर्तै है तैसे अग्नि दिन में अपने तेज करि आदित्य में प्रविष्ठ होंने से आदित्यरूप करि द्युलोक के ऊपर में वर्तै है।तथा ककुत्(गोपृष्ठवत् आदित्यरूप करि सर्वोपरि स्थित होने से ककुत्सदृश है।यद्वा महत् जगत्कारण है¶। तथा पृथिवी का पालक।दाहपाकप्रकाश करि भूलोकस्थों का उपकारी होने से॥१२॥

‡ ते वा एते आहुती उत्क्रामत इत्यादि श्रुतेः। अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते। आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजेति स्मृतेश्च।
¶ ककुदमिति महन्नाम निघ॰३॰३॰

† विरूपाङ्गिरसौ॥

उभा वामिन्द्राग्नी॰आहुवध्या॰उभा राधसः सह मा-
दयध्यै।उभा दातारविषांरयीणामुभा वाजस्य सा-
तये हुवे वाम्॥१३॥

भारद्वाजदृष्टा ऐन्द्राग्नी त्रिष्टुप्।इन्द्रशब्देनाहवनीयः। तस्य यज्ञसाधकत्वरूपैश्वर्ययुक्तत्वात्।अग्निशब्देन गार्हपत्यः।अग्रे नीयत इत्यग्निरिति यास्कव्युत्पत्तेः। स हि प्रथममाधीयते। हे इन्द्राग्नी तुम दोनों को बुलाने की इच्छा रखता हूं इतिशेषः। और हविर्लक्षण धन से तुम दोनों को प्रसन्न करने के लिये इच्छा०।क्योंकि तुम दोनों अन्न और धन के दातार हो इस लिये अन्नदान के अर्थ तुम दोनों को बुलाता हूं॥१३॥

अयं ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो॰अरोचथाः।तंजा-
नन्नग्न॰आरोहाथा नो वर्धया रयिम्॥१४॥

भारतौ देवश्रवादेववातश्च दृष्टाग्निदेवत्यानुष्टुप्। हे अग्ने(आहवनीय) तेरी यह गार्हपत्य योनि(उत्पत्तिस्थान)है।कैसी कि ऋत्वियः(उत्पादनयोग्य काल को प्राप्त+) जिस ऋतुकालोपेत गार्हपत्य से उत्पन्न हो तू कर्मकाल में दीप्त हुआ। हे अग्ने तिस गार्हपत्य अपने जनक को आरोहणकरि(पुनः उद्धरण के अर्थ कर्म के अन्त में प्रवेश करि। अथानन्तर हमारे अर्थ धन वढाय(पुनर्योग के अर्थ समृद्ध करि॥१४॥

+सायं प्रातः काले उत्पादनयोग्या योनिः।

अयमिह प्रथमो धायिधातृभिर्होता यजिष्ठो॰अ-
ध्वरेष्वीड्यः। यमप्नवानो भृगवो विरुरुचुर्वनेषु चि-

त्रं विभ्वं विशेविशे॥२५॥

आग्नेयी वामदेवदृष्टा जगती। यह आहवनीय इस कर्मानु-
ष्ठानस्थान में मुख्य+ होते आधान कर्ताओं करि आहित हुआ।
कैसा कि होता (देवताओं का बुलानेवाला। अतिशयेन यष्टा।
तथा अध्वरों (सोमयागादिकों) में ऋत्विजों करि स्तुतियोग्य।
अप्नवानः (पुत्रवन्तः) भृगुवंश में हुए मुनयः वा अप्नवान् (भृगु-
प्रभृति मुनिलोग) जिस आहवनीय को विशेविशे (वनों में वा
विडिति मनुष्यनाम निघं॰ २॰ ३॰ यजमानरूपमनुष्यों के अर्थ
ग्राम से वाहिर यजनाख्य अरण्य प्रदेश में) दीपन करते हुए।
कैसे जिस अग्नि को कि चित्र (विविधकर्मोपयोगित्व करि
आश्चर्यकारि। अत एव विभूत्व शक्तियुक्त को॥२५॥

अस्य प्रत्नामनु द्युतꣳ शुक्रं दुदुह्रे अह्रयः। पयः सह-
स्रसामृषिम्॥२६॥

गायत्र्यवत्सारदृष्टा गोऽग्निपयोदेवत्या। इस अग्नि की प्रत्ना (
(चिरंतनकालभवा) ज्योति को अनुसरण करि के अह्रय (लज्जा
रहिता दोग्धारः) ऋषि (दोहस्थान में चलती गौ) को होम के
अर्थ शुद्ध पय दुहते हुए। सायंदोहनकाल में अग्नि के प्रकाश
न होने से दुहा दुग्ध भूमि में गिरेगा इस शंका करि दोग्धाओं
को लज्जा होती है जब कि अग्नि का प्रकाश हुआ फिरि यह शं-
का कहां। कैसी ऋषि कि सहस्रसंख्याककर्मों को क्षीरदध्यादि ह-
विः प्रदान करि समाप्त करती॥ यद्वास्या ऋचोऽर्थान्तरम्। गा-

+ दक्षिणाग्न्यपेक्षं प्राथम्यम्।

म्न्रक्त्याग्निहोत्रब्राह्मणे श्रूयते २॰२॰४॰२५॰ तामु ह्याग्निरभिदध्या-
वित्यादि। तदभिप्रायमेषा ऋग्वदति। अह्रयः (अलज्जा उज्ज्वला
प्रशस्या) गौएं इस अग्नि की अपने में चिरंतनी अनुषक्ता शुक्र
रूपापन्ना दीप्ति (पय) को क्षरती हैं। अग्नि करि शुक्ररूप से सींची
अपनी कान्ति को ही गौएं दुग्धरूप से झरती हैं इत्यर्थः। कैसे प-
य कि सहस्रसा (चातुर्मास्य पशुसोम के सम्भक्तार। तथा ऋषि
द्रष्टार ‡) को॥ यद्वा सहस्रमृषिमिति विभक्तिलिङ्गवचनव्यत्य-
येन अह्रय इत्यस्य विशेषणद्वयम्। कैसे अह्रयः कि सहस्रसाः
ऋषयः। पूर्ववदर्थो वा॥ १६॥

तनूपा अग्नेऽसि तन्वं मे पाह्यायुर्दा अग्नेऽस्यायुर्मे
देहि वर्चोदा अग्नेऽसि वर्चो मे देहि। अग्ने यन्मे तन्वा
ऊनं तन्म आपृण॥ १७॥ †

चत्वार्यग्निदेवत्यानि यजूंषि १॰ तनूपा आसुरीपंक्तिः २॰ आ-
युर्दा आसुरीत्रिष्टुप् ३॰ वर्चोदा आसुरीपङ्क्तिः ४॰ अग्ने आसुर्य-
नुष्टुप्। हे अग्ने तू स्वभाव से ही तनूओं (अग्निहोत्रिओं के शरीरों)
का पालक है। उदराग्नि के होते अन्न के जीर्ण होने में शरीर का
पालन है अतः मेरे शरीर को पालि॥ १॥ हे अग्ने तू आयु का दा-
ता है अतः मुझे आयु दे। अपमृत्यु परिहार करिके। जितने काल
शरीर में उष्णता दीखै है तितनें नही मरता यह प्रसिद्ध है
२॥ हे अग्ने तू वर्चः (वैदिकानुष्ठान प्रयुक्त तेज ‡) का दाता
है अतः मुझे वर्चः दे॥ ३॥ किंच हे अग्ने मेरे शरीर के जो अङ्ग

‡ जिस के दर्शन से मनुष्यों की यह बुद्धि होती है कि यह ब्राह्मण बड़ा अग्नि जैसे प्रकाशित है।

† त-हि। अ॰। प्रा-हि। इ॰। व-हि। उ॰। अ-ए। ऋ॰॥ १७॥

‡ गवि वर्तमानं द्रष्टृत्वं पयस्युपचर्यते। सा हैनानुदीक्ष्य हिङ्ङकारेत्युपक्रम्य में देवा
विदां चक्रुरेष साम्नो हिंकार इत्यादिना ग्रन्थेन गोभिर्हिंकारो दृष्ट इति प्रत्यपादि।

(चक्षुश्रोत्रादिरूप) ऊन (दृष्टिपाटवादिरहित) तिन मेरे अङ्गों को सर्वतः पूरि॥४॥१७॥

इन्धानास्त्वा शतꣳ हिमा द्युमन्तꣳ समिधीमहि। वयस्वन्तो वयस्कृतꣳ सहस्वन्तः सहस्कृतम्। अग्ने सपत्नदम्भनमदब्धासोऽअदाभ्यम्। चित्रावसो स्वस्ति ते पारमशीय॥१८॥+ इ-म्। अ॰। चि-य। इ॰॥१८॥

इन्धानास्त्वेति महापङ्क्तिस्त्र्यवसानाग्निदेवत्या। हे अग्ने शतवर्ष पर्यन्त हम अपनी आयु में वर्तमान तुझे निरन्तर दीपन करते हैं। हम कैसे कि तेरे अनुग्रह करि के दीप्यमान तथा अन्नवन्त तथा वलवन्त किसी करि भी न मारे जावें। तुझ कैसे को कि दीप्तिमन्त। अन्न के करनेवाले। वल करनेवाले। शत्रुओं के मारनेहारे। किसी करिके भी मारने के लिये अयोग्य को॥ चित्रावसो। इति रात्रिदेवत्यं ऋषिदृष्टं यजुर्जगतीछन्दः। हे चित्रावसो (चित्र विविध चन्द्रनक्षत्रान्धकाररूप वास करते जिस में+ रात्रे) जैसे कल्याण हो तैसे तेरे पार (समाप्ति) को पहुँचूं। जैसे लोक में मनुष्यों के सोने पर घर में चोर प्रवेश करते हैं तैसे यहां देवयजन में राक्षस प्रवेश करते हैं इस शंका के निवारणार्थ रात्रि से प्रार्थना है॥१८॥

सं त्वमग्ने सूर्यस्य वर्चसागथाः समृषीणाꣳ स्तुतेन। सं प्रियेण धाम्ना समहमायुषा सं वर्चसा सं प्रजया सꣳ रायस्पोषेण ग्मिषीय॥१९॥

+ रात्रिर्वै चित्रावसुः सा हीयꣳ संगृह्येव चित्राणि वसतीति २॰३॰४॰२२॰ श्रुतेश्चित्रावसुशब्देन रात्रिः॥

का॰४॰१२॰४॰ उपप्रयन्त इत्यादि चित्रावसो इत्यन्त मन्त्रों करि खडे होके उपस्थान है इस सें बैठि कर यह विशेष है ॥ अग्नि देवत्या ब्राह्म्यनुष्टुप्। हे अग्ने तू सूर्य के तेज करि रात्रि में संगत है †। ऋषीओं (मन्त्रों) के स्तोत्रों करि संगत है (बहुत से मन्त्र अग्नि की स्तुति करते हैं ‡। प्रिय धामों (आहुतिओं) करि सं॰ ५। जैसे तू इन तीनों करि सं॰। तैसे मैं भी तेरे प्रसाद से आयु (अपमृत्यु दोष राहित्य) करि संगत होंउँ। तथा वर्च (विद्यैश्वर्यादि तेज) करि सं॰। तथा प्रजा (पुत्रादि) करि सं॰। तथा रायस्पोष (धन की पुष्टि) करि सं॰। आयुरादि मेरे हों इत्यर्थः॥ १९॥

अन्ध॒ स्थान्धो॑ वो भक्षीय॒ मह॑स्थ॒ महो॑ वो भक्षी योर्ज॒ स्थोर्जं॑ वो भक्षीय रा॒यस्पोष॑ स्थ रा॒यस्पोषं॑ वो भक्षीय ॥२०॥

का॰४॰१२॰५॰ अन्धस्थ॰ रेवती रमध्वम् इन दो मन्त्रों से गौ प्रति जावे ॥ त्रीणि गोदेवत्यानि १॰ यजुः २॰ प्राजापत्या त्रिष्टुप्। हे गौओ तुम अन्ध (अन्न रूप) हो। क्षीराज्यादि रूप अन्न के जनक होने सें। अतः तुम्हारे प्रसाद सें तुमसम्बन्धि क्षीराज्यादि रूप अन्न को मैं भक्षण करूं। तथा तुम महः (पूज्य) हो अतः तुम पूज्यों के प्रसाद में भी पूज्य होंउँ†। यद्वा महः शब्द करि दश वीर्य कहियें हैं। यथा गोर्वै प्रतिधुक् तस्यै शृतं तस्यै शरस्तस्यै दधि तस्यै मस्तु तस्या आतञ्च-

† तद्यदस्तयन्नादित्य आहवनीयं प्रविशति ते नैतदाहीति श्रुतेः २॰३॰४॰२४॰
‡ तद्यदुपतिष्ठते ते नैतदाहेति श्रुतेः २॰३॰४॰२४॰
५ आहुतयो वा अस्य प्रियधामेति श्रुतेः २॰३॰४॰२४॰।

† गौर्वै यद्या सहस्थेत्यादि श्रुतेर्गवां पूज्यत्वं प्रसिद्धम्।

नं तस्यै नवनीतं तस्यै घृतं तस्या आमिक्षा तस्यै वाजिनमि-
ति श्रुत्युक्तानि। प्रतिधुक् सद्यदुग्ध १ शृत उष्णादुग्ध
२ शार दुग्ध का मण्ड ३ दधि दही ४ मस्तु दही का रस
५ आतञ्चन दही का पिण्डा ६ नवनीत लोंनी ७ घृत
घी ८ आमिक्षा फटादुग्ध ९ वाजिन फटे दुग्ध का जल
१० इति श्रुत्यर्थः। ये दशवीर्यरूपा तुम हो अतः तुम दशा-
ओं के प्रसाद से मैं दशवीर्य सेवन करूं। तथा तुम ऊर्ज
(बलरूपा) हो गौ के क्षीरादि बल का हेतु होंने से बलरूपत्व
है। तुम्हारे प्रसाद से मैं बल का सेवन करूं। तथा धनपुष्टिरू
पा हो। क्यों कि वैश्यलोग क्षीराज्यादिविक्रय करि धन को
पुष्ट करते हैं। अतः धनपुष्टित्वोपचारः। तुम्हारे प्रसाद से ध-
न की पुष्टि को सेवन करूं॥२०॥

रेवती रमध्वमस्मिन्योनावस्मिन्गोष्ठेऽस्मिंल्लोकेऽ-
स्मिन्क्षये॥इहैव स्त मापगात॥२१॥

हे रेवत्यः (धनवती गौओ †) इस योनि (अग्निहोत्र हविर्दोहन
स्थान) में तुम रमों (क्रीडाकरो) दोहन के ऊपर इस यजमानसम्बन्धि
गोष्ठ ‡ (गौत) में रमों। सर्वदा इस लोक (यजमान की दृष्टि)
में रमों। रात्रि समय इस यजमान के घर में रमों। इस यजमा-
न के घर में ही रहो। अन्यत्र मत जाओ॥२१॥

संहितासि विश्वरूप्यूर्जा माविश गौपत्येन। उ-
प त्वाग्ने दिवेदिवे दोषावस्तर्धिया वयम्। नमो

† धनहेतुत्वेन धनवत्त्वं गवाम्। रयिर्विद्यते यासां ता रेवत्यः। पशवो वै रेवन्त इति श्रुतेः २.३.४.२६.
‡ गोष्ठशब्देन गृहाद्बहिर्विश्रम्भेण संचारप्रदेशः।

+ श्रुत० २.३.४.२ का० ७.८.८.

भरन्त एमसि॥२२॥ + स-न।अ०।उ-सि।द०॥२२॥

का० ४॰१२॰६॰ गोत में जाकर सहितेति गौ को हाथ से गृहण करै॥ ३॰साम्न्यनुष्टुप्॰ हे गौः तू संहिता (क्षीराज्यरूप हविर्दान के अर्थ यज्ञकर्मों करि संयुक्त) है। कैसी कि विश्वरूपी (शुक्ल कृष्णादि बहु रूप युक्ता। सो तू क्षीरादि रस और गोपतित्व करि मुझ में सर्वतः प्रवेश करि (तेरे प्रसाद से मेरे बहुविध रस और बहु विध गोस्वामित्व होवै॥का० ४॰१२॰७॰ गार्हपत्य प्रति चलिकर उप त्वेति तृच से सर्वतः उपस्थान करै॥ तिस्रो गायत्र्य आग्नेय्यो विश्वामित्रसुतमधुच्छन्दोदृष्टाः॥ हे अग्ने दोषावस्तः (रात्रि में वास करने हारे॰ अजस्रं धार्यमाणत्वान्नोपशाम्यति यद्वा अग्नौ ह देवा इत्युपक्रम्य तैः संगृह्य रात्रिं प्रविवेश इस इतिहास करि अग्नि में रात्रि के समय प्रवेश कहा तिसे यह मन्त्र कहिता है। हे दोषावस्तः (रात्रि में वसनशील गार्हपत्य) प्रति दिन हम यजमान तुझ प्रति गमन करते हैं। कैसे हम कि धी (श्रद्धा युक्त बुद्धि) करि नमः (नमस्कार) करते वा नमः (हवि+) देते॥२२॥ + नम इत्यन्ननाम निघं०२.७॥

राजन्तमध्वराणां गोपामृतस्य दीदिविम्। वर्धमानꣳ स्वे दमे॥२३॥

क्रियापदमनुवर्तते। हम ऐसे अग्नि को गमन करते हैं। कैसे को कि दीप्यमान यज्ञों का रक्षक। सत्य वदनलक्षणव्रत का प्रकाश करने हारा आशय यह है कि अग्नि समीप में व्रत लेके

सत्य बोलै। हमारे घर में वर्धमान (चातुर्मास्य सोम पश्वादि करि वृद्धि को प्राप्त ॥२३॥

स नः॑ पि॒तेव॑ सू॒नवेऽग्ने॑ सूपाय॒नो भ॑व। सच॑स्वा नः स्व॒स्तये॑ ॥२४॥

हे अग्ने गार्हपत्य सो पूर्वोक्त गुणयुक्त तू हमारा सूपायनः (सुख करिके समीप में प्राप्त होने के लिये समर्थ) हो। तत्र दृष्टान्तः। जैसे पुत्र के अर्थ पिता विना भय के सुख क॰-मर्थ है। किंच हमारी क्षेम के अर्थ सचस्व। (इस कर्म करि समवेता हो वा सेवन करि ॥२४॥

अग्ने॒ त्वं नो॒ऽअन्त॑म उ॒त त्रा॒ता शि॒वो भ॑वा वरू॒थ्यः॑। वसु॑र॒ग्निर्वसु॑श्रवा॒ऽअच्छा॑ नक्षि द्यु॒मत्त॑मꣳ र॒यिं दाः॑ ॥२५॥

चतस्रो द्विपदा विराज आग्नेय्यः बन्धुः सुबन्धुश्रुतबन्धु विप्रबन्धु दृष्टाः क्रमेण। हे अग्ने गार्हपत्य तू हमारे सर्वदा समीप वर्ती वा साधु हो। और पालन करने हारा। शान्त। वरूथ्य (पुत्रादि समूह वा घर के अर्थ हित) हो। कैसा है तू जनों का वास करानेवाला। तथा अग्निः (आहवनीयादि रूप करि गमनशील। तथा वसुश्रवा (धन करि के कीर्ति जिस की॰ धन देनेवाला यह कीर्ति जिस की। किंच हे अग्ने तू हमलोगों को अच्छा नक्षि (अभिव्याप्त हो वा हे निर्मलस्वभाव अग्ने हमारे होम स्थान को प्राप्त हो॰ जब-जब हम होम करें तब-तब भले प्रकार आगमन करि। किंच अतिदीप्तियुक्त धन दे ॥२५॥

+ म-र्ग्यः॥ अ॰व-दाः॥ द्व॰॥२५॥

तं त्वा शोचिष्ठ दीदिवः सुम्नाय नूनमीमहे सखिभ्यः। सनो बोधि श्रुधी हवमुरुष्या णोऽ अघायतः समस्मात् ॥२६॥ + तं-भ्यः। अ॰। स-त्। दू॰॥२६॥

हे शोचिष्ठ (दीप्तिमत्तम) हे दीदिवः (सब के प्रकाश करनेहारे) तिस (पूर्वोक्त गुणयुक्त) तुझे सखिओं के अर्थ सुख को निश्चयेन याचना करते हैं। वा सुख के अर्थ और सखीओं के उपकारार्थ तुझे याचना करते हैं। सो तू हम (अपने सेवकों) को बोधन करि हमारे आह्वानों को सुनि सब शत्रुओं से हमें रक्षा करि॥२६॥

इडऽएह्यदितऽएहि काम्या एत। मयि वः कामधरणं भूयात्॥२७॥ + इ-हि। अ॰। का-त्। दू॰॥२७॥

का॰ ४॰ १२॰ ८॰ इडऽएहीति फिरि तिसी गौ प्रति जावै॥ गोदेवत्या प्राजापत्या गायत्री। हे इडे (मनुपुत्री) आगमन करि। हे अदिते (देवमाता) आगमन करि होमस्थान को। इडा मनु की ऐसे हम लोगों प्रति आ। अदिति आदित्यों की ऐसे हम लोगों प्रति आ॥ का॰ ४॰ १२॰ ९॰ काम्या एतेति तिस गौ का ग्रहण करै॥ साम्नी उष्णिग्गोदेवत्या। हे काम्याः (सबों करि कामयितव्याः +) तुम आओ तुम्हारा अपेक्षितफल धारकत्व मुझ अनुष्ठातार विषें होवै (तुम्हारे प्रसाद से मैं अभीष्टफल का धारयिता होऊँ *)॥२७॥

सोमानᳬं स्वरणं कृणुहि ब्रह्मणस्पते। कक्षीवन्तं य औशिजः॥२८॥

* अहं वः प्रियो भूयासमिति श्रुतिर्व्याचष्टे २॰३॰४॰३४॰

\+ मनुष्याणां होतारः कामाः प्रविष्टा इति काम्याः॥

का॰४॰१२॰१०॰ व्रतोपायनवत् (का॰२॰१॰११॰) विना जलका उपस्पर्श किये आहवनीय को पूर्व में खडे हो देखता हुआ सोमानमिति नौ २८–३६॰ ऋचाओं को जपे॥ सोमानथंस्वरणं तृचो गायत्रो ब्रह्मणस्पतिदेवत्यस्तेनैव दृष्टो मेधातिथिदृष्टो वा। अग्निमीक्षमाणस्य यजमानस्य जपे विनियुक्तः॥ हे ब्रह्मणस्पते (वेद के पालक) सोमान (सोमयाग कर्तार) और स्तुतिरूप शब्दयुक्त धनप्रदान करिके मुझे करि। तत्रोपमानमुच्यते। जैसा कि कक्षीवन्त (दीर्घतमा के पुत्र कक्षीवन्नामक ऋषि को सोमयागयुक्त और स्तुतियुक्त किया तैसा मुझे करि †। कौन कक्षीवान् कि जो उशिजा (अङ्गराजा की दासी) में हुआ॥२८॥

यो रेवान्यो॰ अमीवहा वसुवित्पुष्टिवर्धनः। स नः सिषक्तु यस्तुरः॥२९॥

जो ब्रह्मणस्पति धनवान् और जो रोगहन्ता धन का दाता पुष्टि का बढानेवाला और जो अविलम्बकारी सो हमें सेवन करें॥ यद्वानयर्चा पुत्रः प्रार्थ्यते। जो पुत्र धनवान् और जो जपादि करि व्याधि का हन्ता जो धन का लाने वाला और पुष्टि का बढाने वाला जो शीघ्रकारी तैसा पुत्र हे अग्ने तेरे प्रसाद से हमें सेवन करें॥२९॥

मा नः शंसो॰ अररुषो धूर्तिः प्रणङ्मर्त्यस्य। रक्षाणो ब्रह्मणस्पते॥३०॥

† कक्षीवतो॰नुष्ठातृषु मुनिषु प्रसिद्धिस्तैत्तिरीये समाम्नायते। एवं वै पर आह्लारः कक्षीवानौशिजो वीतहव्यः श्रायसस्त्रसदस्युः प्रजाकामा अचिन्वतेति। ऋगन्तरे॰प्यृषित्वकथनेनानुष्ठातृत्वप्रसिद्धिः सूच्यते। अहं कक्षीवां ऋषिरस्मि विप्र इति। तस्मादस्यानुष्ठातारं प्रति दृष्टान्तत्वं युक्तम्।

अररुषः (हविर्दान को न करने वाला वा उपद्रवी मनुष्य) का शंसन (अनिष्टचिन्तन) और धूर्ति (हिंसा) हमें प्रकर्षेण व्याप्त न हो अर्थात् शत्रुकृतमनिष्टचिन्तन और शत्रुकृताहिंसा हमें व्याप्त न हो। तिस के लिये हे ब्रह्मणस्पते (वेद के पालक अग्ने) हमें रक्षा करि॥ ३०॥

महि त्रीणामवोऽस्तु द्युक्षं मित्रस्यार्यम्णः। दुराधर्षं वरुणस्य॥ ३१॥

वरुणसुतसत्यधृतिदृष्ट आदित्यदेवत्यस्तृचो गायत्री जपे विनियुक्तः पथिजप्त उपद्रवनाशकश्च। मित्र अर्यमा वरुण इन तीनों देव सम्बन्धि पालन हो। कैसा पालन कि बडा तथा जिस पालन में सुवर्णादि द्रव्यें वास करती हैं तैसा। तिरस्कार करने को अशक्य॥ ३१॥

नहि तेषाममा चन नाध्वसु वारणेषु। ईशे रिपुरघशंसः॥ ३२॥

अमाओं (घरों +) में भी वर्तमानों तथा वारणों (चोरव्याघ्रादिक जहां स्थित हुए निवारण करते हैं पथिकों को तिन्हों) में अथवा चोरव्याघ्रभयाढ्यमार्गों में वर्तमान तिन मित्र अर्यमा वरुण तीनों देवताओं करि पालन किये यजमानों को उपद्रव के अर्थ इति शेषः। अघशंस (सर्वदा पाप का अशंसक) शत्रु समर्थ नही होता। अर्थात् मित्रादि करि पालित हम लोगों को घर और वन में शत्रुबाधा नहीं है॥ २२॥

ते हि पुत्रासो अदितेः प्र जीवसे मर्त्याय। ज्योतिर्य-

+ अमा इति गृहनामसु पठितम् नि॰ ३।४।

छन्त्यजस्रम्॥३३॥

कैसे तिन्हों करि रक्षा किये यजमानों को शत्रुभय नहीं होती तहां कहिता है। क्योंकि ते अदिति (अखण्डितशक्ति देवमाता) के पुत्र (पूर्वोक्त मित्रार्यमवरुण) मनुष्य (यजमान) के अर्थ निरन्तर अनुपक्षीण तेज देते हैं। किस लिये कि जीवन को। जैसे चिरजीवन हो तैसे तिस के उपाय का ज्ञान देते हैं इत्यर्थः॥३३॥

कुदा चुन स्तरीरसि नेन्द्र सश्चसि दाशुषे। उपोपेन्नु मघवन्भूय इन्नु ते दानं देवस्य पृच्यते॥३४॥

ऐन्द्री पथ्याबृहती मधुछन्दोदृष्टा जपे विनियुक्ता। हे इन्द्र परमैश्वर्ययुक्त कदापि तू स्तरीः (हिंसक) नहीं है किं तर्हि हविदेनेवाले यजमान को सेवन करता है। किं च हे मघवन् (धनवन्) तेरा प्रकाशमान बहुतर दान यजमान के साथ सम्पर्क को प्राप्त होता है। भाव यह है कि कभी यजमान प्रति क्रुद्ध नहीं होता और सेवन कर्ता है तिस तेरा बहुतर धन यजमान को सम्पर्क होता है॥३४॥

तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्॥३५॥

विश्वामित्रदृष्टा गायत्री सावित्री जपे विनियुक्ता। 'यः' जो सविता देव, 'नः' हमारे, 'धियः' धर्मादिविषया कर्मों वा बुद्धि को, 'प्रचोदयात्' प्रेरणा करता है, 'तत्' तिस, 'देवस्य' प्रकाशमान, 'सवितुः' सर्वों के अन्तर्यामि प्रेरक जगत्स-

जनेवाले परमेश्वर विज्ञानानन्दस्वभाव वा हिरण्यगर्भोपाध्यव-
छिन्न वा आदित्यान्तरपुरुष वा ब्रह्म के, 'वरेण्यं' सर्वों से उपासना
और ज्ञान करि के संभजनीय (श्रद्धापूर्वक सेवनीय), 'भर्गो' अ-
विद्या के कार्यो सब पापों और सब संसार के भर्जनसमर्थ. सत्य-
ज्ञानादि वेदान्तप्रतिपाद्य स्वयंज्योतिः परब्रह्मात्मक तेज को,
'धीमहि' हम ध्याय करते हैं॥ यद्वा तदिति भर्गोविशेषणम्। मण्ड-
लं पुरुषो रश्मय इति त्रयं भर्गः शब्दवाच्यम्। भर्गो वीर्यं वा॥ वरु-
णाद्ध वा अभिषिषिचानाद्भर्गोऽपचक्राम। वीर्यं वै भर्ग इति ५॰
४॰५॰१॰ श्रुतेः। सवितुर्देवस्य सविता देवता के; तत् तैसे, भर्ग
को ध्यान करते हैं। तिस कैसे को कि जो भर्ग धियः प्रचोदया
त् तिसे ध्यान करते हैं इति समन्वयः॥ यद्वा जो सविता (सूर्य) धि-
यः कर्मों को सत्कर्मानुष्ठान के अर्थ, प्रचोदयात् प्रेरणा करता
है, तिस 'सवितुः' सब के प्रसविता; 'देवस्य' द्योतमान सूर्य के,
'तत्' सर्वों से दृश्यमान करि के प्रसिद्ध; 'वरेण्यं' सर्वोंकरि संभ-
जनीय; 'भर्गः' पापों के तपानेवाले तेजोमण्ड को; 'धीमहि' मनसे
ध्यान करिके धारण करते हैं॥ यद्वा भर्गः शब्देनान्नमभिधीयते।
जो सविता देव धियः प्रचोदयात् तिस के प्रसाद से अन्नादिलक्ष-
ण फल को 'धीमहि' धारण करते हैं (अर्थात् तिस के आधार भूता
होवें॥ भर्गः शब्दस्यान्नपरत्वे धी शब्दस्य कर्मपरत्वे चाथर्वणम्।
वेदांश्छन्दांसि सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य कवयोऽन्नमाहुः क-
र्माणि धियस्तदु ते प्रब्रवीमि प्रचोदयंत्सविता याभिरेतीति।

गोपथब्रा·१·३२·॥अयमर्थः सायनानुसारेण(ऋक्संहिताभाष्यवेदार्थप्रकाश अष्टक ३·अध्याय ४·वर्ग १०·मण्डल ३·अनुवाक ५·सूक्त ६२·ऋचा १०) महीधरानुसारेण च॥३५॥

परि ते दूडभो रथोऽस्माँ २॥ अश्नोतु विश्वतः। येन रक्षसि दाशुषः॥३६॥

आग्नेयी गायत्र्यनिरुक्ता वामदेवदृष्टा जपेविनियुक्ता। हे अग्नि तेरा रथ हम यजमानों को सब दिशाओं में परितः व्याप्त हो हमारी रक्षा के अर्थ सर्वतः तिष्ठै। कैसा रथ कि किसी करि भी सहसा हिंसा करने के लिये अशक्य। जिस रथ करि तू यजमानों को रक्षा करता है॥३६॥ इति बृहदुपस्थानं समाप्तम्॥

अथ क्षुल्लकोपस्थानमासुरिदृष्टम्

अ·५· भूर्भुवः स्वः सुप्रजाः प्रजाभिः स्याᳬं सुवीरो वीरैः सुपोषः पोषैः॥

प्रवत्स्यदुपस्थानमागतोपस्थानंचादित्यदृष्टम्

नर्य प्रजां मे पाहि शᳬंस्य पशून्मे पाह्यथर्य पितुं मे पाहि॥३७॥+

का·४·१२·१२· अथवा पूर्वोक्त उपप्रयन्त इत्यादि करि कहे हुए उपस्थान के स्थान में भूर्भुवः स्वरित्यादि सुपोषः पोषैरित्यन्त मन्त्र करि आहवनीय का उपस्थान करिके इसी से गार्हपत्य का उपस्थान करै॥ आहवनीयगार्हपत्यदेवत्यं यजुः। हे अग्ने भूर्भुवः स्वः तू व्याहृति त्रयात्मक वा तिस के अर्थ भूत लो-

+ भू·३·।।प्र·।न-हि।इ·शा-हि।उ·।अ-हि।क·।३७।

…त्मक है। अतः तेरे प्रसाद से मैं प्रजा (वन्धुभृत्यादिरूपा)
…कि सुप्रजाः (अनुकूलत्वेन शोभनप्रजावाला) होंउं। तथावी-
…री) करि सुवीर (शास्त्रीयमार्गवर्ति शोभनपुत्रयुक्त) होंउं॥
…लकोपस्थानं + समाप्तम्॥
…४॰१२॰१३॰ जब यजमान प्रवास * करै (अपने ग्राम से दूसरे
… को जावै) तब सब अग्नियों को नर्येत्यादिमन्त्रों करि उप-
…॥नर्य प्रजामिति गार्हपत्यो देवता यजुरुष्णिक्छन्दः गार्हप-
…पस्थाने विनि॰। हे नर्य (मनुष्यों-यजमानों के अर्थ हितकारी
…र्हपत्य) मेरी प्रजा को रक्षा करि॥ शंस्येति आहवनीयो देवता
…जुरुष्णिक् आहवनीयोपस्थाने वि॰। हे शंस्य (अनुष्ठाताओं
करि शंसा करने के लिये योग्य आहवनीय) मेरी प्रजा पुत्रादिका
को पालि॥ अथर्य्येति दक्षिणाग्निर्देवता प्राजापत्या गायत्री द-
क्षिणाग्न्युपस्था॰। हे अथर्य (गार्हपत्य से अपने स्थान को चलते
दक्षिणाग्ने) मेरे पितु (अन्न) को रक्षा करि॥३७॥ प्रवत्स्यदुप-
स्थानं समाप्तम्॥

आगन्म विश्ववेदसमस्मभ्यं वसुवित्तमम्। अग्ने
सम्राडभि द्युम्नमभि सह आयच्छस्व॥३८॥

का॰४॰१२॰१८॰ अन्यग्राम से लौटि अपने ग्राम को प्राप्तहुआ
समिधा हाथ में लिये उपस्थान से पहिलै पिता गुरु वा राजा के
निकट न जावै तथा अपने समीप में आये हुओं को भी नमस्का-
रादि न करै तत्काल स्नान करि अग्न्यागार में प्राप्त हो आगन्मेत्या-

+ पूर्वोक्तदीर्घोपस्थानाशक्तेन यद्य लघुरुप स्थानं कर्त्तव्यम्-पस्थानम्

* प्रवासशब्दार्थमाह कारिकाकारः। ग्रामान्तरे नगर्यां वा पल्ल्यां वान्यत्र वा क्वचित्। सीमा-
मतीत्य चेद्रात्रौ वासः प्रवसनं स्मृतमिति॥

दि तीनों मन्त्रों से आहवनीयादिकों को उपतिष्ठै॥आद्यावाहवनीयमुपतिष्ठते। अनुष्टुबाहवनीयदेवत्या। हे अग्ने सम्राट् (सम्यक् राजमान् आहवनीय) हम तुम को उद्देश करि ग्रामान्तर से लौटि के आये। तुम कैसे को कि विश्ववेदा (सर्वज्ञ वा सर्वधन) तथा हमारे अर्थ धन के लब्धार को॥ किं च हे अग्ने हमारे विषें द्युम्न (पशव्य अन्न†) तथा सह (बल‡) को आयच्छस्व (आगमन वा स्थापन करि)॥३८॥

अयमग्निर्गृहपतिर्गार्हपत्यः प्रजाया वसुवित्तमः। अग्ने गृहपतेऽभि द्युम्नमभि सह आयच्छस्व॥३९॥

गार्हपत्यमुपतिष्ठते। न्यङ्कुसारिणी बृहती गार्हपत्याग्निदेवत्या॥ यह सामने उपस्थित गार्हपत्यनामा अग्नि घर का पालक है। प्रजा (पुत्र पौत्रादिका) के अनुग्रहार्थ अतिशयेन धन का लब्धा। हे अग्ने गृहपते सो तू द्युम्न और सह दे॥३९॥

अयमग्निः पुरीष्यो रयिमान्पुष्टिवर्धनः। अग्ने पुरीष्याभि द्युम्नमभि सह आयच्छस्व॥४०॥

दक्षिणाग्निमुपतिष्ठते। दक्षिणाग्निदेवत्यानुष्टुप्। जो यह अग्नि पुरीष्य (पशव्य) धनवान् पुष्टि का बढानेवाला है तिसे याचना करता हूं। हे अग्ने पशुहित द्युम्न और सह सर्वतः दे॥४०॥

अ०६ गृहा मा बिभीत मा वेपध्वमूर्जं बिभ्रत एमसि। ऊर्जं बिभ्रद्वः सुमनाः सुमेधा गृहानैमि मनसा मोदमानः॥४१॥

का०४।१२।२२ गृहामेत्यादि घर को प्राप्त होवै॥ तिस्रोऽपि वास्तुदेवत्याः बृहस्पतिसुतशंम्युदृष्टाः। आद्या त्रिष्टुब्विराड्रूपा। हे घर

† द्युम्नं द्योततेर्यशो वान्नं वा निरु०५।५॥

‡ सह इति बलनाम निघ०२।९।

भय मत करो यह कि पालक यजमान गया। और कोई
आके विनाश करेगा यह बुद्धि करिके मत कांपो। क्यों कि
र्ज (अक्षीणअन्न) को धारण किये तुम में आये। जैसे तु
ने धारण किये हो तैसे हम भी ऊर्ज को धारण किये शोभ-
नक शोभनधारणप्रज्ञोपेत मन से दुःख रहित करि प्रस-
न्न घरों को आये हैं ॥४१॥

येषामुध्येति प्रवसन्येषु सौमनसो बहुः। गृहानुपह्वया-
महे ते नो जानन्तु जानतः॥४२॥

बुप्। देशान्तर को गया यजमान जिन गृहों का स्मरण कर-
ता (गृहविशेषक्षेम को सदाचिन्तवन करता) है। तथा जिन गृहों
में यजमान की बहुत करिके प्रीति है। हम तिन गृहों को बुलाते
हैं (गृहाभिमानीदेव हमारे समीप आवें। ते गृहदेवा आकरके
हमें उपकाराभिज्ञ जानें (येकृतज्ञ नहीं हुए यहजानें ॥४२॥

उपहूता इह गाव उपहूता अजावयः। अथो अन्नस्य
कीलाल उपहूतो गृहेषु नः। क्षेमाय वः शान्त्यै प्रप-
द्ये शिवꣳ शग्मꣳ शंयोः शंयोः+॥४३॥

पवसानामहापङ्क्तिः। इन घरों में गौएं और बलीवर्द सुख क-
रिके तिष्ठें यह हमने आज्ञा दी। तथा छेरियें और भेडियें सु-
खपूर्वक रहें यह हमने आज्ञा दी। और अन्न सम्बन्धि रसवि-
शेष हमारे घरों मे समृद्ध हो ऐसी हमने आज्ञा दी॥ का०४·
१२·२३· क्षेमाय व इति गृह में प्रवेश करे॥ हे गृहस्थो तुम को

+ शंयोः शंयोः इति वा पाठः।

प्राप्त होता हूं। किमर्थम् कि क्षेम (विद्यमान धन की रक्षा) के अर्थ। शान्ति (अपने सर्वानिष्टशमन) के अर्थ। सुरुशम्य (सुख चाहने हारे+) का शिव (ऐहिक सुख) शग्म (आमुष्मिक सुख)* उभयविध सुख होवे इति शेष:॥ शम्योरित्यभ्यासोऽत्यादरार्थः॥४३॥ इत्युपस्थानमन्त्राः समाप्ताः॥

अथ चातुर्मास्यमन्त्राः प्रजापतिदृष्टाः

अ०७। प्रघासिनो हवामहे मरुतश्च रिशादसः। करम्भेण सजोषसः॥४४॥

चातुर्मास्य के मन्त्र प्रजापति ने देखे। सो चातुर्मास्यनामा यज्ञ पर्वचतुष्टयात्मक है। वैश्वदेव १ वरुणप्रघास २ साकमेध ३ शुनासीरीय ४ नामा चारि पर्व हैं। तहां वरुणप्रघासाख्य दूसरे पर्व में दक्षिणोत्तर दोनों वेदियों पर हविओं के रखने में प्रतिप्रस्थाता यजमानपत्नी से पूछे केन चरसि अपने पति से व्यतिरिक्त किस पुरुष के साथ मैथुनसुख का अनुभव करती है। यदि लज्जा करि जार का नाम न कहे तदा प्रति जार का एक-एक तृण हाथ से गृहण करें। और जो जार न हो तौ भर्तृव्यतिरेकेण न केनापि चरामि भर्तार से व्यतिरिक्त किसी से भी मैथुन नहीं करती- यह कहे॥ का०५।५।१०। पत्नी करि प्रतिवचन देते प्रतिप्रस्थाता तिस पत्नी को उठाकर आहवनीय प्रति लाके प्रघासिनः यह मन्त्र बुलवावे॥ मारुती गायत्री। हम मरुतों और^ष तदीयपरि

+ शम्योः शमिति सुखनाम निघ०३।६। तत्कामयते इति शम्युः। हृदस्युरिदं कामयमान इति निरु०६।३। शपाकोऽकत्वात्।

* शिवं शग्ममिति द्वे सुखनामनी निघ०३।६।

^ष चकारेण तदीयपरिचारका समुच्चीयन्ते

चारकों को बुलाते हैं। कैसे मरुतों कि प्रघासिनः (प्रकर्षेण भक्षण करिये हैं, हविर्विशेष तिस युक्तों प्रघासीनामाख्यों, तदुपलक्षितों†) को। पुनः कैसों कि रिशादसों (वैरिकृता हिंसा के नाश करनेवालों वा हिंसकों के मारनेवालों) को। तथा करम्भ (यवमय हविर्विशेष) से समान प्रीति है जिन्हों की तिन्हों को॥४४॥

यद्ग्रामे यदरण्ये यत्सभायां यदिन्द्रिये। यदेनश्चकृमा वयमिदं तदवयजामहे स्वाहा॥४५॥

का॰५॰५॰११॰ यवपिष्ट करि बनाये एकाधिक संतानपरिमित वर्तुलादिरूप करम्भ पात्रों को जुहूस्थानापन्न शूर्प करिके दक्षिणाग्नि में पत्नी होमें इत्येकः पक्षः। अथवा जायापती दोनों होमें इत्यपरपक्षः। और सो जायापती दक्षिणमार्ग करि तिन पात्रों को लेके वेदि के पूर्व दिशा वा पश्चिमदिशा में स्थित हो होमें॥ मरुद्देवत्यानुष्टुबनिरुक्ता। ग्राम में वास करि जो हमनें ग्रामोपद्रवरूप पाप किया। तथा अरण्य में वास करि जो पाप मृगोपद्रवरूप किया। तथा सभा में स्थित हो जो पाप महाजनतिरस्कारादिक किया। तथा इन्द्रियों जिह्वोपस्थरूपाओं करि हमनें प्रीति करिके जो पाप कलञ्ज भक्षण परस्त्रीगमनादि किया। तथा अन्यत्र भी भृत्यस्वाम्यादि में जो पाप ताडनावज्ञादिक किया तिस इस सब पाप को नाश करते हैं। स्वाहा (यह हवि पापविनाशिनी देवता के अर्थ दिया॥४५॥

† शुक्रज्योतिरित्यादयः सप्त सप्तका मारुता गणाः। तत्र स्वतवाँश्च प्रघासी चेति पठ्यते अध्या॰१७॰८५॰।

मो षू ण॑ इन्द्रा॒त्र पृ॒त्सु दे॒वैरस्ति॒ हि ष्मा॑ ते शुष्मि॒न्नवयाः। म॒हश्चि॒द्यस्य॑ मी॒ढुषो॑ य॒व्या ह॒विष्म॑तो म॒रुतो॒ वन्द॑ते॒ गीः॥४६॥

का० ५.५.१२. त्याग के अनन्तर यजमान जपे॥ आगस्त्यदृष्टा ऐन्द्रमरुद्देवत्या चतुष्पदा विराट्। हे इन्द्र इन संग्रामों में वर्तमान सख्य को प्राप्त मरुद्देवताओं सहित हमलोगों को विनाश न करि इति शेषः। मोशब्दो निषेधार्थः सुशब्दो विनाशाभावस्य सौष्ठवं ब्रूते। तथा सति विनाशलेश न हो इत्यर्थः संपद्यते। क उपकार इति चेत्। हे शुष्मिन् (बलवन्निन्द्र) तेरा अवयाः (अवयुतो यागः पृथग्भागः) विद्यमान है। हे मीढुषः (वृष्टिप्रदत्वेन सेक्तुः) तुम्ह हविर्योग्य की यव्या (यवमय करम्भपात्रों करि निष्पन्ना) होमक्रिया महश्चित्पूजा है भाव यह है कि तिस तुम्ह यथोक्त पूजोपेत का हमलोगों में कृपालुत्वयुक्त है। किं च मेरी स्तुतिरूपा वाणी तेरे मरुत् सखाओं को नमस्कार करती है। अर्थात् मरुद्विषय नमस्कार करि तुम्ह तुष्ट की कृपा युक्त है*॥४६॥

अक्र॒न्कर्म॑ कर्म॒कृतः॑ स॒ह वा॒चा म॑यो॒भुवा॑। दे॒वेभ्यः॒ कर्म॑ कृ॒त्वास्तं॒ प्रेत॑ सचाभुवः॥४७॥

का० ५.५.१३. यजमान जपे॥ आग्नेय्यनुष्टुबनिरुक्ता। वरुणप्रघासाख्यकर्मकारिणः ऋत्विजलोग स्तुतिरूपा वाणी सहित वरुणप्रघासानुष्ठान रूप करते हुए। कैसी वाणी कि मयो भुवा सुख

* नमो मरुद्भ्य इत्येवमाकारया: स्तुतेर्नमस्काररूपत्वात्।

[illegible] तिस मन्त्र स्य स्तुति है। हे सचाभुवः (सहभव [illegible] सा [illegible] जमान वा पत्नी करि इस कर्म में साथ बैठे ऋ- [illegible] देवताओं के अर्थ वरुणप्रघासाख्य कर्म करि के घरों [illegible]॥४७॥

अवभृथ निचुम्पुण निचेरुरसि निचुम्पुणः। अव दे-वैर्देवकृतमेनोऽयासिषमव मर्त्यैर्मर्त्यकृतं पुरुराव्णो देव रिषस्पाहि॥४८॥

[illegible]॰ ५॰ ५॰ ३०॰ ३१॰ वरुणप्रघास कर्म के अन्त में तदङ्गभूत अवभृथनामा कर्म जलसमीप में होता है तहां। दम्पती [illegible] मान यजमान्या) इस मन्त्र करि जल में स्नान करते हैं॥ [illegible] देवत्यम् ब्राह्मनुष्टप्। हे अवभृथ (अवाचीनपात्र जलमें [illegible] हैं तिस यज्ञविशेष में सो) हे निचुम्पुण (निरन्तर मन्द [illegible] नेहारे यद्वा नीचशब्द करि कर्म करते हैं) तथाविधावभृ-[illegible] यद्यपि तू निचेरुः (निरन्तर गमनशील) है तथापि यहां नि-चुम्पुण हो। किस प्रजयोन को सो कहिता है। देवों (द्योतनात्म-कों अपनी इन्द्रियों) करि देवकृत (हविःस्वामिओं-देवताओं में किया) जो पाप है सो इस जल में डालता हूं। तथा मनुष्यों (अपने सहायभूत ऋत्विजों) करि किया मनुष्यों (यज्ञदर्शना-[illegible] आये हुओं) में अवज्ञारूप जो पाप है तिसे भी जल में डाल-ता हूं। यह मेरा त्यागा हुआ पाप जैसे तुझे व्याप्त न हो तैसे मन्द [illegible] इति भावः। किं च हे देव (अवभृथाख्य यज्ञ) रिषः (बध)

से रक्षा करि। कैसा रिषः कि पुरुराव्णः (बहुत विरुद्ध फल को देता) अर्थात् विरुद्ध फलदायी बध तेरे प्रसाद हमलोगों को न हो ॥४८॥

अ॰८॰ पूर्णा दर्वि परा पत सुपूर्णा पुनरापत। वस्नेव विक्रीणावहा इषमूर्जं शतक्रतो ॥४९॥

साकमेधगतं कर्म किंचिदुच्यते॥ का॰५॰६॰३६॰ पूर्णा दर्वीति दर्वी करि स्थाली से ओदन ग्रहण करे॥ हे ऐन्द्र्यावनुष्टुभी औ र्णवाभदृष्टे। हे दर्वि (अन्नप्रदान साधनभूते काष्ठादिनिर्मिते) तू पूर्णा (स्थाली) के सकाश से अन्न ग्रहण करि के पूर्णा (पूर्णत्व से ही उत्कृष्टा) हुई परा पत (इन्द्र प्रति गमन करि। सुपूर्णा (कर्मफल करि भलीभाँति से पूर्णा) हुई फिरि हमारे प्रति आगमन करि। एवं दर्वीमुक्त्वा इन्द्रमाह। हे शतक्रतो (बहुकर्मन् इन्द्र) तू और हम दोनों वस्नेव (मूल्य करिके ही) इष (अभीष्ट हवि रूप अन्न) और ऊर्जं (हविर्दान फल रूप रस विशेष) को विक्रीणावहै (परस्पर द्रव्यविनियमरूप विक्रय करें। मैं तेरे अर्थ हवि देता हूं तू मेरे अर्थ फल दे इत्यर्थः ॥४९॥

देहि मे ददामि ते नि मे धेहि नि ते दधे। निहारं च हरासि मे निहारं निहराणि ते स्वाहा ॥५०॥

का॰५॰६॰४०॰ देहि मे इस से होम करे॥ इन्द्र कहिता है। हे यजमान तू मुझ इन्द्र के अर्थ प्रथम हवि दे। पश्चात् तुझ यजमान के अर्थ में अपेक्षित देता हूं। एवं प्रथमपादोक्त एवार्थो द्वितीयपादेनादरार्थं पुनरुच्यते। पहिले मुझ इन्द्र के अर्थ निरन्तर हवि

...र यजमान के अर्थ अपेक्षित फल निरन्तर देता हूं। ऐसा इ-
...वाक्य सुनि उत्तरार्ध करि यजमान कहिता है। निहार (मूल्यक-
...व्य वस्तुरूपफल) मुम यजमान के अर्थ दे। निहार (मू-
...त हवि) तुम इन्द्र के अर्थ निरन्तर समर्पण करता हूं। स्वा-
...को हविर्दानार्थः। पूर्वार्ध में दो पादों से आदर करि इन्द्र
...बार कहे अर्थ को उत्तरार्ध करि यजमान भली भांति से अ-
...कार करता है इत्यर्थः॥ ५०॥

...॰४॰ अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्रिया अधूषत। अस्तोषत
स्वभानवो विप्रा नविष्ठया मतीयोजा न्विन्द्र ते हरी॥ ५१॥

...कमेधगतपितृयज्ञाख्य कर्मणि आहवनीयोपस्थानम्॥
...॰ ५॰६॰ २१॰ सव्य यज्ञोपवीत करि सब ऋत्विग्यजमान निकलि-
के उत्तराभिमुख हो आहवनीय के समीप में अक्षन्नमीमदन्त
सुसंदृशं त्वेति दो कण्डिकाओं करि आहवनीय को उपतिष्ठें॥
द्वे इन्द्रदेवत्ये गोतमदृष्टे पञ्चपदा पङ्क्ती॥ पितृयज्ञाख्य कर्म में
जे पितर हैं ते हमलोगों करि दिये हविःस्वरूप अन्न को भक्षण
करते हुए। यह कैसे जाना। यों कि हमारी भक्ति को जानि प्रीति-
युक्त हो अपने शिरों को कम्पाते हुए वा अपनी प्यारी देही को क-
म्पाते हुए। किंच स्वभानवः (स्वयंदीप्तियुक्ताः) विप्राः (मेधाविनः)
नवीन बुद्धि करिके युक्त स्तुति करते हुए (अहो बहुत स्वादिष्ट अन्न
हमको दिया भली भक्ति है) अतः हे इन्द्र क्षिप्र अपने हरीनामा (हरि-
तवर्ण) घोडे रथ में जोडि। अपनी अभीष्टा पितृतृप्ति करि संपन्न होने से

तिन पितरों के साथ तुझे जाना चाहिये इत्यर्थः ॥ ५१ ॥

सुसंदृशं त्वा वयं मघवन्वन्दिषीमहि। प्र नूनं पूर्णव-
न्धुर स्तुतो यासि वशाँ २॥ अनु योजा न्विन्द्र ते हरी ॥५२॥

हे मघवन् हम तुझे (तेरे) स्तुति करने वाले हों यह प्रार्थना करते हैं। कैसे तुझे कि शोभनदर्शन (अनुग्रहदृष्टि करि सब के द्रष्टार को। ऐसे हमलोगों करि स्तुति किया तू कामयमानयजमानों को लक्षिके अवश्य जाता है कैसा कि पूर्णवन्धुरः (स्तोतृओं के अर्थ दातव्य धन करिके सम्पूर्णरथनीडोपेत होके जाता है। हे इन्द्र सो तू क्षिप्र॰ ॥५२॥

मनो न्वाह्वामहे नाराशꣳसेन स्तोमेन। पितृणां च म-
न्मभिः ॥ ५३ ॥

का॰ ५.९.२२. मनो न्वाह्वामहे इन तीनि ऋचाओं करि गार्हपत्य को उपतिष्ठे ॥ तिस्र ऋचो मनोदेवत्या गायत्र्यो बन्धुदृष्टाः॥ हम शीघ्र मन को बुलाते हैं (पितृयज्ञानुष्ठान करि चित्त पितृलोक को गया था अतः बुलाइये है। यद्वा मनोऽभिमानि देवता को बुलाते हैं। किस साधन कि स्तोम (स्तोत्र) करिके कैसे स्तोत्र कि नाराशंस (मनुष्यों के योग्य शंस॰ नराशंस तिस सम्बन्धि) करिके। स्तोत्र द्विविध है एक दैव दूसरा मानुष जहां देवता स्तुति करियें हैं सो दैव और जहां मनुष्य प्रशंसा करियें हैं सो मानुष तैसे मानुष स्तोत्र करिके यह युक्त है। किं च पितर जिस स्तोत्र को मानते हैं तैसे स्तोत्र करि के बुलाते हैं ॥ ५३ ॥

आ न एतु मनः पुनः क्रत्वे दक्षाय जीवसे। ज्यो-

क् सूर्यं दृशे ॥ ५४ ॥

[illegible] मन (पूर्वोक्त चित्त) फिरिके आगमन करै किमर्थं कि क्र-
[illegible] संकल्प) के लिये दक्ष (कर्म में उत्साह) के लिये +। ज्योग्जी-
[illegible] (चिरजीवन) के लिये और सूर्यावलोकन के लिये। इन सं-
[illegible] दिकों की सिद्धि के अर्थ मनः पुनः आगमन करै ॥ ५४ ॥

पुनर्नः पितरो मनो ददातु दैव्यो जनः। जीव व्रात-
ꣳ सचेमहि ॥ ५५ ॥

[illegible] पितरो आपकी अनुज्ञा करि देवसम्बन्धि पुरुष हमारे अर्थ पू-
[illegible] क चित्त को पुनः देवै प्रेरणा करै। तथा सति अनुष्ठान करिके आप
[illegible] प्रसाद से जीवनवन्त व्रात (पुत्रपश्वादिगण) को हम सेवन करें ॥ ५५ ॥

वयꣳ सोम व्रते तव मनस्तनूषु बिभ्रतः। प्रजावन्तः
सचेमहि ॥ ५६ ॥

सोमदेवत्या गायत्री बन्धुदृष्टा जपे विनियुक्ता। अत्र पितृयज्ञे सोम-
नामको देवोऽस्ति। सोमाय पितृमते २·२९·इ॰ इत्येवं हविषो
विहितत्वात्। हे सोम हम यजमानाः तेरे व्रत (कर्म) में वर्तमानाः
तेरे शरीरों में अपने चित्त को धारण करते हुए तेरी करुणा से प्र-
जावन्तः (पुत्रपौत्रादिसंपन्नाः) होकर सेवन करते हैं सेवित-
व्य वस्तुओं को इति शेषः। यद्वा सर्वदा तेरे सम्बद्धा हों ॥ ५६ ॥

अ॰ १० एष ते रुद्र भागः सह स्वस्राम्बिकया तं जुषस्व स्वा-
हैष ते रुद्र भाग आखुस्ते पशुः ॥ ५७ ॥ +

साकमेधगतत्र्यम्बकहविर्विषया मन्त्रा उच्यन्ते ॥ ॥ का॰

+ तथा च श्रुतिः यदेव मनसा कामयत इदं मे स्यादिदं कुर्वीयेति स एव
क्रतुरथ यदस्मै तत्समृध्यते स दक्ष इति। + ए-हा॰ अ॰ ०। ए-मु॰ इ॰ ॥ १०॥

५॰१०॰१२॰एव ते इस से होमें॥ एष ते द्वे रौद्रे यजुषी १॰प्राजापत्या बृहती अवदान होमे विनि॰। हे रुद्र (विरोधियों के भाँतिभाँति से रुलानेवाले) तेरी स्वसा (भगिनी-बहनि) अम्बिकानाम्नी करि सहित यह हमलोगों करि दीयमान पुरोडाश भाग (भजनीय) स्वीकरने के लिये योग्य है। तिस तैसे पुरोडाश को तू सेवन करि स्वाहा (यह दिया हवि सुहुत हो॥ अम्बिका का रुद्र की भगिनी होना श्रुति में कहा है। शत॰२॰६॰२॰७॰ अम्बिका ह वैनामास्य स्वसा तयास्यैष सह भाग इति। जो यह रुद्रनामा क्रूरदेव है तिस की विरोधि को मारने के लिये इच्छा होती है तब इस भगिनी क्रूरदेवता साधन भूता करि तिसे मारता है। और सो अम्बिका शरद्रूप को प्राप्त हो जरादिक को उत्पन्न करि तिस विरोधि को मारती है। तिन रुद्र और अम्बिका का उग्रत्व इस हवि करिके शान्त होता है। तथा च तित्तिरिः। एष ते रुद्र भागः सह स्वस्राम्बिकयेत्याह शरद्वा अस्याम्बिका साभिया एषा हिनस्ति यꣳहिनस्ति तयैवैनꣳ सह शमयतीति॥ का॰ ५॰१०॰१॰२॰१३॰ यजमान के जितने पुत्र भृत्यादिक पुरुष हैं तिन्हें गिनिकर प्रति पुरुष एक-एक पुरोडाश बना कर फिरि एक अधिक बनावे सो अतिरिक्त कहिलाता है। तहां जो यह अतिरिक्त तिसे न होमें किंतु उत्तर दिशा में जाकर मूसेओं की खोदी हुई मृदा में प्रवेश कराय के ढकि देवे॥२॰एष ते यजुर्जगती। हे रुद्र यह हमलोगों करि उपकीर्यमाण अति-

रिक्त पुरोडाश तेरा भाग (तुरूकरि भजनीय) है तथा तेरा आखु (मूषक-मूसा-चूहा) पशुत्व करिके समर्पित है। अर्थात् आखुदान करि तुष्ट हुआ रुद्र अम्बिका करि यजमान के पशुओं को नहीं मारता॥५७॥

अव॑ रु॒द्रम॑दीम॒ह्यव॑ दे॒वं त्र्य॑म्बकम्। यथा॑ नो॒ वस्य॑स॒स्कर॒द्यथा॑ नः॒ श्रेय॑सस्कर॒द्यथा॑ नो व्यवसा॒यया॑त्॥५८॥

का०५·१०·१४· तहां से लौटि करि अव रुद्रमदीमहीति जपै॥ द्वे रुद्रदेवत्ये प्रथमा पञ्चपदापङ्क्तिर्द्वितीया ककुप् द्वयोर्जपेविनि०॥ रुद्रमव असौ रुद्र इति, यह रुद्र है यह मन करि तिसै जानना· तेरे अनुग्रह से हम अन्न को भक्षण करेंगे। तथा त्र्यम्बक इस देव के तीनि नेत्र हैं यह मन०। यद्वा अन्यदेवताओं से पृथक् करिके रुद्र को भोजन कराते हैं। अन्य दे०-के त्र्यम्बक को भोजन कराते हैं॥ जैसे यह हमलोगों को वसनशील करै। और जैसे हम को ज्ञाति में प्रशस्यतर करै। और जैसे हम को सबकार्यों में निश्चययुक्त करै। तैसें इसै जपते हैं इत्यर्थः। आशीरियम्॥५८॥

भे॒ष॒जम॑सि भेष॒जं गवेऽश्वा॑य॒ पुरु॑षाय भेष॒जम्॥ सु॒खं मे॒षाय॑ मे॒ष्यै॥५९॥

हे रुद्र तू भेषज (औषधवत्सर्वोपद्रवनिवारक) है इस कारण हमारे गौ अश्व और पुरुषों के अर्थ सर्वव्याधिनिवारक औषध दे। मेष और मेषी के अर्थ सुख (सुहित है प्राणों के अर्थ) दे। अनेन मन्त्रेण गृहपशूनां क्षेमप्राप्तिर्भवति॥५९॥

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पतिवेदनम्। उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः॥६०॥ + त्र्य-त्। अ॰। त्र्य-त। द्॰।

का॰ ५॰१०॰१५॰१६॰ जैसे पितृमेध में पुत्रादयः पुरुषाः अपनी वामोरू को ताडना करते तीनि वार अप्रदक्षिणा फिरते हैं। और जैसे देवता सेवा में दक्षिणोरू को ताडन करते तीनि प्रदक्षिणा फिरते हैं। एवं यहां पुरुषाः पहिले त्र्यम्बकमन्त्र करिके अग्नि को तीनि अप्रदक्षिणा और तीनि प्रदक्षिणा फिरें। तहां एक-एक मन्त्र पूर्वक और दो-दो चुपके से परंतु अप्रदक्षिणा फिरते अपसव्य न होवें॥ द्वे अनुष्टुभौ पूर्वस्यां वसिष्ठदृष्टा। सुगन्धि (दिव्य गन्धोपेत) मर्त्यधर्म हीन पुष्टिवर्धन (धनधान्यादि पुष्टि के बढानेहारे) त्र्यम्बक (तीनि नेत्रयुक्त) रुद्र को पूजन करते हैं। ततः रुद्र के प्रसाद से मृत्यु (अपमृत्यु और संसारमृत्यु) से मुक्त होवेंगे और अमृत (स्वर्ग रूप और मुक्तिरूप) से मुक्त न होवेंगे (मेरा अभ्युदय निःश्रेयस रूप दोनों फलों से भ्रष्ट न हो इत्यर्थः। मृत्योर्मोचने दृष्टान्तः। उर्वारुकमिव बन्धनादिति जैसे बदरी आदि फल अत्यन्त पक्व होने पर अपने डंठरे से छूटता है तद्वत्॥ का॰ ५॰१०॰१७॰ और यजमानसम्बन्धिन्यः कुमार्यः (विन विवाही पुत्रीएं) पूर्वोक्त पुरुषवत् अग्नि को तीनि-तीनि फेरे देवें एक-एक वार उत्तर त्र्यम्बक मन्त्र पढिकर दो-दो वार चुपके से इति॥ हम त्र्यम्बक को पूजती हैं। कैसे को कि पतिवेदन (भर्तार के देनेवाले)

+ इत आरभ्याध्यायसमाप्तिपर्यन्तं सर्वमाशिषदेवत्यं। आशीः आयमित्युक्तत्वात् कात्या॰ अनु॰ १॰ १५॰।

को। अन्यत्पूर्ववत्। इतो मुक्षीय, मातृपितृभ्रातृवर्ग से छूटें अमुतो मा, विवाह से ऊपर पति से न छूटें (पिता के गोत्र और घर को छोडि के पति के गोत्र और घर में त्र्यम्बक प्रसाद से सर्वदा वास करें। सा यदित इत्याह ज्ञातिभ्यस्तदाह मामुत इति पतिभ्यस्तदाहेति श॰ २॰ ६॰ २॰ १४॰ श्रुतेरितोऽमुतःशब्दाभ्यां पितृपतिवर्गौ ग्राह्यौ॥६०॥

एतत्ते रुद्रावसं तेन परो मूजवतोऽतीहि। अवततधन्वा पिनाकावसः कृत्तिवासा अहिंसन्नः शिवोऽतीहि॥६१॥

का॰ ५॰ १०॰ २१॰ व्रीहियवादिकों को वहने के अर्थ तृणवंशादिनिर्मित पात्रविशेष मूत कहिलाता है। तैसे दो मूतों में त्र्यम्बक के हविःशेषों को डालिकर अपने कन्धों से वहने योग्य वंश वा यज्ञिय काष्ठ की लाठी में तिन दोनो मूतों को बाँधि उन्नत स्थाणु (ठूँठ) वा वृक्ष वा वंश वा वल्मीक पर दोनों मूतयुक्त लाठी को छोडि दे। तैसे गौएँ न सूँघसकें इस से गौओं को रोग नहीं होता। रौद्रास्तारपङ्क्तिः॥ हे रुद्र यह तेरा अवस + (हविःशेषाख्य भोज्य) है तिस सहित तू मूजवान्पर्वत ‡ से परभागवर्ती हो अतिक्रम्य जा। कैसा है तू कि अवततधन्वा (अवरोपितधनुष्कः) हमारे विरोधियों के तुरू करि निवारतत्व से इस पीछे धनुष में ज्या चढाने का प्रयोजन न रहिने से यहां अवरोपण युक्त है। तथा पिनाकावसः (पिनाकनामा अपनी धनुष को सर्वतः ढाँपता। जैसे धनुष को देखि प्राणी न डरें तैसे वस्त्रादि से ढाँपि के गमन करि इत्यर्थः॥ का॰ ५॰ १०॰ २२॰ २३॰ कृत्तिवासेति

+ अवसशब्देन देशान्तरं गच्छतो मार्गमध्ये तडागादिसमीपे भोक्तव्यमोदनविशेष उच्यते।

‡ मूजवान्नाम कश्चित्पर्वतो रुद्रस्य वासस्थानम्।

दोनों मूतों को निश्चल करै केचित् तहां से लौटते हुए दोनों मूतों को न देखते वेदी के समीप में आकर जल का स्पर्श करें + ॥ मन्त्रार्थस्तु। हे रुद्र तू कृत्तिवासाः (चर्माम्बरः) हमलोगों को न मारते शिव (हमारी पूजा करि संतुष्ट हुआ कोपरहित) होके पर्वत को अतिक्रम्य गमन करि ॥ ६१॥

त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम्। यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नो ऽअस्तु त्र्यायुषम् ॥ ६२॥

का० ५। २। १६। वपनसमय संहितास्वर से यजमान जपे ॥ नारायणदृष्टा ग्रीदेवतोष्णिक्। जमदग्नि मुनि का जो त्र्यायुष (बाल्ययौवनस्थाविर तीनों अवस्थाओं का समाहार) तथा कश्यपनामा प्रजापति का जो त्र्यायुष तथा देवताओं (इन्द्रादिकों) में जो त्र्यायुष है सो सब त्र्यायुष हम यजमानों का हो। जमदग्न्यादिकों का बाल्यादि में जैसा चलन तैसा हमारा होवे इत्यर्थः ॥ ६२॥

शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्ते ऽअस्तु मा मा हिंसीः। निवर्तयाम्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय ॥ ६३॥ +

इति श्री संहितायां दशमोनुवाकः १०

इति श्री शुक्लयजुषि माध्यन्दिनी शाखीयायां वाजसनेय संहितायां दीर्घ पाठे तृतीयोध्यायः ३

का० ५। २। १७। शिवो नामेति लोहे का क्षुरा लेकर निवर्तयामीति जपे ॥ शिवो नामेति प्राजापत्या बृहती क्षुरदे० १। निवर्तयामीति यजुर्लिङ्गोक्त (यजमान) दे० २। आशीः शायम्। मन्त्रार्थस्तु।

+ शि-सी: अ० नि-य। द्द० ॥ ६३

+ रौद्रं राक्षसमासुरमाभिचरणिकं मन्त्रमुक्त्वा पित्र्यमात्मानं चालभ्याप उपस्पृशेदपः। का० १। १०। १४॥ अस्यार्थः। रुद्रदैवतं रक्षोदैवतं मसुरदैवतमाभिचरणिकं पितृदैवतं च मन्त्रमुक्त्वा एतद्देवत्यमन्त्रोक्तं कर्म च कृत्वात्मानमालभ्यापां स्पर्शनं हस्तेन कुर्यात्।

सुर तू नाम करिके शिव (शान्त) है स्वधितिः (वज्र) तेरा पिता
तो अर्थ मेरी नमस्कार मुझको मत मारि॥१॥ हे यजमान ते
मुण्डन कर्ता हूं किसलिये कि जीवन के अर्थ अन्न भक्षण
न॰ धन की पुष्टि॰ शोभनप्रजा॰ शोभनसामर्थ्य के अर्थ॥
॥६३॥

श्री वेदार्थ प्रदीपेन तमोहार्दं निवारयन्
पुमार्थांश्चतरोदेयाद्यज्ञपुरुषः सनातनः ३
इति श्री गिरिधर भाष्ये दशमोनुवाकः १०

मच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गत माध्यन्दिनीयशाखाध्येतृवैयाघ्रपद्य
य विश्वामित्र पुराधिप श्रीमज्जय किशोरदेव वर्म्मात्मज
किमणीय नृपतिगिरिप्रसादेन रचिते श्रीवेदार्थ प्रदीपे गिरिध
रभाष्ये गिरिप्रसाद सर्वस्वे अग्न्याधानादिपित्र्यान्तस्तृतीयो
ध्यायः॥३॥

हरिः ओम्
ॐ नमो यज्ञपुरुषाय
पञ्चात्मकं द्विरूपंच साधनैर्बहुरूपकम्
स्वानंद दायकं कृष्णं ब्रह्म रूपं परं स्तुमः ४

अथाग्निष्टोममन्त्रास्तेषां प्रजापतिर्ऋषिः

अ॰१॰एदम्॥ एदमगन्म देवयजनम्पृथिव्या यत्र देवासो॰

अजुंषन्तविश्वे॥ऋक्सामाभ्यांꣳसन्तरन्तोयजुर्भी
रायस्पोषेण समिषामदेम॥इमा ऽआपः शमुमेसन्तुदे
वीरोषधेत्रायस्वस्वधितेमैनꣳहिꣳसीः॥१॥

ओंनमो याज्ञवल्क्याय

गिरिप्रसाद संज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीप के

शालागमाद्याचनान्तश्चतुर्थोऽध्यायईर्यते ४·

आधान कण्डिका १-८ अग्निहोत्र ९-१० उपस्थान ११-४३ चातुर्मास्य ४४-६३ के मंत्र तीसरे अध्याय में कहे चौथे अध्याय की आदि से ले आठवें अध्याय की बत्तीस ३२ कण्डिका पर्यन्त अग्निष्टोम के मंत्र कहियें हें। तिन्हों का प्रजापति ऋषि है॥ तहां चौथे में यजमान के संस्कार पूर्व्वक सोमक्रय के मंत्र प्रधान करि कहियें हें तहां पहिले यजमान सोलेह १६· ऋत्विजों का वरण करि के अरणी में अग्नि का आरोपण करि शाला में जावे॥का० ७·१·१६· अग्निका आरोपण करिके शाला के स्तंभ का पूर्वभाग गृहण करि अरणी हाथ में ले एदमगन्म पढे॥ एदमगन्म १· आपोऽअस्मान् २· दोनों कण्डिकाओं का व्यवसाना अत्यष्टीछन्द और तिनो में मंत्र सात ७ हें। एदमगन्म· ऋक्सामाभ्याम् हे यजुषी हे वयजन देवत्ये॥ ॥मंत्रार्थः॥ इदम् यह हाथ से संकेत करि दिखलाता है। हम यजमान इस पृथिवी संबंधी देव यजन (देवताओं की पूजा के स्थान) में आये हें। यह कैसा हे कि जिस देवयजन में सब देवता प्रीति पूर्व्वक बैठे हें और हम धन की

पुष्टि और इष्यमाण अन्न से प्रसन्न होवें अर्थात् धन और अन्नसें तृप्तिहों। क्योंकर कें कि ऋक्॰ साम॰ और यजु॰ तीन्यों वेदों के मन्त्रों से समुद्र वत् गम्भीर सोमयाग को पूर्ण करिकें॥ का॰ ७॰ २॰ ९॰ कंघा से शिर के वालों की दक्षिण जूटिका को काढकर जल से भिगोवे। इमाऽ आपऽ इति याजुषी त्रिष्टुप् आपो देवता २॥ अर्थः॥ शिर के भिगोंने मे यह जल मुरूयजमान को सुख करने वाली हूजियो। कैसी है जल कि द्योतमान निर्मल॥ का॰ ७॰ २॰ १०॰ ११॰ जैसे पशु के अर्थ यूप छेदने का मंत्र है ऐस यहां भी तृण का अंतर्धान और क्षुर स्थापन दोनों मंत्रों से करना॥ ओषधऽ इति याजुषी गायत्री॰ कुशतरुणो देवता ३ स्वधितऽ इति दैवी जगती॰ क्षुरो देवता ४। हे ओषधे (कुशतरुण) तू यजमान को क्षुरा से रक्षाकर ३। हे स्वधिते- (क्षुर) इस यजमान को मत मार॥ ४॥

आपोऽ अस्मान्॥ आपोऽ अस्मान्मातरः शुन्धयन्तु घृतेन नो घृतप्वः पुनन्तु॥ विश्वꣳ हि रिप्रम्प्रवहन्ति देवीरुदिदाभ्यः शुचिरापूतऽएमि॥ दीक्षातपसोस्तनूरसि तान्त्वा शिवाꣳ शग्मां परि दधे भद्रम्वर्णम्पुष्यन्॥२॥ आ-वी॥ अ॰॥ उ-मि॥ इ॥ दी-न्॥ उ॰॥

आपो अस्मान्॰ प्राजपत्या जगती॰ आपो देवता का॰ ७॰ २॰ १५॰ इससे स्नान करें॥ मातरः (जगत की निर्माण करने वाली वा मातृवत् पालने वाली) जल हम क्षौर कराए हुए यजमानों को-

शुद्ध कीजियो अर्थात् क्षौर कर्म की अपवित्रता निवारियो किंच घृतप्वः (क्षरित जल से पवित्र करने वाली) जल देवता सो क्षरित जलसे हमको पवित्र कीजियो और देवी (दीप्यमान) आपः इस सब पापको दूर कीजियो ॥५॥ उ दिदाभ्य इति या जुषी त्रिष्टुप् का० ७ । २ । १५ । स्नान करि जल से बाहिर निकलै ॥ अर्थः ॥ मैं जल से बाहिर निकलता हूं । कैसाहूं मैं कि स्नान करके शुद्धहूं । तैसेही शुद्ध आचमन करि पवित्रहूं । शुचिरापूतइन दोनों शब्दों से स्नान आचमन करि बाहिर भीतर की शुद्धि कही ।६। दीक्षा तपसो यजुषि वासो देवता । का० ७ । २ । १६–१९ अतसी कावनाकुशानवीन वस्त्र धारण करे कदाचित विना धुला हो तो अध्वर्यु यजमान के मनुष्य से कहे कि हाथों से अच्छा मीडि डाल फिरि जल के छींटे लगावे अथवा नित्य के पहनने की धोती जो कि रजक ने नहीं धोई घर की धोई हुई और जिस से मूत्रोत्सर्ग नहीं किया पहिने पूर्वोक्त दोनों प्रकार की खोलकर पहिनें ॥ इतिसूत्रार्थः ॥ हे क्षौम (अतसी से बने) वस्त्र तू दीक्षा (दीक्षणी येष्टि) तप (उपसदिष्टि) का शरीर है (अर्थात् दीक्षाभि मानी देवता और तपाभिमानी देवता का शरीरवत् प्रिय है) तिन दोनों देवताओं के शरीरभूत तुझ को मैं धारण करताहूं । तू कैसा है कि कोमलतायुक्त अतिशय सुखकारी है । मैं कैसा हूं कि तेरे धारण करने से कल्याणी कान्ति युक्तहूं ॥२॥

अ०२ महीनाम्पयोऽसि वर्चोदाऽअसि वर्चो मे देहि ॥ वृत्रस्यासि कनीनकश्चक्षुर्दाऽअसि चक्षुर्म्मे देहि ॥३॥†

महीना मिति· प्राजापत्यानुष्टुप्· नवनीतो देवता· का० ७·२·३३ दक्षिणाग्नि के होमकिये पीछे शाला के पूर्व भागमें कुशाओं पर बैठि नवनीत को लेकर शिरसे पैर तलक शरीर का उबटना करे ॥इति॥ हे नवनीत तू गौओं का पय है। और अति प्राय-स्निग्ध होने से कान्ति का देने वाला है इस हेतु मुझ यजमान को कान्ति दे ॥१॥ वृत्रस्यामित्यार्षी गायत्री अञ्जनो देवता। का० ७·२·३४· त्रिककुत् नामा पर्वत से उत्पन्न हुए अञ्जन वा उस के अभाव में प्रसिद्ध कज्जल से अध्वर्य्यु यजमान के दोनों नेत्रों को आंजे ॥अर्थ॥ हे अंजन तू वृत्र (असुर) के नेत्र की पुतली है। शत० ३·१·३·१२· यत्र वा इन्द्र इत्यादि। तथाच तित्तिरिः इन्द्रो वृत्रमहन् तस्य कनीनिका परापतत्तदेवांजनमभवदिति इन्द्र ने वृत्र को मारा तिस की पुतली गिरी सो यहां अंजन हुई। क्योंकि पुतली होने से तू दृष्टि का दाता है इस हेतु मुझको चक्षु दे (अर्थात् अच्छे प्रकार दृष्टि सामर्थ्य दे ॥३॥

चित्पतिर्म्मा पुनातु वाक्पतिर्म्मा पुनातु देवो मा सविता पुनात्वच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्य्यस्य रश्मिभिः ॥ तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम् ॥४॥ चि-तु॥अ०॥वा-तु॥इ०॥दे-म्॥उ०॥

चित्पति· वाक्पति· द्वे याजुषी उष्णिक् प्रजापति देवता· देवोमा

† म-हि॥अ०॥वृ-हि॥इ०॥

यजुषि सविनादे०। का०७.३.१ अध्वर्यु कुशाओं के पवित्रों से चि
त्पनि वाक्पति देवोमा तीनों मंत्रों से प्रत्येक मंत्र करि सात-सात
विरियां शोधन करै अच्छिद्रेण - तच्छकेयम् प्रति मंत्र के साथप
दे॥ मंत्रार्थः॥ चित्पति(ज्ञानों का पति मनका अभिमानी देवता
वा प्रजापति) छिद्रहीन पवित्र सूर्य्य की किरणों से मुझ यजमा
न को पवित्र कीजियो। हे पवित्रपते (शुद्धों के पालक) तेरे पूर्वोक्त
शुद्ध किये यजमान का अभीष्ट हूजियो। यत्कामः पुनेतच्छके
यम् (जो काम है जिसका वा जिस काम में है जो) सोमयाग के
अनुष्ठान की जो मैं चाह करने वाला सो आत्मा का शोधनक
रता हूं (अर्थात् तिस सोमयाग के अनुष्ठान में सार्थ हों)। य
ज्ञानुष्ठान सामर्थ्य मुझ को होवे॥ वाक्पति वाचा का पति वृह
स्पति वा प्रजापति मुझको पवित्र कीजियो॥ सविता देवता (उ
त्पन्न करने वाला अन्तर्यामी) मां पुनातु॥ इन दोनों मंत्रों में
भी पूर्ववत् अच्छिद्रेण - तच्छकेयम् को मिलाना॥४॥

आवः॥ आवो देवास ईमहे वामम्प्रयत्यध्वरे॥ आ
वो देवास आशिषो यज्ञियासो हवामहे॥५॥

अनुष्टुप् देवो दे० आशीः। का०७.३.६ मार्जन के अनन्तर
अध्वर्यु यजमान प्रति कहै॥ अर्थः॥ हे देवताओ हम तुम से
वननीय यज्ञ फल सब ओडी से याचना करते है। कहां से। कि
हमारे यज्ञ में वर्तमान होने से। किंच हे देवताओ हम तुमको
बुलाते है। किसलिये कि यज्ञसंबंधिनी आशिषा (अर्थात्

+ मनो वै चित्पतिरिति तिति तिति: प्रजापतिर्वै चित्पतिरिति शत०३।१।३।२२ चित्पतिर्हि प्रजापत्यै को सर्वो ... ३इ॥

यज्ञफलकी प्राप्तिके अर्थ बुलातेहैं ॥ ५ ॥

स्वाहायज्ञम् ॥ मनसः स्वाहोरोरन्तरिक्षात्स्वाहा द्यावापृथिवीभ्याᳯ स्वाहा वातादारभे स्वाहा ॥ ६ ॥ †

स्वाहा यज्ञमिति चतुर्णा यज्ञो दे॰ याजुषी उष्णिक् १.२.या॰ अनुष्टुप्॰ ३ यजुषि ४ ।का॰ ७.३.७–१० पहिले मंत्रसे दोनों हाथोंकी कनिष्ठिकाओं कू सकोरै दूसरेसे अनामिकाओं कू तीसरेसे मध्यमा चौथेसे तर्जनीको सकोरे (अर्थात् दोनो हाथोंकी मुठी प्रथक् प्रथक् वांधे ॥ मंत्रार्थः ॥ चित्तकरि यज्ञमें प्रवेश करताहूं १ अन्तरिक्षमें यज्ञ स्थितहै २ द्यावापृथिवीमें यज्ञ स्थितहै (अर्थात् लोकत्रयव्यापी यज्ञहै ३ वायुके प्रसादकरि यज्ञका आरंभ करताहूं क्योंकि वायु को सर्व कर्मप्रवर्त्तकत्वहै ४ स्वाहायज्ञ यह सिद्ध हुआ ॥ ६ ॥ दू॰आ॰अ॰२

अ॰३ आकूत्यै प्रयुजे ॥ आकूत्यै प्रयुजेऽग्नये स्वाहा मेधायै मनसेऽग्नये स्वाहा दीक्षायै तपसेऽग्नये स्वाहा सरस्वत्यै पूष्णेऽग्नये स्वाहा ॥ आपो देवी बृहती विश्वशम्भुवो द्यावापृथिवी उरो अन्तरिक्ष ॥ बृहस्पतये हविषा विधेम स्वाहा ॥ ७ ॥ आ–हा॥अ॰॥मे–हा॥दू॰॥दी–हा॥उ॰॥स–हा॥ऋ॰॥आ–हा॥ल॰॥

अतः परं षडौद्ग्रभणमन्त्राः ॥ आकूत्यै १ मेधायै २ दीक्षायै ३ सरस्वत्यै ४ आसुरी त्रिष्टुप्॰ अग्निर्दे॰ आपो देवीः विराट् तीनि दशक वा एका दशकसो विराट् इसके पहिले चरणमें एक अक्षर बढती लिङ्गोक्त देवताःका॰ ७.३.१६–१७॰ अध्वर्यु स्रुवा-

† स्वा–म॰॥अ॰॥स्वा–तृ॥दू॰॥स्वा॥–म॥उ॰॥स्वा–हा॥ऋ॰॥

करि आहुतियों का होम करै प्रति मन्त्र से. तीसरे को जपै॥ मन्त्रार्थस्तु॥ अग्नये(वह्निदेवता के अर्थ)यह सुहुत हूजियो। कैसे अग्नि के अर्थ कि आकूत्यै प्रयुजे(यज्ञ करूं ऐसे मानस सङ्कल्प को आकूति कहिते हैं तिस आकूतिकी सिद्धिके अर्थ निर्विघ्न को प्रेरणा करे॥ १॥ मेधायै(श्रुतिके मंत्र- तंत्र की धारण शक्ति मेधा तिसकी सिद्धि के अर्थ)मन से(मेरे मन के अभिमानी अग्नि के अर्थ)सुहुत हूजियो २ तीसरे को जपै॥ दीक्षायै तपसे(व्रतका नियम दीक्षा तिसकी सिद्धिके अर्थ मेरे शरीर के तपोभिमानी अग्निके अर्थसुहुत हूजियो। नियम की रक्षा तपसे होती है तिस तपके देनेवाले के अर्थ॥३॥ सरस्वत्यै(मन्त्रोच्चारण शक्ति सरस्वती तिसकी सिद्धि के अर्थ) पूष्णे(पोषण करनेवाले तिस वागेन्द्री पोषक अग्निके अर्थ)सुहुत हूजियो॥ ४॥ आपोदेवीः- हे आपः- हे द्याव पृथिवी औ. हे अन्तरिक्ष- तुम्हारे और वृहस्पति के अर्थ हवि देवता हूं सुहुत हूजियो। कैसा है आप कि देवीः(द्योतमान) वडा-जगत के सुख का उत्पन्न करनेवाला इति ५ मन्त्रः॥७॥

विश्वो॑ दे॒वस्य॑ ने॒तुर्म्मर्त्तो॑ वुरीत स॒ख्यम्॥ विश्वो॑ रा॒यऽइ॑षुध्यति द्यु॒म्नम्वृ॑णीत पु॒ष्यसे॒ स्वाहा॑॥ ८॥

अथाष्टः॥ स्वस्त्यात्रेयदृष्टा. सावित्री. अनुष्टुप्.॥ अर्थ॥ सब मनुष्यों के फल प्रापक दानादि गुणयुक्त सविता से स

रिभाव की प्रार्थना करते हैं। किंच सब जनों के धन के अर्थ-याचना करते हैं। किंच यश और अन्न तिस से प्रार्थना करते हैं। किस लिये कि अपने प्रजापालन को। जो ऐसा सविता तिसके अर्थ सुहुत हूजियो ८ इत्योद्भ्रभणमंत्राः समाप्ताः॥

अ०४ ऋक्सामयोः शिल्पे॥ स्थस्ते वा मारभेते मा पातमास्य यज्ञस्योदृचः॥ शर्म्मासि शर्म्म मे यच्छ नमस्तेऽअस्तु मा मा हिंसीः॥९॥ ऋ-च०। अ०। श-सी।ह्रु०।

का०७·३·२३· कृष्णाजिन की सुक्ल-कृष्ण रोमों की संधिका स्पर्श करै। ऋक्सामयोः·यजुषि·कृष्णाजिनदे०॥ अर्थः॥ हे कृष्णाजिनगत सुक्ल कृष्ण रेखाओ तुम ऋगभिमानी सामाभिमानी देवता संबंधिनी चातुर्यता रूप हो तिन तुम दोनो को मै स्पर्श करता हूं तैसै ही तुम दोनों मेरा पालन करो। कितने काल तक सो कहते हैं कि इस यज्ञ की समाप्ति-पर्यन्त॥ ऋक्सामाभिनी देवते देवताओं के यज्ञार्थ में बैठे हुए किसी कारण से कृष्ण मृग का रूप करि देवताओं से दूर चलकर कहीं ठैरे थे सो मृगचर्म में जो शुक्ल सो ऋक् जो कृष्ण सो साम का रूप है तदुक्तं तित्तिरिणा ६·१·३· ऋक्सामयो देवेभ्य इत्यादि॥ ॥का०७·३·२४· दक्षिण जानु करि बैठे। शर्म्मासि·यजुषि·कृष्णाजिनदे०॥ अर्थः॥ हे कृष्णाजिन तू शर्म (शरण ठैरने की जगह) है इस हेतु मुझ को शरण दे (अर्थात् स्वीकार कर। तुझ कृष्णाजिन को मेरी नम

स्कार है कि मुरू यजमान को मत जीति॥९॥

ऊर्ग्गसि॥ ऊर्ग्गस्याङ्गिर॒स्यू᳖र्णम्म्रदाऽ ऊर्ज्जम्मयि॑धेहि सोम॑स्य नी॒विर॑सि॒ विष्णो॑ः शर्म्मा॑सि॒ शर्म्म॒ यज॑मान॒-स्येन्द्र॑स्य॒ योनि॑रसि सु॒स॒स्याः कृषीस्कृधि॥ उ॒च्छ्र॑यस्व वनस्पत ऊ॒र्ध्वो मा॑पा॒ह्यꣳ॑हस॒ऽआस्य यज्ञस्योदृचः॥१०॥ †

ऊर्गसीति आङ्गिरोभिर्दृष्टं आसुरी गायत्रीछं०मेखलम्। का० ७·३·२६ तब यजमान वेणी के आकार तिहरी शाण मूज मिश्रत मेखला धोती के भीतर बांधे॥अर्थः॥ हे मेखले तू अङ्गिरा नामके ऋषीयों की संबंधिनी अन्न रस रूपा है। कैसी कि कंवल समान कोमल है। तैसी तू मेरें अन्न रस स्थापन करि॥ ॥अंगिरा स्वर्ग लोक में जाकर अन्न रस को भोगते हुए तिन के भोजन का शेष अन्न रस भूमि में पडकर शाण मूज नामक तृण रूप हो उत्पन्न हुआ तिस कारण शाण मूंज मयी मेखला॥ इसीसे मेखला को अङ्गिरसत्व तित्तिरि ने कहा॥१॥ सोमस्येति· याजुषी उष्णिक्· नीवि दे० का० ७·३·२७· इससे यजमान नीवी करे॥ अर्थः॥ हे मखले तू सोम देवता की प्यारी गांठि है मूल और अग्र के एकी करणको नीवी (गांठि) कहते हैं। अदीक्षित की पितृ देवत्या नीवी कही और दीक्षत की सोम याग में नीवी सोम करि कहते हैं॥२॥ विष्णोः याजुषी जगती· वासोदे० का० ७·३·२८· यजमान वस्त्रसे शिर का आछादन करै॥ हे वस्त्र तू विष्णु (व्यापक·यज्ञ) का सुख हेतु है इस यजमान को सुख कर॥३॥ इन्द्रस्ययोनिः ·सुसस्याः· द्वे दैवी जगती·

† ऊ–हि।अ०सो–सि।इ०वि–स्य।उ०।इ–सि।ऋ० सु–धि।ल०उ–चः।आ०॥

[illegible] विषाणादे॰। का॰३. २९-३१॰। कृष्ण मृगकी विषाणको
पांच ग्रन्थि युक्त ऊंची वांधे. जोशरीर में कण्डु उत्पन्नहो
तो तिसे दक्षिण भौंह के ऊपर ललाट में इन्द्रस्य योनि कर
खुजावै॥ अर्थ॥ हे कृष्ण विषाणे जैसे पहिले तू इन्द्रकी यो
नी तैसे इस यजमान का स्थान हो॥ ॥किसी समय यज्ञपुरुष
ने दक्षिणा देवी से संभोग किया तिस संभोग से इन्द्र उत्पन्न हुआ।
इस से और किसी की उत्पत्ति न हो ऐसा इन्द्र ने विचार करि
अपनी योनि (दक्षिणा) को ढक हिरणी मे स्थापन किया सो योनि
कृष्ण विषाण हुई इति तित्तिरि श्रुतौ यज्ञो दक्षिणामध्यधादित्या
दि॥४॥ का॰७. ३. ३२. सुसस्या से वेदी के वाहर पूर्व में रेखा क
रै। हे कृष्ण विषाणे तू यजमान की जितनी खेती हैं तिन सवों को
शोभन सस्य (व्रीहियवादि) युक्त करि॥५॥ उच्छ्रयस्व. साम्नी त्रि
ष्टुप्. दंडो देवता का॰७.४.१.२. यजमान के मुखकी वरावर गू
लरि का दण्ड अध्वर्यु दे. उच्छ्रयस्व. सो यजमान ऊंचा करै॥ अ
र्थः॥ हे वनस्पते वृक्षके अवयव (दण्ड) ऊंचा हो॥ ऊंचा होकर मुझ
यजमान को पाप से रक्षा कर। तहां अवधि कहते हैं। इस अनुष्ठा
न किये यज्ञ के समाप्ति गत उत्तम जो अवधि है तिस पर्यन्त रक्षा
कर।६। ॥१०॥ इति गिरिप्रसाद सर्वस्वे चतुर्थोनुवाकः॥४॥

अ॰५ व्रतङ्कृणुत॥ व्रतंकृणुत व्रतङ्कृणुताग्निर्ब्रह्माग्निर्यज्ञो वनस्
पतिर्यज्ञियः॥ दैवीन्धियम्मनामहे सुमृडीकामभिष्टये व
र्चोधां यज्ञवाहसꣳ सुतीर्था नो असद्वशे॥ ये देवा मनोजाताम

नोयु जो दक्षं क्रतव स्तेनो वन्तु तेनः पान्तु नेभ्यः स्वाहा ॥१॥ ++

व्रतं कृणुते यजुषि यज्ञोदे० । का० ७·४·१५ व्रतं कृणुते से मौनमें उपस्थित जो यजमान है वोह तीन वार वाग्विसर्जन करै (अर्थात् बोले और अग्निर्ब्रह्म इस को एकवार पढे ॥ अर्थः ॥ हे परिचार को व्रतं कृणुत (दोहन से आदि ले क्षीर संपादन करो) दीक्षित के भोजन के अर्थ जो पय है उसे व्रत कहते हैं । वार वार कहना आदर के अर्थ है ॥ अग्निर्ब्रह्मेति ब्रह्म शब्द करि तीन वेद लेना तिस तीन वेद को अग्नित्व है । क्योंकि आधान करि निष्पन्न वैदिक अग्नि वेद से व्यतिरिक्त नहीं इस हेतु यह श्रौत का अग्नि वेद रूप है ॥ यह अग्नि यज्ञ है तिस अग्नि को यज्ञ साधनत्व होने से यज्ञत्व है वनस्पतिर्यज्ञियः यज्ञ के योग्य जो खादिरादिक वनस्पति सोभी यज्ञ है । क्योंकि वनस्पति को भी यज्ञ का साधन होने से यज्ञत्व है ॥१॥ दैवीं धियम् प्राजापत्या जगती +धीर्दे० का० ७·४·३२ आसन पै बैठा यजमान भोजन के अर्थ हाथ धोवै * ॥ अर्थः ॥ हम यज्ञानुष्ठान विषया बुद्धि की याचना करते हैं । किसलिये कि अभिष्टये सन्मुख प्राप्त हुए यज्ञ के अर्थ । कैसी है धी कि देव संबंधिनी देवता के उद्देश में प्रवृत है । तैसेही सुखहेतु है । तथा तेज की धारण करने वाली यज्ञ निर्वाह करने वाली । तैसीही सुतीर्था (अर्थात् सुख से प्राप्त होने में शक्य वा अच्छा अवतरण मार्ग जिसका सो) ऐसी धी हमारे वश हूजियो ॥२॥ येदेवा प्राजापत्या त्रिष्टुप् वाक् प्राण उदान चक्षु श्रोत्र अध्यात्म दे० अग्नि मित्रावरुण

+ महीधरने दैवींधियं १ येदेवा २ को मिलाकर प्राकृती वा भुरिक् प्राकृती छन्द लिखा परन्तु कात्यायन सर्वानुक्रमणी में नहीं और इन पृथक् दैवींधीः ३ का प्राजापत्या जगती और ये दे० ३ का प्राजापत्या त्रिष्टुप् छन्द लिखा है

* महीधरने उपस्पर्श शब्द का अर्थ आचमन करना लिखा परंतु हरिस्वामी याज्ञिक देव ने श्रौत के भाष्य में शतपथ आपस्तम्ब के प्रमाण पूर्वक हाथ धोना लिखा है ।

++ व्र-प॥ अ० दै-शे॥इ०॥ ये-हा॥ उ०॥

आदित्य॰ विश्वेदेवा॰ आधिदैवतदे॰ का॰७॰४॰३३॰ विनामिट्टी के पात्र के भोजनकरै॥ जे देवा यहां प्रकाश करते हैं तेही चक्षुसे आदिले इन्द्री रूप प्राणहैं अर्थात् वाक्॰ अग्निहै प्राणोदान॰ मित्रावरुणहै चक्षु॰ आदित्यहै श्रोत्र॰ विश्वेदेवा शत॰३॰२॰२॰१३॰। कैसे हैं कि मनोजाता दर्शन श्रवणसे आदिले इच्छारूपी॰ मनसे उत्पन्न हैं। तैसेही मनोयुजः(रूपादिक देखनेमें मनसा करि वर्तेहैं क्योंकि विना मनसा किये रूपादिकों का प्रतिभास नहीं। अथवा स्वप्नावस्थामें मनसा करि वर्त्तेहैं) तथा दक्षक्रतवः(सङ्कल्पितार्थकारी हैं) तेदेवता हमारा किये हुए यज्ञ का विघ्नपरिहार करिके पालनकीजियो। तिन प्राणरूपी देवताओंकू यह क्षीर हुत हूजियो॥ ३१॥

श्वात्राः पीताः॥ श्वात्राः पीताभवतयूयमापो॰ अस्माकमन्तरुदरे सुशेवाः॥ ताः॰ अस्मभ्यमयक्ष्मा॰ अनमीवा॰ अनागसः स्वदन्तुदेवी रमृताः॰ ऋतावृधः॥ ३२॥

अब्देवत्या॰ जगती॰ का॰७॰४॰३५॰ पय भक्षण पीछे आचमनकरि नाभिका स्पर्श करै॥ अर्थः॥ हे जल क्षीर रूपिणी तू मेरे पीनेसे शीघ्र जीर्ण हो। और हम पीने वाले के उदर में शोभन सुख दायिनीहो किंच तैसीही जल हमारे उपकार के अर्थ स्वादुयुक्त हूजियो। कैसीहैसो कि प्रवल रोग रहित सामान्य रोग रहित। अपराध हारिणी। यज्ञ की वृद्धिकाहेतु प्रकाशमान मृत्युनिवारणकरने वाली॥ अथवायह अर्थ है॥ ते मरण धर्म रहित पूर्वोक्त प्राण देवता वाक् अग्निसे आदिले॰ जल को पीजियो। कैसाहै जल कि हमारे अर्थ वा हमारे में

राज रोग का नाशकरनेवाली और सब अर्थ पूर्ववत् ॥१२॥

इयन्ते ॥ यच्चियांतनूरपोमुञ्चामिनप्रजाम् ॥ अंहोमुचः स्वाहाकृताः पृथिवीमाविशतपृथिव्यासम्भव ॥ १३ ॥ +

इयन्ते॰ प्रा॰ गा॰ लोष्टोदे॰ का॰ ७.४.३६ मूत्र करते समय काले हिरण की शींगडी से कुछ एक मिट्टीकाढेला वा तृणादिक गृहण करे॥ अर्थः॥ हे यज्ञ पुरुष यह पृथिवी तेरा शरीर (यज्ञयोग्यदेश) है। इस हेतु इससे मूत्रकी अपवित्रता दूरि करने कू लोष्ट (ढेला) वा तृण लेताहूं। अथवा पृथिवी प्रति कहते हैं। हे पृथिवी यह लोष्टरूपा तेरी यज्ञयोग्य देहीसो सुन्दे॥१॥ अपोमुञ्चामि॰ यजुषि॰ मूत्रोदे॰ का॰ ७.४.३७॰ मूत्र वा पुरीष करे॥ अर्थ॥ मूत्र रूपा जल को छोडताहूं प्रजारूपी वीर्य को नहीं छोडता। हे मूत्र रूपा जल तू पृथि में प्रवेश कर॥ कैसी है तू कि पापसे पुरुष को पृथक् करती है। तैसेही पहिले क्षीरपान के समय स्वाहा इस मंत्र से गृहण की है। अथवा स्वाहा करनेसे पृथिवी में प्रवेश करती है॥२॥ पृथिव्या॰ प्रा॰ गा॰ लोष्टोदे॰ का॰ ७.४.३८॰ गृहण किये लोष्ट वा तृण को मूत्र वा पुरीष के स्थानपरडाले॥ अर्थः॥ हे लोष्टादि को पृथिवी केसाथ तुम मिलो॥१३॥

अग्नेत्वम् ॥ अग्नेत्वᳬसुजागृहिवयᳬसुमन्दिषीमहि॥ रक्षाणो॰ अप्रयुच्छन्प्रबुधेनः पुनस्कृधि॥१४॥

अनुष्टुप् अग्निर्दे॰ का॰ ७.४.३९॰ यजमान अग्नि से दक्षिण पृथिवी में शयन करे॥ अर्थः॥ हे अग्ने तू अच्छे प्रकार निद्रा

+ बृ॰ नू॰॥ अ॰॥ प॰ त॥ इ॰ पृ॰ बा॰ उ॰॥

रहितहो (अर्थात् जागि) हम यजमान अच्छे प्रकार सौं मैं। और हमारी रक्षा कर। क्याकर के कि प्रमाद छोडिके। किंच हे अग्नेहमको फिरि बोधनकरि (अर्थात् जगाय॥ सोते समय राक्षसों के नाश के अर्थ अग्नि से प्रार्थना है॥ १४॥

पुनर्म्मनः॥ पुनर्म्मनः पुनरायुर्म्मऽआगन्पुनःप्राणः पुनरात्मा मऽआगन्पुनश्चक्षुःपुनः श्रोत्रम्मऽआगन्॥ वैश्वानरोऽअदब्धस्तनूपाऽअग्निर्न्नःपातुदुरितादवद्यात्॥ १५॥

ब्रा० ब्र० अग्निर्द० का० ७·४·४० · प्रबुद्ध होकर पढै॥ अर्थः मुरु यजमान का मन सोते समय विलीन हुआ फिरि इस शरीर में आया। किंच सोते समय मेरी आयु नष्ट प्राय हुई फिरि आई (फिरि उत्पन्न हुआ) तैसे मेरा प्राण (वायु) फिरि आया तैसे ही मेरा आत्मा (जीव) पुनरागमन् तथा मेरे चक्षु फिरि आये तथा मेरे श्रोत्रेन्द्री फिरि आये। शत० ३·२·२·२३ सर्वे ह वाऽ इति॥ सोते समय मनसे आदिले सबों का अपक्रम होता है। तिनों को फिरि यथा स्थान आने की प्रार्थना करते हैं। एसे ही सब इन्द्रियों के आने पर यह अग्नि निन्दित पापों से हमारी रक्षा करो। अथवा अयश और पाप से रक्षा करो। कैसा अग्नि है कि वैश्वानर (सब मनुष्योंका हितकारी) किसी से न मारा जावे हमारे शरीर का पालक॥ १५॥

त्वमग्ने॥ व्रतपाऽअसिदेवऽआमर्त्येष्वा॥ त्वंयज्ञेष्वीड्यः॥ रास्वेयत्सोमाभूयोभरदेवोनः सविताव्वसोर्द्दाताव्वस्वदात्॥ १६॥+

+ त्व-ड्यः॥ अ०॥ ए-नू॥ इ॥

त्वमग्न इति वत्सऋषिः प्रतिष्ठा गायत्री० अग्निर्दे० का० ७.५.
१.२. दीक्षित जो क्रोधित हो वा व्रत विरुद्ध कहै तौ इसै जपै॥ अ
र्थ॥ हे अग्ने द्योतनात्मक तू सव मनुष्यों के व्रत का पालक है
तैसेही सव यज्ञो में याचना किया वा पूजन किया है। इस हेतु र
क्षा कर॥ अथवा दूसरा अर्थ। हे अग्ने देवता ओं और मनुष्यों में
व्रत पा है। और अर्थ पूर्ववत्॥ रास्वेयदिति सा– त्रि० सोमो दे० का०
७.५.३. यज्ञ में प्राप्त हुए धन का स्पर्श करै॥ अर्थ॥ हे सोम इतने ध
न को दे फिरि भी धन को दे। जैसे धन के दाता सविता देवताने हमको
पहिले धन दिया॥ १६॥ इति श्री गिरिधरभाष्ये पंचमोनुवाकः॥ ५॥
अ०६ एषाते॥ शुक्र तनूरेतद्वर्च्चस्तया सम्भव भ्राजं गच्छ॥ जूरे
सि धृता मनसा जुष्टा विष्णवे॥ १७॥ ए– छ। अ०। त्रि– हा। दे०।
एषाते० शा– त्व० हिरण्याज्य दैवतं का० ७.६.७.८. ध्रुवा के आज्य
में से जुहू को चारि बार भरि कर तिस घी में दर्भ तृणों में बंधे हुए
सुवर्ण को छोडै॥ अर्थः॥ हे शुक्र (दीप्यमान) अग्ने तेरा यह दृश्यमा
न घी शरीर है। इस घी में पडा हुआ सुवर्ण तेरा तेज है। तिस आज्य
रूपी शरीर के साथ एक हो॥ फिरि हिरण्यगत दीप्ति को प्राप्त हो॥ इ
स मंत्र पाठ सें अग्नि को सतेजस्त्व और सतनुत्व होता है। तदुक्तं
तित्तिरिणा सतेजसमेवैनं सतनुं करोतीति॥ अथवा यह अर्थः॥ हे
शुक्र (आज्य) यह हिरण्य लक्षण तेरा शरीर। और यह ही तेरा तेज
है। शत० ३.२.४.८. समान जन्म इत्यादि। तिस हिरण्य लक्षण के
साथ सोम में प्रवेश करि॥ शत० ३.२.४.९. सोमो वै भ्राडिति॥ जू

रसि० आर्षीत्रि० वाग्देवतम् का०७.६.९. हे वाक् तू वेग युक्त है वा जीव (प्राण) की धारण करने वाली है। कैसी है तू कि मनसा की धृता (नियमिता) तैसे ही विष्णवे (यज्ञ के अर्थ) प्रीति युक्त। वायज्ञ को रुचै ॥ १७॥

तस्यास्ते॥ सत्यसंवसः प्रसवे तन्वो यन्त्रमशीय स्वाहा॥ शुक्रमसि चन्द्रमस्यमृतमसि वैश्वदेवमसि॥ १८॥ शु–सि। उ

सत्य है सव जिस का ऐसी जो तू सत्यसवा तिस की आज्ञा में वर्त्तमान जो मैं हूं सो शरीर की दृढता को प्राप्त होंउ। स्वाहा, यह आज्य हुत हूजियो॥ शुक्रमसि० सा–द्व० हिरण्यदे० का०७.६.१०. जुह्वा में से तृण वद्ध हिरण्य को निकाल तृणों को वेदी में डाले॥ अर्थः॥ हे हिरण्य तू प्रकाशमान है। तैसे आनंदकारी है। विनाश रहित है अग्नि संयोग हुए पर सुवर्ण का विनाश नहीं होता यह प्रसिद्ध है। सव देवताओं का संबंधी है (सव देवताओं को हिरण्य के दान से तुष्ट करै॥ १८

चिदसि॥ मनासि धीरसि दक्षिणासि क्षत्रियासि यज्ञियास्यदितिरस्युभयतः शीर्ष्णी॥ सा नः सुप्राची सुप्रतीच्येधि मित्रस्त्वा पदि बध्नीतां पूषाध्वनस्पात्विन्द्रायाध्यक्षाय॥ १९

द्वे कण्डिका यजुषी, वाग्रूपध्यारोपकल्पना करि सोमक्रयणी गौ की स्तुति करते हैं। का०७.६.१५. चिदसि १९. २० इन करि के अभिमंत्रण करै॥ अर्थः॥ हे वाग्देवता रूप सोम क्रयणी तू चित् है, मन है, धी है। अन्तःकरण की चित्त, मन, बुद्धि, तीनि वृत्ति हैं। तिन्हों के ये लक्षण। अचेतन देहादिकों के संघातका चेतनत्व सम्पादन कर

नेवाली बाह्य वस्तुओंमें अथवा निर्विकल्परूप सामान्य ज्ञान उत्पन्न करनेवाली वृत्ति-चित्त है तिस को यहां चित् कहते हैं। लोकमें किसी पदार्थ को देखकर यह होगा वा नहीं ऐसे संकल्प विकल्प करनेवाली वृत्ति-मन तिसे मन कहते हैं। यह योंही होगा ऐसी निश्चय रूपा वृत्ति-बुद्धि सो यहां धी शब्द करि कहते हैं। वागात्मिका सोम क्रयणी चित् मन धी रूप करि प्रशस्य है। चिदादि रूपों को आरोपण करि स्तुति की। दक्षिणादि रूपत्व को यहां विद्यमान में स्तुति करते हैं। हे गौ-तू दक्षिणा है। गाय देय-द्रव्यत्व करि कर्मों में दक्षिणात्व प्रसिद्ध है। अथवा वाग्दान को प्रशस्तत्व होनेंसे-दक्षिणा है +। तैसेही क्षत्रिया है सोम क्रय के साधन होनेसे। तैसे ही देवताओं में क्षत्र जात्यभिमानी सोम है॥ तदुक्तं बृहदारण्यके माध्य॰ १.२.१३. काण्व १.४.११ यान्येतानि देवत्रा क्षत्राणीन्द्रो वरुणः सोमो रुद्र इति॥ तिस सोम क्षत्रि कर अभिमन्तव्य (अर्थात् सोम लता द्रव्य के क्रयका हेतु होंने से तू क्षत्रिया है। और तिसका रूप इसके क्रय द्वारा तिस के संबंधि होनेसे होता है। ऐसे ही यज्ञ संबंधित्व से यज्ञिया (यज्ञ योग्य) है। अदिति देवमातृ रूप। तथा उभयतः शीर्ष्णी (दोशिर वाली, ज्योति ष्टोम के आदि-प्रायणीय-अन्त-उदयनीय-दोनों को शिरत्व है) वा वाग्रूप होंने से सर्व तो मुखी है ‡। सो पूर्वोक्त चिदादि रूपा तू हमारे अर्थ प्रथम सोम के क्रेतार प्रति अच्छे प्रकार पूर्वमुखी होकर पीछे सोम सहित हमारे पास आकर अच्छे प्रकार पश्चिम मुखी हो। किंच मित्रः (सूर्य) तेरा नाशन हो इस हेतु दक्षिण में तेरा बंधन कीजियो। तथा पूषा (पोषक देवस्

‡ शत॰ ३.२.४.१६ सयद्वेनया समानं सद्विपर्यासंवदतीति

+ भूमिदानात्परं नास्ति विद्यादानं ततोधिकमिति स्मृतेः॥ भूमिदान से बढ कर कोई दान नहीं परन्तु विद्यादान तिससे भी बढ कर है यह स्मृति में लिखा है॥

र्य मार्गसें तेरी रक्षाकीजियो। अथवा पूषा (पृथिवी) तुझे मार्गसे रक्षाकीजियो। किसलिये कि इन्द्रकी प्रीति के अर्थ कैसे इन्द्र केलिये कि अध्यक्षाय (ऊपर हैं नेत्र जिसके सो अध्यक्ष जैसे के अर्थ अर्थात् द्रष्टा॰ यज्ञस्वामीइन्द्र के अर्थ॥ १९॥

अनुत्वा॥ माता मन्यतामनु पिता नु भ्राता सगर्भ्योनु सखा सयूथ्यः॥ सादेवि देवमच्छेहीन्द्राय सोमᳪं रुद्रस्त्वा वर्त्तयतु स्वस्ति सोमसखा पुनरेहि॥ २०॥

किंच सोमा हरणमें प्रवृत्त होनेकी तेरी माता जननी आज्ञादीजियो। पिता आज्ञादीजियो। सहोदरभ्राता आज्ञादीजियो। समानयूथी सखा (वछडा) आज्ञादीजियो। हेदेवी सोमक्रयणी सो तू इन्द्र के अर्थ सोमदेवको प्राप्त हो (जा) और सोम को ग्रहण किये स्थित जो तू तिसे रुद्रदेवता हमारे पास भेजियो। अथवा रुद्र तुझको प्रवर्त्तकीजियो। क्योंकि रुद्र की आज्ञा विना पशु नहीचलते। सोम हे सखा जिसका ऐसी सोमसहित होकर कल्याण पूर्वक फिरियहां आ॥ २०॥ इतिगिरिभाष्येषष्ठोनुवाकः॥ ६॥

अ० ७ वस्व्यसि॥ वस्व्यस्यदितिरस्यादित्यासि रुद्रासि चन्द्रासि॥ बृहस्पतिष्ट्वा सुम्ने रम्णातु रुद्रो वसुभिराचके॥ २१॥

अनुष्टुब्बृहतीवा॰ सोमक्रयण्याःस्तुतिः॰ का॰ ७. ६. १६. सोमक्रयणी गौकीवसु॰ अदिति॰ आदित्य॰ रुद्र॰ चन्द्र॰ रूप करि स्तुति करतेहैं॥ अर्थः॥ हे गौ तू वसुरूपाहै। अदिति देवमाता है। द्वादशादित्यरूपा है। एकादशा रुद्ररूपाहै। चन्द्ररूपाहै। किंच बृहस्पतिसु

खपूर्वक तुम को रमण करावै (इ कही रखै) रुद्र वसु औं (आठ देवों) सहित तुम्हारी रक्षा करें ॥२१॥

अदित्यास्त्वा ॥ मूर्द्धन्ना जिघर्म्मि देवयजने पृथिव्या इडायास्पदमसि घृतवत्स्वाहा ॥ अस्मे रम स्वास्मे ते बन्धुस्त्वे रायो मे रायो मा वयꣳ रायस्पोषेण वियौष्म तोतो रायः ॥२२॥ †

अदित्यास्त्वे त्यार्षी पङ्क्ति० आज्यो दे० का० ७·६·१७·१८· सोमक्रयणी के पूर्व दक्षिण पद सम्बंधि षट् ६ पदों को छोडकर सातवें पद का लक्षण करि गृहण करें। इस सातवे पद में हिरण्य रखकर होम करें ॥ अर्थः ॥ अखण्डित पृथिवी के शिर रूप देव यजन (देवताओं के यागयोग्य स्थान) में हे आज्य (घी) तुझे चलता (प्रकाशता) हूं देव यजन को पृथिवी का शिर रूप तित्तिरि में लिखा है। किंच हे स्थान तू इडा (गौ) के पाद करि अंकित होने से तद्रूप है और तिस पद को घृत युक्त करने को स्वाहा जुहोमि (होम करता हूं) ॥१॥ अस्मे रम स्वेति ईमंत्रो का लिंगोक्त देवता प्रा० पं० का० ७·६·१९· अध्वर्यु स्फ्य से गो के पदांकित भूमि मे तीन रेखा करै ॥ हे गो के पद तू यहां क्रीडा करि ॥१॥ अस्मे ते० प्रा० पं० का० ७·६·२· हिरण्य को छोडि गो पद की मृदा हाथ में ले स्थाली में डाले ॥ अर्थः ॥ हे सोम क्रयणी के पद हम तेरे बन्धु हैं ॥१॥ त्वे राय इति प्रा० अ० का० ७·६·२१· अध्वर्यु गो के उठाये हुए पद के स्थान पर जल डाल कर उस उठे पद को दे ॥ अर्थः ॥ हे यजमान तेरे धन इस पद रूप करि तिष्ठियों। अथवा राय० पशु को कहते हैं

† अ० हा॥ अ०॥ अ० स॥ द्र० अ० घु॥ उ०॥ ले० यः॥ क्र०॥ मे० यः॥ त्र०॥ मा० ष्म ॥ आ०॥ तो

पृ०॥ ई॥

शत० ३·३·१·८· तेरे यहां पशु होवें ॥३॥ मेराय इति दे- अ० का० ७·६·२२· स्थाली में स्थितपद को यजमान ग्रहण करे॥ अर्थ:॥ मुरु यजमान विषें धन वा पशु इस पद करि तिष्ठियों॥४॥ मा वयमिति या- त्रि० का० ७·६·२३· अध्वर्यु हृदय का स्पर्श करे॥ अर्थ:॥ हम अध्वर्यु से आदि ले धन की पुष्टिकरि वियुक्त न होवें॥५॥ तोतो राय इति दे- ब्रु० का० ७·६·२४·२५· अध्वर्यु यजमान से ले पत्नी को देवे· अनेक पत्नी होने से नेष्टा सव पत्नीयों से कहवावे॥ अर्थ:॥ पत्नी के यहां धन वा पशु पदरूपेण तिष्ठियों अथवा तोत:+ तेरें धन वा पशु हूजियों। ६॥२२॥

समख्ये॥ देव्याधिया सन्दक्षिणयो रुचक्षसा॥ माम आयु: प्रमोषीर्म्मो अहन्तव वीरम्विदेय तव देवि सन्दृशि॥२३॥

आस्तारपङ्क्ति: पत्न्याशी: सोमक्रयणी से पत्नी आशिष मागती है का० ७·६·२६· सोम क्रयणी को देखती हुई पत्नी को अध्वर्यु पढवावे॥ अर्थ:॥ हे सोम क्रयणी अपनी प्रकाशमान बुद्धि पूर्वक मुझे देखि। कैसी अपनी कि दक्षिणायोग्य तथा वहुत देखने वाली। ऐसी तू मुरु पत्नी की आयु को खण्डित न करि क्यों कि में तेरी आयु को खण्डित नही कर्ती। किंच हे देवि गो तेरे दर्शन से वीर (पुत्र) मिले ॥२३॥

अ० ८· एषते॥ गायत्रो भाग ऽ इति मे सोमाय ब्रूता देषते त्रैष्टुभो भाग ऽ इति मे सोमाय ब्रूता देषते जागतो भाग ऽ इति मे सोमाय ब्रूताच्छन्दो ना माना थं साम्म्राज्य ङ्गच्छेति-

+ तोत: शब्द: कलत्रवाची अव्ययम्। यद्वाव्ययानामनेकार्थत्वात्तोत: शब्दो युष्मत्पर्यायार्थ:॥

मे सोमाय ब्रूता दास्माकोसि शुक्रस्ते ग्रहो विचितस्त्वा विचिन्वन्तु ॥२४॥ ए-तु॥ अ॰॥ आ-तु॥ इ॰॥

एषते द्वे यजुषी लिङ्गोक्तदेवता का॰७.७.८. चारिमन्त्रों को यजमान पढ़े ॥अर्थः॥ हे अध्वर्यो सोमाभिमानी देवता के अर्थ यह मेरा वचन तू कहि। यह क्या कि हे सोम तेरा यह दृश्यमान भाग गायत्री संवन्धी है।गायत्री छन्द के अर्थ तेरा क्रय है कुछ बधके अर्थ नही यह यजमान का अभिप्राय हैं। तिस मेरे अभिप्राय को सोम के अर्थ कहि १ तेरा यह त्रिष्टुप् छन्द सम्बन्धी भाग इस मेरे अभिप्राय को सोम के अर्थ कहि २ ऐसे ही आगें भी जगती छन्द सम्बन्धी इत्यादि अर्थ पहिले समान ३ छन्द हैं नाम जिनों का ऐसे उष्णिक् से आदि ले तिन्हों के आधिपत्यत्व को प्राप्त हो। यह मेरा वचन सोम के अर्थ कहि।४। जो सोम के अर्थ छन्दों का आधिपत्य देके लाता है सो अपनों का अधिपत्य पाता है। तदुक्तं तित्तिरिणा। योवै सोमꣳराजानꣳ साम्राज्यं लोकं गमयित्वा क्रीणाति गच्छति स्वानाꣳ साम्राज्यमिति। इस हेतु इन मन्त्रों से सोम की राज्यप्राप्ति सूचित है। गायत्री से आदि ले छन्दो देवता जहां रहते हैं सो छन्दों का लोक तिस के आधिपत्य को प्राप्ति कर सोम को लायके अपनों के आधिपत्य का भागी होता है यह अभिप्राय है॥का॰७.७.९. बैठि करि आस्माकोसि इस मंत्र से सोम को स्पर्श करे॥अर्थः॥ हे सोम तू क्रय मार्ग होकर आने से आस्माक है शुक्र+ऐन्द्रवायव से आदिले सवतेरे ग्रह हैं। विवेक पूर्वक चयन के करने वाले तुझे सार असार का विवेक करिके सारभूत को इकट्ठा करें॥२४॥

+ शुक्रपदमैन्द्रवायवादिग्रहाणामुपलक्षणम्।

झ को मत देखियो। तथा वृका (लिरिये वा दुर्ज्जन) तुझकोमति देखियो कैसे हैं वृकाः कि पराये पाप करने की इच्छा करते। किञ्च श्येन (शीघ्रगामीपक्षी) का रूप धारण करि वा श्येनवत झपट करि। यजमान के घर को चलि तिस यजमान के घरमें तेरे और मेरे लिये सर्वोपकरण संयुक्त स्थान है॥ ३४॥

नमो॑ मि॒त्रस्य॑॥ नमो॑ मि॒त्रस्य॒ वरु॑णस्य॒ चक्ष॑से म॒हो दे॒वाय॒ तदृ॒तꣳ स॑पर्यत। दू॒रे॒दृशे॑ दे॒वजा॑ताय के॒तवे॑ दि॒वस्पु॒त्राय॒ सूर्य्या॑य शꣳसत॥ ३५॥

अभितपन सूर्य्य दृष्टा जगतीछन्दस्का सूर्य्यदेवत्या का॰ ७॰ ७॰ २१॰ २२॰ शाला के पूर्व में प्रतिप्रस्थाता पशु को लेके ठैरे कृष्ण सारंग स्थूल वा लोहित सारंग को यजमान से पशुका आलम्भ कराय नमो मित्रस्य पढवावै॥ अर्थः॥ इस मन्त्र में सूर्य्य रूप करि सोमकी स्तुति करते हैं॥ ऐसे सूर्य्य के अर्थ हमारी नमस्कार। कैसे सूर्य्य के अर्थ कि मित्र और वरुण देवता रूपकरि वर्तमान। मित्र जगत के हित करने वाले वरुण अपनी किरिणों से जगत को प्रकाश करने वाले। देखने वाले के अर्थ॥ यद्वायमर्थः॥ मित्रस्य वरुणस्य चक्षुसे (सबजगत के देखने वाले के अर्थ +) तथा तेजरूपी के अर्थ। प्रकाशवान के अर्थ। तैसे ही दूर मे वर्त्तमान प्राणियों कर दीखै तिसके। अथवा दूर में देखता है तिस के परमात्मा से उत्पन्न हुआ तिस के अथवा देवताओं के अनुग्रहार्थ उत्पन्न हुआ वा देवता जिस से उत्पन्न हुए तिस के। विज्ञानघन के अर्थ। द्युलोक के पुत्रवत् प्यारे के ‡। वा द्युलोक के पालक के

+ मित्रा वरुण शब्देन सर्वं जगल्लक्ष्यते।

‡ द्युलोकादि सूर्य्यो जायते

अर्थ। ऐसे सूर्य्य के अर्थ तिस अवश्य फल के देने वाले ज्योतिश्शम रूप कर्म्म को हे रित्विज लोगो तुम अनुष्ठान से पूजा करो। वा तिस सूर्य्य रूप ब्रह्म को पूजो। किंच सूर्य्य की प्रीति के अर्थ स्तुति करो। अर्थात शास्त्रों को पढो क्यों कि यागानुष्ठान में तिस का आवश्यकत्व है॥ ३५॥

वरुणस्योत्तम्भनम्। वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्ज्जनी स्थो वरुणस्य ऋतसदन्यसि वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमासीद ॥३६॥†

वरुणस्येति पञ्च वारुणानि प्रथमा आसुरी जगती का॰ ७॰ ९॰ २५॰ शाला के समीप शकट को पूर्व मुख वा उत्तर मुख खडा कर उत्तम्भन काष्ठ (तिपाये) से बांधै। अर्थ। हे काष्ठ तू वरुण+ (वस्त्र मे वंधे सोम) का उत्तम्भन है। कुछ शकट का नहीं॥ १॥ वरुणस्येति द्वे याजुषी पंक्त्यौ का॰ ७॰ ९॰ २६॰ उत्तम्भन काष्ठ पर शकट को स्थापन करि दोनो शम्याएँ (सैलें) ऊपर को निकालि ले॥ अर्थ॥ हे शम्यं तुम सोम की स्कम्भ सर्जनी (बैलों को इधर उधर से रोकने वाली हो॥ २॥ का॰ ७॰ ९॰ २७॰ २८॰ गूलर की नाभि समान मञ्चिका मूज से बिनी हुई को ऊँची करके शकट के निकट रखि वरुणस्य ऋतसदन्मसि करि अध्वर्यु हाथ से स्पर्श करै॥ अर्थ॥ हे आसन्दी तू सोम की यज्ञार्थ विठलाने वाली है॥ ३॥ याजुषी त्रिष्टुप का॰ ७॰ ९॰ २९॰ तिस आसन्दी पर कृष्णाजिन को पूर्व मुख करि विछावै॥ अर्थ॥ हे कृष्णाजिन वंधे हुए सोम के यज्ञार्थ बैठने का स्थान है॥ ४ साम्नी गायत्री॥ का॰ ७॰ ९॰ ३०॰ तिस पर सोम को स्थापन करै॥ अर्थ॥ हे सोम तू यज्ञार्थ बैठने के स्थान भूत आसन्दी संस्थित कृष्णा-

+व-सि। अ॰। व-स्य:। दू॰। व-सि। उ॰। व-सि। ऋ॰। व-द। ल्ट॰॥ ३६

†व्रियते वेष्ट्यते वस्त्रादिनेति वरुण शब्देनात्र वस्त्रवद्धः सोम उच्यते।

जिनपर सुखपूर्वक बैठि॥ ३७॥

याते॥ याते धामानि हविषा यजन्ति ताते विश्वा परिभूर-
स्तु यज्ञम्॥ गयस्फानः प्रतरणः सुवीरोऽवीरहा प्रचरा-
सोम दुर्य्यान्॥ ३७॥

इति संहितायां दशमोनुवाकः १०

इति श्री शुक्लयजुषि माध्यन्दिन शाखीयायां वाजसने-
यसंहितायां दीर्घपाठे चतुर्थोऽध्यायः॥ ४॥

गोतम दृष्टा त्रिष्टुप् छन्दस्का सोम देवत्या का० ७॰ ९॰ ३२॰ सोम के प्रवेश्य हुए पीछे अध्वर्यु यजमान को पढवावे॥ अर्थः॥ हे सोम तेरे जिन प्रातः सवन से आदि ले स्थानों को प्राप्त हो ऋत्विज तेरे रस रूप हवि से याग करते हैं। यज्ञ को देखिकरि इति शेषः॥ तिन सब स्थानों को तू प्राप्त हो॥ अर्थात् ऋत्विज जिन स्थानों में यजन करें तिन को तू प्राप्त हो। अथवा ऋत्विज जिन स्थानों को प्राप्त हो यजन करें ते सब तेरे यज्ञ के हों। किंच हे सोम तू घरों को प्राप्त हो। कैसा है तू कि घरों को बढाने वाला। आपदा से तिरानेवाला॥ अथवा यज्ञ के पार का प्राप्त करानेवाला। तेरे प्रसाद से पाये हैं हमनें सपूत बेटा नाती। अवीरहा (नहीं है वीरों का मारनेवाला) अर्थात् बेटा नातियों का परिपालक॥ ३७॥

इति श्री गिरिधरभाष्ये दशमोनुवाकः॥ १०॥

श्री वेदार्थ प्रदीपेन तमोहार्दं निवारयन्
पुमार्थांश्चतुरो देयाद्यज्ञपुरुषः सनातनः ४

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनीयशाखाध्येतृव्याघ्रपादान्वय
विश्वामित्रपुराधिपति श्रीमज्जयकिशोरदेववर्म्मात्मजरौक्मिणेय
नृपति गिरिप्रसादेन रचिते श्रीवेदार्थप्रदीपे गिरिधरभाष्ये गिरिप्रसा-
द सर्वस्वे शालागमाक्रोचनान्तश्चतुर्थोऽध्यायः॥४॥

हरिः ओम्

ॐनमो यज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकं द्विरूपं च साधनैर्बहुरूपकम्
स्वानंद दायकं कृष्णं ब्रह्मरूपं परं स्तुमः १

अ१०१ अग्नेस्तनूः॥ अग्नेस्तनूरसि विष्णवे त्वा सोमस्य तनूरसि
विष्णवे त्वातिथेरातिथ्यमसि विष्णवे त्वा श्येनाय त्वा सो-
मभृते विष्णवे त्वाग्नये त्वा रायस्पोषदे विष्णवे त्वा॥१॥

ॐनमो याज्ञवल्क्याय

गिरिप्रसादसंज्ञेन श्री वेदार्थ प्रदीपके॥
आतिथ्यात्स्थाणुहोमान्तःपञ्चमोऽध्यायईर्यते १

चौथे अध्याय में ऋत्विजसहित यजमानके शालाप्रवेश से ले क्रीत
सोम के शाला प्रवेशतलक मन्त्र कहे॥ अब पाँचवाँ अध्याय तिस
की आदि में आतिथ्य के आठ हविर्ग्रहणसे लेमन्त्र कहियें हैं॥ का०
८०१०४० अग्नेस्तनूः इसपहली कंडिकाके पांच मन्त्रों से हविग्रह
ण करे। वैष्णवानि पञ्च यजूंषि १या-पं० २या-त्रि०३०४०या-ज
५आसु० अ०॥ अर्थः॥ हे हविः तू अग्निका शरीर है। अग्नि संज्ञक
जो देवता सोम राजाका भृत्य तिसका गायत्री छन्द अधिष्ठातानि

1 अ-त्वा। अ०। सो-त्वा॥ दू०। आ-त्वा। उ०। श्ये-त्वा॥ त्र०। अ-त्वा॥ लृ०॥१॥

अभित्यम्॥ अभित्यन्देवꣳ सवितारमोण्योः कविक्रतुमर्च्चामिसत्यसवꣳ रत्नधामभिप्रियम्मतिङ्कविम्॥ ऊर्द्धायस्यामतिर्भा० अदिद्युतत्सवीमनिहिरण्यपाणिरमिमीतसुक्रतुः कृपास्वः प्रजाभ्यस्त्वा प्रजास्त्वानुप्राणन्तु प्रजास्त्वमनुप्राणिहि॥२५॥ †

अभित्यमित्यष्टि सविता दे० का० ७.७.१२. १३. सोम वाधने कपड़ा को दुहरा तिहरा करिके दश चुकट सोम डाले॥ अर्थः॥ तिस सविता देवता को सब ओडी से यजन करताहूं। कैसे देवता को कि द्यावा पृथिवी के वीच वर्त्तमान। तैसे वुद्धि युक्त करनेवाला। अपितिथ प्रेरणेवाला। तथा रत्नोंका धारण करने वाला वा दाता सब ओडी से प्रीति का विषय। मनन योग्य क्रान्ति दर्शन। किंच जिस सविता की दीप्ति किसी के न सहेजाने से ऊंची गगनाभि सुखी- प्रवृत्ति है नक्षत्रादि कों की जिस मे तिस गगन प्रदेश में सब वस्तुओं को प्रकाशकरती है॥ अथवा यह अर्थ। जिस की मति (अर्थात् आत्ममयी दीप्ति) सब को प्रकाश करती है। किसलिये कि सम्पूर्ण कर्म्मों की आज्ञा देने को। सो सूर्य्य इतना सोम यह तिसका परिमाण निश्चय कीजियो। कैसा है सूर्य्य कि हिरण्यपाणिः (सोनेके गहिने युक्त हाथ है) अच्छा है संकल्प जिसका॥१॥ प्रजाभ्यस्त्वेति दे० द्व० सोमो दे० का० ७.७.२०. इकट्ठा कर उष्णीष में वांधे अर्थः॥ हे सोम प्रजाओं के उपकार के अर्थ तुझको वांधताहूं २॥ प्रजास्त्वेति आसुरी गायत्री सोमो दे० का० ७.७.२१ उष्णीष

† अ-स्व:॥अ०॥प्र-स्त्वा॥द्व०॥प्र-हि॥उ०

में बंधे सोमका स्वास नरुकै इसलिये छेद करै ॥ अर्थः ॥ हे सोम स्वास लेते हुए तुझे देखकर सब प्रजा स्वास लेती (जीती) है। तैसे हे सोम प्रजा को स्वास लेती देखि स्वास ले। प्रजा का और तेरा स्वास रोधकभी मत हूजियो परस्पर देखकर जीवन हूजियो। इस अभिप्राय से छेद करना है ॥ २५ ॥ इति श्रीगिरिधरभाष्यप्रदीपेऽष्टमोनुवाकः ॥ ८ ॥

अ०९ शुक्रन्त्वा ॥ शुक्रेण क्रीणामि चन्द्रं चन्द्रेणामृतम मृतेन ॥
सग्मे ते गोरस्मे ते चन्द्राणि तपस स्तनूरसि प्रजापतेर्वर्णः
परमेण पशुना क्रीयसे सहस्रपोषम्पुषेयम् ॥ २६ ॥ †

शुक्रंत्वेति प्रा–ह० सोमो दे० का०७·८·१५·यजमान को हिरण्य का स्पर्श कराय कर बोले ॥ अर्थः ॥ हे सोम दीप्यमान तुझे दीप्यमान सुवर्ण से लेता हूं। तू कैसा है कि फलका हेतु होने से आल्हादकारी। तथा स्वादु करि के अमृत समान। कैसे सुवर्ण से कि आनन्दकारी तथा अमृत (अग्निसंयोगादि करि विनाश रहित) से ॥ १ ॥ सग्मेतेऽ इति दे–ह० लिंगोक्त दे० का०७·८·१६· जो हिरण्य लेकर सोम वेचता है उसे हिरण्य करिके पावे (अर्थात् तिसके हाथ में हिरण्य देदे कर लेले निराश करै ॥ अर्थः ॥ हे सोम वेचनेवाले गौ सोम के मोलमे तुझको दीसो तुझे दी हुई गौ फिरि लौट कर यजमान के घरमें ठैरियो। हिरण्य तेरा है कुछ गौ तेरी नंही। अथवा तेरी गौ यजमान के वर्ते है ॥ २ ॥ अस्मेतेऽ इति या–गा० लिंगोक्त दे० का०७·८·१८· यजमान प्रति अर्पित जो गौ हव्य है तिसे फिरि यजमान सहित सोम वेचनेवाले के सान्ने रखै ॥ अर्थः ॥ हे सोम वेचनेवाले तुझे दिया जो

† शु–न ॥ प्र०॥ स–गोः ॥ द्वि० ॥ अ–णि ॥ उ०॥ त–मू ॥ त्र० ॥

हिरण्यहै सो हमारे यहां लौटके देरियो तेरे यह गौ सोमका मूल्य हूजियो कुछ सौंना मतहूजियो॥३॥ तपसस्तनूरितियजुः अर्द्धे अजा दे० अर्धे सोमो दे० का०७.८.२०. प्रत्यङ्मुखी अजा को स्पर्शकरिकेकहै॥ अर्थः॥ हे बकरी तू पुण्यका शरीर है॥ दिविमे स्थित सोम लेने को अजा को साथ ले गायत्री गई यह तित्तिरिकेसोमाहरणोपाख्यान में कहाहै अजाका पुण्य शरीर होंना॥ ॥किंच हे अजा तू प्रजापतिका वर्ण(देह)है॥ जैसे प्रजापति सव देवताओंकाप्यारा है तैसे अजाभी है। ऐसेअजाप्रति कहिके सोम प्रति कहताहै॥हे सोम(उत्तम)अजा लक्षण इस पशुसे तुझे लेताहूं। तपका तनू होनेसे अजा को उत्तमत्वहै। इस हेतु तेरे प्रसाद से सहस्रपोषम्(सहस्रों पुत्र पशु आदिकोंका पोष)जैसे होतैसे पुष्टहोंउ॥ अथवा यह अर्थः हे अजे तू प्रजापतिका तपरूपहै। अर्थात् तिससे उत्पन्नहुई † किंच प्रजापतिका रूपतूहै। त्रिगुणत्व होनेसे प्रजापतिका त्रिरूपहै। अजाकाभी प्रति सम्वत्सर तीनिवार प्रसव होनेसे प्रजापति रूपहै ‡ ऐसे अजाको स्तुतिकरि सोम प्रति कहताहै। परम उत्कृष्टपशु(अजा)से तुझे लेताहूं तिस हेतु मुझे सहस्रों प्राणियोंके पोषण योग्य धन सेवदा॥२६॥

मित्रोनः॥ मित्रोन॒ऽएहि॒ सुमि॑त्रध॒ऽइन्द्र॑स्योरुमाविशद॒क्षिणमु॒शन्नु॒शन्त॑ᳪ स्यो॒नः स्यो॒नम्॥ स्वान॒भ्राजाङ्घा॑रे॒ वम्भा॑रे॒हस्त॒सुह॑स्त॒कृशा॑नवे॒ते॒वः॑सोम॒क्रय॑णा॒स्तान्र॑क्षध्व॒म्मा वो॑दभन्॥२७॥ मि-ध॥ अ०॥ इ-म्॥ इ०॥ स्वा-न्॥ उ०॥

† शत० ३.३.३.८. तपसोह्वाइति ‡ शत०३.३.३.८.सायत्रिरित्यादि

मित्रोन॰इतिया-न्वृ॰सोमोदे॰का॰७॰८॰२१॰सव्यसे अजाकोदेकर मित्रोन इति दक्षिण से सोम कोले॥ अर्थः॥ हेसोम तू हमारे प्रति आ। कैसाहे तू कि मित्र(सखा,प्रीतिरूप) अथवा मित्र(रवि रूप)हे। तथा शोभन मित्रों का वढाने वाला। लियेहुए कपडे में बंधे हुएसो म को वरुण देवता कत्व करि क्रूरत्व की शान्ति के अर्थ मित्रत्वक रि प्रार्थनाकी॥ ॥तदाहतित्तिरिः॥ वारुणो वै क्रीतः सोम उपनद्धे मित्रोन॰एहि सुमित्रध॰इत्याह शान्त्यै इति॥१॥ इन्द्रस्य॰ यजुः सोमो द्वे॰ का॰७॰८॰२३॰ वस्त्र के ऊपर स्थापन करि अध्वर्यु सोम को य जमान के दक्षिणऊरूपर आसादन करे॥ अर्थः॥ यहां यजमान कोपर मे श्वर्ययुक्त होंनेसे इन्द्र कहा शत॰३॰३॰३॰१०॰॥हे सोम तू इन्द्रस्य (यजमान के) दक्षिण ऊरूपर वैठि। कैसा हे तू कि ऊरूका चाहनेवा ला। तथा सुखका हेतुभूत। कैसाहे ऊरूपै वैठाहुआ सोम कामना वान् वैठने में सुख करनेवाला॥ पहिले देवता सोम कोले इन्द्रकी दक्षिण ऊरूपर विठाते हुए सो यहां इन्द्र शब्द करि यजमान लेना तदाह तित्तिरिः॥ देवा वै सोममक्रीणंस्तमिन्द्रस्योरौ दक्षिण॰आ सादयन् सखलु वा॰एतर्हीन्द्रो यो यजते तस्मादेवमाहेति॥२॥ स्वा नभ्राजेति आषीत्रि॰ स्वानादीनिधिष्ण्यानामानि(सातरक्षकोंके नाम) का॰७॰८॰२४ सोम विक्रयी के अधिदेवता भूत गन्धर्वों को देता यजमानजपै ॥ अर्थः ॥ स्वनति-स्वानः। यहां शोभाय मान-भ्राजः। पापकावैरी-अंघारि। विश्वका वढानेवाला-वम्भारिः सर्वदाहृष्टरूप-हस्तः। शोभनहै हस्त जिसका, सुहस्तः। दुर्वल का

जिलाने वाला• कृशानुः स्वानसे आदिले सात सोम के रक्षक देवता विशेष हैं। हे स्वानादिक सात देवताओ तुम्हारे सामने सोम लेने के हिरण्यादि पदार्थ स्थापन कियेहैं। तिन पदार्थों की तुम रक्षाकरो। तुम वैरियों को मत हिंसा करने दो॥ २७॥

परिमा॥ ग्ने दुश्चरिताद्बाध स्वामा सुचरितेभज॥ उदायुषा स्वायुषोदस्थाममृताँ २॥ऽअनु॥ २८॥

पुरस्ताद्बृहती• अग्नि देवत्या• का० ७.४.१• सोम को हाथमें ले यजमान पढे॥ अर्थः॥ हे अग्ने मुझे पाप से दूरि करि(मेरी पाप में वृत्तिन हो) शोभन चरित्र(सदाचार रूप पुण्य) में मुझ यजमान को स्थापन करि॥ का० ७.४.३ ऊरूपर से हाथमें ले यजमान उठे॥ अर्थः॥ उदायुषा: चिर जीवन है लक्षण जिसका ऐसी आयु निमत्त करि। तथा याग दानादिक शोभन आयुके निमित्त भूत सोमादि देवों को ले में उठाता हूं॥ २८॥

प्रति पन्थाम्॥ प्रति पन्थाम पद्म हि स्वस्ति गा मनेह सम्॥ येन विश्वाः परि द्विषो वृणक्ति विन्दते वसु॥ २९॥

अनुष्टुप् पथि देवत्या का० ७.४.४• शिर पर सोम का पोटला रखि उसपर दोनों हाथ रखकर सोम लेने के स्थान से शकट के पास यजमान चले॥ अर्थः॥ मार्ग की स्तुति करता है॥ मैं पन्था में प्राप्त हुआ। कैसा है पन्था कि क्षेम पूर्वक जाने के योग्य तथा पाप रूप चौरादि रहित है। अथवा जहां चलने वालों को अपराध नहीं। जिससे चलने वाला पुरुष सब चोरों को दूरि करता। औ

र धन को प्राप्त होता तिस मार्ग को प्राप्त हुआ ॥ २९ ॥

अ०१० अदित्यास्त्वक् ॥ अदित्यास्त्वगस्यदित्यैसदऽआसीद ॥ अस्तभ्नाद्द्यामृषभोऽअन्तरिक्षममिमीतवरिमाणम्पृथिव्याः ॥ आसीदद्विश्वाभुवनानिसम्म्राड्विश्वेत्तानिवरुणस्यव्रतानि ॥ ३० ॥ +

अदित्यास्त्वगितिया—गा०कृष्णाजिनोदे०का०७·९·६·शकटके नीड (जारे) पर कृष्णाजिन को पूर्वाभिमुख उत्तर लोम करि विछावे ॥ अर्थः ॥ हे कृष्णाजिन तू अखण्डित पृथिवी की त्वचा रूप है ॥ १ ॥ अदित्यै०या—अ०सोमोदे०।का०७·९·७·तिसपर बंधे हुए सोम को अध्वर्यु स्थापन करे ॥ अर्थः ॥ हे सोम तू भूमि संबंधि स्थान को प्राप्त हो (अर्थात् वेदि ॥ २ ॥ अस्तभ्नाद्द्यामितिद्व रुण देवते त्रिष्टुभौ।का०७·९·८·यजमान से सोम का स्पर्श कराय पढे ॥ अर्थः ॥ क्रीत सोम को वरुण देवतत्व होने से वरुण की ब्रह्म रूप करि स्तुति करते हैं ॥ अर्थः ॥ वृषभः (श्रेष्ठ) वरुण ने द्युलोक जैसे न गिरे तैसे अपने किये याग करि थांभा। तैसे ही अन्तरिक्ष को थांभा। तैसे पृथिवी के परिमाण को (अर्थात् इतनी पृथिवी) जानता है। तथा सम्यग् राजमान वरुण सब लोकों में व्याप्त है ऐसे सम्पूर्ण कर्म्म वरुण के हैं। अथवा ये द्युलोक थांभने से आदि ले कर्म वरुण के हैं। सर्वदा तिन्हों को करता है ॥ ३० ॥

वनेषुवि ॥ वनेषुव्यन्तरिक्षन्ततानवाजमर्वत्सुपयऽउस्त्रियासु ॥ हृत्सुक्रतुम्वरुणोविक्ष्वग्निन्दिविसूर्य्यम

+अ—सि॥अ०॥अ—द॥इ०॥अ—नि॥३०॥

दधात्सोममद्रौ ॥३१॥

का०७.९.९. सोम बांधने कपडे करि सब ओडी से वेष्टन करिके ×
॥अर्थः॥ वरुण ने वन गत वृक्षों के अग्र में अन्तरिक्ष (आकाश)
को विस्तार किया। यद्यपि अन्तरिक्ष सर्वगत है तथापि तहांमूर्त
द्रव्य के न होने से अत्यन्त विस्तार किया। तथा घोडों में वलका
विस्तार किया। अथवा अर्वत् + पुरुषों में वीर्य का विस्तार किया + शत३.३.४.७ वीर्यवैवाजःपुमा हैं सो ऽर्वन्त इति
तैसेही गौओं में क्षीरका विस्तार किया।हृदय में क्रतु के संकल्पऔ
रतिसके शक्तियुक्त मनको विस्तार किया।प्रजा में जठराग्निका।द्यु
लोक में सूर्यका। पहाड में सोमको वल्ली रूप स्थापन किया।पर्व
तकेपाषाणोंकी संधिमें सोम के उत्पन्न होने के कारण पहाड में सो
मका स्थापन कहा॥ ॥तदाह तित्तिरिः। सोम मद्रावित्याहग्रावा
णोवाऽअद्रयस्तेषु वाऽएष सोमं निदधातीति॥ ॥जो इन दो
नों मन्त्रों में कहे द्युलोकस्तम्भनसे आदिले सामर्थ्यवान् पर
ब्रह्मलक्षण वरुण तिसको हम स्तुति करते हैं॥३१॥

सूर्यस्य चक्षुः॥ सूर्यस्य चक्षुरारोहाग्नेरक्ष्णः कनीन
कम्॥ यत्रैतशेभिरीयसेभ्राजमानोविपश्चिता॥३२॥

अनुष्टुप्. कृष्णाजिन दे० का०७.९.९. आसनार्थदोकृष्णा ×
जिनों के बीच अन्यतर अनियत एक कृष्णाजिन को शकट
के पूर्व भाग में ऊंचे दण्ड में ध्वजा के स्थान लगावे॥अर्थः॥ हे
कृष्णाजिन तू सूर्य के नेत्रों का आरोहण करि। और तैसेही अ
ग्नि के नेत्रों की तारका का आरोहण करि। तैसे वहुत ऊंचाहो

जैसे इन्हों करिदीखै। जिनदोनो के देखते सर्वज्ञ सूर्य और अ-
ग्निसे प्रकाश मान हो अश्वपर चढि। सूर्य और अग्नि के देखने
से मार्ग राक्षसों की वाधारहित होता है। तदुक्तं तित्तिरिणा। एष वास्य
खलु रक्षो हणः पन्था योऽग्नेश्च सूर्यस्य चेति ॥ ३२ ॥

उस्त्रावेतम् ॥ उस्त्रावेतन्धूर्षाहौ युज्येथामनश्रूऽअवीरहणौ
ब्रह्मचोदनौ ॥ स्वस्ति यजमानस्य गृहान्गच्छतम् ॥ ३३ ॥

ऊर्द्ध्व वृहती० एक अक्षर ऊन आनडुही० का० ७.८.११. बैलजोडे।
अर्थः॥ हे वैलो तुम इस को आते और चलते आप से आप रथमें
जुडो। कैसे हो तुम कि शकट की धुरी चलाने को समर्थ हो तेसेही-
नेत्रों करि अश्रुरहित (उत्साह सहित हो। शृङ्गों से वीरों (वालकों)
को नहीं मारते। ब्राह्मणों को यज्ञ प्रति चलाते। ऐसा सम्बोधन करि
प्रयोजन कहता है। ऐसे तुम क्षेम सहित यजमान के घरविषे चलो ३३

भद्रो मे ॥ सिप्रच्यवस्व भुवस्पते विश्वान्यभि धामा
नि ॥ मात्वा परि परिणो विदन्मात्वा परि पन्थिनो विदन्मा
श्रीवेदार्थप्रदीपेन तमोहार्दं निवारयन्
पुमार्थांश्चतुरोदेयाद्यज्ञपुरुषःसनातनः

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनीशाखाध्येतृव्याघ्रपादान्वयविश्वामित्रपुराधिपश्रीमज्जयकिशोरदेववर्म्मात्मजरौक्मिणेयनृपतिगिरिप्रसादेन रचिते श्रीवेदार्थप्रदीपे गिरिधरभाष्ये राजसूयचरकसौत्रमणीवर्णनो नाम दशमोध्यायः ॥१०॥

इति सर्वानुक्रमणिभाष्ये गिरिप्रसादरचिते
वेदार्थप्रदीपे प्रथमोध्यायः ॥१॥

संहिता सार बहुला पद संज्ञा भिराकुला
क्रम संधिसमाकीर्णा दुस्तरा मन्त्र सागरः १
संहिता नयने सूर्य्ये पदानि शशिनं पदम्।
क्रमोपि नयने सूक्ष्मं यत्तत्पदमनामयम् २

आदितः अनुवाक संख्या ११९

पञ्चात्मकः सभगवान् द्विषडात्मकोभूत्
पञ्चद्वयी शत सहस्रपरामितश्च।

एकः समोप्य खिलदोष समुज्झितोपि
सर्वत्र पूर्ण गुण कोपि बहूप मोभूत् ॥१॥
सर्वत्र पूर्ण गुणविग्रह आत्म तन्त्रो
निश्चेतनात्मक शरीर गुणैश्चहीनः।
आनन्दमात्र करपाद मुखो दुरादि
सर्वत्र चत्रिविधभेद विवर्जितात्मा ॥२॥

इति श्री वेदार्थप्रदीपे गिरिधरभाष्ये दशाध्यायी
समाप्ति मगमत् ॥

श्रावणस्यासिते पक्षे सप्तम्यां रविवासरे
वसुनेत्राङ्कभूवर्षे दशाध्यायास्तदागमन्

अतःपरमष्टभिरध्यायैरग्निमंत्रा उच्यन्ते

वेशमेति प्रसिद्धं गतेति प्राचीने विश्वामित्र पुरीय
नवल दुर्गस्थ व्याघ्रपाद
प्रकाशकाश्मयन्त्रालये
मुद्रितम्

ॐशान्तिः ॐशान्तिः ॐशान्तिः
विक्रमब्दाः १९२८ शाकाब्दाः १७९३ भाद्रकृष्ण८ भौमवारशुभंभवतु

अथसंक्षेपतःसूचीपत्रम्

हरिःओम्

सूचीपत्रम्

हरिःओम्

ओंनमोयज्ञपुरुषाय

अथाग्निचयनमन्त्रास्तेषांप्रजापतिर्ऋषिःसाध्याऋषयोवा

पञ्चात्मकं द्विरूपंच साधनैर्वेद रूपकम्
स्वानन्दे शयकं कृष्णं ब्रह्मरूपंपरं स्तुम १

प्रथमचितिमन्त्राणांप्रजापतिर्ऋषिः

अ० १ युंजानः प्रथमम्॥ युञ्जानः प्रथमम्मनंस्तत्वायंसविताधि
यः॥अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्यपृथिव्या॥अध्याभरत्॥१॥
श्रीवल्लभं विठ्ठलंच नत्वा तत्कृपयाधुना॥
प्रदीपैष्ट भिरध्यायैरग्निः प्रायेणवर्ण्यते १

एकादशमे अध्यायसे आरम्भकरि अष्टादशमे पर्यन्त अग्निचयन केमन्त्र तिन्होंका प्रजापतिवासाध्य ऋषि॥सो अग्निपञ्चचितियुक्त है।प्रथमचिति मंत्रों का प्रजापति ऋषि है १ दूसरी के देवता २तीसरीके इन्द्र अग्नि विश्वकर्मा ३ चौथी के ऋषि ही ऋषि हैं ४ पांचमी का परमेष्टी ऋषि है ५ तथाच श्रुतिः-प्रजापतिः प्रथमां चिति मपश्य दित्यादि शत० ६.२.३.१०.

ॐनमोयाज्ञवल्क्याय
गिरिप्रसादसंज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीपके
उखादिसमिदाध्यन्तोभूमीन्द्व्यायइर्यते

एकादशमें से ले त्रयोदशमें अध्याय पर्यन्त प्रथमचितिके मन्त्र तिन्हों का प्रजापति ऋषिः॥ चयन करने की है इच्छा वोह यजमान फाल्गुण कृष्ण प्रतिपदा विषें पौर्णमासेष्टी को करिकै पुरुष· अश्व· गो· अवि· अजः का आलम्भन करि अजसे याग करिकै पांचो के घृताक्त शिर प्रथम चिति विषें उपधानार्थ कहीं स्थापन करि तिन्हों के कवन्धों और अज के शेष को मृद्युक्त तडागादि जल में डाले उखा और इष्टका के अर्थ मृदा और जल तहां से लावै ततः फाल्गुण कृष्णाष्टमी में उखा संभरण करते हैं तिसके अर्थ आहवनीय दक्षिणाग्नी का उद्धार करि आहवनीय से पूर्व में किये चतुष्कोण गर्त्त विषें ततः तडाग से मृत्पिण्ड लाकर भूमिके सम स्थापन करै· पिण्ड आहवनीय के वीच सछिद्रा वल्मीक मृदा को रखै· आहवनीय से दक्षिणदेश में अश्व· गर्दभ· अज· प्राङ्मुखाः पूर्वापर रीतिकरि मुञ्जरशना से वंधे स्थापन करिकै· आहवनीय के उत्तर में वैणावी दुधारा वा कल्माषी हिरण्मयीअभ्रि स्थापन करै· ततः कर्मोह का०१६·२·७· गार्हपत्य में घृतको संस्कार करि जुहू और स्रुवा को धोकर स्रुचि करि आठवार लिये आज्य को आहवनीय में परिस्तरण समिदाधानपूर्वक संततअवछिन्न धारा से स्रुचि को ऊंची करि युञ्जान इत्याद्य अष्टकण्डि

काओं से सांतत्य और आठ ऋचाओं के अन्तमें स्वाहा कार पर्यन्त अध्वर्यु होमें॥ अथप्रति कर्म दर्शिन इति युञ्जानः अष्टानां सवितापि ऋषिः देवोपि सविता आद्यानुष्टुप्। अथमंत्रार्थः सविता॰ सबके प्रेरक प्रजापति † ने चीयमान वन्हिका संबंधि तेज पशुओंमें प्रविष्ट निश्चय करि यद्वा सफल कर्मों का साधनभूत निश्चय करिके पशुशरीरन्विता पृथिवी के सकाश से अध्याहरण किया अर्थात् इष्टका करि अग्निको इकट्ठा किया। किम्भूतः कि प्रथम अग्न्यारम्भ में मनस्थापन किया किंकृत्वा कि बुद्धि इष्टकाविषय ज्ञानों का विस्तार करिके अर्थात् मनसा से पर्यालोचन करि बुद्धि विषें अव धारण करिके॥ १॥

† सवितृ शब्देन श्रुतौ प्रजापतिरुक्तः प्रजापतिर्वै युञ्जान इति श० ६।३।१।१२

युक्तेन मनसा॥ वयन्देवस्य सवितुः सवे॥ स्वर्ग्याय शक्त्या॥ २॥

गायत्री गायत्री शङ्कुमती †। प्रजाति की आज्ञा में वर्त्तमान हमयजमान इन्द्रियों से नियमित एकाग्र मनसा से स्वर्ग साधक कर्म के अर्थ अपनी सामर्थ्य पूर्वक प्रयत्न करते हैं इतिशेषः॥ २॥

† महीधरमते

युक्त्वाय सविता॥ देवान्त्स्वर्यतो धिया दिवम्॥ बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान्॥ ३॥

अनुष्टुप्। सविता तिन प्रसिद्ध देवताओं को अग्नि कर्म विषें संयोजन करि प्रेरता है। कैसे देवताओं को कि धिया बुद्धिवा अन्यकर्म करि प्रकाश करते हैं। पुनः कैसों को कि बृहत् ज्योतिः करिष्यतः बडे आदित्य लक्षण को आत्मत्व से संस्कार करते हैं। कैसा है सविता कि प्रेरयिता अन्य कर्म से स्वर्ग को गये देवताओं को अग्नि कर्म विषें सविता प्रेरण करनेवाला प्रजापति तिन इन्द्रिय विशेष देवता-

ओं को विषयों से रोकिकर प्रकर्षेण अग्नि कर्म विषें प्रेरण करता है कैसों को कि स्वर्ग प्राप्ति के अर्थ उद्यत हैं तथा बृहत् चीयमान अग्नि के तेज के तत्तत् इष्टकादि विषय प्रज्ञा करि द्योतमान करने को उद्यत ॥३॥

युञ्जतेमनः॥युञ्जतेमनऽउतयुञ्जतेधियोविप्राविप्रस्य बृहतोविपश्चितः॥विहोत्रादधेवयुनाविदेकऽइन्म्हीदेवस्यसवितुःपरिष्टुतिः॥४॥

जगती व्याख्यातापि ५·१४· विशेषतो व्याख्यायते। विप्र(विशेषेण दक्षिणा अन्न दान करि पुण्य करने वाले ब्राह्मण यजमान) के संबंधि विप्राः (ऋत्विजाः) प्रथम स्वकीय मन को विषयों से निवर्त करि समाहित करते हैं। और धियः (इष्टकादि विषय ज्ञानों) का सम्पादन करते हैं। कैसे विप्र के कि अग्नि चयन के उद्योग करि अभिवृद्ध। तथा अभिज्ञ। कैसे हैं विप्र कि होम शील अर्थात् कर्म विषें आलस्य रहित हैं। ननु ये ऋत्विग्यजमान कहां से आए तत्राह कि एक एव सविता इन सबों को निर्माण करता हुआ कैसा है कि विपश्चित् ऋत्विग्यजमानों के अभिप्राय का जानने वाला। कैसे एक ही इन सबों को करता हुआ सो कहते हैं कि यतः सविता देवता की सब वेदों में श्रूयमाण महती स्तुति अर्थात् सविता की अचिन्त्य महिमा है॥४॥

युजेवाम्॥युजेवाम्ब्रह्मपूर्व्यन्नमोभिर्विश्लोकऽएतुपथ्येवसूरेः॥शृण्वन्तुविश्वेऽअमृतस्यपुत्राऽआयेधामानिदिव्यानितस्थुः॥५॥

त्रिष्टुप्। पत्नी यजमानौ वामिति पदेनोच्येते। हे पत्नी यजमानौ तुम्हा

रे अर्थ अन्न करि इस हुत घृत सहित पुरातन महर्षियों करि अनुष्ठित ब्रह्मपरिवृढ (अग्निचयनाख्य कर्म) को मैं सम्पादन करताहूं यद्वा तुम्हारे अर्थ पुरातन ब्राह्मण जाति को अन्न करि तर्पण करताहूं। किमर्थमितिचेत् किपण्डित यजमान की कीर्ति दोनें लोकों में व्याप्त होतत्र दृष्टान्तः पथ्याऽइव यज्ञ मार्ग प्रवृत्ता आहुति जैसे दोनें लोकें को व्याप्त होती है ऐसे यजमान की कीर्ति उभयलोकसंचारीहो इतिभावः। किंच मरण धर्म रहित प्रजापति के पुत्र सब देवता यजमान की कीर्त्ति को सुनें। कौन कि जे दिविके स्थानें में बैठे हैं अर्थात् तेसब इस की कीर्त्ति को सुनें ॥ ५॥

यस्य प्रयाणम् ॥ यस्य प्रयाणमन्वन्न्यऽइद्ययुर्द्देवा देवस्य महिमानमोजसा ॥ यः पार्थिवानि विमुमेसऽएतशो रजा᳖ᳬसि देवः सविता महित्वना ॥ ६॥

जगती। अन्य देवता जिस सविता की प्रवृत्तिको अनुवर्त्ततेहुए और अन्य देवता जिस देवके महत्त्वको वल करिके अनुवर्त्ततेहुए और जिस सविता ने रजांसि + पृथिवी प्रभृति लोकों को जाना सो देव अपने महा भाग्य से एतशः एतत् जगत् त्रय स्थावर जंगम को प्राणभाव करि- व्याप्त होताहै यद्वा एतश इत्यश्वनाम निघं॰ १॰ १४॰ अश्व रूप से सब जगत को वन करि स्थित है उषा वा अश्वस्य मेध्यस्य शिर इति श त॰ १०॰६॰ ४॰ १ सूरा दश्वं वसवो निरतष्टेति वक्ष्यमाणत्वाच्च २९॰ १३॰ ॥ ७॥

+ लोका रजांस्युच्यन्ते इति निरु॰ ४॰ १९

देवसवितः ॥ देवसवितः प्रसुव यज्ञम्प्रसुव यज्ञपतिम्भगाय ॥ दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतन्नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं

न्नः स्वदतु ॥७॥

त्रिष्टुप् व्याख्यानापि ४९ कथ्यन्ते । हे देव सवितः यज्ञकं प्रकर्ष प्रेरि और यज्ञपति यजमान को सौभाग्य के अर्थ प्रेरि । किंच केतपूः (केत परिचिति विषें वर्त्तमान ज्ञान को शोधन करने वाला) ऐसा गंधर्वः (वाचा को धारण करने वाला) सविता हमारे केत (परिचिति ज्ञान) को ब्रह्म विवर्त्त से शोधै । वाणी का पति सविता हमारी वाणी को स्वदतु स्वादन करै अर्थात् हमारी कही वाणी तिसे रुचै ॥७॥

इमन्नः ॥ इमन्नो देव सवितर्यज्ञम्प्रणय देवाव्यꣳ सखिविदꣳ सत्राजितन्धनजितꣳ स्वर्जितम् ॥ ऋचास्तोमꣳ समर्द्धय गायत्रेण रथन्तरम्बृहद्गायत्रवर्त्तनि स्वाहा ॥ ८ ॥ +

अवसानपर्यन्तं यजुः महीधरमते तस्य प्राजापत्या जाती छन्दः । हे सवितर्देव हमारे इस यज्ञ को प्राप्त हो । कैसा है यज्ञ कि देवताओं का तर्पण करते हैं जिस में । तथा सखिविदं सखायं अपने निष्पादक यजमान को जानता वा ऋत्विजों को प्राप्त होता । सत्रजित द्वादशाहादि सत्रों को वशी करता है + यद्वा सत्रा शब्दः सत्यवाची सत्य (ब्रह्म) को संपादन करता है । गवादि फल रूप धन को सम्पादन करता है । स्वर्ग को फलत्व करि सम्पादन करता है ॥ किञ्च ऋचा स्तोमम् गायत्री अवसान रहिता यजुरन्ता स्वाहेति यजु । हे सवितः ऋचा स्तोत्र हेतु सामाधारभूतया ऋचा सहित त्रिवृदादिक स्तोम को समृद्ध करि गायत्र साम सहित रथन्तर साम और बृहत्साम को बढ़ा कैसा है बृहत् कि गायत्र साम ही है मार्ग जिस का अर्थात् बृहत् साम

+ गायत्रीहि वीर्य मानसमिति श्रुतेः

+ इ॰ मा॰ अ॰ ऋ॰ ह्या॰ इ॰ ॥ ८ ॥

का गायत्र साम मार्गभूत है ॥८॥

देवस्यत्वा॥ सवितुः प्रसवेश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णोहस्ता-भ्याम्॥ आददे गायत्रेण छन्दसाङ्गिरस्वत्पृथिव्याः सधस्थादग्निं पुरीष्यमङ्गिरस्वदाभर त्रैष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वत्॥९॥+

का० १६।२।८। देवस्यत्वेति कण्डिका द्वयात्मक मन्त्रकरि वैणवी अभ्रि को ले हस्त आधायेति ऋचा क० ११ से अभ्रि को अभिमन्त्रण करे॥ दे-म् प्रा-वृ०सविता दे० आ-तू यजुः । अभ्रिर्देव०। हे अभ्रे सविता देवता का प्रेरा अश्विनी कुमारों के संबंधी मणिबन्धपर्यन्ता बाहुओं पूषण संबंधी अंगुलियों सहित साधन भूत हाथों सहाय भूत गायत्री छन्द से युक्त हो तुम्हें ग्रहण करता हूं तत्र दृष्टान्तः जैसे अङ्गिरा के वंश के ऋषि तुम्हें पहिले ग्रहण करते हुए। हे अभ्रे तू ग्रहण की हुई पृथिवी के उत्सङ्ग से अग्नि को ला। त्रिष्टुप् छन्द से अंगिरस जैसे अग्नि को आहरण करता हुआ पुनः अङ्गिरस्वत् इति दृष्टान्तोऽर्थोति प्रायार्थः। कैसे अग्नि को पुरीष्यम् * पशुओं के अर्थहित० पशव्य यद्वा पुरीष शब्देन पांसुरूपा शुष्का मृदुच्यते तदर्हतीति पुरीष्य अग्नि है क्योंकि मृदा को ले उरवा बनाय तिस में अग्नि को स्थापन करते हैं इस हेतु मृदा और अग्नि के अभेदोपचारण से मृदा हरण एव अग्न्या हरण है इस अभिप्राय से पुरीष्य अग्नि को आहरण करे यह कहा गया और यही उपचार अग्निचयन प्रकरण मे सर्वत्र वर्त्ते है॥९॥

+ महीधरमतेऽभ्रा ददे इत्यारभ्याभ्रिरसि इत्यभिलिख्य तोऽनु ङ्कितिकल्पः

* पशवोवै पुरीषमिति शत० ६।३।१।३०।

+ दे-म् । अ० । आ-तू । दृ० । ९ ॥

अभ्रिरसि॥ अभ्रिरसि नार्यसि त्वया वयमग्निं शकेम खनितुं सधस्थ आ॥ जागतेन छन्दसाङ्गिरस्वत्॥१०॥

यजुः। तू अभ्रि उखा को निर्माण करने वाली मृत्खनन हेतुभूत काष्ठविशेष है और नारी। स्त्रीरूपा है यद्वा नहीं अरि वैरी जिसका वोह है अर्थात् खनन काल में अस्मादि कों करि तेरा कुण्ठीभाव नहीं होता किंच तुझसे युक्त हम पृथिवी के उत्सङ्ग में वर्त्तमान अग्नि को जगत छंद से खनने को समर्थ होंवें अङ्गिरस्वत् इति दृष्टान्तः पूर्ववत्॥१०॥

हस्त आधाय॥ सविता बिभ्रदभ्रिं हिरण्ययीम्॥ अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरदानुष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वत्॥११॥ +

अनुष्टुब्यजुरन्ता आनुष्टुभेनत्यादि यजुः तस्य महीधरमते यजुषस्त्रिष्टुप् छन्दः। अभ्रिदेवत्या। सविता प्रेरक प्रजापति हस्त विषे स्वर्णमयी अभ्रि को लेकर तिस के धारण करते ही अग्नि संबंधी ज्योति का निश्चय करि देखि भूमि के सकाश से अनुष्टुप् छन्द करि आहरण करता हुआ अङ्गिरस्वदिति पूर्ववत्॥११॥

अ०२ प्रतूर्त्तं वाजिन्॥ प्रतूर्त्तं वाजिन्ना द्रव वरिष्ठामनु संवतम्॥ दिवि ते जन्म परममन्तरिक्षे तव नाभिः पृथिव्यामधि योनिरित्॥१२॥

का० १६·२·४· प्रतूर्त्तं· युञ्जाथां· योगे-योगे· इति तीन ऋचाओं से अश्व· गर्दभ· अजः को अभ्रि हाथ में लिये प्रति मन्त्र करि अभि

+ ह-त्। अ०। अ०। आ-तु। इ०॥११॥

[illegible]करै॥ अश्व देवत्या आस्तार पंक्तिः नाभानेदिष्ठ दृष्टा। हे वाजिन् हे [illegible]गामिन् अश्व वरिष्ठा † उत्कृष्टा सम्वत् भूमि को लक्ष करि शीघ्र आ[illegible]आनेसे तुम अश्व का द्युलोक विषें परम उत्कृष्ट जन्म आदित्य रूप [illegible]करि होगा यद्वा तेरा जन्म दिविमें रोहितादि देवाश्व रूप करि प्रसिद्ध। अन्तरिक्षमें तेरा नाभि (उदर) यद्वा नियुन्नामक वायुके अश्व अन्तरिक्षमें चलते हें तिस रूपसे इसका अन्तरिक्षवर्तित्व नाभि शब्द करि प्रकृष्ट शरीर उपलक्षित है। पृथिवीके ऊपर तेरा स्थान इत एव (पादौ एव) भूमि विषें तेरा निवास स्थान प्रत्यक्ष दीखता है। विराड्रूपेणाश्वः स्तूयते एवं महिमा तू शीघ्र आ इत्यर्थः ॥१२॥

† मृत्खनन योग्याभूमिः सम्वत् सा च पाषाणाद्य-भावेनातिप्रशस्त त्वाद्वरि ष्ठेत्युच्यते

युञ्जाथाꣳ रासभं युवमस्मिन्यामे वृषण्वसू॥ अग्निम्भरन्तमस्मयुम्॥१३॥

गर्दभ देवत्या गायत्री कुश्रि (कुस्रि) दृष्टा। गर्दभं मन्त्रयते। अध्वर्युयजमाना वुच्येते। सींचने वाला गर्दभ वृषण्वसू (वसु धन) वर्षने वाला) यद्वा यागनिष्पादन द्वारा वृष फलों से बर्षने वसु·धन·के तिन्होंका संबोधन। हे वृषण्वसू (अध्वर्यु यजमान औवा यजमान दम्पती) तुम गर्दभ को बांधो। कहां कि अस्मिन्यामे, इस अग्नि कर्ममें अथवा यामो मृद्वहन रूप नियम विशेष तिस निमित्त भूत में कैसा है गर्दभ कि अग्नि भरने (लेचलने) को समर्थ हमारा हित चाहनेवाला॥१३॥

योगेयोगे तवस्तरम्॥ वाजेवाजे हवामहे॥ सखाय इन्द्रमूतये॥१४॥

अज देवत्या गायत्री सुनःशेपदृष्टा। अजं मन्त्रयते। परस्पर सख्यको प्राप्त हम ऋत्विग्यजमान इन्द्रियवन्त (वीर्यवन्त) वा इन्द्रिय प्रद अज को रक्षा के अर्थ बुलाते हैं। कसति कि वाजे-वाजे तिन-तिन अन्नों अर्थात् मनुष्य और देवताओं के देने में वा तिन-तिन अन्न प्राप्तिनिमित्त को। कैसा है अज कि योगे-योगे † तवस्तरं ‡ तिन-तिन कर्मों में उत्साहवन्त ॥१४॥

प्रतूर्वन्नेहि ॥ प्रतूर्वन्नेह्यवक्रामन्नशस्ती रुद्रस्य गाणपत्यम्मयोभूरेहि ॥ उर्वन्तरिक्षं वीहि स्वस्तिगव्यूतिरभयानि कृण्वन्पूष्णा सयुजा सह ॥ १५ ॥ †

का० १६ । २ । १० । प्रतूर्वन् । उरु । स्वस्ति । प्रतिमंत्र से स्पर्श करता अश्वादिकों की भय को देख प्राच चलै ॥ विराड् रूपा त्रिष्टुप् यजुर्मध्या उर्वन्तरिक्षं वीहीत्येतावद्यजुः। अस्याः पूर्वार्धस्याश्वो देवता। हे अश्व तू शत्रुओं को मारता आ। शत्रुओं से की हुई अपकीर्ति का निवारण करता। आने मे कौन गुण यह कि हमारे सुख विचारने से रुद्र (क्रूर देवता) के गणपतित्व को सब ओडी से प्राप्त हो अत्रा गमने गणपतित्व को लाभ करैगा इति भावः॥ उर्वन्तरिक्षम् यजुः सहितोत्तरार्धस्य रासभोत्क्रमणे विनियोगः। हे गर्दभ ऋत्विग् यजमानों की व्याघ्रादिकों से भय को परिहार करता समान योगिनी पूष्णा † (पृथिवी) के साथ विस्तीर्ण अन्तरिक्ष को विशेष करि प्राप्त हो। कैसा है तू कि विनाश रहित मार्ग है जिसका अर्थात् भय वर्जित प्रभूतयवसोदक मार्ग हो कर आ। नहीं एक मार्ग को प्राप्त होना इस न्याय से पृ

† युज्यतेऽनुष्ठीयतइइतियोगः कर्म
‡ तवइतिबलनामनिघं० २.९.

† प्र-हि।अ०।उ-हि।र०।स्व-ह।अ०॥१५॥
† इयंवैपृथिवीपूषेतिश्रुत० ६। ३। २। ८।

षण के साथ यहयुक्त है॥१५॥

पृथिव्याःसधस्थात्॥ पृथिव्याः सधस्थादग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वदाभरागिंनपुरीष्यमङ्गिरस्वदच्छेमोग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वद्भरिष्यामः॥१६॥ + प्रे·रा·अ·अ·म॥ इ·ज॥१६॥

अजोत्क्रमणेविनियोगः। आर्षीगा॰ आग्नेयी। हे अग्ने पृथिवी के सहस्थान से पुरीष्य(पशव्य) अग्नि को अङ्गिरस इव आहरण करता हुआ॥ का॰ १६·३·१२· तीनों अग्निओं के दीप्यमान होने ब्रह्मा यजमान· अध्वर्यु चतुष्कोण गर्त विषें स्थित। मृत्तिका पिण्ड प्रति गमन करें अश्व·गर्दभ· अज·भी गमन करें॥ या-ज॰+।पशव्य अग्नि को अङ्गिरस जैसे हम अभिमुख चलते हैं॥ का॰ १६·२·३·देवपितृ मनुष्यों का निष्प्रयोजन अनद्धा पुरुष तिसे देखे॥ आग्नेयी आसु अ॰।पशव्य अग्नि को जैसे अङ्गिरस हम सम्पादन करते हैं॥१६॥

अन्वग्निः॥ अन्वग्निरुषसामग्रमख्यदन्वहानि प्रथमो जातवेदाः॥ अनु सूर्यस्य पुरुत्रा च रश्मीननु द्यावापृथिवी आततन्थ॥१७॥

का॰१६·२·१४·वल्मीक वपा, वल्मीक के ऊंचा वढ़ा हुआ अवयव जोकि पिण्ड आहवनीय के वीच में स्थापन किया है तिसे ले तिसी स्थान स्थित होतिस छिद्र से पिण्ड को देखे॥ अग्नि देवत्या त्रिष्टुप् पुरोधसदृष्टा। अग्निः उषः कालों के अग्र को अन्वख्यत् अनुक्रमेण प्रकाश करता हुआ।जातजात को जानता वाजनाता यह अग्नि मुख्य हो अन्वख्यत् किंच सूर्य की रश्मिओं को बहुधा अन्वख्यत्। किंच द्यावापृथि

वी दोनो को भी अनुक्रमेण सर्वतो व्याप्त हुआ। सर्व प्रकाशक लोक
स्रष्टा जो अग्नि तिसे देखें इति शेषः॥१७॥

आगत्य वाजी॥ आगत्य वाज्यध्वानꣳ सर्वा मृधो वि धू
नुते॥ अग्निꣳ सधस्थे महति चक्षुषा निचिकीषते॥

का॰१६·२·१६· मृत्पिण्ड के पास में खडे अश्व को अभिमन्त्रण करे
अश्व देवत्यानुष्टुब्मयोभूर्दृष्टा। वेगवान यह अश्व मार्ग को प्राप्त हो
सब संग्रामों (पापीश्रमों) को विविध कपाता (अपनय करता) है तदनं
विगत श्रम हो उत्कृष्ट सहस्थान पृथिवी में वर्तमान अग्नि का हेतु
भूत मृदा को नेत्रों करि देखता है॥१८॥

आक्रम्य वाजिन्॥ आक्रम्य वाजिन्पृथिवी मुग्निमिच्छ रु
चात्वम्॥ भूम्यां वृत्वाय नो ब्रूहि यतः खनेम तम्वय
म्॥१९॥

का॰१६·२·१७· मृत्पिण्ड के ऊपर अश्व के सव्य पद को स्थापन करे॥
अश्व देवत्यानुष्टुप्। हे वाजिन् अश्व भूमि को पाद स्पर्श से परीक्षा
करि दीप्ति करिकै तू अग्नि हेतु मृदा को निश्चय करि। किंच भूमि
प्रदेश को स्पर्श करिकै हमें तू कहि कि यह प्रदेश अग्नि हेतु मृदो
ग्य है कि जिस प्रदेश से हम तिस अग्नि को खनन द्वारा सम्पादन करें
यद्वा जिस प्रदेश से तैसी मृदा प्राप्त हो तिस प्रदेश को खोदें॥१९॥

द्यौस्ते॥ पृष्ठम्पृथिवी सधस्थमात्मान्तरिक्षꣳसमुद्रो योनिः॥
विख्याय चक्षुषा त्वमभितिष्ठ पृतन्यतः॥२०॥

का॰१६·२·१८ पिण्डोपरि पदधारण करते अश्व को स्पर्श करता

अध्वर्यु दक्षिणकर को अश्व की पीठपर रख मन्त्र पढे॥ बृहती अश्व दृ॰। हे अश्व द्यौ लोक तेरा पीठ भूलोक तेरे पद अन्तरिक्षलोक तेरा आत्मा (शरीरान्तर्वर्ती जीवात्मा) समुद्र (उदक तेरा उत्पत्तिस्थान, अप्सुयोनिर्वा ऽअश्व इतिश्रुतेः) एवं स्तूयमान तू नेत्रों से खना योग्य मृदा को देखि सङ्क्राम करने की इच्छा करते मृदा में गूढस्थित राक्षसादिकों का पाद से विनाश करि॥ २०॥

उत्क्राम॥ महते सौभगायास्मादास्थानाद्द्रविणोदा वाजिन्॥ वयꣳ स्याम सुमतौ पृथिव्या ऽअग्निं खनन्त ऽउपस्थे ऽअस्याः॥ २१॥

का॰ १६॰ २॰ १८॰ मृत्पिण्ड से अश्व को उतारे॥ विराडश्व देवत्या पंक्तिर्विराड्नुष्पदा। हे वाजिन् महाभाग्याभिवृद्धि के अर्थ इस खनन प्रदेश से जहां तू खडा है तहां से उतारते हैं। कैसा है तू कि धन का देनेवाला तेरे उत्क्रान्त से हम पृथिवी विषे सानुग्रह चित्त होवें। कैसे हैं हम कि इस पृथिवी के उपरिभाग में अग्नि के अर्थ मृत्पिण्ड खनने का उद्योग करते हैं॥ २१॥

उदक्रमीत्॥ उदक्रमीद्द्रविणोदा वाज्यर्वाकः सुलोकꣳ सुकृतम्पृथिव्याम्॥ ततः खनेम सुप्रतीकमग्निꣳ स्वो रुहाणा ऽअधि नाकमुत्तमम्॥ २२॥

का॰ १६॰ २॰ १९॰ पिण्ड से उतारे अश्व को अभिमंत्रण करे॥ आर्षी त्रिष्टुप्। अर्वाः (अरणशील-चञ्चल) धन का दाता अश्व जिस प्रदेश से उतरा पृथिवी में तिसे शोभन लोक (प्रदेश) पुण्यवान करता हुआ।

वतः प्रदेश से हम अग्नि हेतु मृदा को खनन करते हैं कैसे अग्नि को कि शोभन है मुख जिस का कैसे हैं हम कि स्वर्ग की अभि [illegible] मना रखनेवाले एतत्कर्म कुर्म इतिभावः † कैसा है स्वर्ग कि नहीं है दुःख जहां तथा उत्कृष्ट ॥२२॥

आत्वा॥ आत्वा जिघर्म्मि मनसा घृतेन प्रति [illegible]
नानि विश्वा॥ पृथुन्तिरश्चा वयसा बृहन्तं व्यचि [illegible]
भसन्दृशानम्॥२३॥

का० १६.२.२१. आज्य को संस्कार करि पिण्ड के समीप में बैठि [illegible] ण्डोपरि स्थित अश्वपद मुद्रा में आत्वा २३ आविश्वतः २४ इन [illegible] तिषक्त ऋत्वा ओं से स्रुवा करि द्वे आहुति होमें व्यतिषङ्गश्चैवम् आत्वा जिघर्मि इस पहिली के पूर्वार्ध मर्य श्री इस उत्तर के [illegible] र्ध को पढि पहिली आहुति और आ विश्वतः इस उत्तर के पूर्वार्ध पृथुं तिरश्चा पहिली के उत्तरार्ध को पढि कर दूसरी आहुति॥ [illegible] दृहश्चे आग्नेय्यौ द्वे त्रिष्टुभौ। हे अग्ने श्रद्धायुक्त चित्त से घृतकरि तुम्हें सब ओडी से सींचता वा दीपन करता हूं। कैसे तुम्हें कि सब भूतों प्रति एक निवास करने वाले। तिरश्चा पृथुतिरछी ऐंचने ज्योति करि विस्तीर्ण वयसा बृहन्तं धूमकरि महान्त † यद्वा तिर्यक् [illegible] करिके विस्तृत इति बहुदेश व्याप्तिः वय उपलक्षित काल करि [illegible] हन्त इति बहुकाल व्याप्तिः अर्थात् देशकालानवच्छिन्न के। त [illegible] विष्ठं अतिशयेन अवकाशवान को। अन्नैः रभसं घृतादि [illegible] से उत्साह सहित को अनेक अन्नों के हुतने से इसकी शान्ति [illegible]

† हलोवा अपमूर्ध्वं रेतः सिञ्चति धूमः सन्मुत्नाद्वृष्टिर्भवतीति श्रुतेः

नहीं होती इतभावः।तथा दर्शनीय वा दृश्यमान, अन्य देवता नहीं दीखते यह दीखता है इतिभावः॥२३॥

आविश्वतः॥ प्रत्यञ्चं जिघर्म्यं रक्षसा मनं सातज्जुषेत॥
मर्यश्री स्पृह यद्वर्णो अग्निर्न्नाभि मृशेतन्व्वाजर्भुराणः॥२४॥

हम अग्नि को सब ओडी से सीचते और दीपन करते हैं कैसे को कि सर्वतः आत्मतया प्रतीयमान।वोह अग्नि क्रोधरहित अक्रुध्यमान चित्त से तिस घृत को सेवन करै।कैसा है अग्नि मनुष्यों से सेवित मनुष्यों करि आश्रयणीय।यजमानों करि स्पृहणीय रूप जिस्का। दाहक होने से अभिमर्शन नकरने योग्य, ईदृशी तन्वा ज्वालालक्षण शरीर करि जृम्भत।ईदृश अग्नि को सब ओडी से सीचते हैं इतियोज्यम्॥२४॥

परिवाजपतिः॥ कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्॥ दधद्रत्नानि दाशुषे॥२५॥

का०१६।२।२२। अभ्रि से तीनि वार मृत्पिण्ड को परिलेखन करै परया बहिः—बहिः यथा तथा।परिवाजपति इससे प्रथम लिखे परि त्वेनि तिस से बाहर दूसरें त्वमग्न इति तिस से बाहर तीसरें॥आग्नेयी गायत्री सोमक दृष्टा।यह अग्नि अनेक देवताओं के हवियोंका भक्षण करता हुआ।कीदृशोग्निः कि अन्न का पति पालनकरने वाला क्रान्तदर्शी हवि देनेवाले यजमान के अर्थ रमणीयधनों का दान करिकै हवियों का भक्षण करता हुआ॥२५॥

परित्वा॥अग्ने पुरंम्वयम्विप्रर्ठ० सहस्यधीमहि॥धृषद्वर्णम्दि

वे॑-दि॑वेह॒न्तार॒म्भङ्गु॑रावंताम् ॥२६॥

आग्नेय्यनुष्टप् पायुदृष्टा। हे सहस्य(बलेन मथ्यमान) हे अग्ने हमतु म्है सर्वतः ध्यान करते प्रसारते + हैं। कैसे तुम्है कि पुरी रूप सैस्थित ‡ यद्वा पालन करनेवाला। तथा मेधावी वा ब्राह्मणजाति। प्रगल्भवर्ण असह्य रूप। दिवे-दिवे- प्रतिदिन भङ्गुरावताम् हन्तार भङ्गुरं- भञ्जनीयपापवन्तविघातक राक्षसादि कों यद्वा अनवस्थित चित्तवृत्ति जिन्हों की तिन्हों के विनाश करने वाले को॥२६॥

+ ध्यायतेः सम्प्रसारणंच्छान्दसमित्युक्तम्
‡ आग्नेयपाद्विपुराणांरक्षकत्वात

त्वम॑ग्ने। त्वम॑ग्ने॒ द्युभि॒स्त्वमा॑शुशु॒क्षणि॒स्त्वम॒द्भ्यस्त्वम॒श्मन॒स्परि॑॥ त्वं॒ वने॑भ्य॒स्त्वमोष॑धीभ्य॒स्त्वं नृ॒णां नृ॑पते जाय॒से शुचि॑ः॥२७॥

आग्नेयी जगती- गृत्समददृष्टा। हे नृपते(नरों- मनुष्यों के पालक) हे अग्ने तू द्युभिर्जायसे निमित्तभूत दिनो सै मथ्यमान उत्पन्न होता अर्थात् प्रतिदिन मंथाजाता है यद्वा स्वर्ग की निमित्तभूत तिन-तिन यागशालाओं में जायसे। तू आर्द्र भूमि को शीघ्रही सुखाने वाला यद्वा क्षिप्र दीप्ति करि कै तम का नाश करता वा सनोति सम्भजते आशुशुक्षणिः। तू वर्षधाराओं से विद्युदात्मनी जायते तू पाषाण के ऊपर दूसरे पाषाण के संघट्टन सै जायसे तू अरणि काष्ठों सै जायसे तू दोवंशों के घर्षण से नृणां(मनुष्यों- अग्नि होत्रियों के घरों में उत्पन्न होता- पुत्रोह्येष सन्त्स पुनः पिता भवतीतिश्रुतेः। कैसा है तू कि शुचिः शुद्धि का हेतु- पुनः पाकेन मृन्मयमिति मनु० अध्या० ५० श्लो० ११२० ॥२७॥

अ०२ देवस्यत्वा॥ सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्याम्पूष्णोहस्ताभ्याम्॥ पृथिव्याः सधस्थादग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वत्खनामि॥ ज्योतिष्मन्तन्त्वाग्ने सुप्रतीकमजस्रेणभानुनादीद्यतम्॥ शिवम्प्रजाभ्योहिंसन्तम्पृथिव्याः सधस्थादग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वत्खनामः॥२०॥+

का०१६·२·२२· अभ्रि करिकै कण्डका सै पिण्ड को खनै॥ देवस्यत्वा व्याख्याता ११०· पृथिव्याः आग्नेयं यजुः महीधर मते अत्यष्टि। में पृथिवी के उपरि प्रदेश से पुरीष्य पशव्य-अग्नि को अङ्गिरस-इव खनन करता हूं कैसे अग्नि कि ज्वाला युक्त को। हे अग्ने ऐसे तुम्है पृथिवी के सह स्थान सें अङ्गिरस-इव हम खनन करते हैं। कैसे कोकि सुसुख को। अजस्रेण- अनुपक्षीणनिरन्तर वर्तमान रश्मि करि दीप्यमान को। प्रजोपकारार्थ प्राप्त अत एव हिंसा न करने वाले- को- पुनरुक्तिरादरार्था॥२०॥

अपाम्पृष्ठम्॥ अपाम्पृष्ठमसियोनिरग्नेः समुद्रमभितः पिन्वमानम्॥ वर्द्धमानो महा२ऽ॥ आच पुष्करे दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथस्व॥२१॥

का०१६·२·२४· मृत्पिण्डके उत्तरभाग विषें कृष्णा जिनको प्राग्ग्रीव उत्तर लोम विछाकर तहां अपां पृष्ठमिति पादत्रयात्मक मंत्र सें कमलिनी पात्र को विछावे॥ पुष्करपर्णदेवत्या स्वराट् पङ्क्तिः। हे पुष्कर पर्णतू जलों के ऊपर अवस्थान सें पृष्ठ है अग्न्यर्थ पिण्ड का योनिः- कारण है समुद्रमभितः- उदक का परितः प्रीति करने वाला यद्वा सींचनेवा

+ दे-मू०अ०पृ- मा०३०॥२०॥

ले समुद्र को वर्द्धमान होते महत्त्वभूत हो इति शेषः। और जलमें स
व ओडी से ठहरि यद्वा पुष्कर विषें समन्तात् महत्त्वभूत होते तू वृ
द्धियुक्त है॥ का०१६।२।२४। दिवो मात्रया इस पाद से पुष्कर पर्ण को वि
पुलकरै॥ हे पुष्करपर्ण द्युलोक के परिमाण उरुत्व से तू विस्तृत हो॥२९॥

शर्म च॥ शर्म च स्थो वर्म च स्थो ऽछिद्रे बहुले ऽउभे॥ व्यचस्व
ती संवसाथाम्भृतमग्निम्पुरीष्यम्॥३०॥

का०१६।२।२५। दो ऋचाओं से कृष्णाजिन पुष्करपर्ण का साथ ही स्पर्श
करै॥ कृष्णाजिन पुष्करपर्णे देवत्ये द्वे अनुष्टभौ। हे कृष्णाजिन पुष्क
रपर्णे उभे दोनों तुम अग्नि के सुख कारिणी अपि हो कवच वत् रक्षि
के अपि हो- चौ समुच्चये। कैसे हो तुम कि छिद्र रहिते सकले विस्ती
र्णे अवकाशवती। तथाविधे तुम पुरीष्य (पशव्य- अग्नि) को आच्छा
दन करो और आच्छादन करिके अग्नि को धारण करो॥३०॥

संवसाथाम्॥ संवसाथा स्वर्विदा समीची ऽउरसा त्म
ना॥ अग्निमन्तर्भरिष्यन्ती ज्योतिष्मन्तमजस्रमित्॥३१॥

हे कृष्णाजिन पुष्करपर्णे निरन्तरमेव अग्नि को भीतर में धारण
करनेवाले तुम उरूरूप अपने शरीर से अग्नि को भले प्रकार आ
च्छादन करो कैसे हो तुम कि स्वर्वित्त इति स्वर्विदो यज्ञ सूर्य देवा हवा
ची स्वः शब्दः स्वर्गलाभ साधने ऽइत्यर्थः समीची एकचित्त॥३१॥

पुरीष्योसि॥ विश्वभरा ऽअथर्वा त्वा प्रथमो निरमन्थदग्ने॥
त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत॥ मूर्ध्नो विश्वस्य वा
घतः॥३२॥ पु- ग्ने। अ०त्वा-तः। द्वू०॥३२॥

१६॰२॰२६॰पिण्ड को स्पर्श करै॥ आर्षीउ॰+ अग्निदेवत्या। हे + महीधरमते प्रतिष्ठागायत्री
ने तू प्रशाव्य है सब जगत को धारण करता वा पुष्ट करता है अ
म लोगों से पूर्वभावी अथर्वाख्य ऋषिः वा प्राण तुम्हें निःशेषे
मथता हुआ॥ का॰१६॰२॰२७॰३१॰ दक्षिण से अग्नि को रखिके
हाथों से सब पिण्ड को त्वामग्न इतिषट् ऋचा ओंकरि एक
बार लेके पुष्कर पर्णविषें स्थापन करै॥ अग्निदेवत्यास्तिस्रोगाय
भरद्वाजदृष्टा। हे अग्ने अथर्वा(प्राण) पुष्करात् उदक के सका
से तुम्हें निःशेषेण मथता हुआ+। वाघतः इति ऋत्विङ्नामसुनि
घ॰३॰१८॰पठितम् सब जगत का संबंधि ऋत्विज तुम्हें अरणी के
शिर से निःशेषकरि मथते हुए।यद्वा विश्वस्येतिषष्ठ्येकवचनं प्रथम + व्यत्ययः
बहुवचनार्थे सब ऋत्विज॥ यद्वा ऋचोऽयमर्थः। हे अग्ने अथर्वा-
ख्य ऋषि पद्मपत्र के ऊपर तुम्हें निःशेषेण मथता हुआ कैसें पुष्कर
सै कि मूर्ध्नः उत्तमाङ्गवत् प्रशस्त से सबजग के वाहक से पुष्करपर्ण
अग्नि निर्मन्थन यज्ञनिष्पादन द्वारेण सबजगत को निर्वाह करता है॥३२॥

तमु॑त्वा॥द॒ध्यङ्ङृषिः॑पु॒त्रऽई॑धे॒ऽअथ॑र्वणः॥वृ॒त्र॒हणं॑म्पुर॒न्द॒रम्॥३३॥

हे अग्ने अथर्वण ऋषि का पुत्र दध्यङ् नामक तैसे तुम्हें प्रज्वलित करता हुआ कैसे तुम्हें कि वृत्र(पापी)को मारने वाले पुरन्दर, रुद्र रूपेण असुरसंबंधि तीनों पुरों को विदारण करने वाले को॥३३॥

तमु॑त्वा॥पा॒थ्यो वृषा॒ समी॑धे दस्यु॒हन्त॑मम्॥धन॒ञ्जयꣳर॑णे॑रणे॥३४॥

पाथ्यः-सन्मार्ग वर्ती यद्वा अन्तरिक्ष हृदयाकाशमेंहुआ। सींचनेवाला मन हे अग्ने तुझे संदीपन करताहै† कैसे तुझे कि अतिशयेन-शत्रुओं केहन्ता रणे-रणेतिन-तिनसंग्रामोंमेंधनकेजीतनेवालेको॥३४॥

सीदं होतः॥ सीदं होतुः स्वऽउंलोके चिकित्वान्त्सादयांयज्ञꣳ सुकृतस्ययोनौ॥ देवावीर्देवान्हविषायजास्यग्नेबृहद्यजमानेवयोधाः॥३५॥

आग्नेयीत्रिष्टुप् देवश्रवोदेववाताभ्यांदृष्टा। हे देवताओंके आह्वाता हे अग्ने स्वकीय एवस्थान कृष्णाजिन विषें तू बैठि कैसाहै तू कि अपने अधिकार को जानता किंच सुकृत(कर्म) को यज्ञ केस्थानकृष्णाजिनविषें यज्ञको स्थापन करि ‡। हे अग्ने यतः देवताओंके प्रीति करनेवाले तू हविकरि पूजताहै अतः यजमान विषें बृहत् आयु वा अन्न स्थापनकरि॥३५॥

निहोता॥ होतृषदने विदानस्त्वेषोदीदिवाꣳ॥ऽअसदत्सुदक्षः॥ अदब्धव्रतप्रमतिर्वसिष्ठः सहस्रम्भरः शुचिजिह्वोऽअग्निः॥३६॥

आग्नेयीत्रिष्टुप् गृत्समदृष्टा। अग्नि होमनिष्पादक योग्यस्थान-उत्तर वेदिरूपविषें भले प्रकार बैठताहुआ। कैसाहै अग्नि कि देवताओंका बुलानेवाला। अपने अधिकारकोजानता। दीप्तिवान्। होतृधिष्ण्यादिक में गमनवान्। साधु कुशल क्षिप्रकारी। अनुपहत व्रत(कर्म)जिस्का प्रकृष्टा बुद्धि जिस्की वोह। वस्तृतमः-अपने स्थान मेंअत्यन्त वास करनेवाला। सवजनों को पुष्ट करता। शुचि जिह्वः-

† मनसाहिसर्वंब्रह्मउपलक्ष्यते ब्रह्मपंथा उपलभ्यते अतः पाथ्यः मनसैवानुद्रष्टव्यमितिश्रुतेः मनसैवाभिलष्यस्त्रियाꣳरेतः सिञ्चतीतिवृषाहमनः। मनोवैपाथ्योवृषेतिश्रुतेः शत॰६॰४॰२॰४॰

‡ यज्ञक्रियमाणोऽवघातपेषणसोमनिधानादीनि कृष्णाजिन एवभवन्तीति कृष्णाजिनं सुकृतस्ययोनिः कृष्णाजिनसुकृतस्ययोनिरितिश्रुतेः शत॰६॰४॰२॰६॰

शुद्ध होम योग्या जिह्वा (ज्वाला) जिस्की वोह नाना देवताओं की हवियों का अभ्यवहार करतेभी उच्छिष्ट नहीं करता इतिभावः ॥ ३६ ॥

सꣳसीदस्व महाँ॥ऽअसि शोचस्व देववीतमः॥ विधूममग्नेऽअरुषम्मियेध्य सृज प्रशस्त दर्शतम्॥३७॥

आग्नेयी बृहती प्रस्कण्व दृष्टा। हे मियेध्य (मेध्य यज्ञार्ह) हे प्रशस्त (उत्कृष्ट) हे अग्ने तू पुष्कर पर्ण विषें भले प्रकार बैठि। जोकि तू अनेक क्रतुओं का हेतु होने से महान् है सो तू दीप्त हो। कैसा है तू कि अतिशयेन देवताओं का तर्पण करनेवाला। किंच दर्शनीय अरोचन धूमको छोडि। इतोवा अय मूर्ध्व हं+ रेतः सिञ्चति धूम ꣳ सामुत्र वृष्टिर्भवतीनि श्रुतिः ॥ ३७ ॥

अपोदेवीः॥ अपोदेवी रुप सृज मधुमती रयक्ष्माय प्रजाभ्यः॥ तासामास्थाना दुज्जिहतामोषधयः सुपिप्पलाः॥ ३८॥

का॰ १६॰ ३॰ २ मृत्पिण्ड गर्त विषें जल को सींचे॥ अब्देवत्यान्यङ्कुसारिणी उरो बृहती स्कन्धो ग्रीवी वा बृहती सिंधुद्वीप दृष्टा॥ पूर्वो र्चोऽग्ने इति संबोधन मध्याह्रियते द्यौ रध्वर्युर्वा सम्बोध्यते हे अग्ने यद्वा हे द्यौः वा हे अध्वर्यो देवनशीला जल इस खनन प्रदेश में सर्व ओडी सें सींचो। कैसी है जल कि मधुमती (रसवती आरोग्यदात्री) किसलिये कि प्रजा की आरोग्यता के अर्थ। तिससींची हुई जल के स्थान सुक्षेत्र रूप हमारे खनन प्रदेश से ओषधीएँ समन्तात उगें कैसी हैं ओषधीएँ कि सुपिप्पलाः शोभन है पिप्पल फल जिन्हों के॥ ३८॥

सन्ते॥ वायुर्म्मातरिश्वा दधातूत्तानाया हृदयं यद्विकस्तम्॥

योदेवानांचरसि प्राणथेन कस्मै देवुवषडस्तु तुभ्यम् ॥३९॥

का॰१६॰३॰३॰पिण्डगर्ते में वायु को भरे॥त्रिष्टुप् अर्धं पृथिवी देवत्य मर्धं वायुदेवत्यम्। हे पृथिवी ऊर्ध्वाभिमुख करि अवस्थित तेरा हृदय सदृश खनन स्थान पिण्डाव रूप से विकसित है। तिस स्थानको पूर्वोक्त जल प्रक्षेप और तृणादि पूरण से जैसे पहिले वायु तैसे सम्यक् करै। कैसा है वायु कि मातरिश्वा सब प्राणियों की अवछेदकरने वाली अन्तरिक्ष विषें चलनेवाला। एवं पृथिवी को कहि वायुसें कहता है—हे देव द्योतनादि गुणयुक्त वायो जो तू अग्न्यादिक देवताओं के विषें प्राणभाव करि चलता है कस्मै प्रजापतिरूप तेरे अर्थ यह पृथिवी वषट्कृता हो॥३९॥

सुजातोज्योतिषा॥सह शर्म्मवरूथमासदत्स्वः॥वासोअग्ने विश्वरूपꣳ संव्ययस्वविभावसो॥४०॥

का॰१६॰३॰५॰बिछाए हुए कृष्णाजिन पुष्कर पर्ण के प्रान्तों को ऊंचे करै॥अग्नि देवत्या नुष्टुप्। भले प्रकार उत्पन्न यह अग्नि अपने तेज के साथ सुख जैसे हो तैसे स्वर्ग सदृश वरणीय कृष्णाजिननिर्मित घरको प्राप्त हो॥का॰१६॰३॰६॰वासोऽअग्ने इस उत्तरार्धसे ऊंचे किये कृष्णाजिन पुष्कर पर्ण के सिरे ओं को मुञ्ज योक्त्र करि बांधै॥ हे विभावसो दीप्तिधनवाले हे अग्ने बहुप्रकार रूप विचित्र वस्त्र कृष्णाजिन रूप को भले प्रकार धारण करि॥४०॥

उदुतिष्ठ॥स्वध्वरावानो देव्याधिया॥दृशेचभासा बृहता सुशुक्वनिराग्ने याहि सुशस्तिभिः॥४१॥

का॰ १६॰३॰७॰ तिसपिण्ड को लेकर उठै ॥ अग्नि देवत्या पथ्या बृहती
र्षी दृष्टा। हे शोभन यागनिर्वाहक हे अग्ने उठि और उठिक
र देवनस्वभावक्रीडा परायण बुद्धि से हमें पालन करि। किंच हे अग्ने
कीर्ति सहित यद्वा साधु अभ्र करि आ। क्या करने को कि जो
तेज से सब प्राणियों के देखने को कैसा है तू कि रश्मिओं का प्रस
। आ अग्ने याहीति पदच्छेदः ॥४१॥

ऊर्ध्वऽऊषुणः॥ ऊर्ध्वऽऊषुणऽऊतये तिष्ठा देवो न सवि
ता॥ ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघद्भिर्विह्वया
महे॥४२॥

का॰ १६॰३॰८॰ ऊंचीबाहुओं प्राञ्चपिण्ड को लेवै॥ अग्नि देवत्योपरि
बृहती कण्वदृष्टा। हे अग्ने हमारी रक्षा के अर्थ ऊर्ध्व एव (सुत
र) अवस्थित हो। कैसे कि जैसे सविता देवता ऊर्ध्व हो हमें रक्षा कर
ता है तद्वत् तू ऊंचा होकर अन्न का दाता हो इति शेषः दानविषै जिस
कारण से अञ्जिभिर्वाघद्भिः हव्यवाहक ऋत्विजों सहित तुम्हें विविधि
आह्वान करते हैं तिस कारण ऊर्ध्व एव तिष्ठ, यद्वा अञ्जिभिः हव्यों
की व्यञ्जक रश्मियों सहित तुम्हें बुलाते हैं कैसी अञ्जियों करि कि
हविवोढार॥४२॥

सजातः॥ सजातो गर्भोऽअसि रोदस्योरग्ने चारुर्विभृतऽ
ओषधीषु॥ चित्रः शिशुः परितमांस्यक्तून्प्रमातृभ्यो
ऽअधि कनिक्रदद्गाः॥४३॥

का॰ १६॰३॰९॰ पिण्ड को नीचें उतारि नाभि के ऊपर हाथों से रखि

अश्व॰ गर्दभ॰ अज॰ को सजातः ४२॰ ४३॰ ४४॰ इन तीनों मंत्रोंसे क्रम पूर्वकएक-एक को देखि एक-एक मंत्र को जपै॥ अश्व देवत्या त्रिष्टुप्त्रित दृष्टा। अश्व मग्नी कृत्य स्तौति,हे अग्ने सो तू द्यावा पृथिवीके गर्भ में हो यहां उत्पन्न हुआहै। कैसाहै तू शोभन पूज्य देनेयोग्या पुरोडाशादि लक्षण ओषधीओंमें विहृत। नाना वर्णी ज्वालाओं सें विचित्र रूप। ऐसै उत्पन्न होनें के कारण शिशुवा शंसनीय। रात्र्युपलक्षित तमों को नाश करता माताओं(ओषधि बनस्पतिओंके सकाश सें अत्यन्त शब्द करता प्रकर्षें सें आ॥४३॥

स्थिरो॑भव॥ वी॒ड्व॑ङ्ग आ॒शुर्भ॑व वा॒ज्य॑र्वन्॥ पृ॒थुर्भ॑व सु॒षद॒स्त्व
म॒ग्नेः पु॑रीष॒ वाह॑णः॥४४॥

रासभ देवत्या त्रुष्टुवुष्णिग्वा। हे अर्वन् गमन कुशल चलन रहित होते तू दृढ काय हो। वेग वान् होकर अन्न का हेतु हो। विस्तीर्ण होते अग्निका सुखासन(स्वास्थेय)हो। कैसा है तू कि पुरीष वाहणमृदा का वहाने वाला वा पशव्य यवस का वहाने वाला॥४४॥

शि॒वो भ॑व॥ प्र॒जाभ्यो॒ मानु॑षीभ्य॒स्त्वम॑ङ्गिरः॥ मा द्यावा॑
पृथि॒वी अ॒भि शो॑ची॒र्मान्तरि॑क्ष॒म्मा वन॒स्पती॑न्॥४५॥ +

अज देवत्या पथ्या बृहती। अङ्गिरा ऋषियों से पूर्व सम्पादित होने वा अङ्गसौष्टवात् अङ्गिरा अग्नि तिस का संबोधन हे अङ्गिरः अग्नि रूप अज + मनु की संवंधी प्रजा के अर्थ तू शान्त हो। किंच द्यावा पृथिवी को मत संताप करि तथा अन्तरिक्ष को मत संताप तथा बनस्पतियों कोमत संता०॥४५॥

+ प्रजाभ्यः सर्वाभ्यो मृड॥ १२॰ ४॰ ४॰

प्रैतु॥ वाजीकनि क्रदन्नानेदद्रासभः पत्वा॥ भरन्नग्निम्पुरीष्यम्मापाद्यायुषः पुरा॥ वृषाग्निम्वृषणम्भरन्नपाङ्गर्भꣳ समुद्रियम्॥ अग्नऽआयाहि वीतये॥ ४६॥ +

का॰ १६॰ ३॰ १०॰ अश्वादिकों के ऊपर मृत्पिण्ड को रखै तिन्हों को अस्पर्श करते प्रैतु वाजी इस से अश्व के ऊपर वृषाग्नि इस से खर के ऊपर इति सूत्रार्थः॥ महापङ्क्तिस्त्र्यवसाना आद्यावर्धर्चावश्व देवत्यौ तृतीयोऽर्धर्चो रासभ देवत्यः। अश्वः प्रकर्षेण चलै क्या करिकै कि अत्यन्त हींसन करि और रासभ भी यवसवाहन के अर्थ प्रकर्ष करि चलै क्या करिकै कि नानदत् सोपहास मुच्यते-गर्दभ रटितेन सब दिशों को नादित करि कैसा है रासभ कि पतनशील। किंच यह अश्व पशव्य अग्नि को धारण करता कर्म के पूर्व मतनाश को प्राप्त हो अर्थात् कर्म समाप्ति पर्यन्त जीऔ ǂ॥ अथ रासभ मन्त्रः। सींचने वाला रासभ अग्नि को धारण करते प्रकर्षेण गच्छतु इति शेषः कैसे अग्नि को कि सींचने वाले फलाभिवर्षणसमर्थ को- आहुति परिणमेनेतिभावः। अपां गर्भम्- जल मध्येऽवस्थित वा मेघस्य जलों के मध्य में विद्युद्रूप को। समुद्रियम् समुद्र विषें वडवाग्नि रूप से उत्पन्न यद्वा समुद्रे अग्नि चयन में उत्पन्न तिसको- त्रयोह वै समुद्रा अग्निर्यजुषां महाव्रतꣳ साम्नां महदुक्थमृचामिति॥ का॰ १६॰ ३॰ ११॰ अग्ने इस मन्त्र करि रासभ से पिण्ड को लेकर ऋतꣳ सत्यं इस मन्त्र करि अज के ऊपर पिण्ड को रखै परिवृते निधान पर्यन्तमिति सूत्रार्थः॥ एकपदा गायत्री अग्नि देवत्या। हे अग्ने हवि भक्षण के अर्थ-

ǂ आयुःशब्देन मृत्याकर्मात्मकम्। यत्रसम्बन्धेनैवाश्वादीनां स्तुतिः क्रियते

+ अश्वमन्त्रे रासभो पादानं रासभो ह्यसावश्वतरस्यान् श्रुतिः पर रासभ उभिरासभमितिराह तद्रासभे प्रयुङ्क्ते दध्वातीति श्रुत॰ ६॰ ४॰ ३

+ पै- मृ॰ अ॰ अ- पी॰ दू॰॥ ४६॥

आगमनकरि॥४६॥

ऋतꣳसत्यम्॥ ऋतꣳ सत्यमृतꣳसत्य मग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वद्भरामः॥ ओषधयः प्रतिमोदध्वमग्निमेतꣳशिवमायन्तमभ्यत्रयुष्माः॥व्यस्यन्विश्वाऽअनिराऽअमीवान्निषीदन्नोऽअपदुर्म्मतिंजहि॥४७॥†

अग्निदेवत्याद्वा-गा॰ऋतसत्य शब्दों से आदित्य अग्नि विवक्षितहैं ऋत॰आदित्य॰सत्य॰अग्नि॰ताद्दश उभय रूप अग्निको आहरण करताहूं इतिशेषः।ऋतꣳसत्यमिति द्विवचनमादरार्थम्॥का॰१६॰३॰१३॰ देव पितृकार्यविमुख अनड्वापुरुषतिसेअध्वर्युदेखेपूर्ववत्जलतीहुई आहवनीय अग्निके पासमें स्थित॥आग्नेयी सा-गा॰अपशव्य अग्निको अङ्गिरस-इव हरण करते हैं।का॰१६॰३॰१४॰उखा सम्भरणार्थे उद्धृत आहवनीयके उत्तर में पूर्वमेव किये परिवृत्त आच्छादित प्रदेश विषें ओषधयः इन मन्त्रों से पिण्ड को स्थापनकरै॰कैसे परिवृत्त में कि उद्धत कृतोल्लेखन अवीक्षित पूर्वद्वार सिकताकरिव्याप्त में इति॥त्रिष्टुबनुष्टुभावोषधिदेवत्ये व्यस्यन्नित्यर्द्धर्चौऽग्निदेवतः। हे ओषधयः तुम इस अग्नि को अभ्युत्थानादिसे प्रति हर्षित करौ। कैसे अग्नि को कि शान्त। इस प्रदेश में स्थित तुम को अभिमुखी करि आतेहुए को। एव मर्धर्चेनोषधीरुक्त्वाग्निमाह। हे अग्ने तू यहां निविशमानहुआ सब हमारी दुर्मति दुर्बुद्धि-नास्तिदत्तं नास्तिहुतं को दूरि करि अतिवृष्ट्यादिकों ओ व्याधियों को निकालकरि॥४७॥

† ऋ-मृ॰अ॰।अ-म॰।इ॰।ओ-हि।उ॰॥४७॥

ओषधयः प्रति॥ गृभ्णीत पुष्पवतीः सुपिप्पलाः॥ अयम्वो गर्भऽ ऋत्वियः प्रत्नꣳ सधस्थमासदत्॥ ४८॥

हे ओषधी औ इस अग्नि को स्वीकार करो। तुम कैसी हो कि पुष्प[illegible] प्रशस्त पुष्पोंसेवा: शोभन फल वाली। किंच प्राप्त काल तुम्हारा [illegible]हो के यह अग्नि पुरातन गर्भ योग्य स्थान को प्राप्त हुआ है॥४८॥

विपाजसा पृथुना शोशुचानो बाधस्व द्विषो रक्षसोऽअमीवाः॥ सुशर्म्मणो बृहतः शर्म्मणि स्यामग्नेरहꣳ सुहवस्य प्रणीतौ॥४९॥

का॰ १६॰ ३॰ १५॰ विपाजसा इस मन्त्रसे कृष्णाजिन बद्ध पिण्डको खो[illegible] छाग के रोमले अश्वादिक पशुओं को ईशान दिशा प्रतिछोडे॥ अग्नि देवत्या त्रिष्टुबुत्कीलः कात्य दृष्टा। हे अग्ने शत्रुओं राक्षसों और व्याधिओं को तू विशेष करि निवर्त्तन करि कैसा है तू कि विस्तीर्ण बल करि अत्यन्त दीप्यमान। एव प्रत्यक्षमुक्त्वा परोक्षमाह अग्नि की अभ्यनुज्ञा(परिचर्या में वर्तमान हम शरण वा सुख को प्राप्त हों। कैसी अग्नि के कि शाधु सरणवा शोभन सुख वाले। और। सुखेन आह्वान करने समर्थ के॥४९॥

अ॰ ५ आपोहि॥ष्ठामयो भुवस्तानऽऊर्ज्जे दधातन॥महेरणाय चक्षसे॥५०॥

का॰ १६॰ ३॰ ३६॰ पलाशत्वक् कथित जल को पिण्ड पै तीन ऋचाओं से डाले॥ अब्देवतास्तिस्रोगायत्र्यः सिन्धुद्वीप दृष्टाः॥ हि शब्द [illegible]र्थः प्रसिद्ध्यर्थोयस्मादर्थोवा। हे जल तुमही सुखकी भावयित्री प्राप्त करने वाली हो। जिसकारण से सुखकी भाव यित्री हो वास्ता

न पानादि का हेतु होनेसें जलका सुखोत्पादकत्व प्रसिद्ध है। तैसी तुम हमें भव दीय रसानु भावार्थ स्थापन करौ जैसे हम सब भोग्यर सों के भोक्ता होंवे तैसें हमें करौ इतिभावः। किंच बडे रमणीय दर्शन के अर्थ स्थापन करौ मह द्रमणीय दर्शन ब्रह्म साक्षात्कार लक्षण वोह हमारा करौ- हमें ब्रह्म साक्षात्कार योग्य करौ इतिभावः॥यस्मिन् ज्ञाते सर्वं विज्ञातं स्यादिति छान्दोग्य श्रुते॥५०॥

योवः॥शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेहनः॥उशतीरिव मातरः॥५१॥

हे जल तुम्हारा जो शान्त तम सुख का हेतु रस है इस कर्म वा इसलोक में स्थित हमें तिस रस के भागी करौ तिस रस को प्राप्त करौ इतिभावः। तत्र दृष्टान्तः प्रीतियुक्ता माता जैसे अपने स्तन का रस बालक को पिलाती हैं तद्वत्॥५१॥

तस्माऽअरंम्॥गमामवो यस्य क्षयाय जिन्वथ॥आपो जनयथाचनः॥५२॥

हे जल तुम संबंधि पर्याप्ति रस विशयक वै तृप्ति वा सदा तृप्ति तिसे हम चलते हैं। निवास, जगत के आधार भूत जिस आहुति परिणाम भूत रस के एक देश करि तुम ब्रह्मादि स्तम्ब पर्यन्त जगत् को जिन्वथ तर्पण करते हो जिन्वतिः प्रीति कर्मा पश्चाहुति क्रमेणेतिभावः। किंच हे जल हमें तत्र भोक्तृत्व करि सम्पादन करौ तिस रस के भोक्ता हमें करौ इत्याजान देव माशास्यते इतिभावः। यद्वास्यान्वयोऽयमर्थः। जिस के निवास करि तुम प्रसन्न होते हो तिस रस की

के अर्थ तुम्हें अतिशय हम प्राप्त होने हैं किंच हे जल तुम हमें
समर्थ करो॥५२॥

मित्रः सᳬसृज्य॥ पृथिवीम्भूमिञ्च ज्योतिषा सह॥ सुजात
ञ्जातवेदसमयक्ष्माय त्वा सᳬसृजामि प्रजाभ्यः॥५३॥

का॰१६·३·१८· अजके आदिले पहिलें ग्रहणकिये लोम तिन्हों करि पिण्ड को मिश्रित करे॥ मित्रदेवत्योपरिष्टाद्बृहती। मित्रः आदित्य देवता द्युलोक और इस मृत्पिण्ड रूपा भूमि को अज के लोमों से एकी करि मुझ अध्वर्यु के अर्थ देवे इति शेषः॥ और मैं शोभनोत्पन्न तुम जात वेद जातप्रज्ञान अजलोमाख्य अग्नि को मृत्पिण्ड सें एक कर्त्ता हूं किमर्थं कि प्रजा के रोग के अभाव के अर्थ॥५३॥

रुद्राः सᳬसृज्य॥ पृथिवीम्बृहज्ज्योतिः समीधिरे॥ तेषा
म्भानुरजस्र इच्छुक्रो देवेषु रोचते॥५४॥

का॰१६·३·१९· सूक्ष्म सिकता लोह किट्ट पाषाण चूर्णसे पिण्डको मिश्रित करे॥ रुद्रदेवत्यानुष्टुप्। जे रुद्र पार्थिव पिण्ड को सूक्ष्म सिकता लोह किट्ट पाषाण चूर्ण से एकी करि कै प्रौढ अग्नि (उषास्य अग्नि) को भले प्रकार दीपन (पालन) करते हुए। तेषां फल माह तिन रुद्रों की शुद्ध दे दीप्यमान अनुपक्षीण एव देवताओं के मध्य में दीप्ति प्रकाश करती है॥५४॥

सᳬसृष्टाम्वसुभी रुद्रैर्धीरैः कर्म्मण्याम्मृदम्॥ हस्ताभ्याम्मृ
द्वीङ्कृत्वा सिनीवाली कृणोतु ताम्॥५५॥ ॥५५॥

का॰१६·३·२०· तीनि ऋचाओं से मृत पिण्ड को भले प्रकार दुला

वे॥ द्वे सिनी वाली देवत्ये तृतीया दिति देवत्या तिस्रो नुष्टुभः॥सिनी वाली चन्द्र कला युक्ता मावास्याभि मानिनी देवता मृदाको हाथों से कोमल करि के फिरि तिस मृदा को उखा कर्म योग्याकरै कैसी मृदा को कि बुद्धिमान वसु और रुद्रों से सेवित वा सूक्ष्म सिकतादि करि संयोजित॥५५॥

सिनीवालीसुकपर्द्दा॥सुकुरीरास्वौपशा॥सातुभ्यमदिते मह्योषान्दधातुहस्तयोः॥५६

हे अदिते (अदीना॰ देवमातः) हे महति पूर्व मन्त्रोक्ता सिनी वाली तू हाथों में उखा को स्थापन कीजियो। कैसी है सिनीवाली कि सुकपर्द्दा शोभन स्त्रियों के उचित केशबन्धवाली। सुकुरीरा स्त्रियों से शृङ्गारार्थ शिर में धार्य मान शोभन कनकाभरण युक्ता॰सुमुकुटा। स्वौपशा शोभन शयन विदग्ध विलास चतुर औपश॰ अवयव समूह जिस के वोह॥५६॥

उखाङ्कृणोतु॥उखाङ्कृणोतु शक्त्या बाहुभ्यामदितिर्धिया॥ माता पुत्रं यथोपस्थे साग्निम्बिभर्तु गर्भ॰आ॥मखस्य शिरोसि॥५७॥ उ॰आ॥अ॰।म-सि।इ॰॥५७॥

अदिति सामर्थ्य और बुद्धि हाथों से उखा को करो सो कीहुई उखा मध्य भाग में समन्तात् अग्नि को धारण करै तत्र दृष्टान्तः जैसे जननी उत्सङ्ग विषे पुत्र को धारण करती है तद्वत्॥ का॰ १६॰३॰३३॰ यजमान पत्नी के तिस पिण्ड से मृदाको ले द्वादशाङ्गुलि स्थान लिखित आषाढसंज्ञक इष्टका करते यजमानपिण्डसे

मृदाले आपही उखाकरै एक पशुपक्षे प्रादेशायामविस्तारोर्ध्वोच तुरस्रा पञ्च पशुपक्षे त्रिभागोन त्रयोविंशति अङ्गुल आयाम विस्तारा ऊर्ध्वा प्रादेशेनैव इति॥ मृत्पिण्ड देवत्यं या-गा॰ हेमृ त्पिण्ड तू यज्ञका शिर है †॥५७॥

वसवस्त्वा॥ कृण्वन्तु गायत्रेण छन्दसाङ्गिरस्वद्ध्रुवासि पृथिव्यसि धारया मयि प्रजाᳬं रायस्पोषङ्गौपत्यᳬं सुवीर्य्यᳬं सजातान्यजमानाय रुद्रास्त्वा कृण्वन्तु त्रैष्टुभेन छन्द साङ्गिरस्वद्ध्रुवास्यन्तरिक्षमसि धारया मयि प्रजाᳬं रायस्पोषङ्गौपत्यᳬं सुवीर्य्यᳬं सजातान्यजमानायादित्यास्त्वा कृण्वन्तु जागतेन छन्दसाङ्गिरस्वद्ध्रुवासि द्यौरसि धारया मयि प्रजाᳬं रायस्पोषङ्गौपत्यᳬं सुवीर्य्यᳬं सजातान्यजमानाय विश्वे त्वा देवा वैश्वानराः कृण्वन्त्वानुष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वद्ध्रुवासि दिशोऽसि धारया मयि प्रजाᳬं रायस्पोषङ्गौपत्यᳬं सुवीर्य्यᳬं सजातान्यजमानाय॥५८ †

का॰१६॰३॰२६॰ यजमान मृदा को उखा तल के लिये प्रादेशमात्र चौडावै॥ उखा देवत्यानि अ॰इ॰ त्र॰ यजूᳬंषि उ॰ ब्रा-अ॰ हे उखे वसवः देवविशेषाः गायत्री छन्द करिकै तुझे जैसे अङ्गिरस मुनियोंने किया तैसै करें यतः तू की हुई स्थिरा है और पृथिवी है अतः तुझे वाञ्छि बनाताहूं। हे उखे मुझ यजमान विषें पुत्रादि प्रजा को स्थापन करि और धन की पुष्टि को स्थापन करि गोपतित्व धनस्वामित्व को मुझ-करि शोभन वीर्य (वीरकर्म) को मुझ-करि समानोदरोत्पन्न

† शतपथब्राह्मणमसिशिरसकृष्णादिहाधिकशेष पाशिरः प्राणः

† व-प।अ॰।रु-प।इ॰।आ-प।उ॰।वि-य।त्र॰।५८॥

न्त भाइयों को सुखकरि॥ का०१६·३·२७·चौडे करने के अनन्तर चौडे तल के सब प्रान्तों को ऊंचे लेकरि प्रथमपिण्डिका के अन्त से जोडे॥ हे उखा रुद्राः त्रिष्टुप् छन्द करि के तुम्हे करें तू अन्तरिक्ष रूपा है इति विशेषः पूर्ववत्॥ का०१६·३·२८·तिस उखा को पतली मृदा से लीपि कर जल से चिकनाय द्वितीयपिण्डिका को पूर्व पिण्डिका के ऊपर जोडे॥ आदित्याः देवा जगती छन्द करि तुम्हे करें तू द्यो रूपा है विशेषः शेष व्याख्या प्राची॥ का०१६·३·२९·पूर्वोक्त माना पहिले न पाने की उखा करै॥ वैश्वानराः सबनर लाते हैं वा सब नरों को लाने वाले वा सब नरों के संबंधी वा सब नरों से हित ऐसे सब देवता हे उखे तुम्हे अनुष्टुप् छन्द से करें और की हुई तू दिग्रूपा है शेषं तुल्यम्॥५८

अदित्यै रास्नासि । अदितिष्टे बिलं गृभ्णातु॥ कृत्वाय सा मही मुखाम्मृन्मयीं योनिमग्नये॥ पुत्रेभ्यः प्रायच्छददितिः श्रपयानिति॥५९॥ अ-सि।अ०।अ-तु।कृ०।क्र-ति।उ०॥५९॥

का०१६·३·३०· उखा के ऊर्ध्व मान को तीन विभाग करि ऊपर के तीसरे भाग में सर्वत्र मृन्मयी मेखला करै और तल से मेखलान्त प्रति दिशा चतुर्दृत्ती आगे मेस्तन युक्ता करै॥ रास्ना देवत्यम् या-गा०हे रेखे तू अदिति रूपा उखा की काञ्ची गुण स्थानीया (करधनी) है। का०१६·४·३· उखा के मुख को स्पर्श करै॥ उखा देवत्यम् या-द्व०हे उखे अदिति देवमाता तेरे बिल (मध्य) को ग्रहण करै॥ का०१६·४·४· एवं उखा को निष्पादन करि भूमि विषें स्थापन करै॥ अदिति देवत्या उष्णिक्+ सा पूर्वोक्ता अदिति उखा को निष्पादन करि पुत्रों (देवताओं) से यह क

+ उष्णिगनुष्टुब्वा महीधरः

[illegible] देवी हुई यह कया कि हे पुत्र श्री इस उखा को तुम तपा श्री कैसी उ[illegible] कि बड़ी मूलकार्य भूत। अग्नि की (के अर्थ) स्थान भूता॥ ५९॥

वसं वस्त्वा॥ धूपयन्तु गायत्रेण छन्दसाङ्गिरस्वद्रुद्रास्त्वा धूपयन्तु त्रैष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वदादित्यास्त्वा धूपयन्तु जागतेन छन्दसाङ्गिरस्वद्विश्वेत्वा देवा वैश्वानरा धूपयन्त्वानुष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वदिन्द्रस्त्वा धूपयतु वरुणस्त्वा धूपयतु विष्णुस्त्वा धूपयतु॥ ६०॥ +

का॰ १६.४.८. दक्षिणाग्नि विषें प्रदीप्त सप्त अश्व लेण्डों से उखा को प्रति मंत्र करि अध्वर्यु धूपन करै धूमाय मान एक-एक अश्व लेण्ड-को लेकर एक-एक मन्त्र से उखा के भीतर और बाहिर में भ्रमावे॥ सप्त यजूंष्युखा देवत्यानि १.३. आर्षी गा॰ २.४. यजुषी ५.७. या-उ॰६ प्रा-गा॰। हे उखे आठो वसु गायत्री छन्द करि अङ्गिरस-इव तुम्हें धूपयन्तु, अश्व शकृज्जन्य धूप से संस्कार करें। एकादश रुद्र त्रिष्टुप् छन्द करि तुम्हें॰-करें। आदित्या जगती छन्द करि॰। सब नरों के हितसब देवता अनुष्टुप् छ॰। इन्द्र तुम्हें संस्कार करै वरुण और विष्णु शेषं पूर्ववत् सुगमम्॥ ६०॥

का॰ ६ अदितिष्ट्वा॥ देवी विश्वदेव्यावती पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वत् खनत्ववट देवानान्त्वा पत्नीर्देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वद्दधतूखेधिषणास्त्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वदभीन्धतामुखे वरूत्रीष्ट्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिर

+ व-त॰। अ॰। रु- त्र॰। इ॰। आ- ग्र॰। उ॰। वि- त्र॰। क॰। इ- तु॰। ल॰। व- तु॰। अ॰। वि- तु॰। इ॰। ६०॥

स्व छ्रूपयन्तूखेग्नास्त्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सध
स्थे ऽअङ्गिरस्वत्पचन्तूखेजनयस्त्वाच्छिन्नपत्रा देवीर्विश्व
देव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे ऽअङ्गिरस्वत्पचन्तूखे॥६१॥

का॰ १६.४.७. अषाढ उखा विश्वज्योति ओं के पाकार्थ अभ्रि से चतुरस्र गर्त खोदे॥ आर्षी त्रि॰ अवट देव॰। हे गर्त्त अदिति देवी पृथिवी के ऊपरि भाग में तुम्हे खनें जैसे अङ्गिरों ने तू खोदा तद्वत्। कैसी है अदिति कि सव देवताओं का समूह विद्यमान है जिस में वा श्रेष्ठ समस्त देवता इसमें हैं॥ का॰ १६.४.११. अधो मुख उखा को आषाढ के उत्तरतः गर्त में स्थापन करे॥ पञ्चयजूंष्युखा देवत्यानि १.२. प्रा॰ त्रि॰ ३. आर्षी त्रि॰ ४ आर्षी अ॰ ५ आर्षी पं॰। समस्त देवताओं सहित देवताओं की पत्नी दीप्यमाना ओषधीएँ † पृथिवी के ऊपर अङ्गिरसः इव हे उखे तुम्हे स्थापन करें १॥ का॰ १६.४.१२. उखास्थापन के अनन्तर विश्वज्योति को चुप के गर्त में रख अपण से सवों को ढक दक्षिणाग्नि से लाई वन्हि करि उखा को दीपन करे॥ विश्वदेव युक्ता वागभिमानिनी देवीएँ पृथिवी के ऊपर हे उखे अङ्गिरस इव तुम्हे समंतात् दीपन करें॥२॥ का॰ १६.४.१४. सामर्थ्य से उखा के ऊपर स्थित अपण में छिद्र करिके तिस से उखा को देखता तीनि यजुषीओं को जपे॥ विश्वदेव युक्ता वरूत्री * अहोरात्राभिमानिनी देवएँ पृथिव्या ऊपरि अङ्गिरस इव हे उखे तुम्हे अर्पे, पच्यमानता को सम्पादन करें॥३॥ विश्वदेवयुता ग्ना ‡ देवीएं छन्दोभिमानी देवता पृथिवी के ऊपर पचें॥४॥ जनय ** नक्षत्राभिमानी देवी

देवपत्नीशब्देनौषधयः तथा च श्रुतिः ओषधयो वै देवानांपत्न्य इति शत॰ ६.५.४.४.

* श्रुतेर्वरूत्रिशब्देनाहोरात्राणि शत॰ ६.५.४.६. अहोरात्राणि वै वरूत्र्यो ऽहोरात्रैर्हीदं सर्वं वृतमिति –

† अ-ट। भू॰। दे-खे। इ॰। धि-खे। उ॰। व-खे। अ॰। ग्ना-खे। ल॰। ज-खे। आ॰॥ ६१॥
‡ छन्दांसि ह वै ग्ना छन्दोभिर्हि स्वर्गंलोकं गच्छन्तीति शत॰ ६.५.४.७. श्रुतेर्ग्नाशब्देन छन्दांसि
** नक्षत्राणि वै जनय इति शत॰ ६.५.४.८.

हे उखे तुझे पचें कैसी हैं जनय: कि अछिन्न है पतन जिन्हों का०सि स्पष्टम्॥५॥६१॥

मित्रस्य चर्षणी धृतः॥ मित्रस्य चर्षणी धृतोवो देवस्य सानसि॥
द्युम्नश्चित्र श्रवस्तमम्॥६२॥

का० १६.४.१५. अपण को पाकान्त डाले॥ मित्र देवत्या गायत्री विश्वा दृष्टा। मित्रस्य० आदित्य के अवः रक्षण द्युम्नं यशवा अन्न को स्तुति वा याचना करते हैं इतिशेषः। कैसे मित्र के कि मनुष्यों के धारण करनेवाले दीप्यमान। कैसे अवः को कि सनातन वा फल दान शील। कैसे द्युम्न को कि चित्रश्रवस्तमं अतिशयेम अने कों से सुनते हैं अत्यन्त श्रवणीय प्रार्थना करते हैं इतिभावः॥६२॥

देवस्त्वा सवितो द्वपतु सुपाणिः स्वङ्गुरिः सुबाहुरुत शक्त्या॥
अव्यथमाना पृथिव्यामाशा दिश आपृण॥६३॥

का० १६.४.१८.१९. भस्मी भूत अपण को उखा से परें सरकावे॥ सवितृ देवत्या वृहती। हे उखे सविता देवता अपनी सामर्थ्य और बुद्धि से तुझे अपण से प्रकाशी करे। कैसा है सविता कि शोभन हैं हाथ जिसके शोभन हैं करस्था अंगुली जिसकी। शोभन हैं भुजजिसके॥ का०१६.४.१९.२०. अव्यथमना इति अपण को सरकाय अषाढा को बाहिर निकाल उखा को ऊर्ध्व मुखी करे॥ हे उखे सविता से निकाली हुई व्यथा को अनाप्नुवन्ती पृथिवी में स्थित हुई तू प्राच्यादि दिशा और आग्नेयादि विदिशाओं को समन्तात् पूर्ण करि आहुति रस करि के इतिशेषः॥६३॥

उत्थाय बृहती ॥ भवो ईतिष्ठ ध्रुवा त्वम् ॥ मित्रैतां त ऽ उखा
म्परिदिदाम्य भित्या ऽ एषा माभेदि ॥ ६४ ॥

का॰१६॰४॰२१॰२२॰ हाथोंसे उखा को ले पाक से ऊपर निकाले ॥ बृ
हती पूर्वोऽर्धर्च उखादेवत्य: उत्तरार्धो मित्र देवत्य: । हे उखे तू उठि ब्र
स अवस्थैवाहि एआ आ करवडी हो तत: उत्तिष्ठ अपने कर्म में प्रवर्त हो
यत: तू स्वभावत: स्थिरा है । उकार: पादपूरण: ॥ का॰१६॰४॰२२॰ हाथमें
ग्रहणकी उखा को उत्तरत: पूर्व स्थापित किसी पात्र में स्थापन करै ॥ त
त: विश्वज्योतिका चुपके से उद्वपन है ॥ हे मित्र सर्व प्राणियोंके हितकारि
न्देव इस उखाको तुम्हें परित्राण के अर्थ देताहूं किमर्थ कि तिस के अभेद
नार्थ । और यह उखा तुम करि ग्रहण की हुई विदीर्ण मत हूजियो ॥ ६४ ॥

वसं वस्त्वा ॥ वसं व स्त्वाछृन्दन्तु गायत्रेण छन्दसाङ्गिरस्वद्रुद्रा
स्त्वाछृन्दन्तु त्रैष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वदादित्यास्त्वा छृन्दन्तु जा
गतेन छन्दसाङ्गिरस्वद्विश्वेत्वा देवा वैश्वानरा ऽ आछृन्दन्त्वा
नुष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वत् ॥ ६५ ॥ +

का॰१६॰४॰२३॰ चारि मन्त्रों से चारि वार अजा दुग्ध को उखा में ओजे ॥
उखा देवत्यानि चत्वारि १॰सा-अ॰+२॰३॰४॰ यजूꣳषि । हे उखे इत्यादि चा
रों मन्त्रों का अर्थ काण्डी ६॰ वत् परन्तु वो हां धूपयन्तु यहां आछृन्दन्तु
सब ओंडी से सींचें ॥ ६५ ॥

+ऋचा-मात्रेण

आकूतिमग्निम् ॥ प्रयुजꣳ स्वाहा मनो मेधामग्निं प्रयुज
ꣳ स्वाहा चित्तम्विज्ञातमग्निम्प्रयुजꣳ स्वाहा वाचो विधृति
मग्निं प्रयुजꣳ स्वाहा प्रजापतये मनवे स्वाहाग्नये वैश्वानर

+ व-त् । औ-त् । रु । आ-त् । उ । वि-त् । ऋ॰ ॥ ६५ ॥

य स्वाहा ॥६६॥ आ-हा।प्र०म-हा।दृ०चि-हा।उ०वा-हा।ऋ०क-हा।ल०

का०१६.४.३०. एवं उखा सम्भरण को समाप्त करि और अन्य इष्टका करिकै फाल्गुण अमावास्या में दीक्षा करि उद्ग्रभण होम काल में प्राकृत सोम याग में किये आकूत्यै प्रयुजेऽग्नये स्वाहेत्यादि ४.७. पांच उद्ग्रभणों को होमिकै अग्निचयन सम्बन्धी सात उद्ग्रभण मंत्रों को प्रति मन्त्र होमैं ॥ सप्तोद्ग्रभण संज्ञानि लिङ्गोक्त देवत्यानि १.५.६.या-पं०२ या-त्रि०३.४.या-ज०। अस्मदीय: संकल्प अग्निचयनानुष्ठान विषय तिस संकल्प प्रेरक अग्नि को उद्देश करि स्वाहा सुहुतमस्तु॥१॥मन: २ वाच:३ चित्तं ४ स्पष्टानि॥ मन्वन्तरकारी प्रजापति के अर्थ स्वाहा॥५॥ समस्त नरों के अनुग्राहक विश्वानर पुत्र वा अग्नि के अर्थ स्वाहा सुहुतमस्तु॥६॥६६॥

विश्वो॑दे॒वस्य॑॥ने॒तुर्म्मर्तो॑वुरीत स॒ख्यम्॥ विश्वो॑ रा॒यऽ इ॑षुध्यति द्यु॒म्नं वृ॑णीत पु॒ष्यसे॒स्वाहा॑॥६७॥

चतुर्थेध्या०८ व्याख्याता॥७॥ इतिसप्तोद्ग्रभणानिसमाप्तानि॥६७॥

मासुभि॑त्था मासुरि॑षो॒म्म्नंधृ॒ष्णु वी॒रयं॑स्व॒सु॥ अग्नि॑श्चे॒दं क॑रि॒ष्यथ:॥६८॥

का०१६.४.३१. औद्ग्रभण होम के अनन्तर दीक्षणीयके शेषको समाप्त करि कृष्णा जिन दीक्षादि दण्डोच्छ्रयणान्त प्राकृत कर्म को करिकै अध्वर्यु वा यजमान ईशानाभिमुख वा पूर्व मुख खडे हो दो ऋचाओंसे समिद्ध मान आहवनीय में मुञ्जतृण निर्मित पक्ष नीड शण निर्मित पक्षनीड तिन्हों से मध्य में छादित उखा को आरोपण करै॥उखा देव-

स्ये द्वे गायत्री त्रिष्टुभौ प्रथमाया स्तृतीय पादोऽग्निर्देवतः। हे मातः हे उ
खे तू सुतरा विदीर्णा मतहो इससे अभिन्नत्व भले प्रकार कहा तथा सु
तरा हिंसिता मतहो॰ इस सै न फूटना भले प्रकार कहा॰ अर्थात् सर्वात्म
ना करि द्वैधी भाव (भेद) लेशका पृथग्भाव फूटना सो दोंनो तेरे मतहें
किंच हे उखे प्रगल्भ जैसें भले प्रकार अग्नि धारण लक्षण वीर्य कर्म
करि। किंच अग्नि और तू इस हमारे कर्म को समाप्ति पर्यन्त करो॥६७॥

दृꣳहस्व देवि॥ पृथिवि स्वस्तयऽआसुरी माया स्वधयाकृतासि॥
जुष्टन्देवेभ्यऽइदमस्तु हव्यमरिष्टात्त्वमुदिहि युज्ञेऽअ
स्मिन्॥६८॥

हे पृथिवि! देवि! हे उखे यजमान की क्षेम के अर्थ दृढा हो। कैसे तू य
ह कहिते हैं अन्न के निमित्त करि तू आसुरी माया प्राणसंबंधिनी प्र
ज्ञा की हुई वा असुर संबंधिनी अचिन्त्य रचना रूप चित्र वस्तु हो कैसे
जैसे प्रकाशी सो हे अर्थात् स्तन रचना युक्ता निष्पन्ना है। किंच हे उखे
यह हवि उख्याग्नि में होष्यमाण देवताओं के अर्थ प्रिय हो अर्थात् ते
रे प्रसाद से देवताओं के अर्थ रुचै। तू भी अनवखण्डिता हुई इस व
र्त्तमान यज्ञ में प्रकट हो॥६९॥

द्रन्नः सर्पिरासुतिः॥ प्रत्नोहोतावरेण्यः॥ सहसस्पुत्रोऽअद्भु
तः॥७०॥

का॰ १६॰४॰३३॰३५॰ उखा विषें अभितापित होते अग्नि में प्रादेश मि
ता त्रयोदश संख्याक समिधों का होम करै तिन्हें क्रमसे कहि तेहें श्रा
दिमें घृताक्त क्रमुक (धमन) समिधा होमें॥ अग्नि देवत्या गायत्री सोमा

ऋति दृष्टा। ऐसा अग्नि कार्मुकी समिधको भक्षण करै इति शेषः। कैसा कि वृक्षहैं मदनीय अन्नजिसके वोह। घृतहै आसवस्थानीय मादक जिसका वाघृत आहारत्व करिडालते हैं जिस्में। पुरातन देवताओं का आह्वान करनेवाला। वरणीय। बलकापुत्र † आश्चर्यरूप अर्थात अनन्य सदृश॥ ७०॥

† मन्थनेनहिअग्निरुत्पद्यमानःहृद्यते

परस्याऽअधि॥ सम्वतोवराँ २॥ऽअभ्यातर॥ यत्राहमस्मिताँ २॥ऽअव॥ ७१॥

का० १६·४·३६· विकङ्कततरुकी समिधको होमैं॥ आग्नेयी गायत्री आङ्गिरसो विरूप दृष्टा। इत अध्यायान्तमाग्नेय्यः। संवतः † भले प्रकार जाते हैं योधा जहां वोह संग्राम शत्रुसंबंधिनी सेनाके संग्रामसे हमारे मनुष्योंको अभिमुखहो अर्थात् दुःखसे तारै। किंच जिसजनपदमें हम हैं तिसमें पाले वात्सल्यकरै॥ ७१॥

† सङ्गमसमसु० निघं० २·१७·

परमस्याः परावतः॥ परमस्याः परावतोरोहिदश्वऽइहागहि॥ पुरीष्यः पुरुप्रियोग्नेत्वन्तरामृधः॥ ७२॥

का० १६·४·३७ तीसरी उदुम्बर तरुकी समिधको होमैं॥ अनुष्टुप् आरुणि दृष्टा। हे अग्ने अत्यन्त दूर देशसे इस कर्ममें तू आ। और आकै संग्रामों को तरि अर्थात् शत्रुओं कोविनाशि। कैसाहै तू कि रोहित अश्वोंवाला †। पशव्य बहुतोंका प्यारा॥ ७२॥

† रोहितोग्नेरितिनिघं० १·१५·

यदग्ने॥ यदग्नेकानिकानि चिदाते दारूणि दध्मसि॥ सर्वन्तदस्तु ते घृतन्तज्जुषस्वयविष्ठ्य॥ ७३॥

का० १६·४·३८· विना कुठारके छिदी वातादिकसे टूटी यज्ञिय तरुकी

चौथी समिध धारण करे॥ द्वे अनुष्टुभौ जमदग्निदृष्टे। हे यविष्ठ्य हे अग्ने जे कोई काष्ठ तुम्हें जो हम आरोपण करते हैं सो सब काष्ठजात तेरे अर्थ घृतवत् प्रियहो तिस दारुजात को तू सेवन करि॥७३॥

यदत्ति॥ यदत्त्युपजिह्विका यद्वम्रो ऽअतिसर्प्पति॥ सर्व्वन्तदस्तु ते घृतन्तज्जुषस्व यविष्ठ्य॥७४॥

का॰१६.४.३९. पृथिवी से लगी हुई पांचमी समिध डाले॥ नीचे पडे रहने के कारण जो दारु पिपीलिका सदृश क्षुद्रजीव का भक्षण करती है और जो वल्मीक दारु अति सर्पण करती है। हे यविष्ठ्यादि पूर्ववत्॥७४॥

अहरहः रप्रयावम्॥ अहरहरप्रयावम्भरन्तोश्वायेव तिष्ठते घासमस्मै॥ रायस्पोषेण समिषा मदन्तोग्ने मा ते प्रतिवेशा रिषाम॥७५॥

का॰१६.४.४०. आठ ऋचाओं से प्रति ऋचा करि आठ पलाशी समिधा धारण करे॥ द्वे त्रिष्टुभौ नाभानेदिष्ठदृष्टे। हे अग्ने तेरे आश्रय होके हम विनाश को न प्राप्त होंवें। क्योंकि प्रतिदिन अप्रमत्त जैसे तैसे अग्नि के अर्थ समिद्रूप भक्ष्य सम्पादन करते हैं। तत्र दृष्टान्तः वाजिशाला में अवस्थित अश्व के अर्थ जैसे प्रतिदिन प्रमाद छोडि घास देते हैं तद्वत्। तथा दक्षिणा लक्षण धन की पुष्टि और अन्न से तुम्हें प्रसन्न करते॥७५॥

नाभा पृथिव्याः॥ समिधाने ऽअग्नौ रायस्पोषाय बृहते हवामहे॥ इरम्मदम्बृहदुक्थं यजत्रञ्जेतारमग्निम्पृतना

सुसासहिम्॥७६॥

नाभा।-पृथिवी रूपा उरवाके मध्य दीप्य मान आहवनीयनामा में अग्नि(तिस अभिमानी देव) को बडे धन के पोषण के अर्थ हम आह्वान करते हैं। कैसे अग्नि को कि अन्न करि तृप्त होता। वडे हैं उक्थ (शस्त्र)जिस के। यजनीय। संग्राम में जय शील। हमारे शत्रुओं का अभिभविता र अग्ना वित्या हवनीय विषयो ग्नि शब्दः जेतारम ग्निमित्यधिष्ठात्रग्निविषयः॥७६॥ एषावृनाभिः पृथिव्यैयद्वै षएतत्समि ध्यतऽइति शत॰६६३५॥

याः सेनाः॥याः सेनाऽअभीत्वरीराव्याधिनीरुगणाऽउत॥ येस्तेना येच तस्करास्ताँस्तेऽअग्नेपिदधाम्यास्ये॥७७॥

षडनुष्टुभः। जो कोई पराई सेना हमारे आभि मुख्य करि आगमन शीला आवै तिस आनेवाली और जो सेना सर्वतः हमको ताडै तिस उगणाः-उद्यता युध गणो पेतावहुस्तोमा। और जे स्तेनाः-गुप्तचरनेवाले और जे तस्कराः-प्रकटचोर। हे अग्ने तिन पूर्वोक्त सेनादिकोंको तेरे मुख में भक्षणार्थ डालताहूं अर्थात् सवदुष्टोंको भक्षण करि॥७७॥ तस्कराःतस्कृतःविपायनि रु॰नि॰३।१४॥

दꣳष्ट्राभ्या म्मलिम्लून्॥ दꣳष्ट्राभ्याम्मलिम्लूञ्जम्भ्यैस्तस्कराँ२॥ऽउत॥ हनुभ्याꣳस्तेनान्भगवस्ताँस्त्वंखाद सुखादितान्॥७८॥

गुप्त और प्रकट दो प्रकार के चोर तिन्हों में प्रकट दो प्रकार के प्रकट आरण्य और मार्ग में छीन-छीन के भागने वाले तिन्हों से भी अति प्रकट निर्भया ग्राम में आके बन्दीकार-डाकादेनेवाले तिन्हें यहाँ मलिम्लुच कहि ते हैं मल-पापाधिक्य इन्हों का मलिन ते से हो-

म्लोचन्ति॰ अदृश्य होते हैं जन वावन में ॥ दन्त पङ्क्ति में जिन्ह तीक्ष्णदां तों से क्रमुकादिक भक्षण करते हैं तिन दंष्ट्राओं की राक्षसी संज्ञा॥ न तः पुरोवर्त्ती वाहिर दृश्यमान दांत जम्भ्या॰ जम्भा वर्ति को और दांतों से लीन हनू। अर्थः। दंष्ट्राओं से मलिम्लुचों और जम्भों से तस्करों हनूओं से स्तेनों को पीडि कै हे महदैश्वर्य युक्त पूजनीय तिन सब पूर्वोक्त भले प्रकार भक्षण योग्यों को पुनर्जीवन रहिताजैसेहो भक्षण करि। वा सुखादित को समीप करिकै भक्षण करि॥७८॥

येजनेषु॥ मलि म्लवस्ते नासुस्तस्करा वनै॥ येकक्षेष्व घायवुस्तांस्तै दधामिजम्भयोः॥७९॥

ग्राम वर्तिओं मेंजे मलिम्लुचः॰ पूर्वोक्त वन्दी कार और जे वन में स्तेनाः॰ गुप्त चोर॰ तस्कर॰ प्रकट चोर और जे नदी पर्वत गहन में पराये पापाभि लाषी हे अग्ने तिन चतुर्विधों को तेरी जम्भाओं दंष्ट्राओं के भक्षण के अर्थ स्थापन करताहूं॥७९॥

योऽअस्मभ्यम्॥ योऽअस्मभ्य मरातीयाद्यश्चनो द्वेषतेजनः॥ निन्दाद्योऽअस्मान्धिप्साच्च सर्वन्तम्मस्मसा कुरु॥८०॥ १ भस्मसा॰ इतिवापाठः

पहिलें चोरोंका भेद दिखलाया अब शत्रुओंका भेद कहितेहैं॰ शत्रुचारि प्रकारके॰ अराती॰ द्वेषी॰ निन्दक॰ जिघांसु॰ तत्र दातव्यत्व करि प्राप्तधन को जो नहीं देता वोह अराती १ जोकार्य काविघातकरै वोह द्वेषी २ वाग्दोर्जन्य मात्र जोकरै वह निन्दक ३ हन्तुमभि

मा॰ जिघांसु ४ तिन्हीं को अग्नि के अर्थ समर्पण करै ॥ अर्थः ॥ जो मनुष्य हमारे अर्थ अरातित्व की इच्छा करै। और जो जन हमारे कार्य नाश से प्रीति उत्पादन करै। जो हम को निन्दे वा वादुःख देवै ॥ और जो हम को दम्भन की इच्छा करै जिघांसे। हे अग्ने तिन सवों (चतुर्विधों) को चूर्णी करि अर्थात् चवा के भक्षण करि ॥ ८० ॥

सꣳशितम्मे ॥ सꣳशितम्मे ब्रह्म सꣳशितं वीर्य्यम्बलम् ॥ सꣳशितं क्षत्रञ्जिष्णु यस्याहमस्मि पुरोहितः ॥ ८१

का॰ १६.४.४१.४२ द्वादशी सꣳशितम् को क्षत्रिय यजमान की इच्छा से धारण करै॰ अन्नमीउ देषाम् को पुरोहित यजमान की इच्छा से धारण करै॰ एकादश नित्या और सब ऋचाओं के अन्त में स्वाहाकार है ॥ मैंनें अपने ब्राह्मण्य को सम्यक् तीक्ष्णी (शास्त्रमार्गवर्ति) किया। इन्द्रिय शक्ति तिन दोनों को स्वकार्य क्षम किया। तथा जिस क्षत्रि का मैं पुरोहित हूं तिस अपने क्षत्री को जयनशील जैसे होते से तीव्र किया ॥ ८१ ॥

उदेषां ॥ उदेषाम्बाहूऽअतिरमुद्वर्चोऽअथो बलम् ॥ क्षिणोमि ब्रह्मणामित्रानुन्नयामि स्वाँ२ ॥ ऽअहम् ॥ ८२ ॥

इन्ह स्वकीय राज ब्राह्मणादिकों के मध्य में एक-एक की भुजाएँ उदतिरम् उत्कर्ष करि मैंनें बढाई है। कान्ति उदतिरम् और शरीर शक्ति उदतिरम्। मन्त्र की सामर्थ्य से शत्रुओं को क्षीण करता हूं। स्वकार्य पुरुष पुत्रादिकों को मैं उत्कर्ष को प्राप्त करता हूं। एवं त्रयोदश समिन्मन्त्रा उक्ताः ॥ ८२ ॥

लोकेहिपोऽत्र्यस्मादुक्तोश्रीमद्विनियोगानुवादिनाएकादशसमिदुपरिकाना (margin)

अन्नं पतेन्नस्य॥ नोदेह्यनमीवस्य शुष्मिणः॥ प्रप्रदातारन्तारिषऽऊर्जन्नोधेहिद्विपदेचतुष्पदे॥८३॥

इतिसꣳहितायांसप्तमोनुवाकः७

इतिश्री शुक्ल यजुषि माध्यन्दिनी शाखीयायां वाजसनेय सꣳहितायां दीर्घपाठे एकादशोध्यायः॥११॥

का॰१६·६·८·अध्वर्यु करि व्रत पय में देते तन्न दीक्षित समिधाडावि अग्निमें आधानकरै-प्रति व्रतसमिदाधान है॥ आग्नेयी उपरिष्टाद्बृहती। हे अन्न के पालक अग्ने हमारे अर्थ अन्न को दे यद्वा अन्न के अंशको दे। कैसे अन्न के कि नहीं है व्याधि जिस से बलबढै जिससे अर्थात् रोगनाशक बल का हेतु अन्न दे। किंच अन्न के दातार को प्रकर्षेण वढाय। किंच हमारे पुत्रादिकों और गवादिकोंमें अन्न को स्थापन करि अथवा मनुष्यों पशुओं के अर्थे अन्नकोदे अर्थात् सबनर पशुओं के अर्थे अन्न को दे॥८३॥

इतिगिरिधरभाष्येसप्तमोनुवाकः।७

श्रीवेदार्थ प्रदीपेनतमोहार्दंनिवारयन्
पुमार्थांश्चतु रोदेयादग्निदेवःसनातनः

इतिश्री मच्छुक्ल यजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनी शाखाध्येतृव्याघ्रपादान्वय विश्वामित्रपुराधिप श्रीमज्जयकिशोरदेव बर्म्मोज रौक्मिणेय नृपति गिरि प्रसादेन रचिते श्रीवेदार्थ प्रदीपे गिरिधरभाष्ये उखादि समिदाध्यन्त वर्णनो नामैकादशोध्यायः॥११॥

श्री वेदार्थ प्रदीपकारिखोइहृदयकअज्ञान॥चारोअर्थेनुदेतुहै पञ्चपुरुषभगवान

हरिःओम्

ॐनमोयज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकंद्विरूपंचसाधनैर्बहुरूपकम्

स्वानंददायकंकृष्णंब्रह्मरूपपरंस्तुमः १

अ॰१ दृशानोरुक्मः॥दृशानोरुक्मऽउर्व्याव्यद्यौद्दुर्म्मर्षमायुः-
श्रियेरुचानः॥ अग्निरमृतोऽअभवद्वयोभिर्य्यदेनन्द्यौ
रजनत्सुरेताः॥१॥

ॐनमोयाज्ञवल्काय

गिरिप्रसादसंज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीपके॥

रुक्मादिवाचनान्तोयंद्वादशोध्यायईर्यते

एकादशमे अध्यायविषें उरवा सम्भरणादि मन्त्र कहे द्वादशमे में-उरवाधारणादि मन्त्र कहिते हें तत्र का॰१६॰५॰१॰ समिदाधानके अंत में ईशानदिशमें खडा होकर यजमान ग्रीवा विषें स्वर्णनिर्मितफलकाकार आभरण विशेष बांधे कीदृशं वर्त्तुल एकविंशति पिण्ड हें जिसमें। शणपत्र तुल्य स्वरूप से बाहिर ऊँचे विन्दु पिण्ड कहलाते हें। कृष्ण जिन खण्ड विषें श्वेत कृष्ण रोमस्थानमें त्रिगुण शणसूत्र में पिरोहि नाभि के ऊपर वर्त्तमान पिण्डहेंत्ते वाहर होवें तैसे धारण करें॥ रुक्मदेवत्या त्रिष्टुप् वत्सप्रीदृष्टा॰ आदित्याध्यासेन रुक्मः स्तूयते। रुक्म आभरण विशेषः उर्व्या वडी दीप्ति करिके व्यद्यौत् प्रकाशित होताहे। कैसा हे रुक्म कि दृशानः प्रत्यक्ष प्राप्तहे। जनोंकोश्री देनेयोग्य। अनव खण्डित किसी से न तिरस्कार कियाजावे वा जीव

न की रूचता है। सो यह अग्नि। पश्रु पुरोडाशादि करि अमरणधर्मा होता हुआ जिस कारण द्यु लोकवासी देवगण इस अग्नि को जन्माते हुए कैसी है द्यौ कि शोभन है वीर्य अग्नि रूप जिस का तिससे अमृतत्व योग्य है ॥१॥

नक्तोषासा सम॑नसा विरू॑पे धा॒पये॑ते॒ शिशु॒मेकꣳ॑ समी॒ची ।
द्यावा॒क्षामा॑ रु॒क्मोऽ अ॒न्तर्वि भा॑ति दे॒वाऽ अ॒ग्निन्धा॑रयन्द्रविणो॒दाः ॥२॥

का० १६।५।३। वर्तुलाकार उखाधारण साधन रूप दोइण्डू करि उखा को ग्रहण करै॥ अग्निदेवत्या त्रिष्टुप् कुत्सदृष्टा अर्धमुखाग्रहणे विनियुक्तम्। नक्त रात्रि उखा अह नक्तोषसौ रात्रिदिविसौ एक अग्नि को धापयेते सायं प्रात अग्निहोत्रादि कर्मो करि तर्पण करते हैं। तत्र लुप्तोपमानं शिशुं- वालक को जैसे मातापिता कैसी हैं नक्तोषसौ कि समान है मन जिनों के परमैक्य मत्युक्त विलक्षण हैं रूप जिनों के कृष्णा रात्रिः शुक्लमहः। भली भांति समन्वित जे ऐसे रात्रिदिन तिन इंडू रूपी ओं सें उखा को गृहण करता हूं इति शेषः॥ का०१६।५।४। आहवनीय के ऊपर स्थित उखा को इंडू ओं से लेके द्यावा क्षामा इस पाद करि आसन्दी प्रति लावै॥ द्यावा क्षामा (पृथिवी) के मध्य और अंतरिक्ष के विषें जो रुक्म (रोचमान) अग्नि प्रकाशै है तिसे लाता हूं इति शेषः॥ का०१६।५।५। आहवनीय से पूर्व दिशा में भूमि पर स्थापन की हुई आसन्दी विषें उखा को देवा इस पाद करि स्थापन करै। उद्गात्रासंदीवत्प्रादेश मात्र पाद युक्त उदुंबर काष्ठ रचित अरत्नि

मान मूज की रज्जू करि बुनी तथा चतुःकोण हैं अंगपाद जिस के और [illegible] सहित वर्तमान तिस में॥ दीव्यन्ती व्यवहरंतीति देवता प्राण य-[illegible]ी अग्नि को धारण करते हुए। कैसे हैं देवता कि द्रविणोदाः [illegible]र करि धन रूप फल को देते हैं। तिसे मैं धारण करता हूं इति शे-षः॥ अग्निं धारयन्द्रविणोदा इत्याह प्राणावै देवा द्रविणोदा इति ते-[illegible] सूक्तेऽस्य मन्त्रेण प्राणा उच्यन्ते॥ २॥

विश्वा रूपाणि प्रति मुञ्चते कविः प्रासावीद्भद्रं द्विपदे चतु-ष्पदे॥ वि नाकमख्यत्सविता वरेण्योऽनु प्रयाणमुषसो वि रा-जति॥ ३॥

का॰ १६.५.६ ऊंचे को नियमन करते हैं जिन्हों से ते उद्याम रज्जुएं छै [illegible]ग्राम रज्जु है ऊर्ध्वाकर्षण हेतु जिसका ऐसे आसन्दी परस्थित शि-क्यपाश को यजमान कण्ठ में बांधै॥ सवितृदेवत्या जगती श्यावाश्व दृष्टा। कवि-विद्वान् क्रान्तदर्शन श्रेष्ठ सविता। रवितमका निवारण करि सब रूपों का प्रकाश करता है। और जो मनुष्य पश्वादिकों के अर्थ कल्याण अपने अपने व्यवहार प्रकाशनरूप श्रेय की प्रेरणा करता है। जो नाक(स्वर्ग) को व्यख्यत् प्रकाश करता है। और जो उषःकाल के व्यतीत होंनेपर विशेष करि प्रकाशता है। उषा सविता की पुरोगामिनी यह सविता की स्तुति है। इहशः सविता शिक्य को प्रति मुञ्चनकरै इति शेषः॥ ३॥

सुपर्णोऽसि गरुत्माँस्त्रिवृत्ते शिरो गायत्रं चक्षुर्बृहद्रथन्त-रे पक्षौ॥ स्तोम आत्मा छन्दांसि अङ्गानि यजूंषि नाम॥

सामते तनूर्वामदेव्यंयज्ञायज्ञियम्पुच्छंधिष्ण्याः शफाः ॥
सुपर्णोसि गरुत्मान्दिवङ्गच्छस्वःपत ॥४॥

का०१६.५.७. शिक्य सहित उख्याग्निको पूर्वमें पिण्डवत् ऊंचीबाहुओं से ऊँची धारणकरै कुछ एक आचार्योंने इस मंत्रकरि उख्याग्निकोअभिमंत्रणभी कहाहै॥ गरुत्मद्देवत्या विषहन्त्री चतुरवसानाकृतिः। हेअग्ने तू सुपर्ण शोभन पर्ण-पतनजिसका वोह पक्षिरूपहै पक्ष्याकारकरि चितत्व सें। तत्र दृष्टांतः गरुत्मान्गारुड जैसे पक्षिराज है तद्वत्। तिसके अवयव कहिते है। त्रिवृत्स्तोम तेरा शिरःस्थानीयहै। गायत्राख्य सामतेरानेत्रस्थानीयहै। वृहद्रथन्तराख्ये सामनी तेरेपक्ष स्थानीयहैं। पंचदश स्तोमतेरा आत्मा- अन्तःकरणस्थानीयहै। गायत्र्यादिक एकविंशति छंदतेरेहृदयाद्यंगस्थानीयहैं। इषेत्वा इत्यादि यजूंषि नामस्थानीयहैं। वामदेव्यसाम तेरा तनूः शरीरस्थानीयहै। यज्ञायज्ञियाख्य साम तेरा पुच्छस्थानीयहै होत्रादिधिष्ण्यस्थिता अग्नितेरे खुरस्थानीयहैं। हे अग्ने। एवंभूत तू यतः गरुड इव पक्षिरूप है अतः आकाशप्रति गमन करि औरतहां से स्वर्ग लोक को प्राप्त हो॥४॥

विष्णोः क्रमोसि सपत्नहा गायत्रञ्छन्दऽआरोह पृथिवीमनु विक्रमस्व विष्णोः क्रमोस्यभिमातिहा त्रैष्टुभञ्छन्दऽआरोहान्तरिक्षमनु विक्रमस्व विष्णोः क्रमोस्यरातीयतो हन्ता जागतञ्छन्दऽआरोह दिवमनु विक्रमस्व विष्णोः क्रमोसि शत्रूयतो हन्तानुष्टुभञ्छन्दऽआरोह दिशोनु विक्रमस्व ॥५॥ †वि-स्वा।अ०। इ०। उ०। न्र०॥५॥

का० १६.५.११ विष्णुक्रमसंज्ञक पादन्यासों को करै- तिस-तिस क्रमण में उखा की अग्नि के ऊर्ध्व को ग्रहण करना॥ चत्वारि यजूंषि लिङ्गोक्त (उख्याग्नि) देवत्यानि। विष्णु शब्देनाग्निरुच्यते- सयः स विष्णुर्यज्ञः स यस यज्ञोऽयमेव स योऽयमग्निरुखायामिति श्रुतेः शत ६.७.२.११। हे प्रथम पाद विन्यास तू विष्णु (यज्ञ-अग्नि) का क्रम है और सपत्नों का घातक अतः अनुग्राहकत्वेन गायत्री छन्द स्वीकार करि ततः भूदेवता रूप इस प्रदेश को विशेषेण प्राप्त हो एव मुत्तरेष्वपि मन्त्रेषु योज्यम्। हे द्वितीय पादन्यास तू- हे घातकों वा पापियों का घातक त्रिष्टुप् छन्द को स्वीकार करि अन्तरिक्ष प्रदेश को व्याप्त हो। हे तृतीय पाद० दाना भाव की इच्छा करने वालों का घातक जगती छन्द को- द्युलोक को व्या०। हे चतुर्थ पा० हन्तृत्व की इच्छा करने वालों का नाशक अनुष्टुप् छन्द को०। यहां चारो पादन्यासों में यजमान आत्मा को विष्णुत्व करि भावना करै- चारों प्रक्रमाओं के प्रदेशों को पृथिव्यादिलोक रूपत्वेन भावना करै॥ का० १६.५.३. दिशोऽनुविक्रमस्वेति सवदिशों को देखे। हे अग्ने तू प्राच्यादि दिशा व्याप्त हो॥५॥

अक्रन्द॑द॒ग्निः स्त॒नय॑न्निव॒ द्यौः क्षामा॒ रेरि॑ह॒द्वी॒रुधः॑ सम॒ञ्जन्॥ स॒द्यो ज॑ज्ञा॒नो वि हीमि॒द्धो अख्य॒दा रोद॑सी भा॒नुना॑ भात्य॒न्तः॥६॥

का० १६.५.१४. ऊंची बाहुओं से प्राक् ऊंचे अग्नि को ग्रहण करै॥ अग्निदेवत्या त्रिष्टुप् वत्सप्रीदृष्टा। जैसे द्यौ (मेघ) गर्जता है तैसे अग्नि घोरता है। मेघसाधर्म्य माह जैसे मेघ जलभाव को प्राप्त होता अ

त्यन्त भूमि को आछादित करता है। स्वकीयज्वाला समूह से ओषधी ओंको व्याप्त होता। अन्यदप्युच्यते उत्पन्न होतेही सद्यदीप्त हो इस सव को विविध प्रकाश करताहै। अन्यच्च जो अग्नि द्यावा पृथिवी के बीच में रश्मियों करि अपने को समन्तात् प्रकाशताहै जैसे पर्जन्य विद्युद्रूप करि द्यावा पृथिवी के बीच प्रकाशताहै एवं अग्निः पर्जन्य वत्स्तूयते ॥६॥

अग्नेऽभ्यावर्त्तिन्नभि मानिवर्त्तस्वायुषावर्च्चसाप्रजया धनेन ॥ सन्यामेधयारय्या पोषेण ॥७॥

का०१६·५·१५· ऋक् चतुष्टय करि चारिवार उख्याग्नि को अपने समीप में लावे ॥ अग्नि देवत्यो ध्वं बृहती है अस्मदभिमुख गमन शीलहे अग्ने आयु प्रभृति से मेरे प्रति शीघ्र आगमन करि· आयु जीवन करि ब्रह्मतेज·पुत्रादिक प्रजा·धन· इष्टलाभ·धारणावती बुद्धि· सुवर्णालङ्कार· आयु प्रभृतियों के पोषकरि ॥७॥

अग्ने अङ्गिरः शतन्ते सन्त्वावृतः सहस्रन्त उपावृतः ॥ अधापोषस्य पोषेण पुनर्न्नो नष्टमाकृधि पुनर्न्नो रयिमाकृधि ॥८॥

हे अङ्गिरः· अङ्गियों के रसभूत अङ्गसौष्ठव युक्त हे अग्ने तेरी शत संख्या का आवृति, शक्तिएँ हों। तथा तेरी सहस्र संख्या का उपावृत्ति शक्तिएँ हों अपने ही आवर्त्तन को आवृत् अर्थात् तुरु समीपवर्त्ती पुरुषों और द्रव्य विशेषों का वर्त्तन उपावृत्ति हमलोकों विषे अतिशय स्नेह करि कै तूभी फिरि-फिरि आवर्त्त करि त्वदीयाः पुरुषाः

और तेरे द्रव्य पुनः-पुनः आवर्त्तन करें। और शत सहस्र संख्याक आवृत्ति शक्तिओं का जो पोष समृद्धि तिस पोष का अन्य पोष अयुत लक्षादि संख्या का भिवृद्धि तिस पोष करि हमारे नष्ट धन को फिरि करिकै प्राप्त करि फिरिभी हमारे पूर्व असम्पादित धन को सर्वतः सम्पादित करि॥ ८॥

पुन॑रू॒र्ज्जा नि व॑र्त्तस्व॒ पुन॑रग्न इ॒षायु॑षा॥ पुन॑र्न्नः पाह्यᳪ᳭हंसः॥९॥

आग्नेय्यौ द्वे गायत्र्यौ। हे अग्ने तू क्षीरादि रस सहित पुनः यहां आ। अन्न और जीवन सहित पुनः आ आकर तू हमें पाप से रक्षा कर॥९॥

स॒ह र॒य्या नि व॑र्त्त॒स्वाग्ने॒ पिन्व॑स्व॒ धार॑या॥ वि॒श्वप्स्न्या॑ वि॒श्वत॒स्परि॑॥१०॥

हे अग्ने धन सहित पुनः प्राप्त हो किंच वृष्टिरूप जलधारा करि सब तृणधान्य लतापादपाओं के ऊपर सींचि। कैसी धारा कि सबोंकरि पान करियै है वा सब जनोपभोग्या धनधारा करि सर्वतो अधिगत अर्थों से पूर्यमाण करिकै सींचि अर्थात् अनवच्छिन्न धन दानेन पुनः-पुनः पूरि॥१०॥

आ त्वा॑हार्षम॒न्तर॑भूर्ध्रु॒वस्ति॒ष्ठावि॑चाचलिः॥ विश॑स्त्वा॒ सर्वा॑ वाञ्छन्तु॒ मा त्वद्रा॒ष्ट्रमधि॑भ्रशत्॥११॥

का०१६·५·१६· नाभि के ऊपर उख्याग्नि को धारण करते तिसै अभिमन्त्रित करै॥ आग्नेय्यनुष्टुब्ध्रुवदृष्टा। हे अग्ने मैं तुझै आहरण करता हूं और तू उखा के मध्य में अवस्थित है। अत्यन्त च

लने सै रहित स्थिर होकै तिष्ठ ॥ किंच संपूर्ण प्रजा तुम्है वाञ्छा करै वा सर्व अन्न तेरें स्थित रहें + तेरे सकाश सै यह राष्ट्र (जनपद) शून्य मत हो अर्थात् इस राज्य में स्थित होकै संपूर्ण प्रजाओं का पालन करि वा श्री शून्य तुम्सै न हो ॥२१॥ श्री र्वै राष्ट्रं मात्वद्वी रधिभ्रशदितिश्रुतेः

उदुत्तमं वरुणपाशमस्मदवाधमं विमध्यमं श्रथाय ॥
अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम ॥१२॥

का॰१६॰५॰१७॰ रुक्मपाश शिक्यपाश दोनों को गले सै ऊर्ध्व मार्ग करि कै निकालै ॥ वरुण देवत्या त्रिष्टुप् शुनःशेपदृष्टा। हे वरुण उत्तमाङ्ग शिर में स्थित अपनी पाश को मेरे सकाश सै विनाशि अधमाङ्ग पाद प्रदेश में स्थापित अपनी अधम पाश को निकाल करि हमसे विनाश करि मध्यम प्रदेश में स्थित पाश को विच्छेद करि और पाश त्रय विनाश के अनन्तर हे आदित्य अदिति के पुत्र वरुण तेरे व्रत कर्म में निष्पाप वर्त्तमान हुए हम अखण्डितत्व के अर्थ योग्य होवें ॥१२॥

अग्रे बृहन्नुषसामूर्ध्वो अस्थान्निर्ज्जगन्वान्तमसो ज्योतिषागात् ॥ अग्निर्भानुना रुशता स्वङ्ग आ जातो विश्वा सद्मान्यप्राः ॥१३॥

का॰१६॰५॰१७॰ पूर्व मन्त्र से पाशों को मोचन करि ऊर्ध्व बाहु आग्नेयी दिशा प्रति उख्याग्नि को धारण करै ॥ अग्नि देवत्या त्रितदृष्टा। आदित्यात्मनाग्नेः स्तुतिः क्रियते। बडे प्रभाव सै यह बृहदग्निः प्रातःकालों के मुख में ऊपर स्थित हुआ वा अग्निहोत्र

+ अन्नं वै प्राणाः इतिश्रुतेः

की आदि में बोध्यमान उठताहै। और जो रात्रि लक्षण तमः से निर्गत हो दिवस लक्षण ज्योति सहित यहां प्राप्त हुआ वोह अग्नि उत्पन्न मात्र ही सब स्थानों (लोकों) को अपने तेज करि सर्वत्र पूर्ण करता हुआ। कैसा है रुशाति तमका नाश करता रश्मिओं से शोभन शरीर ॥२३॥

हꣳसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत् ॥ नृषद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजाऽऋतजाऽअद्रिजाऽऋतं बृहत् ॥२४॥ † ह–मू। अ०। बृ–त्। इ०॥२४॥

का॰१६॰५॰१८॰ उख्याग्नि को अवतारो। अग्नि प्रोक्षण में यह जगती यजुरन्ता कहीगई। राजसूय प्रकरण में यह अतिजगती कही गई परन्तु यहां जगती अन्त में बृहत् यह यजुः तिसका विनियोग कहते हैं–

का॰१६॰५॰१९॰ बृहदिति यजु करि उख्याग्निको आसन्दी में स्थापन करे॥ हंस इति मन्त्रस्तु व्याख्यतः।१०॰२४॰॥२४॥

सीद त्वम्मातुरस्याऽउपस्थे विश्वान्यग्ने वयुनानि विद्वान् ॥ मैनान्तपसा मार्चिषाभि शोचीरन्तरस्याꣳ शुक्रज्योतिर्विभाहि ॥२५॥

का॰१६॰५॰२०॰ आसन्दी निधानानन्तर उख्याग्निको तीनि ऋचाओं से उपस्थित करे। अग्नि देवत्या त्रिष्टुप्। हे अग्ने तू माता की समान उखा के उत्सङ्ग में बैठि। कैसा है तू कि सर्व पदार्थ तत्व वेदी। किंच इस उखा को सन्ताप से मत सन्ताप करि और ज्वाला से मत दीपन करि। अर्चि कारण है कार्य से बहुत ताप होता है कारण करिके थोडा ताप होता है। तिन दोनों को मत करि इस उखा के मध्य में निर्मल प्रकाश होके

विशेषेण प्रकाशकरि॥१५॥

अन्तरग्ने रुचात्व मुखायाः सदने स्वे॥ तस्यास्त्वं हरसा तपञ्जातवेदः शिवो भव॥१६॥

अग्नि देवत्ये द्वे अनुष्टुभौ। हे अग्ने तू उखाके मध्य स्वकीय स्थानमें प्रकाश युक्त होके बैठ इति शेषः। किंच हे जात वेद(सर्वज्ञ वा जातविज्ञान) ज्योतिषतपन होके तिस उखा का कल्याण कारी हो॥१६॥

शिवो भूत्वा मह्यमग्ने ऽअथो सीद शिवस्त्वम्॥ शिवाः कृत्वा दिशः सर्वाः स्वं योनिमिहासदः॥१७॥

हे अग्ने मेरे अर्थ शान्त होके निरन्तर सर्वात्मासे शान्त होवे इस सर्व दिशाओं को शान्त करिके अपने स्थान उखा में आकरि के बैठि॥१७॥

अ०२ दिवस्परि प्रथमं जज्ञे ऽअग्निरस्मद्द्वितीयम्परि जातवेदाः॥ तृतीयमप्सु नृमणा ऽअजस्रमिन्धान ऽएनञ्जरते स्वाधीः॥१८

का० १६·५·२९·२२· दिवस्परीति एकादश ऋचा वात्सप्रसे उख्याग्नि को उपस्थित करे कोईक आचार्य द्वादश ऋचाओं से कहते हैं॥ अग्नि देवत्या द्वादश त्रिष्टुभो भलन्दन पुत्र वत्सप्री दृष्टा। अग्नि प्रथम + दिव्(प्राण)के सकास से उत्पन्न हुआ। और जात वेदाः अग्नि द्वितीय वार मेरे सकाश से ब्रह्माने उत्पन्न किया॥ नृमणा नरोंमें मन जिस्का प्रजापति अनुपक्षीण अग्नि को जलों में व्यवस्थित तृतीय वार उत्पन्न करता हुआ ॥ एवं स्वाधीः(यजमान) इस बहुजन्माग्निको दीपन करि उत्पन्न करता है॥ यद्वा यमर्थः। अग्नि प्रथम सूर्य रूप करिके द्युलोक के ऊपर उत्पन्न हुआ। मेरे मनुष्य लोकके ऊपर

+ प्राणो वै दिवः प्राणाद्वा एष प्रथमम्जायतेति श्रुतिः शत० ६·७·४·३·

* यद्वेनमदो द्वितीयं पुरुषविधो ऽजनयदिति श्रुतेः ६·७·४·३· समुखाच्च योनेर्हस्ताभ्यां चाग्निमसृजतेति च श्रुतेः सपुरुषविध इत्यर्थः

* यदेनमदस्तृतीयमद्भ्यो ऽजनयत। अथ योगगर्भो ऽअन्तर आसीत्सो ऽग्निरसृज्यत। प्रजापतिर्वै नृमणा ऽअजस्रो ऽग्निरित्यादि श्रुतयः

जातवेदः प्रसिद्ध वन्हि रूप करिके द्वितीय जन्म को प्राप्त हुआ। अप्सु समुद्र में वडवानल रूप से तृतीय वार उत्पन्न हुआ। औरती नों जन्मों में यजमानों विषें अनुग्रह बुद्धि युक्त है इस अग्नि को पुरोडाशादि करि प्रकाश करता स्वायत्त चित्त यजमान जरा पर्य्यन्त सेवा करता है ॥१८॥

विद्मा ते॑ऽ अग्ने त्रे॒धा त्र॒याणि॑ वि॒द्मा ते॒ धाम॒ विभृ॑ता पुरु॒त्रा ॥ वि॒द्मा ते॒ नाम॑ पर॒मं गुहा॒ यद्वि॒द्मा तमुत्सं॒ यत॑ऽ आज॒गन्थ॑ ॥१९॥

हे अग्ने जे पूर्व मन्त्र में दिवस्परीत्यादि करि कै आदित्य अग्नि वडवानल तीन प्रकार से स्वरूप कहे गए तिन तीन संख्याक तेरे संबंधी रूपोंको हम जानते हैं। वा तीन प्रकार करि विभक्त अग्नि वायु सूर्य्याख्य तेरे रूपों को हम जानते हैं। किंच तेरे संबंधी पुरुत्रा बहुत प्रदेशों में गार्हपत्य आवहनीय अन्वाहार्य पचनाग्नीध्रीय रूपों विषें विहृत स्थान भी हम जानते हैं। किंच तेरा परम उत्कृष्ट गुहामें जो अवस्थित गोप्य यविष्ठ इत्यादि मन्त्र प्रसिद्ध नाम है तिसै भी जानते हैं। किंच जल रूप स्थान से वैद्युत रूप करि आया है तिस उत्पन्दन जल रूप स्थान को हम जानते हैं ॥१९॥

स॒मु॒द्रे त्वा॑ नृ॒मणा॑ऽ अ॒प्स्व॑न्तर्नृ॒चक्षा॑ऽ ई॒धे दि॒वोऽ अ॑ग्न॒ऽ ऊध॑न् ॥ तृ॒तीये॑ त्वा॒ रज॑सि तस्थि॒वाᳪं स॑म॒पामु॒पस्थे॑ महि॒षाऽ अ॑वर्धन् ॥२०॥

हे अग्ने नृमणा प्रजापति समुद्र में वडवानल रूप करिके वर्तमान तुम्हें प्रकाश करता हुआ। नृचक्षाः मनुष्यों में मन्त्रों को विस्पष्ट

कहिने वाला प्रजापति जलों वृष्टिरूपों के मध्यमें विजली रूप करिके स्थित तुम्हें प्रकाश करताहुआ। तथा द्युलोक के ऊर्ध्व स्थानीय समुद्र रूप वृष्टिकी अपेक्षा करिके तृतीय स्थान तेजमण्डलमें आदित्यात्मा से वर्तमान तुम्हें नृचक्षाही प्रकाश करताहुआ। किंच महिषा महान्त प्राण जल के उत्सङ्ग वा जलों के मध्यमें स्थित तुम्हें बडा करताहुआ॥ २०॥

अक्रन्ददग्निस्तनयन्निव द्यौः क्षामा रेरिहद्वीरुधः समञ्जन्॥
सद्यो यज्ञानो वि हीमिद्धो अख्यदा रोदसी भानुना भात्यन्तः॥ २१॥

व्याख्याता ६॥ २१॥

श्रीणामुदारो धरुणो रयीणां मनीषाणां प्रार्पणः सोमगोपाः॥ वसुः सूनुः सहसो अप्सु राजा वि भात्यग्र उषसामिधानः॥ २२॥

एवं प्रकार अग्निः विशेषेण प्रकाशै है कैसाहै अग्नि कि गवाश्वादि संपदा को अत्यन्त देनेवाला धनों का धारण करनेवाला। अभिलाषियों का प्रकर्षेण अर्पण करनेवाला। यजमान कर्तृक सोमयागका रक्षक सबका निवास हेतु वा धन रूप जैसे अन्य प्रायनास नरस्थादि धनों को समीपमें करते हैं तैसे यह भी तापपाक प्रकाशसे जनों का उपकर्ता है अतः वसुः। सहस सूनुः बलस्य मन्थनवेगरूपका पुत्र है यतः मथ्यमान उत्पन्न होताहै अतः एवं उच्यते। जल विषे अवस्थित वरुणात्मासे राजमान यद्वा वृष्टिरूपाजलों में विद्युद्रूपकरि दीप्यमान। प्रातःकाल में आदित्यात्मा से प्रकाशमान उषः काल में अग्निहोत्र के होमार्थ अग्नियों को प्रकटकरते हैं तिस

अभिप्राय सें दीप्यमानः॥२२॥

विश्वस्य केतुर्भुवनस्य गर्भ॰ आरोदसी॰ अपृणाज्जायमानः॥
वीडुञ्चिद्द्रिमभिनत्परायञ्जनायदग्निमयजन्त पञ्च॥२३॥

वोह अग्नि उत्पद्यमान सूर्यात्मा सें प्रकट हो के द्यावा पृथिवीओं को सर्वतः तेज करिके पूर्ण करता है कैसा कि विश्वस्य केतुः॰ अग्न्यात्मा सें विशेष करिके ज्ञान भूत है। भुवनस्य गर्भ भूतजात के गर्भवत् मध्य में अवस्थित वाय्वात्मा करि वोह ही प्राण भाव सें भूतों के मध्य में गमन करता है। किंच जो इन्दु रूप सें परापरतः गमन करि के दृढ भी अद्रि न विदीर्ण होंने योग्य॰ मेघ को विदारण करता है। जिस अग्नि को पाँच मनुष्य यजन करते हें विप्र सें आदि ले चारि और पाँचवाँ निषाद वा चारि वडे ऋत्विज और यजमान॥२३॥

उशिक्पावको॰ अरतिः सुमेधामर्तेष्वग्निरमृतोनिधायि॥
इयर्त्तिधूममरुषम्भरिभ्रदुच्छुक्रेणशोचिषाद्यामिनक्षन्॥२४॥

जो अग्नि मनुष्यों में देवताओं करिकें प्राप्त हुआ इति शेषः। वोह अग्निः अरुषं॰ चक्षुरादि उपद्रव रहित नमः[1] वा धूम को निकालता है कैसा है अग्नि कि ऊशिक् प्यारा। पवित्र करने वाला पूर्ण मति वा दुष्टो में प्रीति करिकें रहित सुन्दर बुद्धि वा सुयज्ञ अमृत अमरणम्मो जंगत को- धारण करता निर्मल प्रभाव सें आकाश को व्याप्त करता वा नक्षत्र ग्रह ताराओं के संबंधी तेज करिकें व्याप्त करता इतः प्रदानाद्धि देवा उपजीवन्तीतिश्रुतेः॥२४॥

[1] इतो वा॰ अयमूर्ध्वे रेतः सिञ्चति धूमं सामुष्याद्वृष्टिर्भवतीतिश्रुतेः।

इशानोरुक्मा॰ उर्व्या व्यद्यौदुर्म्मर्षमायुः श्रियेरुचानः॥अ

ग्निर॒मृतो॑ऽअभव॒द्वयो॑भि॒र्य्यदे॑नं॒ द्यौर॒जन॑यत्सु॒रेताः॑ ॥२५॥

व्याख्याता १०॥२५॥

यस्ते॑ऽअ॒द्य कृ॒णव॑द्भद्रशोचेऽपू॒पं दे॑व घृ॒तव॑न्तमग्ने। प्र तं न॑-
य प्रत॒रं वस्यो॒ऽअच्छा॒भि सु॒म्नं दे॒वभ॑क्तं यविष्ठ ॥२६॥

हे भद्रशोचे कल्याणकारिणी दीप्तियुक्त हे देव अग्ने प्रतिपदा में जो पुरुष तेरे घृतयुक्त उपस्तरणाभिघारणोपेत पुरोडाश को करता है स आज्यस्योपस्तीर्य द्विर्हविषोऽवदायाथ शत ०१।७।२१। ऊपर से आज्य का अभिघारण करता इति श्रुत्यभिप्रायम्। हे यविष्ठ युवतम वामि अयित तम तिस यजमान को प्रकृष्ट तर स्थान उत्तम लोक को प्राप्त करि। आभिमुख्य से सर्वतः देवयोग्य सुख को प्राप्त करि स लोकमागच्छत्यशोकमहिमं तस्मिन्वसति शाश्वतीः समा इति बृहदारण्य० मा०४।१५।॥२६॥

आ तं भ॑ज सौश्रव॒सेष्व॑ग्न उ॒क्थऽउ॑क्थ॒ऽआभ॑ज श॒स्यमा॑ने।
प्रि॒यः सूर्य्ये॑ प्रि॒योऽअ॒ग्ना भ॑वा॒त्युज्जा॒तेन॑ भि॒नद॒दुज्जनि॑-
त्वैः ॥२७॥

सौश्रवसेषु कीर्तिहेतुभूत यज्ञकर्म्मों में हे अग्ने तू तिस यजमान को निरन्तर कर्मानुष्ठायि करि। उक्थे-उक्थे निष्केवल्य प्रगाथादि रूप तिस-तिस शास्त्र कर्म्म विषें प्रेरि एवं तुरु करिकै सेवित यह यजमान सूर्य्य का प्यारो हो तथा अग्नि का प्यारा हो तथा उत्पन्न पुत्र करिकै उदय (वृद्धि) को प्राप्त हो तथा पौत्रादिकों से वृद्धि को प्राप्त हो ॥२७॥

त्वाम॑ग्ने॒ यज॑माना॒ऽअनु॒ द्यून्विश्वा॒ वसु॑ दधिरे॒ वार्य्या॑णि।
त्वया॑ स॒ह द्रवि॑णमि॒च्छमा॑ना व्र॒जं गोम॑न्तमु॒शिजो॒ वि व॑व्रुः ॥२८॥

हे अग्ने तुम्हें यजमान सेवन करते सर्व कालों में आर्ष्य संपूर्ण यथेष्ट धन को प्राप्त होते हैं। किंच तेरे साथ स्थित हुए तुम्हें सेवन करनेवाले- यजमान यज्ञफल की इच्छा करने वाले ज्ञान कर्म्म के इकट्ठे करनें वाले हो रवि मण्डल विषें मार्ग को करते हैं। तदुक्तं तेयग्णवमे तद्विदुरित्युपक्रम्य देवलोकादादित्यमिति ॥२८॥

अस्तो॒व्य॒ग्निर्न॒रा॑ सु॒शेवो॑ वैश्वान॒रऽऋषि॑भि॒: सोम॑गोपा: ॥
अ॒द्वे॒षे द्यावा॑पृथि॒वी हु॑वेम॒ देवा॑ ध॒त्त र॒यिम॒स्मे सु॒वीर॑म् ॥२९॥

यजमान ऋत्विजों से अग्नि स्तुति किया। कैसा है अग्नि कि नरों के शोभन सुख को करने वाला जठराग्नि रूप से सब नरों के हित सोम का रक्षा करने वाला। अद्वेषे पादौ लिङ्गोक्तदेवौ। यतः अग्नि स्तुतः अतः द्वेषरहित द्यावापृथिवी को हम आह्वान करते हैं तिन्हों के आश्रित कर्म की वृद्धि के अर्थ। हे देवा अग्न्यादयः हमारें सुन्दर पुत्रयुक्त धन को तुम स्थापन करौ ॥२९॥

अ०३ स॒मि॒धा॒ग्निं दु॑वस्यत घृ॒तैर्बो॑धय॒तातिथिम् ॥ आस्मि॑न्ह॒व्या जु॑होतन ॥३०॥

अथ वनीवाहनम् ॥ का०१६.६.२५. उखाग्नि के उत्तर दिशा में प्राग्रीष शकट को स्थापन करि यजमान उखाग्नि वनीवाहन में समिदाधान करै ॥ आङ्गिरस विरूपाक्ष दृष्टाग्नेयी गायत्री व्याख्यातापुच्यते ३.१.। हे ऋत्विज यजमानो समिधा करिकै अग्नि को परिचरण करि इस अतिथि अग्नि को चेताओ। इस अग्नि में साकल्य से हवन करो ॥३०॥

उदु॑त्वा॒ विश्वे॑ दे॒वा॒ऽअग्ने॒ भर॑न्तु॒ चित्ति॑भिः॥ सनो॑भव शि॒वस्त्वꣳ सु॒प्रती॑को वि॒भाव॑सुः॥३१॥

का॰ १६·६·१६· समिदाधान के अनन्तर उदुत्वेति मन्त्र करिकै आसन्दी सहित उख्याग्नि को ऊंचे करि दक्षिण में स्थित यजमान शकट में तिस अग्नि को स्थापन करै॥ तापस दृष्टाग्नेय्यनुष्टुप्। हे अग्ने प्राण रूप सव देवता चित्तिभिः बुद्धिवृत्तियों करि तुम्हे ऊंचे को धारण करें हे अग्ने सो उद्धार्यमाण तू मेरें कल्याण कारी हो। कैसा है कि शोभन मुख दीप्तिही है वसु धन जिसका वोह॥३१॥

प्रेद॑ग्ने॒ ज्योति॑ष्मा॒न्याहि शि॒वेभि॑र॒र्चिभि॒ष्ट्वम्॥ बृ॒हद्भि॑र्भा॒नुभि॒र्भास॒न्मा हि॑ꣳसीस्त॒न्वा॑ प्र॒जाः॥३२॥

का॰ १६·६·१८· शाकट में चुपकेसै वृषों को जोडिकै प्रेदिति मन्त्र सै पूर्व को यथार्थ प्रयोजनवन्त देश को गमन करै॥ अग्निदेवत्यानुष्टुप्। हे अग्ने शांत ज्वालाओं करिकै प्रकाशयुक्त तू गमन करि। किंच प्रौढ रश्मियों सै जगत् को प्रकाश करता अपने दाहक शरीर सै पुत्रादिक प्रजा का तमनाश कारि॥३२॥

अक्र॑न्दद॒ग्निः स्त॒नय॑न्निव॒ द्यौः क्षामा॒रेरि॑हद्वी॒रुधः॑ सम॒ञ्जन्॥ स॒द्यो ज॑ज्ञा॒नो वि हीमि॒द्धो ऽअख्य॒दारोद॑सी भा॒नुना॑ भात्य॒न्तः॥३३॥

का॰ १६·६·२· अक्ष में खिरि-खिरि शब्द होते जपे व्याख्याता ६॥३३॥

प्र-प्रा॒यम॒ग्निर्भ॑र॒तस्य॑ शृण्वे॒ वि यत्सूर्यो॒ न रोच॑ते बृ॒हद्भाः॥ अ॒भि यः पू॒रुं पृत॑नासु त॒स्थौ दी॒दाय॒ दैव्यो॒ऽअति॑थिः शि॒वो नः॥३४॥

का॰१६॰६॰२१॰ क्रियमाण उत्तर दिशा उद्धृत वा उक्षित॰प्रदेश में अग्निको उतारे ततः अग्नि में प्र-आयमिति मन्त्र सें समिदाधान॥ वसिष्ठदृष्टाग्नेयी त्रिष्टुप्। यह अग्नि हवियों को धारण करता है भरत(यजमान)के आह्वान को श्रवण करता है इतिशेषः वायजमानकरि कियें आह्वान को श्रवण करता है। जो अग्नि सूर्य्य इव प्रकाशमानहोता अत्यन्त प्रकाशता है। जो अग्नि संग्रामों में राक्षसके सन्मुख ठैरता है। देव संवन्धी अतिथि हमारा मङ्गल रूप वोहही अग्नि प्रकाशता है॥३५॥

आपों देवीः प्रतिं गृभ्णीत भस्मैतत्स्योने कृणुध्वꣳ सुरभाउँलोके॥ तस्मैं नमन्तां जनयः सुपत्नीर्म्मातेवं पुत्रम्बिभृताप्स्वेनत्॥३५॥

का॰१६॰६॰२६॰ वनीवाहन के अनन्तर तडागादिजलस्थानकोगमन करिके वटादिपत्र पुट करिकें सायं शात उखा के सकाशसें उठाया जोभस्महै तिसे एक ऋचाकरिजल में डाले अब्देवत्या त्रिष्टुप्। हे जल दीप्यमानओ भस्म को तुम स्वागतादि करि ग्रहण करो किंच पुष्पधूपादिकोंसे शोभनगन्धयुत लोक(स्थान)में इस भस्म कोकरो किंच सुपत्न्यः+शोभन है वरुण पति जिन्हों का तेजल वृक्षोत्पत्यादिद्वारेण अग्निको उत्पादन करती हैं तुम तिस भस्म रूप अग्नि केलिये नम्राहोओ। किंच हे आप इस भस्मको आत्मा में तुम धारण करो यथा माता पुत्र को स्वात्मा में धारण करती है तद्वत्यालयत॥३५॥

+ आपोवरुणपत्न्यः सुपत्न्यःसितिश्रुत्यन्तपाठः

अप्स्वग्ने सधिष्टवं सौषधीरनुं रुध्यसे॥ गर्भे सञ्जायसे पुनः॥३६॥

का०१६।६।२७। तिसके अनन्तर पठित दोनों अप्स्वग्ने। गर्भोऽअसि। ऋचाओं से पत्रपुट करि द्वितीयवार उख्याग्नि भस्म कोजल में प्राप्त करै॥ विरूप दृष्टा अग्ने यी गायत्री। पूर्वमन्त्रकरि भस्मातिथित्व से स्तुति करिकै दो ओं से अग्नि के सर्व व्यापकत्व को कहते भस्माभ्य वहरणको अपन्हुत करते हैं। हे अग्ने जलों में तेरे स्थान सो तू यवादिक ओषधि परिणाम को विपरिणाम करता वा जठराग्निरूप करि ओषधियों को स्वीकार करता है। किंच अरणियों के मध्य में स्थित हो वारवार उत्पन्न होता है॥३६॥

गर्भोऽअस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम्॥ गर्भो विश्वस्य भूतस्याग्ने गर्भोऽअपामसि॥३७॥

तिस्रोऽनुष्टुभोऽग्निदेवत्याः॥ हे अग्ने तू ओषधिओं का गर्भ है भेषज रूप ओषधि विशेष करिकै उत्पाद्यमानत्व से। हे अग्ने तू वनस्पति(तरु)ओं का गर्भ है अरणिओं करि जायमानत्व से। सर्व प्राणिजातका गर्भ है जठराग्नि रूप करि विद्यमानत्व से और जलों का गर्भ है वाडव वैद्युतादि रूपत्व से॥३७॥

प्रसद्य भस्मना योनिमपश्च पृथिवीमग्ने॥ सꣳसृज्य मातृभिष्ट्वं ज्योतिष्मान्पुनरासदः॥३८॥

का०१६।६।२८। जल में फेंके हुए भस्म के सकाश से अनामिका करि प्रसद्येति चारि ऋचाओं से भस्म को ग्रहण करै॥ हे अग्ने तू भस्म करिकै योनि(कारणभूता पृथिवी को और योनिभूता जलों को प्राप्त होकर मातृ जलों से एक होकर तेजस्वी संपन्न हो फिर स्वस्थान उ

…॥३८॥

पुनरासद्य सदनमपश्च पृथिवीमग्ने। शेषे मातुर्यथोपस्थे न्तरस्या ७ शिवतमः॥३९॥

हे अग्ने जलभूमिरूपस्थान को प्राप्त होकै फिरभी इस उखाके मध्य … माता के उत्सङ्ग में जैसे बालक सोताहै कैसाहै तू कि कल्याणतम॥३९॥

पुनरूर्जा निवर्त्तस्व पुनरग्न इषायुषा। पुनर्नः पाह्यंहसः॥४०॥

सह रय्या निवर्त्तस्वाग्ने पिन्वस्व धारया। विश्वप्स्न्या विश्वतस्परि॥४१॥

…व्याख्याते ९॥४०॥ १०॥४१॥

बोधा मे अस्य वचसो यविष्ठ मंहिष्ठस्य प्रभृतस्य स्वधावः। पीयति त्वो अनु त्वो गृणाति वन्दारुष्टे तन्वं वन्दे अग्ने॥४२॥

का०१६·६·३· तडाग से आकर अनामिका करि ग्रहण किये हुए भस्म को चुपकेसे उखा में प्राप्तकरि बोधामे इन दो ऋचाओं करि के उख्याग्नि को उपस्थित करै। दीर्घतमो दृष्टाग्नेयी त्रिष्टुप्। हे अन्न… हे युवतम अग्ने मेरे वचन के अभिप्रायको जान इति प्रोषः वा मेरे वचन को जान। कैसे वचन के कि मंहिष्ठ अतिशय करिके वहु… तथा प्रभृत श्रोत्रपथको प्रापित अर्थात् आदरोक्त के। किंच हे अग्ने एक पुरुष निंदा करताहै एक तुम्हे स्तुति करता है कश्चित् स्तौति कश्चि-

निंदति इतिलोकस्वभावः एवंसति हे अग्ने मैंतेरे शरीरको स्तुति नमस्कार करताहूँ कैसाहूँ मैं किवन्दनशील॥४२॥

सर्वौषधिसूरिर्म्मघवावसुपतेवसुदावन्॥ युयोध्यस्मद्द्वेषांसिविश्वकर्म्मणेस्वाहा॥४३॥ † स–सि॰अ॰वि–हा॰इ॰॥४३॥

सोमाहुति दृष्टाग्नेयी यजुरन्ता गायत्री। विश्वकर्मणे स्वाहेतियजुः हेबसु धन पत हे धन के दाता सो तू मेरे अभिप्राय कोजान।कैसा है तू कि पण्डित धनवान्। संतुष्टहो द्वेषभोग्यों को हमसे पृथक्करि। का०१६·७·१· स्रुवस्थानीय समिधा से घृतको ग्रहण करिकैउरख्याग्नि में हवन करै·तिस कर्मकी प्रायश्चिति संज्ञा॥ यजुः।जगत्सृष्टिस्थित्यादि कर्म कर्त्ते तेरे अर्थ सुहुतहो॥४३॥

पुनस्त्वादित्या रुद्रा वसवः समिन्धतां पुनर्ब्रह्माणोवसुनीथ यज्ञैः॥ घृतेन त्वन्तन्वं वर्धयस्व सत्याः सन्तु यजमानस्य कामाः॥४४॥

का०१६·७·२·घृतहोम के अनन्तर उठा करि तिसही समिधको उरख्याग्नि में आधान करै॥ आग्नेयी त्रिष्टुप्। हे अग्ने आदित्याः रुद्राः और वसवः तुम्हे फिर उपशान्त प्रकाश करें हे वसुनीथ ध नके निमित्त स्तुति जिस की वा धनों का लाने वाला तिसका संबोधन हे धननेतः ब्राह्मण ऋत्विग्यजमान यज्ञों करि तुम्हे पुनः प्रकाश करें और तू अपने शरी को हमारे दियेहुए घृत से बढा तेरी वृद्धि में यजमान के काम सत्यहों॥४४॥

अपेतवीतविचंसर्प्पतातोयेत्रस्थपुराणायेचनूतनाः॥

अदो यमो वसानम्पृथिव्या ऽ अक्रन्निमम्पित रोलोक मस्मै ॥४५॥

अथ गार्हपत्यचयनमुच्यते ॥ का॰१७॰१॰३॰ पलाश शाखासे गार्हपत्यचिति के स्थान को व्यूहे अर्थात् तहां पडेहुए तृणादिकों को स्थान-सै बाहर निकालै अपेत वीति ऋचा के पञ्च पादों करिकै प्रति दिशा को आदि में प्राच्याम पेत वीत,ये ऽत्र स्थेति दक्षिण में अदादिनि पश्चात् अक्रन्निति उत्तर में ॥ लिङ्गोक्त वहुदेवत्या त्रिष्टुप् अधर्चेन तत्स्थानसर्पिण उच्यंते पादेन यमः आदेन पितरः। यमस्य सर्वभूम्यधिपतित्वात्तद्भृत्याः सर्वत्र चरन्ति तान्प्रत्युच्यते। हे यमभृत्यऔ जे चिरंतन और जे नूतन तुम इस स्थान में हो ते सव तुम इस स्थान सै अति दूर गमन करो और इस स्थान से संघात को त्याग करि विविध गमन करो। कस्माद्वयमपसर्पयामेत्यत आह पृथिवी के इस स्थान को यम देव इस यजमान के अर्थ देता हुआ। और पितर इस लोक को इस यजमान के लिये करते हुए। यम और पितरों करि इस चयन स्थान के यजमानार्थ देंनेसे तुम अपसर्पण हो औ ॥४५॥

१अत्र भाविन्या वृत्त्या शालाद्वार्यो गार्हपत्य शब्देनोच्यते तद्थाचितिश्चिते। स्थानमपि गार्हपत्य एव।

संज्ञानमसि कामधरणम्मयि ते कामधरणम्भूयात् ॥ अग्नेर्भस्मास्यग्नेः पुरीषमसि चित्त स्थ परिचित ऽ ऊर्द्ध्वचितः श्रयद्ध्वम् ॥४६॥ सं-सि।अ॰।का-म्।इ॰।म-त्।उ॰अ-सि।ऋ॰।चि-म्।ल॰ ॥४६॥

का॰१७॰१॰४॰ जिस सै व्युदूहन किया तिस शाखा को उत्तर को फेंक करि गार्हपत्यचित्ति स्थान में क्षार मृदा को निर्वपन करे ॥ ऊषदेवत्यानित्रीणि१॰२॰दै-पं॰३॰या-पं॰। हे ऊष स्वरूप तूप शुओं के सम्यक् ज्ञान का-

साधनहै पशुहैं ते ऊष देश को घ्राण करि स्वादन करतेहैं। तथामनो-
रथों को सम्पादन करताहै यज्ञ द्वारा काम सम्पादकत्वसे। अतः तेरी-
काम सम्पादनसामर्थ्य मेरें हो वा श्रुतिके अनुसार कर व्याख्यान तेरेका-
मधरण पशु मेरें होवें यतः तू कामधरण पशुरूप सम्यक् ज्ञापकहैउल्व-
सम्भवात्+॥का०१७.१.६. ऊषवत् सिकता निर्वपन करै॥सिकताःदेवत्या
आसु–पं०।हे सिकता स्वरूप तू अग्निका भस्म(भासक)है सिकतास्य अ-
ग्नि अत्युग्र होताहै। और अग्निकापूरणहै†॥का०१७.१.७. एकविंश-
तिपरिश्रितों करि गार्हपत्यस्थान को वेष्टन करै पूर्ववत् प्रदक्षिणऊंचे
तेरखनियेहैं॥परिश्रिदेवत्यं आसु उ०।हे परिश्रित शर्कराओ तुमस-
र्वत स्थापिता हो ऊर्ध्वस्थापित हुई तुम इस गार्हपत्यायतनको सेवन
करो॥४६॥

अयर्ठंसोऽअग्निर्यस्मिन्त्सोममिन्द्रः सुतन्दधे जठरे वाव-
शानः॥ सहस्रियं वाजमत्यन्न सप्तिर्ठंससवान्त्सन्त्स्तूयसे
जातवेदः॥४७॥

का०१७.१.८. ततः अध्वर्यु माण्डलसे दक्षिणमें पूर्वमुख बैठिकर मध्य-
में चारि अर्धबृहती संज्ञक इष्टका प्राग्लक्षण दक्षिणोत्तर पङ्क्ति
करि उत्तरको आरम्भ करिके समीपमें धारण करै। अभ्यात्मंच-
यनमित्युक्तेः। ऋक तुष्क से एक-एक को। हस्त दीर्घ तिससे अर्ध आ-
याम पद्या लोकद्वय व्यापिनी इष्टका अर्धबृहती कहियेंहैं। पञ्च-
ऋचो विश्वामित्र दृष्टा आग्नेय्यस्त्रिष्टुभश्चतुर्थ्यनुष्टुप्। इष्टकाओं-
के उपधान को कर्त्ता अभिनयेन दिखलाताहै यह गार्हपत्यसो अ-

+पशवो वै कामः ऊषाः पशवः कामधरणं भवति पशवो भूयासुरिति श्रुतेः शत०७.१.१.८

†न वा अग्निस्त्वं भस्मातिदहति। अग्नेरेतद्वैश्वानरस्य रेतो यत्सिकताइत्त्च शत०७.१.१.८.१०।

ग्नि इष्टकाओं करि चयन करियैहै इतिशेषः। जिस अग्निमें चित होनेसे इन्द्र सोम को अपने उदर में धारण करता है। कैसा इन्द्र कि कामयमान। कैसा है सोम कि सहस्त्रा है। वाज (अन्न) बहुतोंका तृप्तिकरनेवाला। भक्षण करतेही मद करने वाला। तृप्तिकरनेवाला। अग्निमें चित्त हुएपर केवल इन्द्रहीनें सोम को जठर में रखा किंतु हेजात वेद हे अग्ने तू भी हवियों के सम्भजन कर ऋत्विग्य जमानों से स्तुत किया गया। उत्तरार्धस्यायंवार्थः। हेजातवेद गमन कुशल अश्व-इव सहस्त्र संख्या कथन करि सम्मित अन्न देनेसे यजमानों करि तू स्तुत है॥४७॥

अग्ने यत्ते दिवि वर्चः पृथिव्यां यदोषधीष्वप्स्वा यंजत्र॥ येनान्तरिक्षमुर्वाततन्थ त्वेषः स भानुरर्णवो नृचक्षाः॥४८॥

हे आयजत्र-मर्यादया यजनीय हे अग्ने तेरी जो द्युलोक में दीप्ति सूर्यकेरूप वर्त्ते है और जो पृथिवी में अग्निरूप और जो ओषधीओं में स्थित और जो जलों में स्थित और जिस दीप्ति करि अन्तरिक्षकोविस्तार करता है वोह भानु(दीप्ति)सकल विश्व को प्रकाश करती है अर्णवः अर्थात् उदक हैं जिसमें वा अरणवान् गमनवान्-प्रसरणशील। नरों के शुभा शुभ कर्मका द्रष्टा। ईदृश जोतेरी भानु तिसी इष्टका रूपको उपधान करता हूं। अनेन त्रिस्थानोऽग्निः स्तुतः॥४८॥

अग्ने दिवो अर्णमच्छा जिगास्यच्छा देवाँ ऊचिषे धिष्ण्याये॥ या रोचने परस्तात्सूर्यस्य याश्चावस्तादुपतिष्ठन्त आपः॥४९॥

हे अग्ने द्युलोक के संबंधि उदक को तू अभिमुख्येन प्राप्त हो। किंच जे देवता धिष्ण्या कहियें हैं तिन्ह प्राणरूप देवताओं को तू सन्मुख प्राप्त होता है किंच दीप्त रूप मण्डल में वर्तमान सूर्य के ऊपर नीचे जो जल उपतिष्ठें हैं तिस जल के तू अभिमुख्येन जाता है त्वमेवै तै रूपैः परिणमसीति भावः॥४९॥

पुरीष्यासो ऽअग्नयः प्रावणेभिः सजोषसः॥ जुषन्तां यज्ञमद्रुहोनमीवा ऽ इषो महीः॥५०॥

अनुष्टुप्। अग्नियें एते इष्टका रूपा हमारे इस याग को सेवन करैं और नहीं हैं व्याधि(क्षुधा तृष्णानिवर्तिका बहुला और अन्नभक्ष्य) अग्नियें सेवन करैं। कैसे हैं अग्नि कि पुरीष्यः पशुओं से हित। तथा प्रकर्षेण मनसा प्रीतियुक्ता। अहिंसता परस्पर प्रीतियुता॥५०॥

इडामग्ने पुरुदंससंसनिङ्गोः शश्वत्तमं हवमानाय साध॥ स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे॥५१॥

का०१७.१.११. इडामग्न ऽ इति दो ऋचाओं करि प्रति मन्त्र पश्चिम में दो पादमात्री पाद्या तिरश्ची उदग्लक्षणा उपधान करै उत्तर से अवस्थित दक्षिणामुख इडामिति दक्षिणां अयंत ऽ इति उत्तरां॥ द्वे आग्नेय्यौ त्रिष्टुबनुष्टुभौ। हे अग्ने हवमान(यजमान) के अर्थ अन्न को संपादन करि +। कैसे अन्न को कि बहुत हैं कर्म जिससे अर्थात् बहु कर्म साधनभूत अन्न को दे। तथा अत्यन्त अविच्छेदन वर्तमान अनपायिन धेनुसंबंधि दान पयोदधि घृतादिक को सर्वदा दे। किंच हमारे यजमानों के सूनुः(पुत्र) हो। कैसा सूनुः कि तनयः औरसः सूनुशब्देन

+ आपो वा ऽ अस्य दिवो ऽ लोकात्प्र धूमेनाश्नोति शत०७.१.१.२४ श्रुतिः।

† आहूयति देवाञ्जुहोति वा यजमानः पशवो वा इडेति शत०७.१.१.२७ तद्वलीवर्दै रत्नसोत्पद्यमानत्वात्

उक्तत्वाद्द नपुत्रादि व्यावृत्त्यै॰ अथवा तनयः अग्नि होत्रादि कर्मोंका विस्तार करनेवाला तथा प्रजावान् हे अग्ने तेरी वह अन्न गो पुत्रदान विषया शोभना बुद्धि अनुग्रहेण हम विषैं हो यजमानेभ्यस्त्वया न्नादि देयमितिभावः॥५१॥

अयन्ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो अरोचथाः॥ तंजानन्नग्न आरोहाथा नो वर्द्धया रयिम्॥५२॥

व्याख्याना ३.१४॥५२॥

चिदसि तया देवतयाङ्गिरस्वद्ध्रुवा सीद परिचिदसि तया देवतयाङ्गिरस्वद्ध्रुवासीद॥५३॥ चि-द।अ॰।प-द।द्र॰॥५३॥

का॰१७.१.१२॰ तिस के उत्तर अपर मार्गेण दक्षिण को चलकर चिदसीति प्रति मन्त्र पूर्व में तिरश्ची उदग्लक्षणा दक्षिण में स्थित उदङ्मुखव उपधान करै चिदसीति उत्तरां परिचिदसीति दक्षिणां॥ इष्टका दैवत्येद्वे सामात्नुष्टुब्बृहती। हे इष्टके तू स्थापित है वा भोग संपादिका है। तिसत्र सिद्धि देवता वाग्रूपा करि सावधान किई हुई जैसे प्राण सब अङ्ग में स्थित तैसे स्थिरा हुई निवेशाकरि। द्वितीयामुपदधाति परितः सर्वतः चीयते वा परितो भोगांश्चिनोति॰ तू परिचित है॥ अन्यद्व्याख्यातम्॥५३॥

लोकम्पृण छिद्रम्पृणाथो सीद ध्रुवा त्वम्॥ इन्द्राग्नी त्वा बृहस्पतिरस्मिन्योनावसीषदन्॥५४॥

का॰१७.१.१७॰ प्रथम चुपके से उपहिता तीनि लोकम्पृण इष्टकाओं में लोकम्पृण इति अभिमन्त्रण फिरि दशों विषें मन्त्र है वा प्रथम दो लोकम्पृणाओं में मन्त्र फिरि दशों में पुनः एक में ऐसें एक विंश

ति इष्टका गार्हपत्यमें हैं॥ लोकम्पृण देवत्या नुष्टुप्। हे लोकम्पृणेष्टके तू लोक गार्हपत्यचयन देशमें पूर्वेष्टकाओंसे अनाक्रान्त स्थानको पूरि। तथा छिद्रको भरि कोई भी छिद्र जैसे न दीखै तैसे संश्लिष्टा हो। और स्थिर होके तू बैठि। किंच इन्द्राग्नी और बृहस्पति एते देवता इस स्थानमें तुम्हैं सादन करते हुए नही मनुष्य अध्वर्यु तिन्हैं सादन करने को समर्थ हैं इति भावः॥५४॥

ताऽअस्य सूददोहसः सोमꣳ श्रीणन्ति पृश्नयः॥ जन्मन्देवानां विशस्त्रिष्वा रोचने दिवः॥५५॥

का०१६·७·१४· तया देवतयेति सादनं, ताऽअस्येति सूददोहसाधिवदनं एते नित्ये सर्वत्रेति सूत्रार्थः॥ इन्द्रपुत्र प्रियमेधदृष्टाब्देवत्यानुष्टुप्। देवः(द्युलोक संबंधी वा दिवश्च्युता सूददोहसः ⁺जलकरि सहित और अन्नयुक्त दोहजल प्रसिद्ध इस यज्ञ संबंधी सोमको भले प्रकार मिश्रित (पक्क) करते हैं कैसे हैं सूददोहसः किं पृश्नयः नानाविधा वा अन्नरूपाः ⁺ अर्थात् यहां आके व्रीह्यादि धान्यनिष्पादकाः। कब मिश्रित करते हैं कि देवानां जन्मन् संवत्सर ᵖ विषैं सम्वत्सरे सम्वत्सरे सोम यागस्तदभिप्राय मेतत्। तीन्यों सवनोमें ᵐ। यज्ञपरिणामभूताऽअन्नोत्यादिका जल दिविके सकाश से इस लोकमें गिरि के ओषधी वनस्पति अन्न हो सोमका उपकर्त्ते हैं इति भावः॥५५॥

इन्द्रं विश्वाऽअवीवृधन्त्समुद्रव्यचसं गिरः॥ रथीतमꣳ रथीनां वाजानाꣳ सत्पतिं पतिम्॥५६॥

का०१७·१·१८·चात्वाल स्थान से मृदा लेकरि गार्हपत्य चितिके

⁺ शत०८·७·३·२१·आपो वै सूददोहसः। ८·७·३·२१· पयो वै पृश्नय इति श्रुतेः।

⁺ शत०८·७·३·२१·अन्नं वै पृश्नीति श्रुतेः।
ᵖ शत०८·७·३·२१·संवत्सरो वै देवानां जन्मेति श्रुतेः।
ᵐ शत०८·७·३·२१·सवनानि त्रीणि वै रोचनानीति श्रुतेः।

ऊपर डाले॥ इन्द्र देवत्या मधुछन्द सुतजेत दृष्टानुष्टुप्॥ ऋग्यजुःसामरूप स्तुतियें इन्द्र को वढाती हैं। कैसे इन्द्र को कि समुद्र व व्यापक अर्थात् विविधाञ्चन नानागति वा अक्षोभ्य गति। सवरथीओं के वीच अत्यन्त रथ युक्त महारथी अर्थात् रथ युद्ध में अतिशय लब्ध तथा अन्नों के पति और सद्धर्म वर्ति ओं के प्रति पालक॥५६॥

समितꣳ सङ्कल्पेथाꣳ सम्प्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ॥
इषमूर्ज्जमभिसम्वसानौ॥५७॥

का०१७·१·१९· गार्हपत्य चितिको मृत्पूरण से परिश्रित(सम)करिके तिस के वीच में नीचेउ ख्याग्नि को चारि मंत्रों से स्थापन करे॥अग्नि देवत्या १· उष्णिक् २· उपरिष्टाद्बृहती ३· उष्णिक् ४· पङ्क्तियो॥ हे चित्योख्याग्नी तुम संगत हो और संकल्प हो वा संकल्पन(यज्ञनिष्पादन करो। कैसे हो तुम कि परस्पर प्रीति युक्त दीप्यमान। परस्पर शोभन चित्तवन्त अन्न और घृतादि उपसेचन को अभ्यवहारकर्त्ते वा भले प्रकार सम्पादन कर्त्ते॥५७॥

सं वां मनांꣳसि सं व्रता समु चित्तान्याकरम्॥ अग्ने पुरीष्याधिपा भव त्वन्न ऽ इषमूर्ज्जं यजमानाय धेहि॥५८॥

हे पूर्वोक्त अग्नियों तुम्हारे मनों(मन वुद्धि अहंकार को समाकरम्। सर्वतः संगत कर्त्ता हूं। तथा व्रतों(कर्मों) को समाकरम्। तथा चित्तों(मनोगतिसंस्कारों) को समाकरम् उकारः समुच्चयार्थः। एवं मनः कर्म संस्कार से एकी किये एकी भूत अग्नि को प्रार्थना करियें हैं· हे पुरीष्य(पशव्य) हे अग्ने तू हमारा पालक हो अन्न और तिसका

उप सेचन दध्यादि यजमान के अर्थ दे ॥ ५८ ॥

अग्ने त्वं पुरीष्यो रयिमान्पुष्टिमाँ२ ॥ असि ॥ शिवाः कृत्वा दिशः सर्वाः स्वं योनिमिहासदः ॥ ५९ ॥

हे अग्ने तू पशव्य है और धनवान पोषयुक्त है अतः सब दिशाऐं शांत करिके इस चयन विषें स्वकीय स्थानको प्राप्त हो ॥ ५९ ॥

भवतन्नः समनसौ सचेतसावरेपसौ ॥ मा यज्ञꣳ हिꣳसिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः ॥ ६० ॥

व्याख्याता ५.३ ॥ ६० ॥

मातेव पुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्निꣳ स्वे योनावभारुखा ॥ तां विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः सम्विदानः प्रजापतिर्विश्वकर्म्मा विमुञ्चतु ॥ ६१ ॥

का० १७.१.२१. शून्या उखा को सिकता से पूरण करि मातेवेति मंत्रेण शिक्या से प्रथक करिके अग्निवत् स्थापित अग्नि के उत्तर में अरत्निमात्र गार्हपत्य चिति के ऊपर ही उखा को रखिके तिस के वीच दुग्धको चुप के से सींचे ॥ उखास्तुतिस्त्रिष्टुप् । मृन्मयी जो उखा पशव्य अग्नि को स्वकीय गर्भस्थान में रखती हुई । जैसे माता पुत्र को उत्संगमें रखती है । प्रजापति तिसकृतकृत्य उखा को शिक्य पाशसे मुक्त करै कैसा है प्रजापति कि विश्वेदेवा और ऋतुओंसे संवित् अत्यन्त एक होके अहो वडा कर्म उखा का किया यह संवाद कर्ता । विश्वकर्मा सृष्टि रूप कर्म जिसका ॥ ६१ ॥

अ०५ असुन्वन्तमयजमानमिच्छस्तेनस्येत्यामन्विहि तस्करं

स्य॥ अन्य मस्मदिच्छसातेऽइत्यानमोदेविनिर्ऋतेतुभ्यं मस्तु॥६२॥

का॰१७॰१॰२३॰२॰१॰ ततः अध्वर्यु राजसूय में हविष्य शन होमविषें जैसा देश तैसा आप प्रदीर्ण वा इरण में असुन्वन्तमिति प्रत्यृचं तीन्यो नैर्ऋती संज्ञा इष्टका दक्षणोत्तरा करिकें फिर तिन्होंका अस्पर्श कर्ना उपधान करे। कैसी इष्टका कि पाक करिकृष्णावर्णा तुषहीसे पक्व लक्षण हीन पद्या पराची अना त्मसुखी। अवदक्षिण मुख हो पूर्वमें उत्तरा को रखिके फिर दक्षिण में दो रखे॥ तिस्रो निर्ऋति देवत्या स्त्रिष्टुभः। हे निर्ऋते असुन्वन्त ऽ सोम यागन करनेवाले ऽ और ऽ अयजमान हवियज्ञों से यजन न करनेवाले को तू पकडि। किंच गुप्तचोर प्रकटचोर तिन्हो को पीछे से जाय करि पकडि। सर्वथा सोम याग करनेवाले और हवियज्ञों से पूजने वाले हमलोगों को मति पकडि। सादुष्टशिक्षा तेरी गति श्चर्या हे देवि निर्ऋते एवंभूता तेरे अर्थ नमस्कार हो॥६२॥

नमः सुतेनि ऋते तिग्मतेजोयस्मयं विचृता बन्धमेतम्॥ यमेनत्वं यम्यासंम्विदानो त्तमेनाके ऽ अधिरोहयैनम्॥६३॥

हे तिग्म तेज ऽ दुःसह तेज हे निर्ऋते तेरे अर्थ सुतरा नमस्कार हो। सो तू लोह पाशवत् दृढ इस वंध जीवत्व करि जन्म मृति रूप अज्ञान को विशेषरा काटि। किंच अग्नि और पृथिवी से संवाद करती उत्कृष्ट नाक सर्व सुखोपेत दुःख मात्र हीन स्वर्गविषें इस यज

+भूमिर्वानिर्ऋतिर्दिग्रामिमाकेवला+

मान को स्थापन करि॥६३॥

यस्यांस्ते घोर आसञ्जुहोम्येषां बन्धानामवसर्ज्जनाय॥
यां त्वा जनो भूमिरिति प्रमन्दते निर्ऋतिं त्वाहं परिवेद विश्वतः॥६४॥

हे घोरे विषमसीले क्रूररूपे निर्ऋति देवी जिस तेरे मुख में मैं होमता हूं (आहुतिवत इष्टका को उपधान कर्ता हूं। किसलिये कि इन बंधनो (यजमान के स्वर्गोप्ति प्रतिबंधक पापों के अवसर्जनार्थ। किंच जंतुमात्र तुम्ह जैसी कू भूमि यह स्तुति कर्ता है। तू तो निर्ऋती है। मैंभी शास्त्रज्ञता से तुम्ह तैसी विश्वतः (सर्वथापि निर्ऋतिमेव) भलेप्रकार जानता हूं। निर्ऋति शब्दस्यायमर्थः सर्व देव साधारणाद्देवयजनान्निष्क्रम्य स्वतन्त्र देशे विदीर्णादौ ऋतिः प्राप्तिर्यस्याः सा निर्ऋतिरिति। इदं प्रकार द्वयं वेदेति विश्वत इत्युक्तम्॥६४॥

यं ते देवी निर्ऋतिराबबन्ध पाशं ग्रीवास्वविचृत्यम्॥ तं ते विष्याम्यायुषो न मध्यादथैतं पितुमद्धि प्रसूतः॥ नमो भूत्यै येदं चकार॥६५॥ पं॰ तः। अ॰ न॰ र। इ॰॥६५॥

शिक्य रुक्म पाश दोनों इण्डु और आसन्दी को नैर्ऋती इष्टका से पीछे डाले॥ यजमान देवत्या + यजमानं प्रत्युच्यते। हे यजमान निर्ऋति देवी ने तेरे ग्रीवा कंठावयव विषें जो शिक्यरूप पाश को बांधा कैसे पाश को कि नहीं छेदा जाय हट तिस ग्रीवस्थ तेरे पाश को इस मंत्र से मैं खोलता हूं। किस स्थान से कि आयुषः अग्नि के मध्य गार्हपत्य चिति स्थान से सम्प्रति इस पाश को दूरि कर्ता हूं +। पाशवि

+ सर्वानुक्रमण्यां छन्दोनामिऽहुभ्मा युप मृते
मध्ये ज्योतिस्त्रिष्टुप् मही धरेन्तु त्रिष्टुब्देव

+ शत॰ ७.२.१.१५ अग्निर्वा आयुस्तस्यैतन्मध्यं यच्चितो गार्हपत्यो भवत्यचित आहवनीय इति श्रुतेरायुः शब्देनाऽग्निरुच्यते।

मोक के अनन्तर निर्ऋति से आज्ञा पाकर अग्नि रूप को आश्रय हो हे यजमान इस अन्न को भक्षण करि॥ का॰१७.२.४ शिक्यादि निरसन के अनन्तर अपने और नैर्ऋती इष्टका ओं के बीच में जल पूर्ण चमस को चुपके से ओंधाय ब्रह्मा यजमान अध्वर्यु नमः इस मंत्र करि निर्ऋति समीप से उठें॥ भूतदेवत्ये कपदा विराट्॥ जिस देवी ने यह अग्नि लक्षण कर्म किया तिस भूत्ये॰ श्रीरूपिणी देवी के अर्थ॰ नमस्कारो ऽस्तु॥ ६५॥

निवेशनः सङ्गमनो वसूनां विश्वा रूपाभिचष्टे शचीभिः॥
देव इव सविता सत्यधर्म्मेन्द्रो न तस्थौ समरे पथीनाम्॥ ६६॥

का॰१७.२.६. ब्रह्मा यजमान अध्वर्यु नैर्ऋत्युपधान देश से पीछे न देखते शाला को जावें॰ अध्वर्यु चलिकर शालाद्वारी गार्हपत्यचिति रूप अग्नि को उपस्थान करे॥ विश्वावसुर्देव गन्धर्व दृष्टेन्द्राग्निर्देवत्या त्रिष्टुप्। यह अग्नि सब आहवनीया दतिप्रणीताग्नीध्रधिष्ण्यादिक सब रूप सर्व नेदेखताहै केसे रूप कि अपने॰ अपने कर्मों से युक्त इति शेषः॥ कैसा है अग्नि कि यजमान को अपने घर में स्थापित करता॥ तथा प्रजा पशु रूपधन का प्रापक। सत्यधर्म (सत्य॰ अवश्य भावी फलोपेतः धर्म॰ अग्निहोत्रादि लक्षण जिसके वोह। कैसे कि॰ जैसे सूर्यदेव सब रूप देखता। और जो अग्नि परिपंथियों से संग्राम में इन्द्र जैसे स्थित होता तद्वत् स्थित हुआ तिसे हम स्तुति कर्त्ते हैं इति शेषः॥ ६६॥

सीरा युञ्जन्ति कवयो युगा वितन्वते पृथक्॥ धीरा देवे

षु सुम्नया ॥ ६७ ॥

का०१७.२.११. चितिके दक्षिण श्रोणिसे खडा अध्वर्यु प्रतिप्रस्थान के उत्तरांशपूर्वमें षट् वा द्वादश वा चौवीस वैलोंसे जुडेहुए औदुंबर हलको दो मंत्रों से अभिमंत्रित करे॥ सीरदेवत्ये सोमपुत्र बुधदृष्टे द्वे गायत्री दृष्टे भौ। बुद्धिमान अग्निहोत्र के जानने वाले खेन कर्म के जानने वाले हल(बैल) जोडते नाना प्रकार विस्तार करते हैं। क्या करने को कि देवताओं के सुख करने को इति शेषः ॥ ६७ ॥

युनक्त सीरा वियुगा तनुध्वं कृते योनौ वपते ह बीजम्। गिरा च श्रुष्टिः सभरा असन्नो नेदीय इत्सृण्यः पक्वमेयात् ॥ ६८ ॥

हे हल हारे औ हल जोडो सौल पचारी जोताओंसे विस्तार करो। फिरि जोतने से संस्कार किये इस स्थान में बीज व्रीह्यादिक तुम बोओ किससे कि गिरा० या ओषधीरित्यादिक या ऋ०७५ वेदमंत्र वाचा औरच मस सो किंच वाग्वै गीरं नर्ठं स्नुष्टिरिति श्रुत०७.२.२५ श्रुतेः अन्नजाति व्रीह्यादिका फल पुष्पा सह बर्तमाना पुष्ट हो। जैसे थोडे ही काल करि पका अनाज हमारे घरमें आवे ॥ ६८ ॥

शुनर्ठं सुफाला विकृषन्तु भूमिर्ठं शुनं कीनाशा अभियन्तु वाहैः। शुनासीरा हविषा तोशमाना सुपिप्पला ओषधीः कर्त्तनास्मे ॥ ६९ ॥

का०१७.२.१२. परिश्रित समीप चिति स्थानमें चारि ऋचाओंसे दक्षिण पश्चिम उत्तर पूर्व चारि सीता जोते॥ कुमार हारित दृष्टाः

सीतादेवत्या श्चतस्त्रः द्वेत्रिष्टुभौ तृतीया पङ्क्तिश्चतुर्थ्यनुष्टुप्। शोभना फाला (सीर के अग्रस्थ लोह विशेष-कुसि) सुख जैसे तैसे भूमि को कृषे (कूंड करें) हलहारे सुख पूर्वक बैलोंके साथ चलें। हे शुनासीरौ + वाय्वादित्यौ तुम हमारी ओषधीयें। (व्रीह्यादिकोंको) शोभनफला करो कैसे हो शुनासीरा कि हवि (जल) से भूमि को सींचते ओषधियें सफल करो इतिभावः॥ ६९॥

घृतेन सीता मधुना समंज्यतां विश्वैर्देवैरनुमता मरुद्भिः॥ ऊर्ज्जस्वती पयसा पिन्वमानास्मान्त्सीते पयसाभ्यावव-त्स्व॥ ७०॥

सीता (लाङ्गल पद्धति, हलेषा) जल करिकै सिञ्चित हो। कैसी सीता कि विश्वेदेवा और मरुतों से अनुज्ञाता वा अङ्गीकृता एवं परोक्षमुक्त्वाप्रत्यक्ष माह-हे सीते अन्नवती सोतू पय दधि घृतादिकसे दिशापूर्ण कर्त्ती दुग्धादिके साथ हमारे अनुकूलाहो॥ ७०॥

लाङ्गलं पवीरवत्सुशेवं सोमपित्सरु॥ तदुद्वपति गामविं प्रफर्व्यं च पीवरीं प्रस्थावद्रथवाहनम्॥ ७१॥

तिस पूर्वोक्त हल को गौ (बैल) अवि (मेंढा) और रथ वाहक अश्वादिक प्राप्त कर्त्ता है। कृषि समृद्धि में ही गवादिक यजमान के सुलभ इति भावः अत एव लाङ्गल गवादि प्रापक है। कैसे हल को कि फाल (कुसि संयुक्त) तथा शोभन सुख कर्नेवाला। तथा सोमपित्सरु-सोमपीनेवाले यजमान के निमित्त भूमि को खनता वा यजमान विषें पापको नाश कर्त्ता है वा सोम पीते हैं जिससे अर्थात् चमस तिस्कानि

+ शुनो वायुरित्यादि निरु॰

त्पादक नहीं लाङ्गल कर्म विना सोम चमस होता। अर्थात् ऐसे ह ल को गवादि चलातीहैं कैसीहैं गो और भेड कि प्रकर्षेन चलती अतिवेगवति। तथा पुष्टाङ्गी। कैसे रथवाहन को कि उत्कृष्ट गोपेत ॥७१॥

कामंकामदुघेधुक्ष्वमित्रायवरुणायच ॥ इन्द्रायाश्वि भ्या पूष्णे प्रजाभ्य ऽ ओषधीभ्यः ॥७२॥

हे कामदुघे (मनोरथों को पूर्ण करनेवाली लाङ्गल पद्धते, हलैया) मित्र वरुण इन्द्र अश्विनी कुमार पूषा के अर्थ और प्रजा के अर्थ औषधि निष्पत्त्यर्थ अपेक्षत भोग को निष्पादन करि ॥७२॥

विमुच्यध्वमघ्न्यादेवयाना ऽ अगन्मतमसस्पारमस्य ॥ ज्योतिरापाम ॥७३॥

का॰ १७.२.२०.२१. वृषों को हलसे निकाल कर पशुवत् ईशानदि शा प्रति अध्वर्यु छोडे और यजमान सुत्या विषें सीर सहित तिन्हों को अध्वर्यु के अर्थ देवे ॥ विमोचने मन्त्रः वृषदेवत्या विराट् प्राङ्कुमती गायत्री। हे देवयानाः (देवतार्थ कर्म करने वाले और देवताओं के अर्थ यानकर्षादि उद्यम तिन्होंका वा देवयान मार्ग भूताओं, कर्मद्वारा तिसको प्राप्त करने वाले औ। हे अघ्न्याः बलीवर्दौ तुम छूटो अर्थात् जगत्स्थि न हेतु कृषि को निष्पादन करि कृत कृत्य हुए जुडने से पृथक् हो औ। इस तम क्षुत्पिपासाद्युद्भूत दुःख के पार समाप्ति को हम पहुंचे †। दुःख के पार को स्पष्ट करता है हम ज्योति परमात्म लक्षण वा यज्ञ रूप तेज को प्राप्त हुए ॥७३॥

सजूरब्दो ऽ अयवोभिः सजूरुषा ऽ अरुणीभिः ॥ सजोष

† बृहदारण्य॰ ब्रा॰ ३.२.९. सोऽशनायापिपासे शोकं मोहं जरां मृत्युमत्येति

सावश्विनादर्ठंसोभिः सजूः सूरऽएतंशेन सजूर्वैश्वानरऽइ
डयाघृतेनस्वाहा॥७४॥

का॰१७॰३॰२॰ तहां संस्कृत जुहूकरि पञ्च गृहीत आज्यसे कृष्टात्ममध्य स्थापित कुशस्तम्ब विषे स्रुच को ऊंची करते होमें॥ लिङ्गोक्तदेवतं यजुर्ब्राह्म्यनुष्टुप्छन्दस्कम्। अब्दः (जलोंका देनेवाला-संवत्सर) उषा (प्रात की अधिष्ठात्री देवता) अश्विनौ (देवताओं के वैद्य) सूरः (सूर्य) और वैश्वानर (अग्नि) इन अब्दादिकों के अर्थ यह घृत सुहुत हो। तेषां प्रत्येकं विशेषणानि। कैसा है अब्द कि अयवोभिः सजूः पवों अर्धमासों और अयवों मासों से प्रीतियुक्त। कैसी उषा कि अरुणवर्ण किरणों से सजूः कैसे अश्विनौ कि चिकित्सादि कर्मों से सजूः। कैसा सूर्य कि अश्वसे सजूः। कैसा अग्नि कि पृथिवी से सजूः † ॥७४॥

अ॰ई याऽओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा॥ मनैनुबभ्रू
णामहर्ठंशतंधामानि सप्तच॥७५॥

का॰१७॰३॰८॰ याऽओषधी इन पांच तृचों से चमस करि सर्वौषधिवपै उदपात्रवत् चारों-चारों सीताओं में यथाकृष्ट॥ अथर्वपुत्र भिषग्दृष्टा ओषधिदेवत्या योऽस्मानभिदासतीत्यन्ता १०१ सप्तविर्ठंशति रनुष्टुभः मुञ्चन्तुमेत्याद्या ८८ द्वादशबन्धुदृष्टाः कुत्रापि कर्मण्यनियुक्ताः। युगशब्दः कालवाची तीनों युगोंका समाहार त्रियुग त्रिकाल वसंत प्रावृट् और शरद में। पुरा सृष्टिकी आदिमें जो ओषधीएँ भाविनी ओषधीओंसे पहिले उत्पन्न हुई किमर्थम् कि देवता (ऋतुएँ ‡) ओषधि युक्त कीजावें एतदर्थम्। बभ्रूणां जगत्‌जन (जनन) भरण समर्थ वा पाक करि

† तदधिष्ठातृत्वात् अग्नेरपीहि पृथिवी इडाशब्देन गौर्वाग्नन्नं चोच्यते

‡ ऋतवो वै देवा इति श्रुतेः ७.२.४.२६ श्रुति

† पञ्चदशभिषग्दृष्टा द्वादशबन्धुदृष्टाश्चैवं सप्तविंशति।

पिङ्गल वर्ण तिन ओषधीओं के सौ १०० और सात ७ धामों को मैंने जाना। संवत्सरोपलक्षित एक-एक स्थान शतायुर्वै पुरुष इतिश्रुतेः शतं वर्षात्मक धामों और शिरःस्थ मुख १ नेत्र २ नासा छिद्र २ कर्ण २ सप्त ७ स्थानों य॰ एवेमे सप्तशीर्षन् प्राणास्ताने तदा हेति शत॰ ७। २। ४। २६। शत वर्ष पर्यन्त इन्द्रियों की ओषधी करि नर्प्य मानत्व सैं तत्स्थानत्व अथवा असंख्यात् स्थान भेदों जाति भेदों सै और सप्त भेद ग्राम्य आरण्यादि और व्रीह्यादि और नीवारादि को मैंनें जाना ७५

शतं वो॰ अम्ब धामानि सहस्रमुत वो रुहः॥ अधा शतक्रत्वो यूयमिमं मे॰ अगदं कृत॥७६॥

हे अम्ब॰ मातृस्थाना ओषधीओ तुम्हारे धाम जाति भेद वा क्षेत्र वा जन्म सैकडो हैं और तुम्हारे सहस्रों अङ्कुर हैं +। एवं सति हे शतक्रत्वो सैकडों कर्म जिन्हों से तुम मेरे इस यजमान को अगद क्षुत्पिपासादि षडूर्मि रोगे रहित करो॥७६॥

+ शतसहस्रत्वपदानामपरिमितत्वमुक्तम्

ओषधीः प्रति मोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः॥ अश्वा॰ इव सजित्वरीर्वीरुधः पारयिष्णवः॥७७॥

हे ओषधीओ तुम प्रसन्न होओ। कैसी हो तुम कि पुष्पोपेताः। फलों की उत्पन्न करनेवाली। जैसैं अश्व संग्राम में जय शील हैं तद्वत् फलपर्यन्तत्व सैं जयशीलाः वीरुधः॰ व्याधि की विविध निवारण करनेवाली बहुत अङ्कुराः। पारयिष्णवः॰ फल पाकान्तत्व को परित्याग करि बहु काल कर्म परायण शीलाः॥७७॥

ओषधीरिति मातरस्तद्वो देवीरुप ब्रुवे॥ सनेयमश्वङ्गा

म्वासऽआत्मानं तवपूरुष॥७८॥

हे ओषधीओ हे जगन्नि मौत्रीऔ (भोजन दान व्याध्यपगमादिकोंसे उपकर्त्रीऔ) हे देवीऔ तुम प्रति इसवक्ष्यमाण विधिकरि प्रसिद्ध अभीष्ट कोप्रार्थना करताहूं। यहक्या कि हे यज्ञपुरुष तेरे प्रसाद से अश्व गौ वस्त्र शरीर कोमें सम्भजन करूं यज्ञपुरुष प्रति जो मुस्करि अश्वादिकप्रार्थना कियेते ओषधीओं से अनुमन्तव्य यह ओषधि प्रार्थना है इतिभावः॥७८॥

अश्वत्थेवोनिषदनं पर्णेवोवसतिष्कृता॥गोभाजऽइत्किलासथ यत्सनवथ पूरुषम्॥७९॥

हे ओषधीऔ तुम्हारा अश्वत्थ आश्वत्थी उपभृत स्रुक् विषें स्थान है हविषां तत्र स्थापनात्। किंच तुम्हारी पलाशमयी जुह्वा विषें स्थित कीगयी अध्वर्युना होमार्थ जुह्वां स्थापनात्। हे हविर्भूता ओषधियो तुम अग्नि में होमीहुई आदित्य को भजती हो॥ यद्वा अश्वत्थे वो निषदनं अश्वत्थ के फलते सब ओषधिओं के फलवत्व से पर्णेवो वसतिः कृता और पलाश के फलते व्रीह्यादिकों के फल तत्व से अतएव तुम उत्पन्नहुई गोभाज भूमिभाज हो किमर्थमिदमित्यत आह कि जिस्कारण यजमान को तुम अन्नदान से पोषण करती हो तिस हेतु अश्वत्थादि स्थान हैं और देवताओं के अधिष्ठान से लोक विषें अश्वत्थ नति प्रदक्षिणा करि पूज्य है और पलाश इध्मादि रूपकरि एवं अश्वत्थादि रूपेण तुम भूभाज हो शेषं पूर्ववत्॥७९॥

यत्रौषधीः सम्ग्मत राजानः समिताविव॥ विप्रः सऽउच्यते भिषग्रक्षोहामीवचातनः॥८०॥

हे ओषधिओ जिस विप्र (भैषज्य करने वाले ब्राह्मण) विषें तुम रोगजीतने को प्राप्त होती ओ कैसे कि जैसे राजा युद्धविषें शत्रु जीतने को आतेहैं। सो तुम्हारा आश्रित विप्र भिषक् (वैद्य) कहलाता है। कैसा है विप्र कि पुरोडाश करिके राक्षसों के किये उपद्रव का नाशक तथा ओषधि दान करिके रोगका नाश करनेवाला॥८०॥

अश्वावतीᳯ सोमावतीमूर्ज्जयन्तीमदोजसम्॥ आवित्सिसर्वा ओषधीरस्मा अरिष्टतातये॥८१॥

ष्टा दिशा को लक्ष करिके तू प्रकर्षेण जा। कैसा है तू कि विद्वान् अ

अधिकार को जानता। और जाकर हे अग्ने इस प्रदेश (अग्नि निष्पादित चितिरूप) का पुरोऽग्नि (पुरोगन्ता मुख्य) हो। तमारे द्विपद (पुत्रादिकों) चतुष्पद (गवादिकों) के अर्थ अन्न सन करि॥६६॥

पृथिव्या अहमुदन्तरिक्षमारुहमन्तरिक्षाद्दिवमारुहम्। दिवो नाकस्य पृष्ठात्स्वर्ज्योतिरगामहम्॥६७॥

नेयी पिपीलिकमध्या बृहती। यजमान आह मैं पृथिवी से ऊलकर अन्तरिक्ष को आरूढ हूं। तिस अन्तरिक्ष से चलकर लोक को आरूढ हूं। द्युलोक का जो दुःखरहित प्रदेश। तिसके रि भाग से स्वर्ज्योति (स्वर्गलोकस्थ आदित्यमण्डल) को मैं प्राप्त ॥६७॥

स्वर्पन्तो नापेक्षन्त आ द्याᳬं रोहन्ति रोदसी। यज्ञं ये विश्वतोधारᳬं सुविद्वाᳬंसो वितेनिरे॥६८॥

नेयी अनुष्टुप्। जे सुविद्वांसः (ज्ञानकर्मसमुच्चय करनेवाले यज्ञ को अनुतिष्ठं हैं। कैसे यज्ञ को कि विश्वतोधारं विश्वतोधारा- जिसकी तिसै आहुतिदक्षिणान्नानि यज्ञ की धारा एँवा वैश्वानर मारुत पूर्णाहुति वसोर्धारा वाजप्रसवीयानि यज्ञ की धारा एँ यद्वा जगत के धारण करनेवाले को। ते यज्ञ करनेवाले स्वर्ग को गये पुत्र पश्वादिकों की अपेक्षा नहीं करते कृतकृत्य होंने से। और स्वर्ग को आरोहण करते हैं कैसी स्वर्ग कि रोदसी रुणद्धि जरामृत्यशोकादिकों को। यद्वा जे यजमानाः सुविद्वांसः सुष्ठु कर्मप्रकार को जानके

जगदुद्धरणहेतु यज्ञ को विशेषेण करते हैं ते यजमान द्यां अन्तरिक्ष को आरोहण करते तथा रोदसी द्यावापृथिवी को आरोहण करते हैं ततः स्वर्गस्थ आदित्य मण्डल को प्राप्त हुए अन्यत्किमपि स्थान को नहीं अपेक्षा करते ॥६८॥

अग्ने प्रेहि प्रथमो देवयतां चक्षुर्देवानामुत मर्त्यानाम् । इयक्षमाणा भृगुभिः सजोषाः स्वर्यन्तु यजमानाः स्वस्ति ॥

आग्नेयी त्रिष्टुप् । हे अग्ने देवताओं की इच्छा करने वाले यजमान के पुरतः प्रकर्षेण जा । कथं मयाग्रतो गन्तव्यं तत्राह जो कि तू देवता और मनुष्यों के चक्षुः स्थानीय लोक में गये पुरुष की दृष्टि के पुरतः जाता है । किंच पूजने की इच्छा करने वाले यजमान स्वस्ति जैसे तैसे अविनाशेन स्वर्ग को प्राप्त होवें । कैसे कि भृगु गोत्र विप्रों से है समान प्रीति जिन्हों की ते । भृगुग्रहणमनूचानब्राह्मणोपलक्षणम् । उत्तम विप्रैः प्रीतिमन्तः ॥६९॥

नक्तोषासा समनसा विरूपे धापयेते शिशुमेकꣳ समीची । द्यावाक्षामा रुक्मोऽअन्तर्विभाति देवा अग्निं धारयन्द्रविणोदाः ॥ ७० ॥

का० १८ ४ २ अध्वर्युः स्वयमातृण्णेष्टका के ऊपर समीप में प्रति प्रस्थाता के तिस अग्नि को धारण करते कृष्णवर्णा श्वेतवत्सा गौ के जुहू स्थानीय मृन्मय दुग्धदोहन पात्र करि स्वयमातृण्णा को सींचते इध्मस्थ अग्नि में नक्तोषासेति दो ऋचाओं से होमें व्याख्याता १२ २ ॥ ७० ॥

अग्ने सहस्राक्ष शतमूर्धञ्छतं ते प्राणाः सहस्रं व्याना त्वꣳ साहस्रस्य रायऽईशिषे तस्मै ते विधेम वाजाय स्वाहा ॥७१॥

आग्नेयी विराट् पंक्तिः दशाक्षरचतुःपादा। हे अग्ने सहस्राक्ष (हिरण्यशकल ही हैं सहस्र नेत्र जिसके †) हे शत मूर्धन् शतसंख्याक हैं शिर जिसके †) जिस तेरे शत प्राण सहस्र ५व्यान हैं। और जो तू सहस्र धनका प्रभु है। तुझ तैसे के अर्थ हम हविरूप अन्न देते हैं। स्वाहा एतद्धविः सुहुतमस्तु ॥७१॥

सुपर्णोऽसि गरुत्मान्पृष्ठे पृथिव्याः सीद। भासान्तरिक्षमापृण ज्योतिषा दिवमुत्तभान तेजसा दिश उद्दृꣳह ॥७२॥

का॰१८.४.४. स्वयमातृण्णा में सुपर्णोसीति दो ऋचाओं और वषट्कार करिके अग्नि को स्थापन करै॥ अग्निदेवत्या पङ्क्तिः। हे अग्ने तू सुपर्ण (पक्ष्याकार गरुडसमान) है। गरुत्मान् (अशनयावान्) है। अतः पृथिवी के ऊपर बैठि। अपने प्रकाश से अन्तरिक्ष को सर्वतः पूरि। अपनी सामर्थ्य से द्युलोक को ऊंचा स्तंभित करि। तथा स्वतेज करि दिशा उत्कर्षेण दृढी करि वा प्रकाशि॥७२॥

आजुह्वानः सुप्रतीकः पुरस्तादग्ने स्वं योनिमासीद साधुया। अस्मिन्त्सधस्थेऽअध्युत्तरस्मिन्विश्वे देवा यजमानश्च सीदत॥७३॥

आग्नेयी त्रिष्टुप्। हे अग्ने तू आहूयमानः सन् सुप्रतीकः (शोभनमुखः) सन् पूर्वदिशा विषें समीचीन अपने स्थान को अधितिष्ठ

+ हिरण्यशकलैर्वै सहस्राक्षः सहस्राक्ष इति ८.२.३.१८ श्रुतेः।

+ यद्वा शतशीर्षा रुद्रोऽसृज्यतेति ९.१.१.६ श्रुतेः। ५ शतसहस्र शब्दावपरिमित वचनौ।

हे विश्वे देवाओ तुम और यजमान इस पुरोवर्तिनि अधिक उत्कृष्ट स्थान अग्नि सहित बैठने योग्य यज्ञाख्य स्वर्गमें बैठो। धौर्वाउत्तरᳬं सधस्थमिति ४।२।३।३५। श्रुते॥७३॥

ताᳬंसवितुर्वरेण्यस्य चित्रामाहं वृणे सुमतिं विश्वजन्याम्। यामस्य कण्वोऽअदुहत्प्रपीनाᳬं सहस्रधारां पयसा महीं गाम्॥७४॥

का०१८।४।६। अग्निनिधान के अनन्तर तिस अग्नि में तीनि समिधाएँ अध्वर्यु धारण करे ताᳬं सवितुरिति शमीमयीं विधेमेति वैकङ्कतीं प्रेद्धोऽअग्नऽइत्यौदुम्बरीमित्यर्थः॥ कण्वदृष्टा सावित्री पुरस्ताज्ज्योतिषत्रिष्टुप्। वरणीय सवितुः संबंधिनीति तिस शोभनाबुद्धिको मैं आभिमुख्येन स्वीकरताहूं। कैसी सुमति को कि चित्रा(चायनीया॰ स्वापेक्षितबहुविध फलदान समर्था। विश्वजन्या(सर्वजनोंके अर्थहित वा जगदुत्पादन समर्था। तिस किसै कि कण्व मुनि इसस विता की जिस सुमतिमेव धेनु अनुग्रहकारिणी बुद्धि को दुहता हुआ कैसी को कि प्रकर्षेण पयकरि पूरित सहस्रधारा युक्त यद्वा बहुत कुटुम्ब की धारयित्री पयसामहीम् बहुदुग्धा सर्व सिद्धि दात्री को। एवंमेतियो कण्वेन दुग्धा वा महं वृणे इति सर्वार्थः॥७४॥

विधेम ते परमे जन्मन्नग्ने विधेम स्तोमैरवरे सधस्थे। यस्माद्योनेरुदारिथा यजे तं प्र त्वे हवीᳬंषि जुहुरे समिद्धे॥७५॥

गृत्समददृष्टा त्रिस्थानाग्नि देवत्या त्रिष्टुप्। हे अग्ने दिवि में तुरु

आदित्यात्मा करि स्थित के अर्थ हम हवि देते हैं अन्तरिक्ष स्थित तुरु विजली रूप के अर्थ स्तोत्रों से हम परिचर्या करते हैं। हे अग्ने जिस इष्टकाचित रूप स्थान से तू उद्गत है तिस स्थान को मैं पूजता हूं। ततः तुरु सम्यक् प्रज्वलित विषें हवियें होमता हूं ॥७५॥

प्रेद्धो ऽअग्ने दीदिहि पुरो नो ऽजस्रया सूर्म्या यविष्ठ। त्वाᳬं शश्वन्त उपयन्ति वाजाः ॥७६॥

वसिष्ठ दृष्टाग्नि देवत्या विराडनुष्टुप्। हे अति युवा हे अग्ने तू हमारे पुरो ऽग्ने दीप्त हो। कैसा है तू कि अनुपक्षीण सूर्म्या समित् का ष्ठ करि प्रकर्षेण दीप्त यद्वा लोहमयी ज्वलन्ती स्थूणा अनुपक्षीण सूर्मि समाना ज्वाला करि दीप्त सूर्मी शब्दो ज्वालोपलक्षकः हे अग्ने यतः निरन्तर भाविनो हवियें तुझे प्राप्त होते हैं अतः दीप्त हो ॥७६॥

अग्ने तमद्याश्वं न स्तोमैः क्रतुं न भद्रᳬं हृदिस्पृशम्। ऋध्यामा त ऽओहैः ॥७७॥

का॰ १८.४.८. समिध आधान करिकै अग्नेतमिति दो ऋचाओं से स्रुवा करि दो घृताहुती तिस अग्नि में होमें व्याख्याता १५. ४४. ॥७७॥

चित्तिं जुहोमि मनसा घृतेन यथा देवा इहागमन्वीतिहोत्रा ऋतावृधः। पत्ये विश्वस्य भूमनो जुहोमि विश्वकर्मणे विश्वाहादाभ्यᳬं हविः ॥७८॥

विश्वकर्म देवत्या निजगती। मनसा और घृतेन सह ऋत्विग्यजमा

नों की चिति को होमता (अग्निसम्बद्धकरता) हूं अर्थात्
त्व परिज्ञानार्थ चिन्तन (सन्तान) करता हूं †। तैसे होमता हूं कि
इस यज्ञ में देवता आवें। कैसे देवता कि वीतिहोत्राः कामितयज्ञाः
ऋत (सत्य वा यज्ञ) के बढानेवाले। किंच सब दिनों विषे अनुप
स्वाद हवि विश्वकर्मा (प्रजापति) के अर्थ होमता हूं। कैसे प्रजापति
सब जगत के बडे पति॥७८॥

सप्त ते॑ऽअग्ने स॒मिधः॑ स॒प्त जि॒ह्वाः स॒प्तऽऋष॑यः स॒प्त
मे प्रि॒याणि॑। स॒प्त हो॒त्राः स॑प्त॒धा त्वा॑ यजन्ति स॒प्त यो
रा पृ॑णस्व घृ॒तेन॒ स्वाहा॑॥७९॥

का॰१८॰४॰२९॰ और पूर्णाहुति (घृत से पूर्ण स्रुचा करि आहुति) हो
में॥ सप्तर्षि दृष्टा आग्नेयी। हे अग्ने तेरी सप्त समिधाएँ (शीर्षण्य
प्राणायतनाः७ श्रोत्र २ नेत्र २ नासाछिद्र २ मुख १ हैं ‡। किंच तेरी सप्त
जिह्वाएँ (ज्वालारूपा हिरण्याङ्गण्याद्या आगमोक्ता यद्वा आथर्वणि
कोक्ताः मुण्डक॰१॰२॰ काली १ कराली २ च मनोजवा ३ च विलोहिता ४
चापि सधूमवर्णा * ५ स्फुलिङ्गिनी ६ विश्वरुची ७ च देवी लेलायमाना
इति सप्तजिह्वा॥ इति हैं। तथा सप्त ऋषयः (मरीच्यादयः) तेरे द्रष्टा
हैं। तथा सप्त प्रियाणि धामानि (गायत्र्यादि सप्तछन्दांसि ** यद्वा
आहवनीय १ गार्हपत्य २ दक्षिणाग्नि ३ सभ्य ४ आवसथ्य ५ प्राजा
हित ६ अग्नीध्रीय ७ सोमयाग में वन्हिधारक हैं। किंच हे अग्ने सप्त
होत्रादयः (होता १ प्रशास्ता २ ब्राह्मणाच्छंसी ३ पोता ४ नेष्टा ५ आ
ग्नीध्र ६ अच्छावाक ७ ऋत्विजलोग सप्तप्रकारों अग्निष्टोम १

† संकल्पविकल्पात्मकंमनःनिश्चयात्मकंचित्त।

‡ प्राणा वै समिधः प्राणाह्येतर्ह्समिन्धतइतिश॰९॰२॰३॰४४॰श्रुतेः।

* सुलोहिता या च सुधूम्रवर्णा ५।

** छन्दांसिवाऽअस्यसप्तधामप्रियाणीति ९॰२॰३॰४४॰श्रुतेः।

अत्यग्निष्टोम २ उक्थ्य ५ ३ षोडशी ४ अतिरात्र ५ आप्तोर्याम ६ वाजपेय ७ से तुझे पूजते हैं। हे अग्ने सो तू सप्तयोनी: (चिती: ※) घृत करिके समन्तात् पूरि स्वाहा सुहुतमस्तु यद्वा स्वाहा (यज्ञरूप: ※) त्वं सप्तयोनीर्घृतेनापृणस्व॥ ७९॥

५ उक्थ्य

※ सप्तचिति कोऽग्निरिति ८.२.३.४४. श्रुते:।

※ यज्ञो वै स्वाहाकार इति ४.२.३.४४. श्रुते:।

अ॰ ८ शुक्रज्योतिश्च चित्रज्योतिश्च सत्यज्योतिश्च ज्योतिष्मांश्च। शुक्रश्च ऋतपाश्चात्यंहा:॥ ८०॥

का॰ १८.४.२३.२४. वैश्वानर पुरोडाश से याग करिके बैठकर आहवनीय विषें हाथ करि सर्वहुत मारुत पुरोडाशों को होमें. शुक्रज्योति: इति एक-एक मन्त्र से एक-एक को। यद्वा प्रथन काल में वैश्वानर पुरोडाश को विस्तीर्ण करिके वैश्वानर पुरोडाश के ऊपर ही मारुतों को होमें। अरण्य विषें अनूच्य सातवें पुरोडाश को विमुख संज्ञक उग्रश्च भीमश्चेति अध्याय ३९ काण्डी ७ वक्ष्यमाण मन्त्र करि होमें॥ षट् मरुद्देवत्या: आद्या उष्णिक् एकैकस्यामृचि सप्त-सप्त मरुत:॥ शुक्रज्योतिरित्याद्या एकोनपञ्चाशन्मरुत: तुम आज (अब) इस हमारे यज्ञ में आओ इति पञ्चमर्चि ८४. अन्वय:। तन्नामानि व्याख्यायन्ते. शुक्र (शुद्ध वा शुक्र की सी ज्योति का सा तेज जिसका वोह॥ १॥ दर्शनीय ज्योति जिस की॥ २॥ ब्रह्मलक्षण ज्योति॥ ३॥ तेजमान्॥ ४॥ प्रकाशता है॥ सत्य वा यज्ञ का पालक॥ ६॥ पाप को छोडिके वर्त्ते हैं॥ ७॥ चकारा: समुच्चयार्था:॥ ८०॥

ईदृङ्चान्यादृङ्च सदृङ्च प्रतिसदृङ्च। मितश्च संमितश्च सभरा:॥ ८१॥

हे गायत्र्यौ। इस पुरोडाश को लेकर देखता है॥८॥ अन्य भी पुरो
डाश को देखता है॥९॥ समान को देखता है॥१०॥ तिस-तिस प्रति
समान को देखता है॥११॥ मान को प्राप्त यद्वा उत्तमाधम मध्यम से
तुल्य॥१२॥ एकीभाव करि मान को प्राप्त॥१३॥ साथ भरण करता
है॥१४॥८१॥

ऋतश्च सत्यश्च ध्रुवश्च धरुणश्च। धर्ता च विधर्ता च
विधारयः॥८२॥

सत्यरूप॥१५॥ वस्तु में हुआ॥१६॥ स्थिर॥१७॥ धारक॥१८॥ धारण
करता है॥१९॥ विशेषेण धारण करता॥२०॥ विविध धारण॰॥
२१॥८२॥

ऋतजिच्च सत्यजिच्च सेनजिच्च सुषेणश्च। अन्तिमि
त्रश्च दूरेऽअमित्रश्च गणः॥८३॥

उष्णिक्। यज्ञ को जीतता है॥२२॥ यातातथ्य को जीत॰॥२३॥ शत्रुसै
न्य को जीत॰॥२४॥ शोभना सेना जिसकी॥२५॥ समीप में मित्र जि
सके॥२६॥ दूर में शत्रु जिसके॥२७॥ गिनता है सबको॥२८॥८३॥

ईदृक्षास एतादृक्षास ऊ षु णः सदृक्षासः प्रतिसदृक्षा
स एतन। मितासश्च संमितासो नोऽअद्य सभरसो म
रुतो यज्ञेऽअस्मिन्॥८४॥

जगती। हे मरुतश्च तुम इतने कैसे हो कि इसे देखते हो॥२९॥
इतने को देखते हो॥३०॥ उ-सु-नः- एतत्पदत्रयं पादपूर्तये॥ स
मान दर्शन हो॥३१॥ प्रत्येक को समान दर्शन हो॥३२॥ प्रमाण से

संगत्य प्रमाणसेहो॥३४॥ समान अलङ्कारादिकोधार
वा आदर सहित वर्तमान हो॥३५॥ वहु वचन मादार्थे
॥८४॥

स्वतवाँश्च प्रघासी च सांतपनश्च गृहमेधी च। क्रीडी च शाकी चोज्जेषी॥८४॥

ी उष्णिग्वा। आद्याः पञ्च चातुर्मास्य देवताः। स्वाधीनबल
॥३६॥ पुरोडाश भक्षण शील॥३७॥ सूर्यसम्बन्धी॥३८॥ गृहेध
॥३९॥ सदा क्रीडन शील॥४०॥ शक्त॥४१॥ उत्कृष्टजयनशी
॥४२॥ एते मरुतो यूपमत्र यज्ञे एतनेति पूर्वेणान्वयः॥८५॥
अध्या॰ ३९॰॥ उग्रश्च भीमश्च ध्वान्तश्च धुनिश्च। सासह्वांश्चाभि
युग्वा च विक्षिपः स्वाहा॥७॥ विमुख मन्त्रोऽपि प्रसङ्गाद्व्याख्यायते॥
गायत्री। उत्कृष्ट॥४३॥ बिभेत्यस्मादसौ भीमः॥४४॥ शत्रुओंको अ
न्धा करता है॥४५॥ शत्रुओंको कम्पाता॥४६॥ शत्रुओंको अभिभ
वता॥४७॥ भक्तोंका सुखयोक्ता॥४८॥ शत्रुओंको क्षेप्ता॥४९॥ स्वा
हा। इतने मरुतों के अर्थ पुरोडाश सुहुतहों॥७॥८५॥

इन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन्यथेन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन्। एवमिमं यजमानं दैवीश्च विशो मानुषीश्चानुवर्त्मानो भवन्तु॥८६॥

का॰१८॰५॰२५॰ कर्मापवर्गान्त में यजुः जपे॥ मरुद्देवत्यं यजुः+।
देव संबन्धिनी प्रजा मरुद्रूपा इन्द्रानुगामिनी हुई इतिस्वरू
पस्थानम्। देवसंबन्धिनी प्रजा मरुद्रूपा जैसे इन्द्र को अनु सरण

करिके वर्तमाना हुई उपमानमेतत् देवसंबंधिनी और मनुष्य संबंधिनी प्रजा ऐसेही इन्द्रवत् इस यजमान को अनुसरण करि वर्तमाना हों इति प्रार्थना ॥८६॥

अ०८७ इमꣳस्तनमूर्जस्वन्तं धयापां प्रपीनमग्ने सरिरस्य मध्ये। उत्सं जुषस्व मधुमन्तमर्वन्त्समुद्रियꣳ सदनमाविशस्व ॥८७॥

का०१८·४·२६· इमꣳस्तनमिति मन्त्रगण को अध्याय समाप्तिपर्यन्त यजमान से अध्वर्यु पढावे वा आप जपे॥ त्रयोदशर्च्चे आर्षं त्रिष्टुप्छन्दस्कोऽनुवाको यज्ञस्तुतिर्वसोर्धाराभिवादिनी घृतस्तुतिर्वा। हे अग्ने सरिर (लोक) के मध्य में वर्तमान तू इस स्रुग्लक्षण स्तन वा स्रुच से गिरती घृतधारा को पान करि *। कैसे स्तन विशिष्ट रसवन्त को। तथा अपां प्रपीनम् * घृतसे पूर्ण। हे अर्वन् अग्ने चलते उत्स (उत्स्यन्दन स्रुग्लक्षण कूप) को सेवन करि कैसे उत्स कि मधुमन्त (मधुस्वाद घृत करिके युक्त) को किंच समुद्रिय (समुद्र सम्बन्धि चयनयाग सम्बन्धि गृह) को आविशस्व तृप्त होके यज्ञ गृह को सेवन करि ॥८७॥

घृतं मिमिक्षे घृतमस्य योनिर्घृते श्रितो घृतम्वस्य धाम। अनुष्वधमावह मादयस्व स्वाहाकृतं वृषभ वक्षि हव्यम् ॥८८॥

गृत्समद दृष्टा। मैं घृत को सींचने चाहता हूं *। यतः इस अग्नि का घृत उत्पत्ति स्थान है *। जो अग्नि घृत को आश्रित है। इस अग्नि का

* पतो धारा स्रुचा होष्यते सा स्रुगन्न रूपकैस्तनपास्तन उच्यते।

* अत्र शब्दः तत्र ... पयस्तनमुच्यते।

* ... समुद्र अग्निचयन ... इक्यम ... मित्याश्रयः।

* अग्निमुक्षेमेढुमिच्छति

* अग्निर्यस्यै पीने हव्यपन तस्यै घृतमुल्वमासीदिति श्रुतेः गर्भावरोदकमुल्वम्।

घृतही धाम स्थान वा तेजकरनेवाला है। अतः हे अध्वर्यो अनुष्व
ध(स्वधा-अन्न) कोउपलक्ष करितिस अग्निको आवह प्रथम अ
न्न अन्नको उपकल्प्य पश्चात् बुला और बुलाके तृप्त करि औरतर्पण
करिके यह कहि कि हे वृषभ(कामों के वर्षनेवाले) स्वाहाकार करिहु
त हव्यको तू देवताओं प्रति प्राप्त करि। यद्वा जिसे प्रति दिनसींचा
चाहताहूं जिसका घृतयोनि घृतको आश्रित और जिसका घृत धाम
है सो तू अनुष्वधको उपलक्ष्य देवताओंको बुलाके तृप्तकरि और हवि
प्राप्तकरि इत्यग्निं प्रत्येवोक्तिः यतो वन्हेः कर्मद्वयं देवानामावाह-
नं हविर्वहनंच॥८८॥

समुद्रादूर्मिर्मधुमाँ २॥ उदार्दुपांशुना सममृतत्व
मानट्। घृतस्य नाम गुह्यं यदस्ति जिह्वा देवानाममृ
तस्य नाभिः॥८९॥

वामदेव दृष्टा। अत्रान्नाध्यासेन घृतंस्तूयते प्राणाध्यासेन चाग्निः। समु
द्र(घृत)से मधुमान्(रसवान्) कल्लोल ऊंचाचला अक्षीणत्वाद्धुत
स्य समुद्रेणोपमानम् अन्नदेवताभिप्रायं वासाद्यक्षीणेव। और उठके
अंशु(प्राण-जगत्प्राणभूत अग्नि) से एकी होकर व्याप्तहुआ अर्था
त् अन्न और प्राण एकीहोकर अमृतत्व को प्राप्त हुए। तिस घृतकागु
ह्य(अविद्वानों से अनजाना) नाम श्रुतिमन्त्र पठित जोहै वोहकहि
येहै इति शेषः। किं तदाह कि देवानां जिह्वा(अत्यभिलाषसे देव
ताओं की जिह्वोत्थाननिमित्त†)है। और जो सर्व प्रकाशनामवो
हभीकहियेहै कि अमृतस्यनाभिः अमरण धर्मका बंधन है

† अग्नेर्जिह्वासीत्युक्तेः पित्र्या वा ग्न्यादयो जुहुत्य यागेन जिह्वा ह्वादयोवाग्निरुच्यन्ते इति श्रुतेः॥

योहि घृतमश्नाति सदीर्घायुर्भवति॥ यद्वा ऋगर्धेन मन्त्रः स्तूयते अर्धेन घृतम्। समुद्रात् आग्निक यजुः समुद्र हमारे यज्ञसे जो ऊर्मिः (शब्द संघात नानाख्यातोपसर्ग निपात रूप उपमोत्प्रेक्षा रूपकाद्यलङ्कार रूप) मधुमान् (रसवान् वाक्यार्थ गुणों से युक्त) उदारत् मुखसे उठा स एव उपांशु (क्रियमाण सवन) से अमृतत्व को प्राप्त हुआ ✱ इस हेतु अग्नि चयन वालों से प्रकाशनीय है। इत्यर्धः। घृतका गुह्य जो नाम है वोही देवताओंकी जिह्वोत्थान निमित्त है किं पुनर्होमः ॥ अमृतस्य नाभिः नहन अर्थात् घृत यजन से यजमानों का अमृतत्व प्रापक है। अतो ऽग्निविद्धिर्हूयते स्तूयते च घृतमिति भावः॥८९॥

वयं नाम प्र ब्रवामा घृतस्यास्मिन्यज्ञे धारयामा नमोभिः। उप ब्रह्मा शृणवच्छस्यमानं चतुःशृङ्गो ऽवमीद्गौर एतत्॥९०॥

जो कि घृत नामोच्चारण ही देवताओं का प्रिय है इस हेतु हम इस यज्ञमें घृत का नाम स्तुति करते हैं। नमोभिः नमस्कारों वा हवि रूप अन्नों से धारण करते हैं यज्ञ को इति शेषः। किंच ब्रह्मा (ऋत्विक्) शस्यमान् (स्तूयमान) एतत् घृतनाम सुने। यथा गौरः (गौरवर्ण शुद्ध यज्ञ) एतत् घृत यज्ञफलरूप को अमीवत् उद्गिरति निर्वहता है यज्ञपरिणामाभिप्रायम्। कैसा है गौर कि चतुःशृङ्गः चारि ऋत्विज शृङ्ग भूत हैं जिसके॥९०॥

चत्वारि शृङ्गा त्रयो ऽअस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो

✱ न देनद्य जुरुप्राप्यानि एतेमिति श्रुतेः।

॥ अपायस्य घृत कीनों वै वाग्निर्वैश्वानरो सुरवादुज्ज्वालेति १।४।१।१।३। श्रुतेः।

ऽअस्य। त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां-
२॥३ आविवेश ॥ ९१॥

यज्ञपुरुष देवत्य ऋषभोमन्त्रः। चतुःशृङ्गोऽवमीदित्युक्ताचतुःशृङ्गंयज्ञं वृषभरूपेण प्रतिपादयितुमाह। जो वृषभः (कामोंका वर्षने वाला) रोरवीति अत्यर्थ शब्द करताहै सो यह महो देवः + महान्देव ब्रह्मादिस्तंब पर्यन्त प्राणियों का उपजीव्य ज्ञान कर्म समुच्चय कारिविद्वानों का शरीरभूत मनुष्योंको व्याप्तहो तिष्ठैहै। जिसवृषभ (यज्ञ) के चारि शृङ्ग ब्रह्मा उद्गाता होता अध्वर्यु तीनिपाद ऋक् यजुसाम दोशिर हविर्धानप्रवर्ग्य ‡ सातहाथ सात होताहैं और जो त्रिधा तीनि प्रकारों प्रातःसवन माध्यन्दिनसवन तृतीयसवन सेबद्धहै ॥ यद्वा यास्कानुसारेण व्याख्येयः निरु॰परि॰१।७। चत्वारो वेदाः शृङ्गाणि त्रयः पादाः सवनानि द्वे शीर्षे प्रायणीयोदयनीये सप्त हस्ताः गायत्र्यादि सप्त छन्दांसि त्रिधाबद्धः मन्त्रब्राह्मणकल्पैर्बद्धः ॥ शब्दग्रामोवापतञ्जल्यनुसारेण। चत्वारि शृङ्गाणि नामाख्यातोपसर्गनिपाताः त्रयः पादाः प्रथमपुरुष मध्यमपुरुषोत्तम पुरुषाः त्रयः काला वा द्वे शीर्षे कार्यता व्यङ्ग्यते सप्तहस्ताः विभक्तिरूपाः त्रिधाबद्धः एकवचन द्विवचन बहुवचनैर्बद्धः। वृषभ इवायमन्यशास्त्राणि अधः कृत्वा रोरवीति सोऽयं महान्देवो मर्त्योनाविवेश आविशति प्रतिपादयति मनुष्येष्विति मनुष्याधिकारत्वाच्छास्त्रस्येतिन्यायात्॥ ९१॥

त्रिधा हितं पणिभिर्गुह्यमानं गवि देवासो घृतमन्वविन्दन्

+ महतीति पूज्यतीति महाने वाजसे ति मह्यः॥

‡ शिर एवास्य हविर्धानं प्रवर्ग्य व्यनस्यो पुरुष शिरस्य गयदतिश्रुतेः॥

न्दन्। इन्द्र एकं सूर्य एकं जजान वेनादेकं स्वधया निष्टतक्षुः॥९२॥

तीनि प्रकारों से इन लोकों में स्थापित यज्ञ परिणामभूत घृत को पणिभिः असुरों से गुप्यमान होते देवासः देवता धेनुविषें आनु पूर्व्यात् पाते हुए। तिस के एक भाग को इन्द्र उत्पन्न करता हुआ तेवा एते आहुति हुते उत्क्रामतस्ते अन्तरिक्षमाविशत इत्यादि श्रुतिषु इन्द्रस्य जनकत्वं दर्शयति। सूर्य एक भाग को उत्पन्न करता हुआ नत उत्क्रामतस्ते दिवमाविशत इत्यादि श्रुतिः सूर्यस्य घृतभाग जनकत्वं दर्शयति। वेनात् यज्ञसाधनभूत अग्नि से एक को स्वधया त्रैताहुति लक्षण अन्न करि के द्विजाति लोग निकालते हुए यस्ततः पुत्रो जायते स लोक अत्पुत्थायीत्येतदुक्तं भवति॥९२॥

एता अर्षन्ति हृद्यात्समुद्राच्छतव्रजा रिपुणा नावचक्षे। घृतस्य धारा अभिचाकशीमि हिरण्ययो वेतसो मध्य आसात्॥९३॥

एता वाच ऊँची चलती हैं कहां से कि हृदय समुद्र (अक्षोदकस्तुतदेवताया थात्म्य चिन्तन सन्तानरूप निगम निरुक्त निघण्टु व्याकरण शिक्षा छन्द करि पवित्र से) कैसी वाणीएँ कि शतव्रजाः बहुत हैं गतिएँ जिन्हों की अर्थात् बहुरूप्यो। और जे चलती हुई रिपु (कुतार्किक वृन्द शत्रु) करि नहीं खण्डित हो सकतीं ते घृत की धारा ऐसे+ देखता हूं। और इन वाचाओं के मध्य में जो हिरण्यय दीप्यमान वेतस (अग्नि) है तिसे देखता हूं+॥ यद्वा घृतधारा एवोच्यन्ते जेण

+प्रवाहरूपा

+ अग्निर्हं वाचामधिष्ठात्री देवता

ता हृदय समुद्र से घृतधाराचलतीहैं हृदयेन संकल्प्य यजनाद्धृद्य इत्यतिरित्युच्यते। शतव्रजा नानागतयः। और जे यज्ञपरिपन्थिदेखने नहीं सकते ते घृत धारा देखताहूं। और जो यह हिरण्यय आहवनीय अग्नि इन धाराओं के मध्यमें स्थितहै तिसैभी देखताहूं अर्थात् द्रव्य और देवता को याथातथ्येन मैं देखता हूं॥९३॥

सम्यक् स्रवन्ति सरितो न धेना अन्तर्हृदा मनसा पूयमानाः। एते अर्षन्त्यूर्मयो घृतस्य मृगा इव क्षिपणोरीषमाणाः॥९४॥

जे धेनाः वाणियें नदीएं जैसे अनवछिन्न प्रवाहाः भले प्रकार प्रसरतीहैं। कैसीहैं धेनाः कि शरीरान्तर व्यवस्थित हृदय पावन स्थानीय और मन करि पूयमान (शब्ददोषों से विविच्यमान) हैं। वे अग्निकोही स्तुति करती हैं इति शेषः। और जे एते घृत की कल्लोलें स्रुक्परिभ्रष्टाः चलतीहैं वेभी अग्निको तर्पणकरतीहैं इति शेषः। तत्र दृष्टान्तः क्षिपण (व्याध) से पलायमाना मृग जैसे अर्थात् जे घृतकी कल्लोलें चलती हैं वे अग्नि को तर्पण करती हैं। श्रुति द्रव्यं चाग्न्यर्थमेवेति भावः॥९४॥

सिन्धोरिव प्राध्वने शूघनासो वातप्रमियः पतयन्ति यह्वाः। घृतस्य धारा अरुषो न वाजी काष्ठा भिन्दन्नूर्मिभिः पिन्वमानः॥९५॥

घृत की धाराएं स्रुङ्मुख से गिरती हैं। कैसी धाराएं कि यह्वाः (बड़ी) तत्र दृष्टान्तद्वयम् जैसे नदीओं के वातप्रमियः (तरङ्गें) विष

+ महत्नामसु निघं॰ ३।३

म प्रदेशमें गिरते हैं तद्वत्। कैसीहैं तरङ्गें कि अक्षनासः क्षिप्रहैं गम नजिन्होंका। अन्यो दृष्टान्तः जैसे अरुषः जात्यादि से उत्कृष्ट अ श्वः पतति टपकताहै। तैसे काष्ठाः-आज्यन्तो संग्रामप्रदेशोंको विदीर्ण करते ऊर्मि काष्ठाभेदनोत्थ श्रमस्वेदोदक से भूमि को सींचते वो ह अश्व जैसे गिरकर अन्नों को खाता है एवं पतन्ती घृतधारा अग्नि भक्षण करताहै॥९५॥

अभि प्रवन्त समनेव योषाः कल्याण्यः स्मयमानासो अग्निम्। घृतस्य धाराः समिधो नसन्त ता जुषाणो हर्यति जातवेदाः॥९६॥

घृत की धारा अग्नि प्रति जातीहैं। तत्र दृष्टान्तः योषा इव-जैसे स्त्री पति को। कैसी स्त्रिएँ कि समान हैं मन जिन्होंके रूप यौवन सम्पन्न-थोडी हँसतीएँ। ते धाराएँ अग्नि को हरती वा व्याप्त होतीहैं। कैसीधा राएँ कि समिधः-दीप्त करतीहैं अग्नि को। किंच जातवेदाः जातप्र ज्ञानो ऽग्निः प्रीतियुक्तः सन् ते घृत की धाराएँ हर्यति प्राप्त होता वा कामना करताहै नास्य ग्रहण शक्ति परिहरणमस्तीतिभावः॥९६

कन्या इव वहतुमेतवा उ अञ्ज्यञ्जाना अभि चाकशीमि। यत्र सोमः सूयते यत्र यज्ञो घृतस्य धारा अभि तत्पवन्ते॥९७॥

घृत की धाराएँ तहां जातीहैं। कहां कि जिस स्थान में सोम (लताविशेषः) अभिषवण करियेहै और जहां यज्ञ (सौत्रामण्याख्य) करियेहै तहां घृतकी धाराएँ देखताहूं। तत्र गमने दृष्टान्तः जैसे क

न्या अञ्जि(भग)को अञ्जानाः(व्यक्त, योग्य करिके)प्रति प्रति प्राप्त होतीहैं तैसे यज्ञ प्रति घृतधारा जातीहैं अर्थात् तापवज्ञ सहित घृतधाराएँ देखताहूं॥५७॥

अभ्यर्षत सुष्टुतिं गव्यमाजिमस्मासु भद्रा द्रविणानि धत्त। इमं यज्ञं नयत देवता नो घृतस्य धारा मधुमत्पवन्ते॥५८॥

हे देवताओ तुम शोभमा स्तुति और आजि(यज्ञ) प्रति सर्वतः आओ। कैसे यज्ञ प्रति कि गव्य(घृत)है विद्यमान जिसमें। और आकार हमारे कल्याणों और धनों को स्थापन करो वा देओ। किंच हमारे इस यज्ञ(सौत्रामणी)को देवता(देवतासु-देवलोक)में प्राप्त करो। किंच जो ये घृत की धारा रसवती जैसे तैसे प्रसरती हैं तिन्हें भी देवलोक विषें प्राप्त करो अर्थात् यज्ञ द्रव्य के स्वर्ग प्रति जाते यजमान जाताहीहै॥५८॥

धामन्ते विश्वं भुवनमधि श्रितमन्तः समुद्रे हृद्यन्तरायुषि। अपामनीके समिथे य आभृतस्तमश्याम मधुमन्तं तऽऊर्मिम्॥५९॥

इतिश्रीसᳫँहितायांनवमोऽनुवाकः९

इतिश्रीशुक्लयजुषि माध्यन्दिनशाखीयायांवाजसनेयसᳫँहितायांदीर्घपाठेसप्तदशोऽध्यायः१७

ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तं निखिलं जगदाहुतिपरिणामभूतं मन्यमानो मुनिराह। हे अग्ने सब भूतजात तेरी धामन्(विभूतिविषें) अधिश्रि

त(आश्रित-स्थित)है अर्थात् त्वन्महिमोत्थ है। और जो समुद्र विषें
तथा हृदय के मध्य तथा आयु(ब्रह्मा के जीवन पर्यन्त)में जो भूतजात हैं
वोह भी तेरी विभूति में स्थित हैं। इस हेतु मैं प्रार्थना करता हूं कि रक्ष
वन्त त्वदीय घृतकल्लोल को हम अश्याम(भक्षण करें वा प्राप्त होवें)
तिस किसे कि अपामनीक(मुख)विषें जो कल्लोल समिथ(पणिकेस
थ युद्ध)में आहरण किया-निधाहितं पणिभिरिति क ७० उक्तत्वा
त्।हविः परिणामी रस के हम भोक्ता होवें इति भावः देवत्व को प्राप्त
होवें इति वक्रोक्त्या प्रार्थ्यते॥यद्वास्या ऋचोऽर्थान्तरमुच्यते।हे अ
ग्ने यह सब भूतजात तेरे धाम विषें अधिश्रित है वोह तेरा धाम कहां-
कहां यह कहिते हैं कि अन्तः समुद्रे-समुद्र विषें वडवाग्नि रूप करि
वा समुद्र(अन्तरिक्ष)में सूर्य रूप करि। हृदि अन्तः-हृदय में ज्ञाना
ग्नि रूप वा जठराग्नि रूप करि। आयुषि-अन्न विषें सब प्राणियों के
आहार रूप करि। अपामनीके-उदकों के संघात में वैद्युताग्नि रू
पेण। समिथे-संग्राम में शौर्याग्नि रूप करि। एवं सब स्थानों में स्था-
पित जो तेरा धाम रूप कल्लोल घृत रूप वा उदक रूप तिस तेरे माधुर्यो
पेत को हम प्राप्त होवें भाव यह है कि सर्व रस भोक्ता रहें॥ ९९॥

इति श्रीगिरिधरभाष्ये नवमोऽनुवाकः ९

श्रीवेदार्थप्रदीपेन तमो हार्दं निवारयन्
पुमार्थांश्चतुरो देया दग्निर्देवसनातनः

इतिश्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गत माध्यंदिनीशाखाध्येतृव्याघ्रपाद्य
न्वय विश्वामित्रपुराधिप श्रीमज्जयकिशोरदेववर्म्मात्मज रौक्मिणेय

नृपतिगिरिप्रसादेनरचिते श्रीवेदार्थप्रदीपेगिरिधरभाष्ये सेकादिजयपर्यन्त वर्णनोनाम सप्तदशोऽध्यायः॥१७॥

हरिः ओम्

ओंनमोयज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकंद्विरूपंच साधनैर्वेदरूपकम्
स्वानंददायकंकृष्णं ब्रह्मरूप परंस्तुमः १८

वाजश्चमे देवानामार्षम्

अ॰ १ वाजश्च मे प्रसवश्च मे प्रयतिश्च मे प्रसितिश्चमे धीतिश्चमे क्रतुश्च मे स्वरश्च मे श्लोकश्चमे श्रवश्च मे श्रुतिश्चमेज्योतिश्च मे स्वश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१॥

ओंनमोयाज्ञवल्क्याय

गिरिप्रसादसंज्ञेनभाष्येऽष्टादशईर्यते
वसोर्धारादिकोऽध्यायश्चित्युपस्थावसानकः१८

सप्तदशोऽध्यायेचित्यारोहणादिमन्त्राउक्ताः इदानीमष्टादशाऽध्याये वसोर्धारादिमन्त्राउच्यन्ते॥॥का॰ १८-५-१॰ ततः यजमान आज्य को संस्कारकरि अर्थपरिमाण वडी औदुम्बरी स्रुचा (महतास्रुवा) करिके पञ्चवार गृहीत आज्य को आरण्य विषें अनूच्य पुरोडाश के अधिकरण में तिस ऊपर संतत अविच्छिन्न धारजैसेतैसे वसोर्धारासंज्ञा आहुति को होमें घृतमें अग्नि प्राप्तिहोते वाज श्चेत्यादि होम मन्त्रोंका आरम्भकरै अष्ट अनुवाकोंवाजश्चेत्यादिवेट् स्वाहान्त एकोनत्रिंशत् कण्डिकात्मकोंसे॥वाजश्चमे॥चकारः

समुच्चयार्थाः। यज्ञेन इस मेरे किये यज्ञ करि वाजादयः पदार्थाः क
ल्पन्ताम् क्लृप्ताः(सम्पन्न)होवें अर्थात् वोह यज्ञ वाजादिकोंका दा
ता हमारे अर्थ होवै अथो इदंचमे देहीदंचम इति ५·३·२·५· श्रुते।
यद्वा वाजादिक पदार्थ मेरे यज्ञ विषें अग्नि को तर्पण वा अभिषि
ञ्चनकरें अनेन चत्वा प्रीणाम्यनेन चत्वाभिषिञ्चामीत्यादि ५·३·
२·५· श्रुतिः। द्वौ-द्वौ कामावनुपक्षयाय संयुञ्ज्याच्चकारेणकन्याकु
माराविव तथाच श्रुतिः ५·३·२·६· द्वौ-द्वौकामावभिरूपौ संयुनक्त्य-
व्यवच्छेदाय यथा व्योकसौ संयुञ्ज्यादिति। अथ पदार्था व्याख्याय-
न्ते। वाजश्चेत्यादियजुषां देवा ऋषयः अग्निर्देवता छन्दांसि पिङ्ग
लोक्तान्यक्षरसंख्यया ज्ञेयानि। एतैर्यजुर्भिर्यजमानोऽग्नेः कामा
न्याचते वाजो मेऽस्त्वित्यादि॥ तत्रैकाधिकानि चतुःशतं यजूंषि का
मास्तु पञ्चदशोत्तरं शतम्। तद्यथा। वाजश्चेत्याद्यासु ज्यैष्ठ्यंचमे ४ वसुच
मे १५ इतिकण्डिकाद्वयवर्जितासु एकोनविंशतिकण्डिकासु त्रयोदश-त्र
योदश यजूंषि सन्ति ज्यैष्ठ्यंचमऽइत्यस्यां ४ पञ्चदश वसुचमऽइत्यस्यां-
१५ नव। अग्निश्चमे घर्मश्चमऽइत्यस्यां २२ द्वादशकामास्तु त्रयोदश
अङ्गुलयः शक्वर्यो दिशश्च मऽइत्येकं यजुः कामास्त्वत्र त्रयः। व्रतं
चमऽइत्यस्यां २३ षट्कामास्तु दश अहोरात्रेऽऊर्वष्ठीवे बृहद्रथन्तरे
च मऽइत्येकं यजुः षट्कामाः। एकाच मऽइत्यस्यां २४ त्रयस्त्रिंशत
चतस्रश्च मे २५ अत्र त्रयोविंशतिः। त्र्यविश्चमे २६ त्रैकादश। पष्ठवा
ट् मे २७ इत्यत्र नव। वाजाय स्वाहेति २८ अत्रचतुर्दश। आयुर्यज्ञेने
ति २९ अत्रैकविंशतिः कल्पन्तां मन्त्रानि द्वादश १२ स्तोमश्चेति षट् १९

स्वर्देवाः १६ प्रजापते: २० वेट् स्वाहा २१ एकैकं एव मे काधिकान्न तु शृ॰ती॥ अथ यजुषामर्थाः। अन्नं। अन्नदानाभ्यनुज्ञा॰ देशो॰ भोजनकरोऽश्रुद्धि। बन्धन अन्न विषयौत्सुक्य ध्यान। संकल्पवायत्त। साधु शब्द। पद्यवन्ध वा स्तुति। वेदमन्त्राः वा श्रवण सामर्थ्य। ब्राह्मण वा श्रवण सामर्थ्य। प्रकाश। स्वर्ग। एते मे मम यज्ञेन कल्पन्ताम्। कल्पन्तामिति कण्डिकान्तस्य समुदायापेक्षया बहुत्वम्। मे-पादानामावृत्तिः प्रत्येकं मात्यर्थी। एवं सर्वत्र॥१॥

प्राणश्च मे ऽपानश्च मे व्यानश्च मे ऽसुश्च मे चित्तं च म ऽआधीतं च मे वाक् च मे मनश्च मे चक्षुश्च मे श्रोत्रं च मे दक्षश्च मे बलं च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥२॥

ऊर्ध्व संचारी शरीर वायु। अधोवृत्तिवायु। सर्वशरीरचारी। प्रवृत्तिमान्वायु। मानस संकल्प। बाह्यविषयज्ञान। वागिन्द्रिय। मन। चक्षु इन्द्रिय। श्रवणेन्द्रिय। ज्ञानेन्द्रिय कौशल। कर्मेन्द्रिय कौशल। एतानि यज्ञेन मे कल्पन्ताम्॥२॥

ओजश्च मे सहश्च म ऽआत्मा च मे तनूश्च मे शर्म च मे वर्म च मे ऽङ्गानि च मे ऽस्थीनि च मे परूंषि च मे शरीराणि च म ऽआयुश्च मे जरा च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥३॥

बलहेतु अष्टमोधातुः। शरीर बल वा सपत्नाभिभवितृत्व। परमात्मा। रम्यं वपुः। सुख। कवच। हस्ताद्यवयवाः। शरीरगत हड्डियें। अङ्गुल्यादि पर्वाणि। पूर्वानुक्ताः शरीरावयवाः। जीवन। वार्धकान्त आयु। एते यज्ञेन सम्पद्यताम्॥३॥

ज्यैष्ठ्यं च मऽ आधिपत्यं च मे मन्युश्च मे भामश्च मेऽम
श्च मेऽम्भश्च मे जेमा च मे महिमा च मे वरिमा च मे प्र
थिमा च मे वर्षिमा च मे द्राघिमा च मे वृद्धं च मे वृद्धिश्च मे
यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥४॥

प्रशस्तत्व। स्वामित्व। मानसःकोपः। अधिक्षेपादि लिङ्ग को बाह्य कोपः। अपरिमेयत्व- अन्यैरियत्तया परिछेतुमशक्यत्वम्। शीत मधुर जल। जय सामर्थ्य। सम्पत्त्यादि करि महत्व। प्रजादि विशालता। गृह क्षेत्रादि विस्तारः। दीर्घजीवित्व। अविछिन्न वंशत्व। प्रभूतमन्न धनादि। विद्यादि गुणों से उत्कर्ष। एते मे कल्पंताम् ॥४॥

अ०२ सत्यं च मे श्रद्धा च मे जगच्च मे धनं च मे विश्वं च मे मह
श्च मे क्रीडा च मे मोदश्च मे जातं च मे जनिष्यमाणं
च मे सूक्तं च मे सुकृतं च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥५॥

यथार्थभाषित्व। परलोकविश्वास। जङ्गम-गवादि। कनकादि स्थावर। दीप्ति। अक्षद्यूतादि। क्रीडादर्शन से कुआ हर्ष। पुत्रोत्पन्नमपत्यम्। भविष्यदपत्यम्। ऋक्समूह। ऋक्पाठजन्य शुभादृष्ट। एते कल्पन्ताम् ॥५॥

ऋतं च मेऽमृतं च मेऽयक्ष्मं च मेऽनामयच्च मे जीवातुश्च
मे दीर्घायुत्वं च मेऽनमित्रं च मेऽभयं च मे सुखं च मे शयनं
च मे सूषाश्च मे सुदिनं च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥६॥

यज्ञादिकर्म। तत्फलभूतं स्वर्गादि। धातुक्षयादिरोगाभावः। सामान्य-व्याध्यादिराहित्यम्। व्याधिनाशकमोषधम्। बहु कालमायुः। आ

नु राहित्यम्। भीतिराहित्यम्। आनन्दः। संस्कृता शय्या। स्नान संध्या दियुक्तः प्रातःकालः। यज्ञदानादियुक्तं सर्वदिनम्। एते मे यज्ञेनासध्यन्तु॥६॥

यन्ता च मे धर्ता च मे क्षेमश्च मे धृतिश्च मे विश्वं च मे महश्च मे संविच्च मे ज्ञात्रं च मे सूश्च मे प्रसूश्च मे सीरं च मे लयश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥७॥

अश्वादि नियन्ता। पोषकः पित्रादिः। विद्यमान धनस्य रक्षणशक्तिः। आपत्स्वपि स्थिरचित्तत्वम्। सर्वानुकूल्यम्। पूजा। वेदशास्त्रादि ज्ञानम्। विज्ञान सामर्थ्यम्। पुत्रादि प्रेरण सामर्थ्यम्। पुत्रोत्पत्त्यादि सामर्थ्यम्। हलादि कृषि कृत धान्यनिष्पत्तिः। कृषि प्रतिबन्ध निवृत्तिः॥७॥

शं च मे मयश्च मे प्रियं च मेऽनुकामश्च मे कामश्च मे सौमनसश्च मे भगश्च मे द्रविणं च मे भद्रं च मे श्रेयश्च मे वसीयश्च मे यशश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥८॥

ऐहिक सुख। आमुष्मिक सुख। प्रीत्युत्पादक वस्तु। अनुकूल यत्न साध्य पदार्थ। विषयभोगजनित सुख। मनःस्वास्थ्यकरो बन्धुवर्ग। सौभाग्य। धन। ऐहिक कल्याण। पारलौकिक श्रेय। निवास योग्य वसुमान्गृहादि। कीर्ति। एते कल्पन्ताम्॥ ८॥

अ०३ ऊर्क् मे सूनृता च मे पयश्च मे रसश्च मे घृतं च मे मधु च मे सग्धिश्च मे सपीतिश्च मे कृषिश्च मे वृष्टिश्च मे जैत्रं च मऽऔद्भिद्यं च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥९॥

अन्न।प्रियासत्यावाक्।दुग्ध।तत्रत्यःसारः।आज्य।क्षौद्र।बन्धुओंसहित भोजन।बन्धु०—तपान।कृषिकृतधान्यसिद्धिः।धान्यनिष्पादिकानुकूलावृष्टिः।जयसामर्थ्य।चूतादि वृक्षों की उत्पत्ति।एते यज्ञेन कल्पन्ताम्॥९॥

रयिश्च मे रायश्च मे पुष्टं च मे पुष्टिश्च मे विभु च मे प्रभु च मे पूर्णं च मे पूर्णतरं च मे कुयवं च मेऽक्षितं च मेऽन्नं च मेऽक्षुच्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१०॥

सुवर्ण।मुक्तादिमणयः।धनपोषः।शरीरपोषकः।व्याप्तिसामर्थ्य।ऐश्वर्य।धनपुत्रादिबाहुल्यम्।गजतुरगादिबाहुल्यम्।कुत्सितधान्यमपि।क्षयहीनं धान्यादि।अन्नमोदनादि।भुक्तान्नपरिपाकः।एते कल्पन्ताम्॥१०॥

वित्तं च मे वेद्यं च मे भूतं च मे भविष्यच्च मे सुगं च मे सुपथ्यं च मऽऋद्धं च मऽऋद्धिश्च मे क्लृप्तिश्च मे मतिश्च मे सुमतिश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥११॥

पूर्वलब्धवित्तम्।लब्धव्यम्।पूर्वसिद्धक्षेत्रादि।सम्पत्स्यमानंक्षेत्रादि।सुखगम्योदेशः।शोभनहित।समृद्धयज्ञफल।यज्ञादिसमृद्धि।कार्यक्षेमं द्रव्यादि।स्वकार्येसामर्थ्य।पदार्थमात्र का निश्चय।दुर्घटकार्यादिविषेनिश्चय।एते यज्ञेन कल्पन्ताम्॥११॥

व्रीहयश्च मे यवाश्च मे माषाश्च मे तिलाश्च मे मुद्गाश्च मे खल्वाश्च मे प्रियङ्गवश्च मेऽणवश्च मे श्यामाकाश्च मे नीवाराश्च मे गोधूमाश्च मे मसूराश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१२॥

व्रीहि॰ तण्डुल विशेषाः। यवाः। माषाः। तिलाः। मुद्गाः। चणकाःलङ्गु। कङ्गवः॰ कांगुनी। चैना। श्यामाकाः तृण धान्यानि ग्राम्याणि कोद्रवत्वेन प्रसिद्धानि। नीवाराः (तृणधान्यान्यारण्यानि। गोधूमाः। मसूराः। एतेधान्यविशेषा मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१२॥

अ०४ अश्मा च मे मृत्तिका च मे गिरयश्च मे पर्वताश्च मे सिकताश्च मे वनस्पतयश्च मे हिरण्यं च मेऽयश्चमे श्यामं चमे लोहं च मे सीसं च मे त्रपु चमे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१३॥

पाषाणः। मृत्तिका। गोवर्धनार्बुद रैवतिकादयः क्षुद्रपर्वताः। मन्दिर हिमाचलादयः महान्तः पर्वताः। शर्कराः। पुष्प विना फलनेवाले पनस उदुम्बरादयः। सुवर्ण वा रजत। लोहा। ताम्रलोह कांस्य रजत वा कनक। लोह + सर्व तैजस। सीसा। रंग। एते कार्य विशेषेषु मे कल्पन्ताम्॥१३॥

+ लोहं कालायसं सर्व तैजसं लोहं लोहे भिकृत्याभिधानात्।

अग्निश्च मऽआपश्च मे वीरुधश्च मऽओषधयश्च मे कृष्टपच्याश्च मेऽकृष्टपच्याश्च मे ग्राम्याश्च मे पशवऽआरण्याश्च मे वित्तं चमे वित्तिश्च मे भूतं च मे भूतिश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१४॥

पृथिवीस्थो वन्हिः। अन्तरिक्षस्थानि जलानि। गुल्माः। फलपाकान्ताः। भूमिकर्षण वीजवापादि कर्मों से निष्पादन कीजावें व्रीहि यवादयः। स्वयमेवोत्पद्यमानाः नीवारगवेधुकादयः। गो अश्व महिष अजा अवि गर्दभ उष्ट्रादयः ग्राम्य पशवः। हस्तिसिंह शरभ मृग गवय मर्कटादयः आरण्यपशवः। पूर्वलब्ध। भाविलाभ।

जात पुत्रादिक। स्वार्जितमैश्वर्यम्। एतानियज्ञेनममसम्पद्यन्ताम्॥१४॥

वसु च मे वसतिश्च मे कर्म च मे शक्तिश्च मेऽर्थश्च मऽ एमश्च मऽ इत्या च मे गतिश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१५॥

धन गवादिक। वासस्थान गृह। अग्निहोत्रादि कर्म। तिन्हों की अनुष्ठान सामर्थ्य। अभिलषितः पदार्थः। प्राप्तव्योऽर्थः। इष्टप्राप्त्युपायः। इष्टप्राप्तिः। एते कल्पन्ताम्॥१५॥

अ०५ अग्निश्च मऽ इन्द्रश्च मे सोमश्च मऽ इन्द्रश्च मे सविता च मऽ इन्द्रश्च मे सरस्वती च मऽ इन्द्रश्च मे पूषा च मऽ इन्द्रश्च मे बृहस्पतिश्च मऽ इन्द्रश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१६॥

अर्धार्धैन्द्राणि जुहोति ९·३·२·९· अर्धसेन्द्र देवत्यत्वादर्धस्य नाना देवत्यत्वात्। अग्नि सोम सवितृ सरस्वती पूष बृहस्पतयः प्रसिद्धाः। ते समानभागत्वादिन्द्र एकैकया सह पठ्यते। यास्कोक्ता इन्द्र शब्दस्य नानार्थाः कार्याः एवमग्रेऽपि कण्डिकाद्वये। एते कल्पन्ताम्॥१६॥

मित्रश्च मऽ इन्द्रश्च मे वरुणश्च मऽ इन्द्रश्च मे धाता च मऽ इन्द्रश्च मे त्वष्टा च मऽ इन्द्रश्च मे मरुतश्च मे विश्वे च मे देवा इन्द्रश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१७॥

मित्र वरुण धातृ त्वष्टृ मरुद्विश्वेदेवाः प्रसिद्धाः। प्रत्येकमिन्द्रः। एते कल्पन्ताम्॥१७॥

पृथिवी च मऽ इन्द्रश्च मेऽन्तरिक्षं च मऽ इन्द्रश्च मे द्यौश्च मऽ इन्द्रश्च मे समाश्च मऽ इन्द्रश्च मे नक्षत्राणि च मऽ इन्द्रश्च मे दिशश्च मऽ इन्द्रश्च मे यज्ञेन कल्प-

न्ताम् ॥१८॥

पृथिव्यन्तरिक्षं दिवस्त्रैलोक्यम् । समा वर्षाधिष्ठात्र्यो देवताः । नक्षत्राणि अश्विन्यादीनि । दिशः प्रागाद्याः । एते कल्पन्ताम् ॥१८॥

अ०६ अ॒ꣳशुश्च॑ मे र॒श्मिश्च॒ मेऽदा॑भ्यश्च॒ मेऽधि॑पतिश्च म उपा॒ꣳशुश्च॑ मेऽन्तर्या॒मश्च॑ म ऐन्द्रवाय॒वश्च॑ मे मैत्रावरु॒णश्च॑ म आश्वि॒नश्च॑ मे प्रतिप्र॒स्थान॑श्च मे शु॒क्रश्च॑ मे म॒न्थी च॑ मे य॒ज्ञेन॑ कल्पन्ताम् ॥१९॥

अथ ग्रहाञ्जुहोति ५.३.२.१० कण्डिकात्रये ग्रहहोममन्त्राः । अंश्वादयः सोमग्रहविशेषाः सोमप्रकरणे प्रसिद्धाः । अदाभ्यस्यैव गृह्यमाणत्वदशायां पृथक्कृत्य ग्रहणे रश्मिशब्देन निर्देशः रश्मीनां तद्ग्रहणे साधनत्वात् अन्हो रूपे सूर्यस्य रश्मिषु इति ८.४८ मन्त्रलिङ्गात् । अधिपतिशब्देन निग्राह्यो विवक्षितः तस्य ज्येष्ठत्वादाधिपत्यम् ज्येष्ठो वा एष ग्रहाणामिति श्रुतेः । प्रतिप्रस्थानशब्देन निग्राह्यो विवक्षितः द्विदेवत्यैः सह पाठात् । अन्ये प्रसिद्धाः ॥१९॥

आ॒ग्र॒य॒णश्च॑ मे वैश्वदे॒वश्च॑ मे ध्रु॒वश्च॑ मे वैश्वान॒रश्च॑ म ऐन्द्रा॒ग्नश्च॑ मे म॒हावै॑श्वदे॒वश्च॑ मे मरुत्वती॒याश्च॑ मे॒ निष्के॑वल्यश्च मे सावि॒त्रश्च॑ मे सारस्व॒तश्च॑ मे पात्नीव॒तश्च॑ मे हारियोज॒नश्च॑ मे य॒ज्ञेन॑ कल्पन्ताम् ॥२०॥

आद्यो वैश्वदेवः प्रातःसवनगतः महावैश्वदेवस्तु तृतीयसवनगतः । ध्रुवाख्यस्यैव ग्रहस्य श्रवणदशायां वैश्वानरसूक्तपाठात्तद्

प्रापन्नो ध्रुवो वैश्वानर शब्देनोच्यते। मरुत्वतीया इति बहुवच
नं त्रित्वात् मरुत्वतीयो महामरुत्वतीयः कुण्ठ मरुत्वतीयश्चेति।
अभिषेचनीये सारस्वतीनामपां ग्रहणमेव सारस्वतो ग्रहः सारस्व
तं ग्रहं गृह्णातीति तत्राम्नानात्॥२०॥

स्रुचश्च मे चमसाश्च मे वायव्यानि च मे द्रोणकलशश्च
मे ग्रावाणश्च मेऽधिषवणे च मे पूतभृच्च मऽआधव
नीयश्च मे वेदिश्च मे बर्हिश्च मेऽवभृथश्च मे स्वगाका
रश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥२१॥

स्रुचो जुह्वादयः। चमसानि ग्रहपात्राणि। वायव्यानि पात्रविशे
षाः। अधिषवणे काष्ठफलके। पूतभृदाधवनीयौ सोमपात्रविशे
षौ। स्वगाकारः शंय्वुवाकः तेन यथास्वं देवतानां हविरङ्गीकारात्।
प्रसिद्धमन्यत्। एते मम यज्ञेन निमित्तेन कल्पन्ताम्॥२१॥

अग्निश्च मे घर्मश्च मेऽर्कश्च मे सूर्यश्च मे प्राणश्च मेऽ
श्वमेधश्च मे पृथिवी च मेऽदितिश्च मे दितिश्च मे द्यौश्च
मेऽङ्गुलयः शक्करयो दिशश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥२२॥

कण्डिकाद्वयेन यज्ञक्रतुहोमः अथैतान्यज्ञक्रतूञ्जुहोत्यग्निश्च
मऽइति ९।३।३।१। श्रुतेः। अग्निः चीयमानो वह्निरग्निष्टोमो
वा। घर्मः प्रवर्ग्यः। इन्द्रायार्कवते पुरोडाशमिति विहितो यागो
ऽर्कः। सौर्यं चरुमिति विहितः सूर्यः। प्राणो गवामयनम्। अश्वमेधः
प्रसिद्धः। पृथिव्यदितिदितिद्यौः देवताविशेषाः। अङ्गुलयः विरा
ट्पुरुषावयवाः। शक्करयः शक्तयः। दिशः प्राच्याद्याः। एते य

ज्ञेन कल्पन्ताम् ॥२२॥

व्रतं च मऽऋतवश्च मे तपश्च मे संवत्सरश्च मेऽहोरा त्रेऽऊर्वष्ठीवे बृहद्रथन्तरे च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥२३॥

व्रतं नियमः। ऋतवो वसन्ताद्यः। तपः कृच्छ्रं चान्द्रायणादि। संवत्सरः प्रभवादिः। अहश्च रात्रिश्चाहोरात्रे दिननिशे। ऊरू चाष्ठीवन्तौ जानुनी च ऊर्वष्ठीवे अवयवविशेषौ। बृहद्रथन्तरे एतन्नामके सामनी। एतानि कल्पन्ताम् ॥२३॥

२४ एका च मे तिस्रश्च मे तिस्रश्च मे पञ्च च मे पञ्च च मे सप्त च मे सप्त च मे नव च मे नव च मऽएकादश च मऽएकादश च मे त्रयोदश च मे त्रयोदश च मे पञ्चदश च मे पञ्चदश च मे सप्तदश च मे सप्तदश च मे नवदश च मे नवदश च मऽएकविꣳशतिश्च मऽएकविꣳशतिश्च मे त्रयोविꣳशतिश्च मे त्रयोविꣳशतिश्च मे पञ्चविꣳशतिश्च मे पञ्चविꣳशतिश्च मे सप्तविꣳशतिश्च मे सप्तविꣳशतिश्च मे नवविꣳशतिश्च मे नवविꣳशतिश्च मऽएकत्रिꣳशच्च मऽएकत्रिꣳशच्च मे त्रयस्त्रिꣳशच्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥२४॥

अयुग्मस्तोमहोमार्था मन्त्राः अथायुजस्तोमाञ्जुहोतीति ९।३।३।२। श्रुतेः। एकमादाय द्वितीयां विहाय तृतीयामादाय चतुर्थीं विहाय परित्यक्तसमसंख्याकेनात्तविषमसंख्याकेन मन्त्रेण युग्मान्स्तोमाञ्जुहुयादित्यर्थः। आदरातिशयद्योतनार्था सर्वत्र पुनरुक्तिः।

अयुग्मस्तोम होमैः सर्वकामावाप्तिः तथा श्रुतिः ९·३·३·२· एतद्वै देवाः सर्वान्कामानाप्त्वायुग्भि स्तोमैः स्वर्गं लोकमायंस्तथैवै तद्यजमानाः सर्वान्कामानाप्त्वायुग्भि स्तोमैः स्वर्गं लोकमेतीत्यादि॥

चतस्रश्च मेऽष्टौ च मेऽष्टौ च मे द्वादश च मे द्वादश च मे षोडश च मे षोडश च मे विंशतिश्च मे विंशतिश्च मे चतुर्विंशतिश्च मे चतुर्विंशतिश्च मेऽष्टाविंशतिश्च मेऽष्टाविंशतिश्च मे द्वात्रिंशच्च मे द्वात्रिंशच्च मे षट्त्रिंशच्च मे षट्त्रिंशच्च मे चत्वारिंशच्च मे चत्वारिंशच्च मे चतुश्चत्वारिंशच्च मे चतुश्चत्वारिंशच्च मेऽष्टाचत्वारिंशच्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥२४॥

एक कण्डिकया युग्मस्तोमाञ्जुहोति अथ युग्मतो जुहोति चतस्रश्च मऽइति ९·३·३·४· प्रथमं चतस्र इत्येतां संख्यामादाय चतुरुत्तरत्वेन स्थितान्युग्मान्स्तोमानष्टाचत्वारिंशत्पर्यन्ताञ्जुहुयादित्यर्थः। तत्फलं स्वर्गप्राप्तिः एतद्वै छन्दांस्यब्रुवन्यातयामा वाऽअयुज स्तोमा युग्मभिर्वयं स्तोमैः स्वर्गं लोकमयामेति तथैतद्यजमानो युग्मभि स्तोमैः स्वर्गं लोकमेतीति ९·३·३·५· श्रुतेः। पूर्व-पूर्वमुत्तरेण सम्बध्नाति वृक्षारोहणवत् तथा च श्रुतिः। ९·३·३·६· पूर्व-पूर्वमुत्तरेणोत्तरेण संधुनक्ति यथा वृक्षं रोहन्नुत्तरामुत्तराꣳ शाखाꣳ समालम्भꣳ रोहेत्तादृक्तदिति अत्रोक्ता संख्या संख्येयनिष्ठा। एते यज्ञेन कल्पन्ताम्॥२५॥

त्र्यविश्च मे त्र्यवी च मे दित्यवाड् च मे दित्यौही च मे प

र्य्याविश्च मे पञ्चावी च मे त्रिवत्सश्च मे त्रिवत्सा च मे तुर्यवाट् च मे तुर्यौही च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥२६॥

कण्डिका द्वयं वयोहोमे विनियुक्तम्। तथा च श्रुतिः। ९॰३॰३॰७॰ अथ वयाꣳसि जुहोति त्र्यविश्च मऽइति पशवो वै वयाꣳसि पशुभिरेवैनमेतदन्नेन प्रीणात्यथो पशुभिरेवैनमेतदन्नेनाभिषिञ्चतीति॥ डेढवर्षका वृषभ+। तैसी गो। दो वर्ष का वृषभ। तैसी गो। ढाईवर्ष का॰। तैसी॰। तीनि वर्ष॰ तैसी॰। साढे तीनि बर्ष॰। तैसी॰। एते यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥ २६॥

+ ऽविः षाण्मासात्मकः कालः त्र्यो ऽवर्षो यस्य स त्र्यविः॥

पष्ठवाट् च मे पष्ठौही च मऽउक्षा च मे वशा च मऽऋषभश्च मे वेहच्च मेऽनड्वांश्च मे धेनुश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥ २७॥

चारि वर्ष॰। तैसी॰। सेचन क्षमो वृषः। वन्ध्या गो। अतियुवा बैल। गर्भघातिनी गो। शकट वहन समर्थ वृष। नव प्रसूता गो। एते मम यज्ञेन निमितेन कल्पन्तां स्वस्व व्यापार समर्था भवन्तु यद्वा यज्ञेन मम कल्पन्तां मह्यमुपभोगक्षमा भवन्त्वित्यर्थः एवं पूर्वत्र॥२७॥

अ॰ ८ वाजाय स्वाहा प्रसवाय स्वाहापिजाय स्वाहा क्रतवे स्वाहा वसवे स्वाहा हर्पतये स्वाहान्हे मुग्धाय स्वाहा मुग्धायवैनꣳशिनाय स्वाहा विनꣳशिनऽआन्त्यायनाय स्वाहान्त्याय भौवनाय स्वाहा भुवनस्य पतये स्वाहाधिपतये स्वाहा प्रजापतये स्वाहा। इयं ते राण्मित्राय यन्तासि यमनऊर्जे त्वा वृष्टयै त्वा प्रजानां त्वाधिपत्याय॥ २८॥

अथ नाम ग्राह होमः तथा च श्रुतिः ९.३.३.८. अथ नाम ग्राहं जुहोति वाजाय स्वाहेत्येतद्वै देवाः सर्वान्कामा नाप्त्वाथैतमेव प्रत्यक्षम प्रीणँस्तथैवैतद्यजमानः सर्वान्कामा नाप्त्वाथैतमेव प्रत्यक्षं प्रीणातीति। वाजोऽन्नं तस्मै स्वाहेति होम मन्त्रः वाजादीनि चैत्रादि महीनों के नाम हैं तिन नामों को लेके होमें इत्यर्थः। वाजः अन्न की प्रचुरता से चैत्र अन्न रूप है। प्रसव॰ अनुज्ञा रूप (जलक्रीडादिक में अनुज्ञादान से॰ वैशाख:। अपिज॰ जल सै उत्पन्न (जलक्रीडारतत्वात्॰ ज्येष्ठ:। क्रतु॰ याग रूप चातुर्मास्यादि याग प्रावृर्यात्॰ आषाढ। वसु॰ वास कराता (चातुर्मास्ये यात्रनिषेधात्॰ श्रावण: अहर्पति॰ दिनों का स्वामी सूर्य (तापकरत्वात्॰ भाद्रपद। मुग्धमह॰ तुषारादि करि मोह रूप दिवस॰ आश्विन। मुग्धवैनंशिनः॰ अल्प घटिकावत्वेन विनाशशील॰ स्नाननियमादि करि पापनाशकत्व से अमुग्ध॰ कार्तिक। अविनंशिन (विनाशरहित) आन्त्यायन (सर्वों के नाश में अविशिष्ट विष्णुरूप मार्गशिर+। आन्त्य भौवन॰ लोकस्वरूप (पुष्टिकरत्वात् जाठराग्नि दीप्तिकरत्वेन॰ पौष:। भुवनस्य पति भूतजात का पति (स्नानादिना पुण्यजनकत्वात् पालकत्वं॰ माघ:। अधिपति॰ अधिक पालक (वर्षान्तत्वात्॰ फाल्गुण:। प्रजापति॰ एवं द्वादशमासाधिष्ठातृ प्रजापति नामक देवता के अर्थ। स्वाहेति होमार्थं सर्वत्र। हे अग्ने यह ते राज्य (जहां-जहां यज्ञ करिये हैं वोह तेरा ही राज्य है। किंच हे अग्ने तू मित्र (यजमान) का नियामक है। कैसा है तू कि नियन्ता। अग्निष्टोमादि कर्मों में सर्वों को नियमकर्त्ता। अतः ऊर्जे वि

+ मासानां मार्गशीर्षोस्मीतिस्मृतेः भगवद्गी॰ १०.३५

शिष्ट अन्नरस के अर्थ तुम्हें समन्तात् सींचता हूं इतिशेषः। तथा वृष्टिके अर्थ तुम्हें सम॰—हूं†। ततः प्रजा के स्वामित्वाख्य के अर्थ तुम्हें वसोर्धाराकरि सम॰—हूं‡॥२८॥

आयुर्यज्ञेन कल्पतां प्राणो यज्ञेन कल्पतां चक्षुर्यज्ञेन कल्पता॑ᳪश्रोत्रं यज्ञेन कल्पतां वाग्यज्ञेन कल्पतां मनो यज्ञेन कल्पतामात्मा यज्ञेन कल्पतां ब्रह्मा यज्ञेन कल्पतां ज्योतिर्यज्ञेन कल्पता॑ᳪस्वर्यज्ञेन कल्पतां पृष्ठं यज्ञेन कल्पतां यज्ञो यज्ञेन कल्पताम्। स्तोमश्च यजुश्च ऽऋक् च साम च बृहच्च रथन्तरं च। स्वर्देवा अगन्मामृता अभूम प्रजापतेः प्रजा अभूम वेट् स्वाहा॥२९॥

कल्पहोमः कल्पतामिति लिङ्गात् अथ कल्पाञ्जुहोतीति ९·३·३·१२· श्रुतेः। यज्ञनिमित्तकरि आयु (जीवनकाल) कल्पतां (साध्यतां—प्राप्तहोवें। प्राण·चक्षुएं·श्रोत्र·वाचा·मन·मेरे यज्ञकरि क्लृप्तहोवें। आत्मा देह ⁂। ब्रह्म (वेद) यज्ञेन कल्पताम्। ज्योतिः (स्वयंप्रकाशः परमात्मा) यज्ञेन साध्यताम् ⁂⁂। स्वः—स्वर्गः। पृष्ठ (स्तोत्र वा स्वर्गस्थान) कल्पताम्। यज्ञ यज्ञ ही करिके क्लृप्त होवै नहीं हूं मैं यज्ञक्लृप्तिमें समर्थ ⁂⁂। किंच स्तोम (त्रिवृत्पञ्चदशादिः) यजुः (अनियतपादो मन्त्रः) ऋक् (नियतपादा) साम (गीतिप्रधानम्) बृहद्रथन्तराणि (तद्विशेषौ च) यज्ञेन क्लृप्तानि भवन्त्वित्यनुषङ्गः। वसोर्धारयैवमग्निमभिषिच्यात्मानं यजमानाः प्रशंसन्ति—हम यजमान लोग देवता होकर स्वर्गको गये। और ज्ञाकर अमरणधर्मा हुए ततः प्रजापति हिरण्यगर्भ की प्रजा हुए इतिफल ब

⁂ आत्मेन्द्रियमनोयुक्तो भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः इतिस्मृतेः

⁂⁂ उग्रकर्मानुष्ठानं परमात्मज्ञाने कारणम् ब्राह्मणाविविदिषन्ति यज्ञेन तपसानाशकेनेतिश्रुतेः १४·७·२·२४· कर्मणैवहि संसिद्धिमास्थिताजनकादयः इतिस्मृतेश्चभगवद्गी॰३·२०।

⁂⁂ यज्ञेन यज्ञमयजन्तदेवा इति ३१·१६

† अग्नौ प्रास्ता हुतिः सम्यगादित्यमनुतिष्ठते आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजा मनु॰ ३·७६

‡ प्रजानामाधिपत्यायेत्यन्नं वाऽऊर्गन्नं वृष्टिरन्नेनैवैनमेतत्प्रीणाति यद्वेवाहेयन्तेराडित्यन्त्राय यन्तासि यमन ऊर्जे त्वा वृष्ट्यै त्वा प्रजानां त्वाधिपत्यायेतीदं ते राज्यमभिषिक्तोऽसीत्येतन्नियन्ता सत्वं यन्तासीतिशत ९·३·३·१०·११ श्रुतः॥

चनम्। अनेन वसोर्धारायाः सर्वकाम प्राप्तिहेतुत्वमुक्तम्। वेट्स्वाहेति वसोर्धाराहोमार्थो मन्त्रः वेडिति बषट्कारः। बषट्कारो हैष परोक्षं यद्वेट्कारो बषट्कारेण वावै स्वाहाकारेण वा देवेभ्यो ऽन्नं प्रदीयत इति ९·३·३·१४ श्रुतेः॥ इति वसोर्धारा होम मन्त्राः समाप्ताः॥२९॥

अ०९ वाजस्य नु प्रसवे मातरं महीमदितिं नाम वचसा करामहे यस्यामिदं विश्वं भुवनमाविवेश तस्यां नो देवः सविता धर्म साविषत्॥३०॥

का०१८·५·४·५·क्षेत्रवपवत्सर्वौषध को उदुम्बर चमस में भरिके तिस सर्वौषध चमसवत् चतुष्कोण पुष्कर उदुम्बर स्रुवा से वाजस्येमं प्रसव इति ९·२३–२९ वाजपेय सम्बन्धी वाजप्रसवीय सप्त मन्त्रों से होमिके वाजस्य नु प्रसवे इत्यादि आग्निक वाज प्रसवीय सप्तम मन्त्रों से भी मन्त्र तिसही सर्वौषध और स्रुवा करि होमें॥व्याख्याता९·५॥३०॥

विश्वे ऽअद्य मरुतो विश्व ऽऊती विश्वे भवन्त्वग्नयः समिद्धाः॥विश्वे नो देवा अवसागमन्तु विश्वमस्तु द्रविणं वाजो ऽअस्मे॥३१॥

तु श्रोधाना कदृष्टा वैश्वदेवी त्रिष्टुप्। आजके दिन में सब मरुतः सप्तकगणः आवें। और भी सब देवता गण अष्टबसु द्वादशादित्य एकादश रुद्र इस तर्पण निमित्त करि आवें। विश्वेदेवा और गण देवता हमारे अन्न (हविनिमित्तम) करि हवि ग्रहण के अर्थ आवें और तिन के आगमन से सब अग्निएँ (गार्हपत्यादय) भले प्रकार दीप्त होवें अर्थात् तिन्हों के अर्थ होमने से। तिन्ह देवताओं की तुष्टि से सब धन (गोभूहिरण्यादि) और अन्न हमा

रैं हो॥३१॥

वाजो नः सप्त प्रदिशश्चतस्रो वा परावतः। वाजो नो विश्वैर्देवैर्धनसाताविहावतु॥३२॥

तिस्रोऽन्नदेवत्याः तत्राद्यानुष्टुप् द्वे त्रिष्टुभौ। हमारे को अन्न सप्तप्रदिशः भूरादि तीनों लोक प्राच्यादि चारोंदिशाएं और परावतश्चतस्रः-महर्जनस्तपः सत्याख्याः समन्तात् पूरणकरें इतिशेषः वाशब्दश्चार्थः यद्वा हमारे दिये अन्न करि सप्तप्रदिशः औरःचतस्रो महराद्यात्तप्तहोवें +। किंचधनसातौ-धन के सम्भजन कालकी प्राप्ति में अन्न हमें विश्वेदेवाओं सहित पालन करै इह-इसलोक वा यज्ञ में जब हमें धनेच्छा होवै तब हमारें देवतर्पणक्षम बह्वन्न हो इति वाक्यार्थः॥३२॥

वाजो नोऽअद्य प्रसुवाति दानं वाजो देवाँ२॥ऽऋतुभिः कल्पयाति। वाजो हि मा सर्ववीरं जजान विश्वा आशा वाजपतिर्जयेयम्॥३३

आजके दिन में अन्न (अन्नाधिष्ठात्री देवता) हमें प्रेरण करे अनुज्ञा देवै दानार्थ को इतिशेषः अर्थात् अन्न दानेच्छा हमें होवै। अन्नदेवताओं सहित यथास्थान कल्पना करे अर्थात् जिस कालमें जो देवता पष्टव्य है तिसे तहां पूजै। और * अन्न मुझे सर्ववीर पुत्रपौत्रादि युत करै। ततः वाजपतिः समृद्धान्न होकर में सब दिशाएं जीतूं अर्थात् सब दिशाएं अन्न दान सें वशीकरूं॥३३॥

वाजः पुरस्तादुत मध्यतो नो वाजो देवान्हविषा वर्धयाति। वाजो हि मा सर्ववीरं चकार सर्वा आशा वाजपति

+ प्रकर्षेन प्रादेन प्रकर्षेण लोकत्रयं दिशः प्राच्या द्याः प्रावक ज्योदूराथीः महरादयोहिलोकत्रय मतीत्यवर्तेते।

* लिम्पकारार्थः

र्मवेयम् ॥३४॥

अन्न हमारे साम्ने हो और हमारे घर के मध्यमें हो। अन्न हमारे हविकरिके देवताओं को पोषे। और अन्न मुझे पुत्रपौत्रादियुक्त करै। अन्नपालक होके मैं सब दिशाएँ होऊँ दिग्रूपता व्याप कता प्राध्यर्य ते॰ यद्वा-सब दिशाएँ वशी करूँ ॥३४॥

सं मा सृजामि पयसा पृथिव्याः सं मा सृजाम्यद्भिरोषधीभिः। सोऽहं वाजꣳ सनेयमग्ने ॥३५॥

आग्नेय्या द्वे विराजौ। हे अग्ने जो मैं पृथिवी सम्बन्धि पय(रस)करिके आत्मा(अपने)को संयुक्त करताहूं। जल और ओषधिओं से आ०हूं। सो मैं पय जल ओषधिओं से संयुक्त शरीर होके अन्न को सम्भजूं। यद्वा व्यत्ययेन॰ हे अग्ने जो मैं पृथिवी के पय जल और ओषधीओं से तुझे संयुक्त करता हूं सो मैं अन्न को सम्भजूँ ॥३५॥

पयः पृथिव्यां पय ओषधीषु पयो दिव्यन्तरिक्षे पयोधाः। पयस्वतीः प्रदिशः सन्तु मह्यम् ॥३६॥

हे अग्ने तू पृथिवी विषें रस को स्थापन करि। और ओषधीओं में र॰-रि। स्वर्ग में ॰। और अन्तरिक्षमें र॰-। किंच मेरे अर्थविषें दिशा और विदिशा रसयुता होमें अर्थात् आहुति परिणामेन पृथिव्या द्यो ममाभीष्टदा होमें ॥३६॥

देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। सरस्वत्यै वाचो यन्तुर्यन्त्रेणाग्नेः साम्राज्येनाभिषिञ्चामि ॥३७॥ + दे-मु। अ॰स-मि। इ॰ ॥९७॥

का॰ १८.५.६–८. कर्मोपवर्गमें औदुम्बर चतुष्कोणस्रुवको आहवनीयमें डालिकर अग्निपुच्छसे उत्तरदिशामें परिश्रित संलग्नश ग्रीव उत्तरलोम कृष्णाजिनको फैलाकर तहांस्थित ब्रह्म वर्चसकामो यजमान चयनकृत अन्वारम्भ अध्वर्यु करि सर्वौषधसे सीन्चियेहै। क्याकरिके कि सर्वौषध शेषमें जलडालिके अभिषेकस्यैव द्रव्यसाध्यत्वात् अयंपूर्वपक्षः सिद्धान्तमाह अथवा क्षीरोदकसे पूर्वपक्ष निरासे शेषे जलसेकोन क्योंकि तहां क्षीरोदकहै वाजपेयिकानीति श्रुतेः ९.३.४.७.यहांवाजपेयसम्बन्धी वाजप्रसवीय सुनियेंहैं तहां उदकक्षीरहैं तिन्हैंही उदुम्बरे पात्रेऽप आसिच्य पयश्चे त्युक्तेः का॰ १४.५.२०. इसकारणतिस में मिश्रित हीसे अभिषेकहै नहीं है जलसेक इत्यर्थः॥ देवस्य त्वाप्रा॰ व्याख्यातम् १.१०। सरस्वत्यै लिङ्गोक्त दैवतम् प्रा॰ हे॰। सरस्वतीसम्बन्धिनी वाणी और नियन्ता प्रजापति के यन्त्र से अग्निके साम्राज्य (चक्रवर्तित्व) करिके हे यजमान तुम्हैं सीन्चताहूं मेरे किये अभिषेक से वाक्सिद्ध ऐश्वर्य और साम्राज्य तेरें हों इत्यर्थः॥ ३७॥

अ॰ १० ऋ॒ता॒षाडृ॒तधा॑मा॒ग्निर्ग॑न्ध॒र्वस्तस्यौष॑धयो॒ऽप्सर॑सो॒मुदो॒ नाम॑। स न॑ इ॒दं ब्रह्म॑ क्ष॒त्रं पा॑तु॒ तस्मै॒ स्वाहा॒ वाट् ताभ्य॒: स्वाहा॑॥ ३८॥

का॰ १८.५.१६. आज्य से द्वादश गृहीत लेके विभागसे द्वादशांश करिके ऋतेत्यादि द्वादश मन्त्रों से प्रति स्वाहाकार राष्ट्रभृत्संज्ञा आहुति होमें व्यतिषक्त द्वादश मन्त्रों में पूर्वो मन्त्रः स्वाहा वाडित्यन्तः उत्तरस्ताभ्यः स्वाहेत्यन्तः ततः मन्त्र में जे पुल्लिङ्ग हैं–

सन इदं ब्रह्मेत्यादीनि तिन व्यवहित पठितों को भी निकालि पढिक
र पूर्व मन्त्र सम्पाद्य हैं॰ और जे स्त्रीलिङ्ग॰ तस्यौषधयो प्सरस इत्यादी
नि हैं तिन्हों को उठाय के उत्तर मन्त्र हैं॥ द्वादश यजूꣳषि गन्धर्वाप्सरो
देवत्यानि। तत्रायं विभागः। ऋताषाडृतधामाग्निर्गन्धर्वः सनइदं
ब्रह्मक्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाडिति वाडन्तः पूर्वः पूर्वो मन्त्रः तस्यौषध
योऽप्सरसो मुद्रो नाम ताभ्यः स्वाहेति स्वाहान्त उत्तर—उत्तरो मन्त्रः पू
र्वो गन्धर्वदेवत्यः उत्तरोऽप्सरदेवत्यः एवं पञ्चकण्डिकास्वप्यग्रे मन्त्र
विभागो ज्ञेयः+। ऋताषाट् १॰ सꣳहितः २॰ सुषुम्णः ३॰ इषिरः ४॰ भुज्युः ५॰
प्रजापतिः ६ इति षण्णां पूर्वमन्त्राणामृताषाडित्यादि नामका गंधर्वा
देवताः॰ तस्यौषधयः ७॰ तस्य मरीचयः ८॰ तस्य नक्षत्राणि ९॰ तस्यापः
१०॰ तस्य दक्षिणाः ११॰ तस्य ऋक्सामानि १२॰ इति षण्णामुत्तर मन्त्राण
मोषध्यादि नामका अप्सरसो देवताः॥ अथ मन्त्रार्थः॥ जो अग्निगन्ध
र्व है सो हमारे इस ब्रह्म (ब्राह्मणजाति) और क्षत्र (क्षत्रजाति) को रक्षा करे। कैसा
है गंधर्व कि ऋताषाट् सत्य को सहता अर्थात् असत्य में कुपित होता। तथा
ऋतधामा सत्य॰ अविनश्वर धाम जिसका। जो ऐसा अग्नि तिस अ
ग्नि गन्धर्व के अर्थ स्वाहा वाट् (वषट्कारेण) सुहुतमस्तु ॥१॥ तिस अग्नि
गन्धर्व की जो ओषधीएँ (व्रीह्याद्या) नाम करि के अप्सराएँ स्त्रीत्वेन
भोग्या हैं। कैसी ओषधीएँ कि मोदित होते हैं मनुष्य जिन्हों से तिन्ह ओ
षधीओं के अर्थ स्वाहा सुहुतमस्तु ॥२॥३८॥

सꣳहितो विश्वसामा सूर्यो गन्धर्वस्तस्य मरीचयोऽप्स
रस आयुवो नाम। सन इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै-

+पुठं से पूर्व से जुहो तीत्यादि शत॰ ९॰४॰१॰६—१२॰ श्रुतिषु मन्त्रार्थो दर्शनीयः॥

स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥ ३९ ॥

जो सूर्य गन्धर्व सो हमारे ब्र॰। कैसा है कि संहितः (भले प्रकार से स्थापन करता है अहोरात्र को। विश्वसामा (सब साम हैं प्रतिपाद्य जिस के वा सर्व साम रूप। तिस सूर्य ॰॥ ३॥ तिस सूर्य की मरीचि नामा ओजस्त्र सरेणव:) अप्सराएँ। कैसी कि समन्तात् मिश्री होतीएँ तिन्ह मरीचि ओं॥ ४॥ ३९॥

सुषुम्णः सूर्यरश्मिश्चन्द्रमा गन्धर्वस्तस्य नक्षत्राण्यप्सरसो भेकुरयो नाम। सन इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥ ४० ॥

जो चन्द्रमा गन्धर्व सो हमारे ॰। कैसा कि सुषुम्णः (शोभन सुखप्रद ऋत्विकानां चन्द्रलोकाप्रेरुकत्वात्। तथाच सूर्यरश्मिः (सूर्य कीसी किरणें जिसकी। तिसके ॰॥ तिस की नक्षत्र + । नामा अप्सराएँ। कैसीएँ कि भेकुरयः क्रान्ति करतीएँ। तिन्होंके ॰॥ ६॥ ४०॥

इषिरो विश्वव्यचा वातो गन्धर्वस्तस्यापो ऽ अप्सरस ऊर्जो नाम। सन इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥ ४१ ॥

जो वायु गन्धर्व सोह॰। कैसा कि इषिरः (शीघ्रगमनः। विश्वव्यचाः (सर्वतो गमनः। तिसके ॰७॥ तिसकी आपः नामा अप्सराएँ। कैसीएँ कि ऊर्जः (धान्य उत्पादन से जिलाती हैं। तिन्हों के ॰॥ ८॥ ४१॥

भुज्युः सुपर्णो यज्ञो गन्धर्वस्तस्य दक्षिणा अप्सरसस्तावा नाम। सन इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वा

+ अश्विनी १ भरणी २ कृत्तिका ३ रोहिणी ४ मृगशिरा ५ आर्द्रा ६ पुनर्वसु ७ पुष्य ८ आश्लेषा ९ मघा १० पूर्वाफाल्गुनी ११ उत्तराफाल्गुनी १२ हस्त १३ चित्रा १४ स्वाती १५ विशाखा १६ अनुराधा १७ ज्येष्ठा १८ मूल १९ पूर्वाषाढा २० उत्तराषाढा २१ श्रवण २२ धनिष्ठा २३ शतभिषा २४ पूर्वाभाद्रपद २५ उत्तराभाद्रपद २६ रेवती २७ इति नक्षत्राणि।

ह् ताभ्यः स्वाहा ॥ ४२ ॥

जो यज्ञ गन्धर्व सो हमारे॰ कैसा कि भुज्युः(पालन करता है भूतोंको। सुपर्णः(शोभन है स्वर्ग गमन जिसका॰ उस यज्ञ के स्वर्ग में जाते य जमान जाता है। तिसके॰॥ ९ ॥ तिसकी दक्षिणा नाम अप्सराएँ। कैसीएँ कि स्तावाः(स्तुति करियै है यज्ञ और यजमान जिन्हों करि। तिन्हों के॰॥ १० ॥ ४२ ॥

प्रजापतिर्विश्वकर्मा मनो गन्धर्वस्तस्य ऽऋक्सामान्य प्सरस एष्टयो नाम। सन इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥ ४३ ॥

जो मन रूप गन्धर्व सो हमारे॰ कैसा कि प्रजापतिः(प्रजाका पालक। विश्व कर्मा(सब करता तिस के॰॥ ११ ॥ तिसकी ऋक्सामा अप्सराएं नाम प्रसिद्ध हैं। कैसी कि एष्टयः(काङ्क्ष्या करियै है अभीष्ट जिन्हों करि। तिन्हों के॰॥ १२ ॥ ४३ ॥ इति राष्ट्रभृद्धोमः समाप्तः॥

सनो भुवनस्य पते प्रजापते यस्य तऽउपरि गृहा यस्य वेह। अस्मै ब्रह्मणेऽस्मै क्षत्राय महि शर्म यच्छ स्वाहा ॥ ४४ ॥

का॰ १८॰ ५॰ १७॰ राष्ट्रभृद्धोम के अनन्तर पूर्व संस्कृत आज्य से पांचवार लेकर आहवनीय के ऊपर प्रति प्रस्थात्रादि से धार्यमाण रथ के शिरपर तिस आज्य को पञ्चधा बाँटि के पञ्चकृत्वः होमें पञ्च वार मन्त्र इति॥ प्रजापति देवत्या प्रस्तार पङ्क्तिः। हे भुवन के पालक हे प्रजापते जिस तेरे स्वर्ग में गृह हैं अथवा जिस तेरे इह(भूलोक) में गृह हैं सो तू हमारे इस ब्राह्मण और इस क्षत्रिय के अर्थ महत् सुख दे स्वाहा॰ सु

स्तु॥४४॥

समुद्रोऽसि नभस्वानार्द्रदानुः शम्भूर्मयोभूरभिमावाहि स्वाहा मारुतोऽसि मरुतां गणः शम्भूर्मयोभूरभि मावाहि स्वाहा वस्यूरसि दुवस्वाञ्छम्भूर्मयोभूरभिमा वाहि स्वाहा॥४५॥ स-हा। अ॰। मा-हा। रू॰। अ-हा। उ॰॥४५॥

१८·६·१· रथहोम के अनन्तर तिस रथ को वेदीसे उत्तर प्राङ्मु खडा करि तिसके तीनि स्थानों में तीनि वायुहोमों को होमैं प्रतिमन्त्र ों मन्त्रों से। रथयुगदक्षिणधुरोऽधः प्रथमम् उत्तरधुरोऽधो द्वितीय गमध्याधस्तृतीयम्। क्याकरिके कि बाहर वेदीके अञ्जलिकरिबाति के॥ वायव्यानित्रीणि १· यजुः २· आर्षीउ·३·सा-पं॰। त्रिलोकस्यो ः स्तूयते। हेवायो जो तू ऐसाहै सोतू मेरे अभिमुख आगमन करि ·सुहुतं तेऽस्तु। कैसाकि समुद्रः (मेलेप्रकार जलों से क्लिन्न होता) न स्वान् (नक्षत्र विद्यमान हैं जहां) आर्द्रदानुः (वृष्टिप्रवश्यायादिक को ाता) शम्भुः (ऐहिक सुख को प्राप्त कराता) मयोभूः (पारलौकिक- को प्राप्तकराता-स्वर्लोकरूपहै॥१॥ मारुतः (मरुतों का है मरुतां ग ः शुक्रज्योतिः प्रभृति १७·८०-८५·३९-७· गणों के निवासत्व से न्तरिक्षलोकहै। शेषपूर्ववत्॥२॥ अवस्यूः (रक्षा करने को चाहता- लोक रूप) है दुवस्वान् (हविर्लक्षण अन्न विद्यमान है जिसका शिष्ट ानम्॥३॥+॥४५॥

हे अश्व प्यारा + तेरा आत्मा(देह)तुझे प्राप्त दुःखित न करे(तुझे देहवियोगजनिता व्यथा न हो इति विज्ञानात्मानं प्रत्युच्यते।कैसे तुझे कि देवलोक को चलते। किंच स्वधितिः(शस्त्र)तेरे अङ्ग न स्थापन करे अर्थात् सब छेदि के देवताओं के अर्थ दे। किंच शमिता तेरे अङ्गों को छोडि (शास्त्रोक्तक्रम छोडि)कर शास करि मिथ्या छिद्र(अयथछिन्न) न करे। कैसा शमिता कि लोभी(केवल मांस ग्रहणेच्छुः)अत एव विशसन में अकुशल है अर्थात् भले प्रकार अवदानानि करे ॥४३॥

न वाऽउऽएतन्म्रियसे न रिष्यसि देवाँ२॥ऽइदेषि पथिभिः सुगेभिः। हरी ते युञ्जा पृषतीअभूतामुपास्थाद्वाजी धुरि रासभस्य ॥४४॥

+ भोगाययतमान

वै॰ एवार्थे॰ उ॰ अवधारणे। हे अश्व तू एतन्नैव मरता(इतरअश्ववत् नहीं मरता)है*। अत एव नहीं हिंसा होता †। ननु प्रत्यक्षत्वे मरणभङ्गनाशश्च दृश्यते तर्हि कथमेव मुच्यते तत्राह साधु गमन मार्गों देवयानरूपों करि देवताओं को जाता है अयोयुक्तामदुक्तिः। कथं देवान्प्रति गमनम् तत्राह हे अश्व तेरे हरी(इन्द्र के घोडे)रथ में युक्त होंगे तथा पृषती(मरुतों के घोडे)रथ में होवेंगे। किंच रासभ (अश्विवाहन)के धुरि(स्थान) में कोई वाजी(अश्व)उपस्थित होगा। देवत्वं प्राप्तस्य तव वहनाय इन्द्रादयो निजवाहनानि प्रेषयिष्यन्तीति भावः यद्वा तत्तद्देवभावं प्राप्तं त्वां तानि-तानि वाहनानि वक्ष्यन्तीत्यर्थः॥४४॥

सुगव्यं नो वाजी स्वश्व्यं पुꣳसः पुत्राँ२॥ऽउत विश्वापुषꣳरयिम्। अनागास्त्वं नोऽअदितिः कृणोतु क्षत्रं नोऽअश्वो वनताꣳ हविष्मान्॥४५॥

इदानीं याञ्चाक्रियते। वाजी(देवत्वं प्राप्तोऽश्वः)हमारा शोभन गोसमूह करै। तथा शोभन अश्वसमूह करै तथा पुंसः(पुत्र वा पुरुषार्थसाधक पुत्रों को) करै। और सर्वजन पोषण समर्थ धन करै। किंच हमारा अनागस्त्व(निष्पापत्व)करै पापसद्भावेउक्तफलाप्राप्तेः। किंच अश्व हमारा क्षत्र(क्षतत्राण बल वा पराभवाद्रक्षण)करै। कैसा अश्व कि अदितिः(नहीं है खण्डन वा दैन्य जिसका। हविष्मान् यद्वा देवत्वाख्या हविष्मान्। ईदृशोऽश्वः हमारा क्षत्र वननीय करै॥४५॥

अ॰ १५ इमा नु कं भुवना सीषधामेन्द्रश्च विश्वे च देवाः। आदित्यैरिन्द्रः सगणो मरुद्भिरस्मभ्यं भेषजा करत्। य-

* व्यर्थहिंसाया अभावात्

† देवत्वप्राप्तेर्वक्ष्यमाणत्वात्

इमं च नस्तन्वं च प्रजां चादित्यैरिन्द्रः सह सीषधाति॥४६॥

का०२०.८.१२. अयस्मयपात्र करि अश्वलोहित होमानन्तर इमानु कमित्याद्याः षट् द्विपदाएँ होमें, दो करिडकाओं की षट् अर्धारियें हैं तिन्हों से षट् आहुतियें होमें॥द्विपदा छन्दस्का विश्वदेव देवत्या आप्त्य भुवन दृष्टाः साधन दृष्टा वा तिस्र ऋचः।नु कम्, एतौ निपातौ पाद पूरणौ, ये भूतजात हम वशी करते हैं।किं च इन्द्र(ऐश्वर्यवान्) अपने गणों(परिवार)सहित और विश्वे देवा द्वादश आदित्यों और एकोनपञ्चाशत्संख्य मरुतों सहित हमारे अर्थ औषधें करें अर्थात् सब देवता हमारे हितकारी हों।किंच इन्द्र आदित्यों सहित हमारे यज्ञ(अश्वमेध) शरीर और पुत्रादि प्रजा को वशी करै नीरोगाः सपुत्रा हम भले प्रकार यज्ञ को करते हैं इति भावः॥४६॥

अग्ने त्वं नोऽअन्तम उत त्राता शिवो भवा वरूथ्यः।
वसुरग्निर्वसुश्रवा अच्छा नक्षि द्युमत्तमꣳ रयिं दाः।
तं त्वा शोचिष्ठ दीदिवः सुम्नाय नूनमीमहे सखिभ्यः॥४७॥†

इति सꣳहितायां पञ्चदशोऽनुवाकः १५

इति श्री शुक्ल यजुषि माध्यन्दिन शाखीयायां वाजसनेयसꣳहितायां दीर्घ पाठे पञ्चविꣳशोऽध्यायः॥२५॥

तिस्रो द्विपदा व्याख्याताः अध्या० ३.२५. अ० इ० २६. अ०॥ ॥ समिद्धोऽअञ्जन् २९.१. आश्वमेधिको ऽध्याय इति वचनादत्र होत्रे तन्मन्त्राणां विनियोगः॥समाप्तोऽश्वमेधः सप्तविंशत्युत्तर वर्षे साध्यः॥४७॥

† इ-वाः।अ०आ-त्र।इ०।य-ति।उ०॥४६॥ † अ-ध्य।अ०व-दाः।इ०।तं-भ्य।उ०॥४७॥

इतिभाष्येपञ्चदशोऽनुवाकः १५

श्रीवेदार्थप्रदीपेन तमोहार्दंनिवारयन्
पुमार्थांश्चतुरो देयाद्धर्मपुत्रोयुधिष्ठिरः २५

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनीयशाखाध्येतृव्याघ्रपादान्वय विश्वामित्रपुराधिपति श्रीमज्जयकिशोरदेववर्म्मात्मजरौक्मिणेय नृपति गिरिप्रसादेन रचिते श्रीवेदार्थप्रदीपे गिरिधरभाष्ये अश्वमेध प्रकरणे पञ्चविंशोऽध्यायः ॥ २५॥

अथाश्लीलभाषणे श्रुतिः शत॰ काण्ड १३

अथ वा एतस्मात् । श्री राष्ट्रं क्रामति योऽश्वमेधेन यजते ॥१॥ ऊर्ध्वामेनामुच्छ्रापयेति । श्रीर्वै राष्ट्रमश्वमेधः श्रियमेवास्मै राष्ट्रमूर्ध्वमुच्छ्रयति ॥ २॥ गिरौ भारꣳ हरन्निवेति । श्रीर्वै राष्ट्रस्य भारः श्रियमेवास्मै राष्ट्रꣳ संनह्यत्यथो श्रियमेवास्मिन्राष्ट्रमधिनिदधाति ॥३॥ अथास्यै मध्यमेधतामिति । श्रीर्वै राष्ट्रस्य मध्यꣳ श्रियमेव राष्ट्रे मध्यतोऽन्नाद्यं दधाति ॥४॥ शीते वाते पुनन्निवेति । क्षेमो वै राष्ट्रस्य शीतं क्षेममेवास्मै करोति ॥ ५॥ यकासकौ शकुन्तिकेति । विड्वै शकुन्तिकाहलगिति वञ्चतीति विशो वै राष्ट्राय वञ्चन्त्याहन्ति गभे पसो निगल्गलीति धारकेति विड्वै गभो राष्ट्रं पसो राष्ट्रमेव विश्याहन्ति

तस्माद्राष्ट्री विशं घातुकः ॥६॥ माता च ते पिता च न इति । इयं वै मातासौ पिताभ्यामेवैनर्ठं स्वर्गं लोकं गमयत्यग्रं वृक्षस्य रोहत इति श्रीर्वै राष्ट्रस्याग्रर्ठं श्रियमेवैनर्ठं राष्ट्रस्याग्रं गमयति प्रतिलामीति ते पिता गभे मुष्टिमतर्ठंसयदिति विड्वै गभो राष्ट्रं मुष्टो राष्ट्रमेव विश्याहन्ति तस्माद्राष्ट्री विशं घातुकः ॥७॥ यद्धरिणो यवमत्तीति । विड्वै यवो राष्ट्रर्ठं हरिणो विशमेव राष्ट्रायाद्यां करोति तस्माद्राष्ट्री विशमत्ति न पुष्टं पशुमन्यत इति तस्माद्राजा पशून्न पुष्यति शूद्रा यदर्यजारा न पोषाय धनायतीति तस्माद्वैशीपुत्रं नाभिषिञ्चति ॥८॥ अप वा एतेभ्यः प्राणाः क्रामन्ति ये यज्ञेऽपूतां वाचं वदन्ति दधिक्राव्णो अकारिषमिति सुरभिमतीमृचमन्ततोऽन्वाहुर्वाचमेव पुनते नैभ्यः प्राणा अपक्रमन्ति ॥९॥ ब्राह्मणम् ॥ ३ ॥ २ ॥९॥

आदितः अनुवाक संख्या ४५

इति सर्वानुक्रमणिभाष्ये गिरिप्रसाद रचिते वेदार्थप्रदीपे तृतीयाध्यायस्य पञ्चमो खण्डः ५॥

समाप्तोऽयमश्वमेधः ॥

ज्येष्ठेमासेऽमलेपक्षे पौर्णिमाभृगुवासरे +
ग्रहनेत्राङ्कभूवर्षे हयमन्त्राःसमागमन्
अतः परं दशभिरध्यायैः खिल्यान्युच्यन्ते

विक्रमाब्दाः १९२९ शकाब्दाः १७९४ आश्विनशुक्ला १ भृगुवार शुभं भवतु॥

+ विदित हो कि संवत् १९२८ अधिक भाद्रपद शुक्ला १२ रविवार से ही मैंने थोडा-थोडा अश्वमेध के भाष्य लिखने का आरम्भ किया इसहेतु अग्नि के समीप ही यह भी समाप्त हुआ॥

हरिः ओम्

अथ संक्षेपत अश्वमेधमन्त्राणां सूचीपत्रम्

हरिः ओम्

ॐ नमो यज्ञपुरुषाय

(अथ खिल्यानि विवस्वद्दृष्टानि)

पञ्चात्मकं द्विरूपं च साधनैर्बहुरूपकम्
स्वानंददायकं कृष्णं ब्रह्मरूपं परं स्तुमः॥

अ०१ अग्निश्च पृथिवी च संनते ते मे संनमतामदो वायुश्चा
न्तरिक्षं च संनते ते मे संनमतामद आदित्यश्च द्यौ
श्च संनते ते मे संनमतामद आपश्च वरुणश्च संनते ते मे
संनमतामदः। सप्त संसदो अष्टमी भूतसाधनी। सकामाँ२॥
अध्वनस्कुरु संज्ञानमस्तु मेऽमुना॥१॥

आचार्यं याज्ञवल्क्यं तथा माध्यन्दिनं मुनिम्
शुक्ले वेदे दशाध्याया उच्यन्ते खिलसंज्ञकाः॥

इषे त्वेत्यारभ्य दर्शपौर्णमासपितृयज्ञाग्निहोत्रोपस्थानपशुचातुर्मास्या
ग्निष्टोमवाजपेयराजसूयाग्निसौत्रामण्यश्वमेधसम्बन्धा मन्त्राः व्याख्याताः।
इदानीं खिल्यान्युच्यन्ते क्वचिद्विनियोगानुक्तेः। तेषां विवस्वानृषिरन्यस्यानुक्तेः
आदित्यानीमानि यजूंषि व्याख्यायन्त इति श्रुतेः बृहदारण्य०५।५।३३। याज्ञ
वल्क्येन वा याज्ञवल्क्येन व्याख्यायन्त इति श्रुतेः॥

ओंनमो याज्ञवल्काय

गिरिप्रसादसंज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीपके

अनुक्तमन्त्रकथनः षड्विंशोऽध्याय ईर्यते २६

अग्निश्च। सप्तलिङ्गोक्तानि यजूꣳषि। अग्निश्च १॰ वायुश्च २॰ आपश्च ४॰ आर्चीं गा॰ आदित्यश्च ३॰ सप्तसंसदः ५॰ यथेमाम् ७॰ यजूंषि सकामाम् ६॰ प्रा-अ॰॥ अग्नि और पृथिवी संनते (आनुकूल्येन प्रवृत्ति भोग के अर्थ संगत हैं अतः कहिता हूं कि ते अग्नि पृथिव्यो मे (मेरे) अदः (अमुक देवदत्त को) संनमताम् (संनमयताम् वशवर्ति करे॥१॥ एवमुत्तरेष्वपि मन्त्रेषु योज्यम्। वायु और अन्तरिक्ष संनते॰॥२॥ आदित्य और द्यौ संन॰॥३॥ आप (जल) और बरुण संन॰॥४॥ परमात्मानं प्रत्युच्यते हे स्वामिन् जो कि तेरे सप्त संसदः (सात अधिष्ठान अग्नि १ वायु २ अन्तरिक्ष ३ आदित्य ४ द्यौ ५ जल ६ वरुण ७) हैं तहां अष्टमी भूतसाधनी (पृथ्वी भूतों को उत्पादन करती +) है अतः सर्वाधिष्ठान भूत तू अध्वनः (मार्गों को सकाम करि अर्थात् जिन मार्गों में मैं चलूं तहां मुझे काम प्राप्ति हो। किंच देवदत्त करि मेरा संगत ज्ञान (मेरी इष्ट से प्रीति) हो। विज्ञानात्मा वोच्यते जिस तेरे सप्त संसदः (पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि मन और बुद्धि सप्तायतन) हैं अष्टमी भूतसाधनी (भूतों को बशी करने वाली वाणी) है सो तू हमारे अध्वनः सकाम करि अमुक सहित मेरा संगत ज्ञान हो॥५॥६॥१॥

+भूमि बिना भूतोत्पत्ति असंभव

यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः ब्रह्मराजन्याभ्याꣳ शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय च। प्रियो देवानां

दक्षिणायै दातुरिह भूयासमयं मे कामः समृध्यतामुप मादो नमतु ॥२॥ +प-च।अ०।त्रि-तु।इ०॥२॥

यह कल्याणी अनुद्वेगकरी वाचा को मैं यथा यतः सर्वतः कहता हूं (दीयताम् भुज्यताम् इति सर्वेभ्यो वच्मि। केभ्यस्तदाह ब्राह्मणों के अर्थ राजन्यों वैश्यों शूद्रों स्व (अपनों) अर्णों (परायों, शत्रुओं वा वाक्सम्बन्धरहित शत्रुओं) के अर्थ॥ प्रियो देवानाम् मध्ये ऽवसानरहितानुष्टुप् लोगाक्षिदृष्टा। यथेति पूर्वोक्तेरत्र तथाशब्दोऽध्याहार्यः ऽयतः मैं ब्राह्मणादिकों के अर्थ कल्याणी वाणी कहता हूं तथा (ततः) देवताओं का प्यारा होंउं और इस संसार में दक्षिणा के दाता का प्यारा होंउं अर्थात् देवाः दक्षिणा और दातार मेरे विषें प्रीति करें। किं च मेरा अयं, यह काम (अयमिति नामनिर्देशः धनपुत्रदिलाभकामः) सफल हो। किंच यह (देवदत्त) मुझे प्रीणयतु (तृप्त करै॥२॥

बृहस्पते ऽअति यदर्यो ऽअर्हाद्द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऽऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्। उपयामगृहीतोऽसि बृहस्पतये त्वैष ते योनिर्बृहस्पतये त्वा ॥३॥+ र-मृ।अ०।उ-त्वा।इ०।ए-त्वा।उ०॥३॥

ब्रह्मदेवत्या त्रिष्टुप् गृत्समददृष्टा बृहस्पतिसवे बार्हस्पत्यग्रहणेऽस्याः सोपयामाया विनियोगः॥ हे ऋतप्रजात (सत्य वा ब्रह्म) के सकाशसे जन्म जिसका) हे बृहस्पते (बृहत् वेदों के पालक) नानाविध वोह धन हम यजमानों में स्थापन करि। वोह कौन कि जिस धन को स्वामी पूजा करै (अर्थात् ईश्वरयोग्य धन दे। जो धन को लोकों में विविध शोभै। कैसा

धन कि द्युमत् (कान्तिमान्) क्रतुमत् (जिस से यज्ञ किये जावें) अर्थात् नाना धन दे। जो धन बल करि दिलाता वा शान्ति कराता अर्थात् अनान्ता बोह धन दे॥ उपयामेति सा॰-उ॰॥ उपयाम पात्र करि गृहीत है बृहस्पति के अर्थ तुझे ग्रहण करता हूं॥ एष ते या॰-त्रि॰॥ यह तेरा स्थान बृहस्पति के अर्थ तुझे सादन करता हूं॥ ३॥

इन्द्र॒ गोम॑न्नि॒हा या॑हि॒ पिबा॒ सोम॑ꣳ शतक्रतो वि॒द्यद्भि॒र्ग्राव॑भिः सु॒तम्। उ॒प॒या॒म गृ॑ही॒तो॒ऽसीन्द्रा॑य त्वा॒ गोम॑त॒ ए॒ष ते॒ योनि॒रिन्द्रा॑य त्वा॒ गोम॑ते॥ ४॥ +

हे शतक्रतो (शत कर्म जिस के) हे इन्द्र हे गोमान् (गावः-धेनवः-स्तुतयः-किरणा वा विद्यते यस्य स) तू इस यज्ञ में आ और सोम को पान करि। कैसा सोम कि ग्रावों (पाषाणों) से अभिषुत कैसे पाषाणों कि विद्यत् (विशेषेण खण्डनं करते-पीसते हैं तिन्हों करि॥ उप॰ ४. ५. सा॰-उ॰। गोमान् इन्द्र॰। सादयति एष॰ ४. ५. या॰-ज॰॥ ४॥

इन्द्रा या॑हि वृत्रहन्पिबा॒ सोम॑ꣳ शतक्रतो। गोम॑द्भि॒र्ग्राव॑भिः सु॒तम्। उ॒प॒या॒मगृ॑ही॒तो॒ऽसीन्द्रा॑य त्वा॒ गोम॑त ए॒ष ते॒ योनि॒रिन्द्रा॑य त्वा॒ गोम॑ते॥ ५॥

हे वृत्रहन् (वृत्र-दैत्य के मारनेवाले) हे शतक्रतो हे इन्द्र तू आ और सोम को पी कैसे सोम कि ग्रावों करि सुत कैसे ग्रावों कि स्तुति है जिन्हों की॥ उप॰ एष॰ व्याख्याते॥ ५॥

ऋ॒तावा॑नं वैश्वान॒रमृ॒तस्य॒ ज्योति॑ष॒स्पति॑म्। अज॑स्रं घ॒र्मभी॑महे। उ॒प॒या॒मगृ॑ही॒तो॒ऽसि वैश्वान॒राय॑ त्वै॒ष ते॒ यो॒-

+ इ॰-मू॰। अ॰। उ॰-ते। इ॰। ए॰-ते। ज॰॥ ४॥ + इ॰-मू॰। अ॰। उ॰-ते। इ॰। ए॰-ते। ज॰॥ ५॥

नि वैश्वानराय त्वा ॥६॥ + ऋ-हे।अ०।उ-त्वा।इ०।ए-त्वा।उआई

निस्रो वैश्वानरीयाः पुरोऽनुवाक्याः। आद्या गायत्री प्राद्युरक्षिहं ष्टा। हम वैश्वानर को याचना करते हैं यज्ञ समाप्ति को इति शेषः। कैसे वैश्वानर कि ऋतावान(सत्य यज्ञ वा जलवान)को सत्य (अविनाशि) ज्योति के पति अर्थात् तेजोऽधिष्ठान को। अजस्र (अनुपक्षीण)को। घर्म (जलक्षरते वा दीप्त)को ॥ उप॰ ६.७.८.सा-उ॰ वैश्वानर के अर्थ तुझे ग्रहण करता हूं ॥ एष॰ ६.७.८.या-त्रि॰ सादन करता हूं ॥६॥

वैश्वानरस्य सुमतौ स्याम राजा हि कं भुवनानामभिश्रीः। इतो जातो विश्वमिदं विचष्टे वैश्वानरो यतते सूर्येण। उपयामगृहीतोऽसि वैश्वानराय त्वैष ते योनिर्वैश्वानराय त्वा ॥७॥ + + वै-ए।अ०।उ-त्वा।इ०।ए-त्वा।उ०॥७॥

त्रिष्टुप्कुत्सदृष्टा। वैश्वानर की शोभन बुद्धि में हम होवें। कं-निपातः पादपूरणः। हि-जिस हेतु से वैश्वानर इतः अरणि से उत्पन्न हो इस सब कर्मानुरूप को देखता और सूर्यसम तेजा है। कैसा अग्निः कि राजता भूतजातों का आश्रयणीय। उप॰ एष॰ व्याख्याते ॥७॥

वैश्वानरो न ऊतय आ प्रयातु परावतः। अग्निरुक्थेन वाहसा। उपयामगृहीतोऽसि वैश्वानराय त्वैष ते योनिर्वैश्वानराय त्वा ॥८॥+ +वै-सा।अ०।उ-त्वा।इ०।ए-त्वा।उआई

गायत्री। हमारी रक्षा के अर्थ दूर देश से वैश्वानर अग्नि आवे किस वाहन करिकि उक्थ (स्तोम +) करिके ॥ उप॰ एष॰ व्याख्याते ॥८॥

+ सोमा इन्द्र नाम और कृष्णाजी सोमस्य वाहनस्तुत्सम

अग्निर्ऋषिः पवमानः पाञ्चजन्यः पुरोहितः। तमीमहे
महागयम्। उपयामगृहीतोऽस्यग्नये त्वा वर्चस एषते
योनिरग्नये त्वा वर्चसे ॥९॥ +

अग्निदेवत्या गायत्री वसिष्ठभरद्वाजदृष्टा पुरोरुक्। महान्गयः(म
हास्तुति जिस की वा महागृहरूप) तिस अग्नि को हम याचना करते
हैं। तिस किसे कि जो अग्नि ऋषि(मन्त्रदृष्टा। पवमान(इधरउधरच
लता वा शोधता) है। पाञ्चजन्यः(पञ्चजनों के अर्थ हित। पुरोहित(अ
ग्र में स्थापित) हैं॥ उप॰ सा-उ॰। तेजरूप अग्नि के अर्थ तुझे ग्रह॰॥
एष॰ या-ज॰॥९॥

महाँ२॥ऽइन्द्रो वज्रहस्तः षोडशी शर्म यच्छतु। हन्तु पा
प्मानं योऽस्मान्द्वेष्टि। उपयाम गृहीतोऽसि महेन्द्राय
त्वैष ते योनिर्महेन्द्राय त्वा ॥१०॥ +

महेन्द्रदेवत्या गायत्री वसिष्ठकृता। पुरोरुक्। इन्द्र शर्म(सुख) देवै।
और जो हमें दुःख दे तिस पापिष्ठ को मारे यद्वा हमारे द्वेष्टार और
पाप्मान(पाप- ब्रह्महत्यादिक) को नाश करे। कैसा इन्द्र कि महान्(श्रे
ष्ठ। वज्र है हाथ में जिस के वोह। षोडशी-पञ्चप्राणा दशेन्द्रियाणिम
नश्चेति षोडशपदार्था लिङ्गशरीररूपा जिस के वोह आत्मरूपइत्यर्थः॥
उप॰ आसु-अ॰। एष॰या-पं॰ द्वे उक्ते॥१०॥

तं वो दस्ममृतीषहं वसोर्मन्दानमन्धसः। अभि व
त्सं न स्वसरेषु धेनव इन्द्रं गीर्भिर्नवामहे ॥११॥

इन्द्रदेवत्या पथ्या बृहती नोधागोतमदृष्टा। स्वाध्यायादिषु नियुक्ता

+ अ-मृ। अ॰। उ-से। इ॰ए-से। उ॰॥९॥ + म-ष्टि। अ॰। उ-त्वा। इ॰ए-त्वा। उ॰॥१०॥

हे यजमानओ तिस इन्द्र को हम स्तुति लक्षण वाणियों करि स्तुति करते हैं। कैसे इन्द्र को कि तुम्हारे दर्शनीय। ऋतिषह(अभिभवता शत्रुओंको) तिसे। स्थिति हेतुभूत अन्नकरि मोदमान को। दृष्टान्तमाह वत्सं नस्वसरेषु(दिनों में जैसे नवप्रसूता गौएँ बछडे को बुलाती हैं। तद्वत् हमइन्द्र को स्तुति करते हैं॥११॥

यद्वाहिष्ठं तदग्नये बृहदर्च विभावसो। महिषीव त्वद्र्यिस्त्व द्वाजा उदीरते॥१२॥

अग्नि देवत्यानुष्टुबसूयुदृष्टा। हे उद्गातः अग्नि के अर्थ तिस बृहत्साम का गान करि। वोह क्या कि जो प्राप्त कराता है अतिशयेन इष्ट को। किंच सामगान से प्रत्यक्ष अग्नि को कहि क्या कि हे विभाव(कान्तिही है धन जिस का वोह) हे अग्ने धन और अन्न तेरे सकाशसे ऊंचे चलते हैं। तत्र दृष्टान्तः महिषीव-जैसे प्रथमपरिणीता स्त्री घर से भोग के अर्थ ऊंची चलती है। एकं त्वत्पदं पादपूरणम् वा धन तुम से ऊँचा चलता है॥१२॥

एह्यू षु ब्रवाणि तेऽग्न इत्थेतरा गिरः। एभिर्वर्धास इन्दुभिः॥१३॥

अग्नि देवत्या गायत्री भरद्वाजदृष्टा। हे अग्ने तू आ। इस प्रकार करि(+) इतराः (अन्याः) स्तुति लक्षण वाणिएँ सुतरा कहें। किंच इन सोम विन्दुओं से बढि॥१३॥

ऋतवस्ते यज्ञं वितन्वन्तु मासा रक्षन्तु ते हविः। संवत्सरस्ते यज्ञं दधातु नः प्रजां च परिपातु नः॥१४॥

अग्नि देवत्या बृहती। हे अग्ने ऋतुलक्षणाः कालविशेषाः तेरे यज्ञ

को विस्तारें। चैत्रादि मासाधिष्ठातारो देवाः तेरे हवि(पुरोडाश)को रक्षा करें। संवत्सराधिष्ठाता देवता तेरे अर्थ हमारे यज्ञको पुष्ट करें और हमारी पुत्रादि प्रजा को संवत्सर ही रक्षा करें॥१४॥

उपह्वरे गिरीणाꣳ संगमे च नदीनाम्। धिया विप्रो ऽअजायत॥१५॥

सोम देवत्या गायत्री वत्सदृष्टा। वनों के निकट और नदीयों के संगममें मेधावी सोम उत्पन्न हुआ किस बुद्धि करि कि विप्रादिक मुरू करि यज्ञ करेंगे यह विचारि के इत्यर्थः॥१५॥

अ॰२ उच्चा ते जातमन्धसो दिवि सद्भूम्याददे। उग्रꣳ शर्म महि श्रवः॥१६॥

सोमदेवत्यास्तिस्रो गायत्र्य आमहीयवदृष्टाः। हे सोमतेरे अन्न (रसरूप) से उत्पन्न होम से हुए अपूर्व ऊंचे गये स्वर्ग में विद्यमान को भूमि ग्रहण करती है। किं तत् द्युलोकस्थं भूमिर्गृह्णाति तदाह। उत्कृष्ट सुख (गृहपुत्रादिजन्य) को वडे श्रवः(कीर्ति वा धन) को॥ अनेन मन्त्रेण पञ्चाहुति परिणाम उक्तः। स यथा। होम किई हुई आहुति प्रथम दिवि में जाती है ततः अन्तरिक्षमें जल रूप करि फिरि भूमि में अन्न रूप से ततः नर में रेत रूप से फिरि योनि में नररूप करि आके नर को धन यश से सुखी करती है इति भावः॥१६॥

स न इन्द्राय यज्यवे वरुणाय मरुद्भ्यः। वरिवोवित्परिस्रव॥१७॥

हे सोम तू हमारा परिस्रव क्षर(रस रूप)होके आहुतित्व को प्राप्त हुआ

इन्द्राय॰। किमर्थम्। कि इन्द्र वरुण और मरुतों के अर्थ अर्थात् इन्द्रादिकों की तृप्ति के अर्थ परिस्रव। कैसे इन्द्र कि पूजने योग्य के अर्थ। यज्यवे (यज्यवे इदं त्रयाणां विशेषणम्। यज्युभ्य इति (पूजा योग्यें) मरुतों के अर्थ। कैसा है तू कि वरिवोवित् धनका ज्ञाता वा प्रापक ॥१७॥

एना विश्वान्यर्य आ द्युम्नानि मानुषाणाम्। सिषासन्तो वनामहे ॥१८॥

ईश्वर सोम इन सब मनुष्यों के द्युम्नों (धनों वा यशों) को लावै इति शेषः अर्थात् हमारे अर्थ देवै तिन सोमदत्त द्युम्नों को हम सम्भजें। कैसे हैं हम कि सिषासन्तः (दान को करते) धनभाज हों इत्यर्थः ॥१८॥

अनु वीरैरनु पुष्यास्म गोभिरन्वश्वैरनु सर्वेण पुष्टैः। अनु द्विपदानु चतुष्पदा वयं देवा नो यज्ञमृतुथा नयन्तु ॥१९॥

यज्ञपुरुषमुद्गलदृष्टा त्रिष्टुप् आशीरियं देव देवत्या। हम वीरों (पुत्रों) करि पुष्ट होंवेंगे धेनुओं से पुष्ट होंवेंगे अश्वों से पु॰ और और कामनाओं गृहादि कों से पु॰। द्विपदों (दासादि मनुष्यों) और चतुष्पदों (गजादि कों) से पुष्ट हों। किंच ऋतु-ऋतु में देव हमारे यज्ञ को प्राप्त हों ॥१९॥

अग्ने पत्नीरिहावह देवानामुशतीरुप। त्वष्टारं सोमपीतये ॥२०॥

अग्नि देवत्या गायत्री मेधातिथि दृष्टा। इतः पञ्च ऋचोऽग्निष्टोमे नेष्टुर्याज्याः आद्या प्रातःसवने नेष्टृचमसयागे याज्या। हे अग्ने देवताओं की पत्निएँ इस यज्ञ में तू ला कैसी पत्निएँ कि कामयमानाः। किं-

च सोम पान के अर्थ त्वष्टा देवता को प्राप्त कर ॥२०॥

अभि यज्ञं गृणीहि नो ग्नावो नेष्टः पिबऽऋतुना। त्वꣳ हि रत्नधा असि ॥२१॥

हे ऋतुदेवते गायत्र्यो मेधातिथिदृष्टे ऋतुयागे नेष्टुर्याज्ये। हे ग्नावः (पत्नीवन्) हे नेष्टः हमारे यज्ञ को स्तुति करि। किंच ऋतु देवता सहित पान करि सोम को इतिशेषः। क्यों कि तू रत्नों (रमणीयधनों) का दाता है ॥२१॥

द्रविणोदाः पिपीषति जुहोत प्र च तिष्ठत। नेष्ट्रादृतुभिरिष्यत ॥२२॥

द्रविणोदाः (धनदाता अग्नि) पीने चाहता है सोम को इतिशेषः। अतः हे ऋत्विजः तुम होमों और कर्म मे उद्युक्त होओ। किं च नेष्टा के धिष्ण्य से देवों सहित सोम प्रति जाओ ॥२२॥

नवायꣳसोमस्त्वमेह्यर्वाङ् शꣳश्वत्तमꣳ सुमना अस्य पाहि। अस्मिन्यज्ञे बर्हिष्या निषद्या दधिष्वेमं जठरऽइन्दुमिन्द्र ॥२३॥

इन्द्रदेवत्या त्रिष्टुप् विश्वामित्रदृष्टा। माध्यन्दिने सवने नेष्टृचमसयागे याज्या। हे इन्द्र तेरा यह सोम है अतः अस्मदभिमुखः तू आ सर्व काल इस सोम की (को) रक्षा करि। कैसा है तू कि प्रसन्नचित्त। किंच इस यज्ञ में आस्तृत दर्भों पर बैठि इस सोम को उदर में रखि ॥२३॥

अमेव नः सुहवा आ हि गन्तन नि बर्हिषि सदतना रणिष्टन। अथा मन्दस्व जुजुषाणोऽअन्धसस्त्वष्टर्देवेभिर्जनिभिः सुमद्गणः ॥२४॥

त्वष्टृदेवत्या जगती गृत्समददृष्टा। तृतीयसवने नेष्टृच्चमसयागे याज्या। देवपत्न्यः प्रार्थ्यन्ते। अपने घर में ऐसे हमारे यज्ञ को हे देवपत्नीओ तुम आओ। हि-पादपूरणः। दर्भों पर बैठो। रणिष्टन(परस्पर वार्ता करो। कैसी हो तुम कि शोभन है आह्वान जिन्हों का। एवं देवपत्नीरुक्त्वाथ त्वष्टारमाह हे त्वष्टः तू निरन्तर आई हुई देवपत्निओं विषे तृप्त हो। कैसा है तू कि हविर्लक्षण अन्न को सेवमान और देवपत्नीओं से सुमद्गणः(संतुष्ट हैं देवगण और स्त्रीगण जिसके॥ २४॥

स्वादिष्ठया मदिष्ठया पवस्व सोम धारया। इन्द्राय पातवे सुतः॥ २५॥

सोमदेवत्ये द्वावनिरुक्तौ+गायत्र्यौ मधुछन्दोदृष्टे जपादिषु नियुक्ते। हे सोम धारा करि दशा पवित्र से द्रोण कलश प्रति जा। कैसी धारा कि अत्यन्त स्वादवती। अत्यन्त मदयित्री। क्योंकि इन्द्र के पीने को तू अभिषुत है हम लोगों करि इस हेतु धारा॰ प्रति जा॥ २५॥

रक्षोहा विश्वचर्षणिरभि योनिमयोहते। द्रोणे सधस्थमासदत्॥ २६॥

इति सꣳहितायां द्वितीयोऽनुवाकः २

इति श्री शुक्लयजुषिमाध्यन्दिन शाखीयायां वाजसनेय सꣳहितायां दीर्घपाठे षड्विꣳशोऽध्यायः॥ २६॥

सोम द्रोणकलश लक्षण स्थान को तिष्ठे है। कैसा है सोम कि राक्षसों (दुष्टों) का हन्ता विश्वचर्षणि(सब जगत्)को देखता वा सब मनुष्य ऋत्विग्यजमान लक्षण जिस के कण्डना हरणादि में वोह। तथा कैसा है

वृ्रेण कलश कि लोह करिके हत (उत्कीर्ण) बनायागया। तथा सब सम्भर्तृ्ता धें हैं। सोमजहां॥२६॥

इति भाष्ये द्वितीयोऽनुवाकः२

श्रीवेदार्थप्रदीपेन तमो हार्दं निवारयन्॥

पुमार्थाश्चतरो देयाद्भानुदेवः सनातनः२६

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तरगत माध्यन्दिनीय शाखाध्येतृ व्याघ्रपादान्वयकि श्वामित्रपुराधिपति श्रीमज्जयकिशोरदेववर्म्मात्मज रौक्मिणेय नृपति गिरिप्रसादेन रचिते श्रीवेदार्थप्रदीपे गिरिधरभाष्ये खिलप्रकरणेऽनुक्रमन्त्र कथनः षड्विंशोऽध्यायः॥२६॥

हरिः ओम्

ओं नमो यज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकं द्विरूपंच साधने र्बहुरूपकम्

स्वानंददायकं कृष्णं ब्रह्मरूपं परं स्तुमः २६

समास्त्वाग्निकोऽध्यायः(प्रजापतिदृष्टः)

अ॰१ समास्त्वाग्नऽऋतवो वर्धयन्तु संवत्सरा ऋषयो यानि सत्या। सं दिव्येन दीदिहि रोचनेन विश्वा आभाहि प्रदिशश्चतस्रः १

ओंनमो याज्ञवल्क्याय

गिरिप्रसादसंज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीपके॥॥

सप्तविंशोऽयमध्याय आग्निकोवर्ण्यतेऽधुना२७

अयमध्यायः पञ्चचितिकस्याग्नेः सम्बन्धी प्रजापतिदृष्टः। नव ऋचोऽग्नि-

देवत्या त्रिष्टुभोऽग्निना दृष्टाः इष्टकापशौ समिध्यमानसमिद्धवत्यो रन्तराले आसां विनियोगः। अग्निर्ऋषिः कर्मोङ्गभूतमग्निं स्तौति। हे अग्ने रत्ने तुम्हे बढावें। के कौन। कि समा(समाः= महीनें†) वसन्ताद्या ऋतुएँ संवत्सरः तिस के अधिष्ठातारः। ऋषयः(मन्त्रद्रष्टारः) जे हैं सत्य अर्थात् सत्यरूपा मन्त्राः। और तू इन्हों से वर्धमान दिवि में हुई दीप्ति करि संदीप्त हो। किंच सब प्रदिशाएँ और चारों दिशाएँ दीप्त करि ॥१॥

सं चेध्यस्वाग्ने प्र च बोधयैनमुच्च तिष्ठ महते सौभगाय।
मा च रिषदुपसत्ता तेऽअग्ने ब्रह्माणस्ते यशसः सन्तु मान्ये ॥२॥

हे अग्ने संदीप्त हो और इस यजमान को ज्ञातार्थ करि†। वडे ऐश्वर्य देने को उद्यम करि। किंच हे अग्ने तेरे समीप बैठनेवाला(यजमान) नाश न हो‡। तेरे ब्राह्मणाः(ऋत्विग्यजमानाः) यशस्विनः हों। और और यजन न करने वाले यशस्विनः नहों ॥२॥

त्वामग्ने वृणते ब्राह्मणा इमे शिवोऽअग्ने संवरणे भवा नः।
सपत्नहा नोऽअभिमातिजिच्च स्वे गये जागृह्यप्रयुच्छन् ॥३॥

हे अग्ने ये ऋत्विग्यजमानाः तुम्हे याग के अर्थ भजें हैं अतो हे अग्ने संवरणे(ब्राह्मणों सहित एकस्मिन् वरणे सति)हमारे को शान्त हो। हमारे शत्रुओं का हन्ता हो और हतावशिष्टों का जेता हो। किंच अपने घर में प्रमाद छोडि सावधान हो॥३॥

इहैवाग्नेऽअधिधारया रयिं मा त्वा निक्रन्पूर्वचितो निकारिणः। क्षत्रमग्ने सुयममस्तु तुभ्यमुपसत्ता वर्धतां तेऽअ-

\+ संवत्सरस्य पूर्णगुणैः। समाशब्दो मासवाचकः।

† अग्निश्चेतय इति।

‡ यजमानोधिष्ठाने मुपसीदति।

निष्टृतः ॥४॥

हे अग्ने इहैव- हम यजमानों में तू धन को अधिक दे। किंच पूर्वचितः (प्रथम अग्नि को चित करनेवाले) अत एव निकारिणः (निरन्तर यज्ञ करणशीलाः) तुझे नीचा न करें (मा अवजानन्त्वित्यर्थः। किं च हे अग्ने क्षत्रजाति तेरे सुख करिके वशी करने को समर्थ हो। किंच तेरा उपसदन कर्ता यष्टा अनुपहिंसितः सन् धन पुत्रादि करि बढे ॥४॥

क्षत्रेणाग्ने स्वायुः सꣳरभस्व मित्रेणाग्ने मित्रधेये यतस्व। सजातानां मध्यमस्था एधि राज्ञामग्ने विहव्यो दीदिहीह ॥५॥

हे अग्ने तू क्षत्रियों को यज्ञ कराय। कैसा है तू कि स्वायुः (शोभन है आयु- जीवन जिस का वा शोभन आयु + मनुष्य-यजमान है जिसका वोह। किंच हे अग्ने मित्र (सूर्य) सहित वर्तमान होते मित्रधेये यतस्व- मित्र (यजमान) का धेय (कार्ययागलक्षण) तहां यत्न करि (यजमानकरि यज्ञ कराय। किं च समानजन्मा भी यज्ञकर्ता हों। किं च हे अग्ने इस यज्ञ गृह में दीप्त हो। कैसा है तू कि राजाओं करि यज्ञमें आह्वातव्यः ॥५॥

+ आयुः उकारान्तो मनुष्यवाची

अति निहो ऽअति स्रिधोऽत्यचित्तिमत्यरातिमग्ने। विश्वा ह्यग्ने दुरिता सहस्वाथास्मभ्यꣳ सहवीरार्ꣳ रयिं दाः ॥६॥

हे अग्ने हि (निश्चय) सब पापों को तू निवारि। क्या करि के कि निहः (मारनेवालों को अतिक्रमण करिके। कुत्सिताचारों को अति॰। अन्यमनस्कों को अति॰। अदातारों को अति॰। अर्थात् सब दुष्टों को अतिक्रम्य पाप का नाश करि। किंच निरन्तर हे अग्ने हमारे अर्थ

पुत्रों सहित धन दे॥६॥

अनाधृष्यो जातवेदा अनिष्टृतो विराडग्ने क्षत्रभृद्दीदिहीह। विश्वा आशाः प्रमुञ्चन्मानुषीर्भियः शिवेभिरद्य परिपाहि नो वृधे॥७॥

हे अग्ने इस कर्मविषें वर्तमान तू सब दिशाएँ प्रकाशि। कैसा है तू कि अनाधृष्यः(पराभवितुं अशक्यः)जातवेदाः(जातहै धन वा ज्ञान जिस से)अनिष्टृतः(नहीं है हिंसित किसी से। विविध राजमान क्षत्र को पुष्ट करता। किं च मानुषी भियः(जन्मजरामृति दैन्य शोकादिकाः) कोनिवर्तयन्सन् शान्तों से हमें रक्षा करि॥७॥

बृहस्पते सवितर्बोधयैनꣳ सꣳशितं चित्संतरांꣳसꣳशिशाधि। वर्धयैनं महते सौभगाय विश्व एनमनुमदन्तु देवाः॥८॥

हे बृहस्पते हे सवितः इस यजमान को कर्माभिज्ञ करि किं च चित् चिदप्यर्थे संशितं चित् शिक्षित को भी संतरम्(अतितरां)शंशिशाधी शिक्षाकरि। किं च वडे ऐश्वर्य के अर्थ इसे वढा। विश्वे देवा इस यजमान को अनुमदन्तु(तृप्ता हृष्टा वा भवन्तु) हों बृहस्पति सवितृशब्दाभ्यां सामिधेन्यङ्गभूतोऽग्निरेवोच्यते वाक्यद्वयं वा एकेन बृहस्पतिरुक्तोऽन्येन सविता॥८॥

अमुत्रभूयादध यद्यमस्य बृहस्पतेऽअभिशस्तेरमुञ्चः। प्रत्यौहतामश्विना मृत्युमस्माद्देवानामग्ने भिषजा शचीभिः॥९॥

हे बृहस्पते तू अमुत्रभूयात् (परलोक गमन मरण से छुटा अर्थात मरण से रक्षाकरि। अथ (अथ) यम का भय (परलोकभय नरकपातादि तिस) सेभी बचा। किंच अभिशाप (लोकापवाद) से भी छुटा। देवताओं के वैद्य अश्विनी कुमारो इस यजमान से मृत्यु को निवर्त करो किन्हों करिके कि शचीओं कर्मों करिके अत्र बृहस्पति रग्नेरेव सामिधेनी प्रकरणस्याग्नेयत्वात् ॥९॥

उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम्। देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम् ॥१०॥

व्याख्याता २०·२१· ॥१०॥

अ॰ २ ऊर्ध्वा अस्य समिधो भवन्त्यूर्ध्वा शुक्रा शोचींष्यग्नेः। द्युमत्तमा सुप्रतीकस्य सूनोः ॥११॥

द्वादशर्ची देवत्या उष्णिहो विषमपादा आग्नेय्योऽग्निना दृष्टाः। अग्निः प्रजापतित्वेन स्तूयते तेन प्राजापत्या अपि। ता आग्नेय्यः प्राजापत्या यदग्निरपश्यत्तेनाग्नेय्यो यत्प्रजापतिमप्रीणात्तेन प्राजापत्या इति श्रुतेः। इस अग्नि की समिधाएं ऊर्ध्वा (देवगामिन्यः) होती हैं और तेजांसि ऊर्ध्वा होते हैं। कैसे तेज कि शुद्ध। द्युमत्तमा (विश्वप्रकाशक। कैसे अग्नि के कि सुष्ठु मुख जिसका। तथा यजमान पुत्र की + जो ऐसा तिसे स्तुति करते हैं इति शेषः ॥ ११॥

+ पवेन जनयति तेनासौ पुत्र इति श्रुतेः।

तनूनपादसुरो विश्ववेदा देवो देवेषु देवः। पथो अनक्तु मध्वा घृतेन ॥१२॥

देवोऽग्निर्मधुरघृत करि यज्ञ मार्गों को छिडके भावयह है कि यज्ञमेंघृ

न बहुत होकि जिसकरि मार्गघृताभ्यक्त हों। कैसा देव कि तनूनपात
जल का पौत्र। असुरः(प्राणवान्। विश्ववेदाः(सर्वधनः। देवों में भी
दीप्तिमान् श्रेष्ठ॥१२॥

मध्वा यज्ञं नक्षसे प्रीणानो नराशंसो अग्ने। सुकृद्दे
वः सविता विश्ववारः॥१३॥

हे अग्ने तू मधु स्वादघृत करि यज्ञ को व्याप्त है। कैसा है तू कि देव
ताओं को तृप्त करता। नराशंस(ऋत्विजों करि आशंस-स्तुत। शोभ
नकारी। दीप्तिमान्। विश्वोत्पादक। विश्ववार(सर्वों करि सेवितवास
व को अङ्गी करता॥१३॥

अच्छायमेति शवसा घृतेनेडानो वह्निर्नमसा। अग्नि
ꣳ स्रुचो अध्वरेषु प्रयत्सु॥१४॥

यह अधर्यु अध्वरों में वर्तमान अग्नि को प्राप्त करता है। कैसा कि ज्ञा
न बल करिके स्तुतः। तथा वह्निः(वहता है यज्ञभार को यज्ञनिर्वाह
कः। क्या करिके कि घृत हविर्लक्षण अन्नसे उपलक्षिताः जुह्वाद्याः ग्रहण
करि इतिशेषः॥१४॥

स यक्षदस्य महिमानमग्नेः स ईं मन्द्रा सुप्रयसः।
वसुश्चेतिष्ठो वसुधातमश्च॥१५॥

वोह अधर्यु इस अग्नि के महिमान को यजे और मदजनक हवियें
देवे। कैसे अग्नि के कि सुप्रयसः(शोभन हैं अन्न जिस के। कैसे अ
ग्नि के महिमान को यजे कि जो वसुः वासयिता अतिचेतयिता धनों
का दातृतमः॥१५॥

द्वारो देवीरन्वस्य विश्वे व्रता ददन्ते ऽअग्नेः। उरु-
व्यचसो धाम्ना पत्यमानाः॥१६॥

द्वारो देव्यः इस अग्नि के व्रत (कर्म) धारण करती हैं। पीछे सब दे-
वता अग्नि के॰। कैसी हैं द्वार कि विशालान्तरा। तथा स्थानों से ऐश्व-
र्य कराती अर्थात् ऋत्विजों को स्थान देतीं ताः स्तुमः॥१६॥

ते ऽअस्य योषणे दिव्ये नयोना ऽउषासानक्ता। इमं य-
ज्ञमवतामध्वरंनः॥१७॥

अहोरात्रि देव्यौ हमारे इस यज्ञ को रक्षा करें। कैसी हैं ते कि अग्नि
की भार्याएँ। तथा स्वर्गस्थे। कैसे अग्नि की योनि में कि गार्हत्य स्था-
न में स्थित के इति शेषः- नकारः पादपूरणः। कैसे यज्ञ को कि
अध्वर (अकुटिल) को॥१७॥

दैव्या होतारा ऽऊर्ध्वमध्वरं नो ऽग्ने र्जिह्वामभिगृणीत-
म्। कृणुतं नः स्विष्टिम्॥१८॥

हे दैव्या होतारौ (अग्निवायू) तुम हमारा शोभन यजन करो। किंच ह-
मारे यज्ञ को ऊँचा (देवमार्गगामी) करो। अग्नि की ज्वाला को वर्णन क-
रो अर्थात् समीची वन्हिज्वाला है यह स्तुति करो॥१८॥

तिस्रो देवीर्बर्हिरेदꣳ सदन्त्विडा सरस्वती भारती। म-
ही गृणाना॥१९॥

तीनों देवि इस बर्हि पर बैठें। कौन तीनों कि इडा (पृथिवीस्थाना) सर-
स्वती (मध्यस्थाना) भारती (द्युस्थाना)। मही (महती) गृणाना (स्तुवन्ति इ-
ति विशेषणद्वयं तिसृणाम्॥१९॥

तन्नस्तुरीपमद्भुतं पुरुक्षु त्वष्टा सुवीर्यम्। रायस्पोषं विष्यतु नाभिमस्मे॥२०॥

त्वष्टा देव तिस (प्रसिद्ध) धन की पुष्टि को हमारी नाभि प्रति छोडे नाभि पर छोडा उत्सङ्ग में गिरता है इति भावः। कैसे धन की पुष्टि को कि हमें शीघ्र प्रापक। अद्भुत (महान्। पुरुक्षु (बहुतों में निवास करता। साधु वीर्य। अर्थात् ऐसे धन को दे॥२०॥

वनस्पतेऽवसृजा रराणस्त्मना देवेषु। अग्निर्हव्यꣳ शमिता सूदयाति॥२१॥

अग्निः शमिता हव्य को संस्करता है यतः अतो हे वनस्पते तिस संस्कृत हव्य को अवसृज (स्रुङ्मुख से अर्वाचीन डालि। कैसा है तू कि आत्मा करि देवों में हवि देता॥२१॥

अग्ने स्वाहा कृणुहि जातवेद इन्द्राय हव्यम्। विश्वे देवा हविरिदं जुषन्ताम्॥२२॥

हे अग्ने हे जात प्रज्ञान हवि को इन्द्र के अर्थ स्वाहाकार करि के दे। किं च विश्वे देवा इस हवि को सेवन करें॥२२॥

अ० ३ पीवोऽअन्ना रयिवृधः सुमेधाः श्वेतः सिषक्ति नियुतामभिश्रीः। ते वायवे समनसो वितस्थुर्विश्वेन्नरः स्वपत्यानि चक्रुः॥२३॥

अथैतं वायवे नियुत्वते शुक्लं तूपरमालभते इति हुतस्य पशोः पीवोऽअन्ना रयिवृध इत्याद्याः षट् याज्यानुवाक्याः। हे वायुर्देवताः त्रिष्टुभो वसिष्ठदृष्टे। शुक्लो हि वायुरिति श्रुतेः। श्वेतो वायुः जिन नियुत्वों (अश्वों) को

सेवन करता है ते नियुतः समानमनस्काहो वायु के अर्थ विशेषेणनि-
ष्ठ हैं। कैसे अश्वों कि पुष्ट है अन्न जिन्हों का तिन्हें। तथा धन को बढाते।
कैसा श्वेत कि शोभन बुद्धि जिस की। अश्वों का आश्रयणीय। एवं वायु
करि किये अध्वयोग में नरः (ऋत्विजः) सर्वाण्येव शोभनापत्यप्राप-
कानि करता हुआ कर्म इति शेषः॥२३॥

राये नु यं जज्ञतू रोदसीमे राये देवी धिषणा धाति देव-
म्। अध वायुं नियुतः सश्चत स्वा उत श्वेतं वसुधितिं
निरेके॥२४॥

ये रोदसी द्यावापृथिव्यौ जिस वायु को उत्पादन करती हुई नु (क्षिप्र)
किमर्थम् कि धन (उदकरूप) के अर्थ। बुद्धि को देती वाणी देवी देव
(वायु) को धारण करती है धन के अर्थ रोदसी के सद्भाव में भी वा-
यु विना जगद्धारणाशक्त से वायु उत्पादितः। अध उत्पत्त्यनन्तरमेव
उत (निश्चय) निजाश्वा वायु को सेवन करते हैं। कहां कि निरेके (बहु-
जनाकीर्ण स्थान में। कैसे वायु कि श्वेत वर्ण को। तथा धन के धार-
यितार को॥२४॥

आपो ह यद्बृहतीर्विश्वमायन्गर्भं दधाना जनयन्ती-
रग्निम्। ततो देवानाᳬ समवर्ततासुरेकः कस्मै देवाय
हविषा विधेम॥२५॥

द्वे प्रजापतिदेवत्ये त्रिष्टुभौ हिरण्यगर्भप्राजापत्यदृष्टे प्रथमा द्यौभिका। आ-
पो हवाऽइदमग्रेसलिलमेवासेति ११।१।६।१ ब्राह्मणमेतयोः कश्चित्कथानि-
दानभूतं बोध्यम्। ह (प्रसिद्धौ) जब कि जल विश्व को प्राप्त हुए। कैसे

जल कि वकुला:। तथा गर्भ (हिरण्यगर्भलक्षण) को धारण करते अतएव अग्नि (अग्नि रूप हिरण्यगर्भ) उत्पादन करते ततः संवत्सरोषित गर्भ से देवताओं का प्राणरूप आत्मा लिङ्ग शरीर रूप हिरण्यगर्भ उत्पन्न हुआ। प्रजापतिरूप हिरण्यगर्भ के अर्थ हवि देते हैं ॥२५॥

यश्चिदापो महिना पर्यपश्यद्दक्षं दधाना जनयन्तीर्यज्ञम्। यो देवेष्वधि देव एक आसीत्कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥२६॥

चिद्प्यर्थे:- और जो अन्तर्यामी देव महिमा करि पूर्वोक्त जलों को देखता हुआ। कैसी जल कि दक्ष (कुशल) प्रजापति को स्थापन करती। यज्ञ को उत्पन्न करती। अर्थात् सृष्टिकर्त्री। और जो देवताओं के ऊपर एक देव रहा तिस देवता के अर्थ हवि देते हैं ॥२६॥

प्र याभिर्यासि दाश्वाꣳसमच्छा नियुद्भिर्वायविष्टये दुरोणे। नि नो रयिꣳ सुभोजसं युवस्व नि वीरं गव्यमश्व्यं च राधः ॥२७॥

हे वायुदेवत्ये त्रिष्टुभो वसिष्ठदृष्टे। हे वायो तू जिन नियुतों (अश्वाओं) करि के याग के अर्थ यज्ञगृह में वर्तमान हविर्दत्त यजमान को अभिमुख जाता है तिन नियुतों करि आके हमारे अर्थ धन को दे। कैसे धन कि सुष्ठु भोगिये है। किं च पुत्र और गौ अश्व रूप धन को दे ॥२७॥

आ नो नियुद्भिः शतिनीभिरध्वरꣳ सहस्रिणीभिरुपयाहि यज्ञम्। वायोऽअस्मिन्त्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥२८॥

हे वायो अश्वाओं करि हमारे यज्ञ को प्राप्त हो। कैसी अश्वाओं करिकि
शतिनी सहस्रिनी(शत सहस्र संख्या हैं जिन्हों की॰ भाव यह है कि बा-
हु वाहन तर्पण में समर्थी हैं। और आकर इस तीसरे सवन में तृप्त
हो। अथ पादेन ऋत्विज आह॰ हे ऋत्विजः कल्याणें करिके तुम
हमें रक्षा करो॥२८॥

नियुत्वान्वायवागह्ययꣳ शुक्रोऽअयामि ते। गन्तासि सु-
न्वतो गृहम्॥२९॥

षड्चो वायुदेवत्याः वायव्येष्टकापशुपक्षे वपादीनां याज्यानुवाक्या-
त्वेन नियुक्ताः आद्या गायत्री गृत्समददृष्टा। हे वायो यतः सुन्वतः(य-
जमान के)गृह प्रति तू गमन शील है। अतः अश्वावान् हो आ। यह
शुक्रो ग्रहः तुरु प्रति प्राप्त हो। शुक्रादि ग्रहाणां पात्रं त्वमेवेति भावः॥२९॥

वायो शुक्रोऽअयामि ते मध्वोऽअग्रं दिविष्टिषु। आयाहि
सोमपीतये स्पार्हो देव नियुत्वता॥३०॥

अनुष्टुप्पुरुमीढाजमीढदृष्टा। हे वायो शुक्र ग्रह तुझे प्राप्त हो। कैसा शु-
क्र कि दिविष्टिषु(द्यौः प्रार्थना करियें हैं जिन्हों करि॰ यज्ञाः+) मधु(रस)
का अग्र(सारभूत) अर्थात् यज्ञरस में शुक्रग्रह सारभूत है। किंच हे
देववायो अश्वावता रथ करि सोमपान के अर्थ आ कैसा है तू कि य-
जमानादिकों करि स्पृहणीय॥३०॥

वायुरग्रेगा यज्ञप्रीः साकं गन्मनसा यज्ञम्। शिवो नि-
युद्भिः शिवाभिः॥३१॥

हे गायत्र्यो। वायु कल्याणरूपा अश्वाओं करि चित्त सहित सादर

+ ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेतेत्युक्तेः

यज्ञ को चलें कैसा कि आगे चलने वाला। यज्ञश्रीःयज्ञकरि तूं प्रज्ञोता कल्याण कर॥३१॥

वायो ये ते सहस्रिणो रथासस्तेभिरागहि। नियुत्वान्त्सोमपीतये॥३२॥

हे वायो जे तेरे सहस्र संख्याकाः रथाः हैं तिन रथोंकरि सोमपान के अर्थ आगमन करि। कैसा है तू कि अश्वायुक्तः† ॥३२॥

एकया च दशभिश्च स्वभूते द्वाभ्यामिष्टये विंशती च। तिसृभिश्च वहसे त्रिंशता च नियुद्भिर्वायविह ता विमुञ्च॥३३॥

त्रिष्टुप् अनयर्चा पात्राणि मुच्यन्ते। हे स्वभूते निजासमृद्धिर्जगद्रूपा जिस की सो हे वायो एक दश दो वीस तीनि और तीस अश्वाओं करिके जे पात्र वहे हैं ते पात्र इस यज्ञ में विशेषेण छोडि। पञ्च चकाराः समुच्चयार्थाः॥३३॥

तव वायवृतस्पते त्वष्टुर्जामातरद्भुत। अवांस्या वृणीमहे॥३४॥

गायत्री आङ्गिरस्योव्यश्वदृष्टा। हे वायो हे ऋतस्पते (सत्यके पालक) हे त्वष्टुर्जामातः (आदित्य से जल लेकर वायु गर्भता है फिरि वृष्टि होती है इस कारण वायु आदित्य का जामाता। हे अद्भुत (आश्चर्यरूप) तेरे अन्नों की प्रार्थना करते हैं॥३४॥

अ॰ ४॰ अभि त्वा शूर नोनुमोऽदुग्धा इव धेनवः। ईशानमस्य जगतः स्वर्दृशमीशानमिन्द्र तस्थुषः॥३५॥

† नियुतो वाय्वोनियुतः। निघं॰ १।१५

बृहतीसतोबृहतीद्वयं प्रगाथं वसिष्ठदृष्टमिन्द्रदेवत्यम्। रथन्तरं द-
क्षिणे पक्षे इति श्रुतेः। नान्योऽध्वर्योर्गायेदित्यध्वर्यो गानं विहितम्।
अतः साम्नां योनय ऋचः पठ्यन्ते तत्रैन्द्रः प्रगाथो रथन्तरस्य यो-
निः। हे शूर हे इन्द्र हम तुझे आभिमुख्यकरि अत्यन्त स्तुति करते
हैं। तत्र दृष्टान्तः जैसे अदुग्धा गोएँ वत्साओं को स्तुति करती हैं।
कैसे तुझे कि जङ्गम के ईशान स्वदृश (आप देखता है वा आदित्य)
को स्थावर के प्रभु अर्थात् नियन्तार को॥३५॥

न त्वावाँ२॥ऽअन्यो दिव्यो न पार्थिवो न जातो न जनि-
ष्यते। अश्वायन्तो मघवन्निन्द्र वाजिनो गव्यन्तस्त्वा
हवामहे॥३६॥

हे मघवन् (धनवन्) हे इन्द्र दिवि में हुए ओंविषें तेरे सदृश नहीं है
इति शेषः और न हुआ और न होगा। इस हेतु हम तुझे बुलाते हैं
कैसे हैं हम कि अश्वों को कामयमानाः। हविर्युताः। गोकामाः। अ-
र्थात् गोघोडे वे॥३६॥

त्वामिद्धि हवामहे सातौ वाजस्य कारवः। त्वां वृत्रेष्वि-
न्द्र सत्पतिं नरस्त्वां काष्ठास्वर्वतः॥३७॥

ऋग्द्वयमैन्द्रः प्रगाथः शम्युदृष्टः बृहत्साम्नो योनिः अध्वर्योर्गा-
नस्योक्तेः आद्या बृहती द्वितीया सतोबृहती बृहदुत्तरे पक्षे इति
श्रुतेः। हे इन्द्र कारवः (यज्ञों के करनेवाले) नरः (ऋत्विज) हम तुझे
बुलाते हैं। इत् एवार्थे हि निश्चये। किस निमित्त कि अन्न के लाभ
निमित्त शत्रुघातनिमित्त दिग्विजयनिमित्त। कैसे तुझे कि सज्जनों

(श्रुतिस्मृत्युक्त आश्रमों निषिद्धत्यागियों) के पालक को। तथा अश्वप्राप्ति निमित्त। त्वां शुद्धा वृत्तिरदरायी॥३७॥

स त्वं नश्चित्र वज्रहस्त धृष्णुया मह स्तवानो अद्रिवः।
गामश्वꣳ रथ्यमिन्द्र संकिर सत्रा वाजं न जिग्युषे॥३८॥

हे चित्र (आश्चर्यकारिन्) हे वज्रहस्त हे अद्रिवान् हे इन्द्र सो तू हमारें गो और अश्व दे। कैसे अश्व कि रथवहन समर्थ। कैसा है तू कि सामर्थ्य और तेज करि स्तूयमानः। कैसे कि जैसे जिग्युषे (जीतने अश्व वा हस्ती के अर्थ) अन्न देते हें तैसे हमारे अर्थ दे॥३८॥

कया नश्चित्र आभुवदूती सदावृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥३९॥

तिस्रो गायत्र्य इन्द्रदेवत्या वामदेवदृष्टाः वामदेव्यसाम्नो योनिः वामदेव्य मात्मन्निति श्रुतेः अन्त्या पादनिचृत् सप्ताक्षरत्रिपदा। पूर्वर्चः इन्द्रपदमनुषञ्जनीयम्। इन्द्रः किस ऊती (अवन तर्पण वा प्रीणन) करिके हमारा सहाय आभिमुख्येन होताहै। तथा तिस अतिशयवती यागक्रिया करि हमारा सखा होताहै। कैसा इन्द्र कि चित्रः विचित्र वा पूज्य। सदा वर्धमानः॥३९॥

कस्त्वा सत्यो मदानां मꣳहिष्ठो मत्सदन्धसः। दृढा चिदारुजे वसु॥४०॥

हे इन्द्र अन्ध (सोमरूप अन्न) का कः (अंश) मत्त करताहे। कैसा कि मदजनक हवियों के मध्य मंहिष्ठ श्रेष्ठ (अत्यन्त मदजनक वा अत्यन्त प्रकाशता वा बढाना। जिस अंश करि मत्त हो दृढों कनकादि धनोंको

तू चूर्ण करता अर्थात् देने को तोडि-तोडिकर देता है ॥४०॥

अभी षु णः सखीनामविता जरितॄणाम् । शतं भवास्यूतये ॥४१॥

हे इन्द्र तू पालन के अर्थ भले प्रकार शत(बहुत रूप रखता) है। कैसा है तू कि मित्रों स्तुति करने वालों हम ऋत्विजों का पालयिता ॥४१॥

यज्ञा-यज्ञा वोऽअग्नये गिरा-गिरा च दक्षसे । प्र-प्र वयममृतं जातवेदसं प्रियं मित्रं न शंसिषम् ॥४२॥

तृचः प्रगाथः आग्नेय्यः प्रथमा शम्युदृष्टा यज्ञायज्ञियस्य साम्नो योनिः । यज्ञायज्ञियं पुच्छमिति श्रुतेः । द्वे बृहत्यौ तृतीया सतोबृहती । अनेक यज्ञों में अन्या-अन्या स्तुति करि के तुम्हें वा तुम्हारे अर्थ अग्नि को स्तुति करता हूं। कैसे अग्नि कि उत्साहिन वा बलवन्त को। अमरणधर्मे को। जात है ज्ञान वा धन जिस से तिसे प्रीतिजनक को। जैसे कोई मित्र को स्तुति करता है तद्वत् अग्नि को स्तुति करता हूं । अत्र विकरणव्यत्यः ॥४२॥

पाहि नोऽअग्नऽएकया पाह्युत द्वितीयया । पाहि गीर्भिस्तिसृभिरूर्जां पते पाहि चतसृभिर्वसो ॥४३॥

भर्गदृष्टा। हे अग्ने हे अन्नों के पालक हे वसो(वासयित वा वसुमन्) एक गिरा ऋग्लक्षणा करिके स्तुतः सन् हमें रक्षा करि। और दूसरी यजुर्लक्षणा से स्तुतः सन् हमें रक्षा करि । तीनों ऋग्यजुःसामल-

क्षणओं) सेस्तु० चारों (ऋग्यजुः सामनि गद्लक्षणओं) सेस्तुगद्य पद्य काव्यादि रूपा चतुर्थी गीः॥४३॥

ऊर्जो नपात॑ᳪं स हि॒नायम॑स्म॒युर्दाशे॑म ह॒व्यदा॑तये।
भुव॒द्वाजे॑ष्ववि॒ता भुव॑द्वृ॒ध उ॒त त्रा॒ता त॒नूना॑म्॥४४॥

अग्न्युद्दष्टा यजमानोंऽर्युं प्रार्थयते। हे अध्वर्यो जल के पौत्र अग्नि को से तू तर्पण करि। क्यों कि यह अग्नि हमें इच्छा करता है अतः हवियों के दानार्थ संकल्प करते हैं। यतः यह अन्नों में रक्षिता होताहै और शरीरों (भार्या पुत्रादिकों के शरीरों) का रक्षिता होता है। अग्नि अन्न शरीर रक्षितावर्धयिता हमें चाहता है अतः हविर्दान के अर्थ तिसे संकल्प करते हैं॥४४॥

सं॒व॒त्स॒रो॑ऽसि परिवत्स॒रो॑ऽसीदावत्स॒रो॑ऽसीद्वत्स॒रो॑ऽसि व॒त्स॒रो॑ऽसि। उ॒षस॑स्ते कल्पन्तामहोरा॒त्रास्ते॑ कल्पन्तामर्धमा॒सास्ते॑ कल्पन्तां मा॒सास्ते॑ कल्पन्तामृ॒तव॑स्ते कल्पन्ता॒ᳪं सं॒व॒त्स॒रस्ते॑ कल्पताम्। प्रेत्या॒ऽएत्यै॒ सं चाञ्च॒ प्र च॑ सारय। सु॒प॒र्ण॒चिद॑सि॒ तया॑ दे॒वत॑याऽङ्गिर॒स्वद्ध्रु॒वः सी॑द॥४५॥

इति सᳪंहितायां चतुर्थोऽनुवाकः ४

इति श्री शुक्ल यजुषि माध्यन्दिनीयायांवाजसनेयसᳪंहितायां दीर्घपाठे सप्तविᳪंशोऽध्यायः॥२७॥

अग्नि देवत्यं यजुः चित्याग्निमर्शने विनियोगः। पञ्च संवत्सरमयं युगाध्यक्षं प्राजापतिमिति ज्यो० १। १ ज्योतिः शास्त्रोक्तमिहोच्यते। हे अग्नि तू संवत्सर है परिवत्सर है इदावत्सर है इद्वत्सर है वत्सर है

अर्थात् निर्विशेषेण पांच संवत्सरात्मक युग रूपहै +। तिस तेरे उषसः (प्रातः कालादयः कालविशेषाःसंगवमध्यान्हादयः) अहोरात्राः (दिवस निशाः) अर्धमासाः (पक्षाः) मासाः (चैत्रादयः) ऋतवः (वसन्तादयः) कल्पन्ताम्, अवयवत्व करि क्लृप्ताहोंवें। संवत्सरश्च उपलक्षणमेतत् और पांचो संवत्सरादिक भी कल्पन्ताम्। किं च प्रममन के अर्थ समञ्च और प्रसारय, भाव यह है कि संकोच विकास करि। किं च सुपर्णाकारकरि चितत्व से सुपर्णचित् है। तिस देवतया वाचा सहितः सन् अङ्गिरस इव (प्राण इव) ध्रुवः (स्थिर) सीद (तिष्ठ ॥४५॥

+युग संवत्सरपंचकैर्ज्योतिःशास्त्रोक्तैः॥

इति भाष्ये चतुर्थोऽनुवाकः४

श्री वेदार्थ प्रदीपेन तमोहार्दं निवारयन्
पुमार्थांश्चतुरो देयाद्गिरिदेवः सनातनः२७

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गत माध्यन्दिनी शाखाध्येतृव्याघ्रपादान्वयविश्वामित्र पुराधिप श्रीमज्जयकिशोर देववर्म्मात्मज रौक्मिणेयनुगतिगिरिप्रसादेन रचिते श्रीवेदार्थप्रदीपे गिरिधरभाष्ये खिलप्रकरणेऽग्निवर्णनोनाम सप्तविंशोध्यायः॥२७॥

हरिः ओम्

ओंनमोयज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकं द्विरूपंच साधनैर्बहुरूपकम्
स्वानंददायकं कृष्णं ब्रह्मरूपपरं स्तुमः२८

इन्द्रमिडःसौत्रामणिकोऽध्यायः(प्रजापत्यश्विसरस्वत्यदृष्टः)

अ·१· होता यक्षत्समिधेन्द्रमिडस्पदे नाभा पृथिव्या अधि। दि-
वो वर्ष्मन्त्समिध्यत ओजिष्ठश्चर्षणीसहां वेत्वाज्यस्य
होतर्यज ॥१॥

ॐनमोयाज्ञवल्काय
गिरिप्रसादसंज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीपके
वसुनेत्र मितेऽध्याये सौ. त्रशिष्ठः समीर्यते ॥

अथमध्यायः सौत्रामणीसम्बन्धी सौत्रामण्यङ्गभूतयोरैन्द्रवाय्योधस्योः
एधन्तपश्वोः प्रयाजानुयाजप्रैषरूपः ततश्च प्रजापत्यश्विसरस्वत्योःऽध्या-
यस्य ऋषयः। आद्येऽनुवाके एकादशेन्द्रपशोः सम्बन्धिन आप्रीदेवताः
समित्तनूनपादित्यादिदेवताकाः प्रयाजानां प्रैषाः होता यक्षत्समिधेन्द्र
मित्यादयो होता यक्षदिन्द्रमित्यन्ताः क०११। हलायुधमते सर्वाणि यजू
ंषि १–४६· महीधरमते आर्षीत्रि०१·४·६·२१·२२·३५·३६· अतिजगती अ
५·७·९·१२·१५·१७·१८·२४·४०·४२·४३· ब्रा–अ०८·४१·४६· उ० शाक्करी २०·
११·१३·२६·२७·३०–३२·३९·विकृति १६·२३·ज·४६·उ० कृति १९· अतिशा
करी २०·२८·२९·३४·प्रा– ज०२३·अ०·जगती २५·अत्यष्टि ३३·ब्रा–बृ०
३७·३८·४४·४५·ब्रा–गा०४६·अ०+ ॥ अथ मन्त्रार्थः। दैव्यो होता-
समिधा (हविर्भूत समित्काष्ठ करि वा समिधा प्रीदेवता) सहित इन्द्र को
यजे। जो इन्द्र तीनों स्थानों में दीपे है पहिले इडा (पृथिवी) के पद य-
जनीयप्रदेशमें अग्न्यात्मा करि दीपै है। दूसरे पृथिवी (अन्तरिक्ष+) के
नाभि (मध्य) विद्युदात्मा करि अधि (ऊपर में। तीसरे दिव (स्वर्ग) के वर्षि
ष्ठ प्रदेश में आदित्यात्मा करि दीपै है। कैसा कि चर्षणिसहामोजि

+ आर्षीत्रि०७ आर्षीजग०१२ ब्रा–उ०२ ब्रा–अ०४ शाक्करी ५ विकृति १ कृति अतिशाक्क०४
प्रा–ज०१ जगती १ अत्यष्टि १ ब्रा–बृ०४ ब्रा–गा०१ ॥ ४६

+ पृथिवीशब्देनान्तरिक्षम्।

ष्ठ मनुष्यों के अभिभावुकों में अत्यन्त ओजस्वि एवंविधि इन्द्र आज्य को पिये। हे मनुष्य होतः तूभीयजि॥१॥

होता यक्षत्तनूनपातमूतिभिर्जेतारमपराजितम्। इन्द्रं देवᳬस्वर्विदं पथिभिर्मधुमत्तमैर्नराशᳬसेन तेजसा वेत्वाज्यस्य होतर्यज॥२॥

नराशंस देवता सहित तनूनपात और इन्द्र देवता को होता यजे। किन्हों से कि पथियों (जाते हैं स्वर्ग को यजमान जिन्हों से तिन हवियों) करि। कैसीओं कि ऊतियों (तृप्ति करती हैं तिन्हों) तथा मधुमत्तमाओंसे। कैसे इन्द्र कि शत्रुओं के जीतनेवाले किसी से भी न पराभूत स्वर्विद (स्वर्ग को जानते वा अपनों को जानते वा स्वर्ग में विद्यमान को। कैसे नराशंस कि तेजस्वि करि युक्त। एवं दो देवताओं युक्त इन्द्र आज्य पिऐ। शेषं पूर्ववत्। अत्र तनूनपान्नराशंसावेकत्र प्रयाजे पठितावित्युभयवानयं प्रयाजः॥२॥

होता यक्षदिडाभिरिन्द्रमीडितमाजुह्वानममर्त्यम्। देवो देवैः सवीर्यो वज्रहस्तः पुरंदरो वेत्वाज्यस्य होतर्यज॥३॥

होता इडाओं (प्रयाज देवताओं) सहित इन्द्रको यजे। कैसे इन्द्र कि ईडित (ऋत्विजों करि स्तुत) आजुह्वान (यजमानों करि आहूयमान वा देवताओं को आह्वयन्त) अमरण धर्म को। ऐसा इन्द्र देव आज्य पिये कैसा देव कि सवीर्य (समान वीर्य जिस का वोह अर्थात् सब देवताओं में जितना वीर्य वोह अकेले इन्द्र में। वज्रहस्त। पुरंदर (शत्रुओं के नगरों

दाता। उक्तमन्यत्॥३॥

होता यक्षद्बर्हिषीन्द्रं निषद्वरं वृषभं नर्यापसम्। वसुभी रुद्रैरादित्यैः सयुग्भिर्बर्हिरासदद्वेत्वाज्यस्य होतर्यज॥४॥

बर्हि प्रयाज देवतापर स्थित इन्द्र को होता यजे कैसे इन्द्र कि उप वेष्टाओं में श्रेष्ठ वर्षितार नरों (यजमानों) के अर्थ हितकारि। सो इन्द्र वसुओं रुद्रों आदित्यों तीनों सवन देवों सहित बर्हि पर भले प्रकार बैठे और आज्य पिये। कैसे वसु आदिकों कि सयुक् (समान योगों) सहित॥४॥

होता यक्षदोजो न वीर्यं सहो द्वार इन्द्रमवर्धयन्। सुप्रायणा अस्मिन्यज्ञे विश्रयन्तामृतावृधो द्वार इन्द्राय मीढुषे व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज॥५॥

जे द्वारः प्रयाज देवाः इन्द्र में ओज (इन्द्रियबल) वीर्य (शारीरबल) और सह (मनोबल) बढाते हुए तिन द्वारों को होता यजे। और ते द्वार इन्द्र के अर्थ विवृता हों और इस यज्ञ में आज्य पियें। कैसी द्वारः कि सुखेन प्रकृष्ट गमन जिन्हों में। ऋत (यज्ञ) को बढाते। कैसे इन्द्र कि सींचने वाले के अर्थ॥५॥

होता यक्षदुषे इन्द्रस्य धेनू सुदुघे मातरा मही। सवातरौ न तेजसा वत्समिन्द्रमवर्धतां वीतामाज्यस्य होतर्यज॥६॥

होता नक्तोषे + यजे और ते तेजकरि इन्द्र को बढावें और आज्य पियें। तत्र दृष्टान्तः सवातरौ न (समान हैं वाता- बछडे जिन्हों के ते एक शिशु के गौएं वत्स को जैसे बढाती हैं तैसे इन्द्र को बढावें कैसीं

+ उषासानक्ता ।

नक्तोषे कि धेनू (प्रीणयित्र्यौ। दुग्ध को पूरयन्त्यौ। मातृवत्पालिके। महत्यौ॥६॥

होता यक्षद्दैव्या होतारा भिषजा सखाया हविषेन्द्रं भिषज्यतः। कवी देवौ प्रचेतसाविन्द्राय धत्त इन्द्रियं वीतामाज्यस्य होतर्यज॥७॥

दैव्यौ होतारौ (अयंचाग्नि रसौ च मध्यमः) तिन्हे होता यजे और जे हवि करि इन्द्र को चिकित्सतः। इन्द्र के अर्थ वीर्य को धारण करते हें। कैसे कि चिकित्सा कुशलौ अन्योन्यं स्नेहवन्तौ। क्रान्तदर्शनौ। दीप्यमानौ। प्रकृष्ट ज्ञान जिन्होंका तौ॥७॥

होता यक्षत्तिस्रो देवीर्न भेषजं त्रयस्त्रिधातवोऽपस इडा सरस्वती भारती महीः। इन्द्रपत्नीर्हविष्मतीर्व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज॥८॥

भेषजरूपा जे तीनों लोक तिन्हें और इडा सरस्वती भारती तीनों देवीओं को होता यजे और ते आज्य को पियें। कैसे हें तीनों कि अग्नि वायु सूर्य तीनों धर्त्तार हें जिन्हों के। अपस्विनः (कर्मवन्तः) शीतोष्ण वातवर्षादि जिन्हों के कर्म हें। कैसी हें तीनों कि महत्वः इन्द्र की पत्नीएँ (पालयित्र्यः। हविष्मतीएँ॥८॥

होता यक्षत्त्वष्टारमिन्द्रं देवं भिषजꣳ सुयजं घृतश्रियम्। पुरुरूपꣳ सुरेतसं मघोनमिन्द्राय त्वष्टा दधदिन्द्रियाणि वेत्वाज्यस्य होतर्यज॥९॥

होता त्वष्टा प्रयाज देवता को यजै। कैसे त्वष्टा कि इन्द्र (प्रभु) देव (दाता

भिषज (रोगनिवर्तक) माधु यष्टव्य को घृत करि के शोभा है जिसकी तिसे पुरुरूप (बहुत हैं रूप जिस के तिसे। शोभन हैं रेत (वीर्य) जिस का तिसे। मघवन्त धनवन्त) को और सो त्वष्टा इन्द्र के अर्थ वीर्यों को धारण करते सन् आज्य पिये॥९॥

होता यक्षद्वनस्पतिꣳ शमितारꣳ शतक्रतुं धियो जोष्टारमिन्द्रियम्। मध्वा समञ्जन्पथिभिः सुगेभिः स्वदाति यज्ञं मधुना घृतेन वेत्वाज्यस्य होतर्यज॥१०॥

होता वनस्पति प्रयाज देवता को यजे। कैसे वनस्पति कि उलूखलादिरूप करि हवियों के संस्कर्ता। शतक्रतु (बहुकर्मा) बुद्धि के सेवितार इन्द्रिय (आत्मा के हित वा वीर्यरूप) को। वोह वनस्पति मधु स्वादु घृत करि यज्ञ को संमृक्षयन्सन् सुगमन मार्गों से मधु (स्वादु) घृत करि यज्ञ को देवताओं प्रति प्राप्त करै आज्य को पिये॥१०॥

होता यक्षदिन्द्रꣳ स्वाहाज्यस्य स्वाहा मेदसः स्वाहा स्तोकानाꣳ स्वाहा स्वाहाकृतीनाꣳ स्वाहा हव्यसूक्तीनाम्। स्वाहा देवा आज्यपा जुषाणा इन्द्र आज्यस्य व्यन्तु होतर्यज॥११॥

होता इन्द्र को यजे। स्वाहाकार करि आज्य के देवताओं को यजे। स्वाहाका० मेद के देव०। स्वाहाका० स्तोकों (सोमबिन्दुओं) के देव०। स्वाहा० स्वाहाकृतीः प्रयाजदेव०। स्वाहा० हव्यसूक्तीओं (हव्य सम्बन्धि सुवचनों) के देव०। स्वाहाकार करि आज्यपा देवाः प्रीयमाण होते और इन्द्र आज्य को पियें॥११॥

अ० २ देवं बर्हिरिन्द्रं सुदेवं देवैर्वीरवत्स्तीर्णं वेद्यामवर्धयत् । वस्तोर्वृतं प्राक्तोर्भृतं राया बर्हिष्मतोऽत्यगाद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥१२॥

एकादश ऐन्द्रपशोः सम्बन्धिन एवानुयाजप्रैषाः । देवता बर्हिरादयः ॥ मैत्रावरुण कहिता है । बर्हिः संज्ञानुयाज देवता इन्द्र को बढाता है कैसा बर्हिः कि शोभना देवा मरुदादयः जहां वोह । तथा देवों (शास्त्री ऋत्विजों) करि वीरयुत । वेदी में आच्छादित । वस्त (दिन) में वृत (लून) अक्त (रात्रि) में प्रभृत (प्रकर्षेण धृत) जो बर्हिः हविर्लक्षण धन करि बर्हिष्मत (बर्हिकरियुक्तों) अन्य यागों को अति क्रमण करि गया । सत्त्वोत्कर्ष से वोह बर्हि वसुवनन (धनदान) के अर्थ वसुधान (धननिधान यजमान के घर में निखनन) के अर्थ वेतु (आज्य को पिये । और हे मनुष्य होतः तू यजि । एव मग्रेपि कण्डिका शेषो व्याख्येयः ॥१२॥

देवीर्द्वार इन्द्रं संघाते वीड्वीर्यामन्नवर्धयन् । आ वत्सेन तरुणेन कुमारेण च मीवतापार्वाणं रेणुककाटं नुदन्तां वसुवने वसुधेयस्य व्यन्तु यज ॥१३॥

यज्ञ गृह द्वारें देवताः । याम (नियत होते हैं ऋत्विज जहां कर्म) में जे द्वारे देविएँ इन्द्र को बढाती हुई । कैसी द्वारः कि संघात (देहली कपाट द्वारशाखा गेला समूह) हे सति दृढा हैं (संघात विना द्वार दृढ नहीं होता ॥ ते द्वार रेणुककाट (रेणुओं करि ककाट कुत्सित कूप) को निवर्त करें । किमित्यतो विशेषणे । कैसे कूप कि वत्स (गोपुत्र) तरुण और कुमार करि आभिमुख्येन अर्वाण (जाते हैं जहां तिस) को कैसे मीवता

कि मीवता (हिंसाशील करि। हिंसाशील (चञ्चल) उच्चलन्त वत्स और कुमार जहां गिरते हैं तिस कूप को रोकें- उपलक्षण मेतत् आशय यह है कि यज्ञ प्रजा के विघ्नकारी कूपादिकों को मार्ग से निवर्तक हैं। और ते आज्य पियें ॥१३॥

देवी॑ उ॒षासा॒नक्तेन्द्रं॑ य॒ज्ञे प्र॑य॒त्य॒ह्वेताम्। दे॒वीर्वि॒शः प्रा॒यासि॒ष्टाथं॑ सुप्री॒ते सुधि॑ते वसु॒वने॑ वसु॒धेय॑स्य वी॒तां य॒जे ॥१४॥

अहो रात्राधिष्ठात्र्यौ देवी (देव्यौ) यज्ञ में प्रवर्तमाने सति इन्द्र को बुलाती हुई। और जे देव सम्बन्धिनी प्रजा (वसवो रुद्रा आदित्या विश्वेदेवा मरुत इत्यादिकों) को चलाती हुई। और ते पियें कैसी हैं कि सुप्रीते (अतितुष्टे) सुधिते (सुतरां हिते ॥१४॥

दे॒वी जोष्ट्री॑ वसु॒धिती॑ दे॒वमिन्द्र॑मवर्धताम्। अ॒याव्य॒न्याघा द्वेषा॑थंस्या॒न्या॒ वक्ष॒द्वसु॒ वार्या॑णि॒ यज॑मानाय शि॒क्षि॒ते वसु॒वने॑ वसु॒धेय॑स्य वी॒तां य॒जे ॥१५॥

प्रीति युक्ते देव्यौ वसुधिती (धनका धारण जिन्हों से ते द्यावा पृथिव्यौ अहोरात्रे वा- सत्यं च समा चेति कात्थक्यः निरु॰८॰४१॰) ते इन्द्र देवता को बढाती हुई। तिन्हों के मध्य अन्या (एका) अघौं (पापों) और द्वेषों (दौर्भाग्यों) को दूरि करती। दूसरी वार्यो (वरणीय भोगयोग्यों) धनों को प्राप्त कराती। कैसी हैं ते कि शिक्षिते (विदितवेद्ये- तत्वज्ञे। ते पीयें ॥१५॥

दे॒वी ऊ॒र्जाहु॑ती दु॒घे सु॒दुघे॒ पय॒सेन्द्र॑मवर्धताम्। इष॒मूर्ज॑म॒न्या व॑क्ष॒त्सग्धि॒ठं सपी॑तिम॒न्या नवे॑न॒ पूर्वं॒ दय॑माने

पुराणेन नवमधातामूर्ज मूर्जाहुती ऽऊर्जयमाने वसु वार्याणि
यजमानाय शिक्षिते वसुवने वसुधेयस्य वीतां यज ॥१६॥

अथस्तन मन्त्रोक्तो देवता विकल्पः। देव्यौ पूर्व प्रैषोक्ते दुग्ध करि इन्द्रको बढाती हुई। कैसी हैं कि ऊर्जाहुती बलयुक्त आह्वान जिन्हों का ते। दुग्धे (दोग्ध्यौ +) सुदुघे (साधुदोहने। तिन्हों के मध्य एका अन्न और दध्यादि यजमान के अर्थ प्राप्त करती है। दूसरी सग्धि (समान भोजन) और सपीति (पुत्रादि सहित पान भोजन) को वहती है। जे देवियें नये अन्न करि पुराने अन्नको पुराने अन्न करि नये अन्न को यजमान के धारण कराती और वार्यो वसुओं को रखाती अर्थात् अन्न धन को अक्षय करती हुई। कैसी हैं कि ऊर्जयमाने (उक्षन्त्यौ वा कृपयन्त्यौ। शिक्षिते। ते पियें ॥१६॥

+ अन्नयोरेतु सर्वौ गाविमाः सर्वाः प्रजा अन्नसम्पुजन ऽइतिश्रुतेः।

देवा दैव्या होतारा देवमिन्द्रं मवर्धताम्। हताघशꣳसावाभार्ष्टां वसु वार्याणि यजमानाय शिक्षितौ वसुवने वसुधेयस्य वीतां यज ॥१७॥

एकः पार्थिवोऽग्निः अन्यो मध्यमः। देवौ दैव्यौ होतारौ इन्द्रदेव को बढाते हुए और यजमान के अर्थ वीर्यो वसुओं को आहरण करते हुए। कैसे कि हताघशंसौ (पापनिवर्त्तकौ। तौ पियें ॥१७॥

देवीस्तिस्रस्तिस्रो देवीः पतिमिन्द्रमवर्धयन्। अस्पृक्षद्भारतीदिवꣳ रुद्रैर्यज्ञꣳ सरस्वतीडा वसुमती गृहान्वसुवने वसुधेयस्य व्यन्तु यज ॥१८

तीनों देवीयें पालक इन्द्र को बढाती हुई। ताएवाह-भारती (भरत-रविति

सकी कान्ति) स्वर्ग को स्पर्श करती है। सरस्वती रुद्रों युता यज्ञ को स्पर्श करती। वसुयुता इडा गृहों (भूलोक) को स्पर्श करती है। ते पिये॥१८॥

देव इन्द्रो नराशꣳसस्त्रिवरूथस्त्रिबन्धुरो देवमिन्द्रमवर्धयत्। शतेन शितिपृष्ठानामाहितः सहस्रेण प्रवर्तते मित्रावरुणेदस्य होत्रमर्हतो बृहस्पतिꣳ स्तोत्रमश्विनाध्वर्यवं वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज॥१९॥

नराशंस (यज्ञदेव) इन्द्रदेव को बढाता हुआ। कैसा नराशंस कि ऐश्वर्यवान्। त्रिवरूथ (तीनों घर, सद हविर्धान आग्नीध्र जिसके वोह। त्रिबन्धुर (ऋग्यजुः सामलक्षण तीनों बन्धन जिसके। वोह नराशंस शिति (श्याम) पृष्ठों गौओं के शत करि आहितः सन् गोसहस्र करि प्रवर्ते है। मित्रावरुण इस नराशंस के होतृकर्म में योग्य होते हैं बृहस्पति औद्गात्र को अश्विनौ इस के आध्वर्यव को योग्य होते हैं। वोह पिये॥१९॥

देवो देवैर्वनस्पतिर्हिरण्यपर्णो मधुशाखः सुपिप्पलो देवमिन्द्रमवर्धयत्। दिवमग्रेणास्पृक्षदान्तरिक्षं पृथिवीमदृꣳहीद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज॥२०॥

यूप उच्यते वनस्पतिर्देवः देवों सहित इन्द्र को बढाता हुआ। कैसा कि हिरण्यमय हैं पत्ते जिस के। रसवती शाखा जिसकी। शोभन फल जिसके। जो वनस्पति अग्र (टुकसी) करि स्वर्ग को स्पर्श करता है अन्तरिक्ष को मध्य करि इति शेषः सर्वतः स्पर्श करता पृथिवी को जर करि इति शेषः दृढ करता। सो पिये॥२०॥

देवं बर्हिर्वारितीनां देवमिन्द्रमवर्धयत्। स्वासस्थमिन्द्रे-

एासन्नमन्या बर्हीॐष्यभ्यभूद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥२१॥

बर्हि (अनुयाज देव) इन्द्रदेवको बढाता हुआ अन्यबर्हिओंको अभिहोताहैवोह पिये। कैसा बर्हि कि वारितीयों (ओषधीओं) के मध्य में देव (दीप्यमान श्रेष्ठ) स्वासस्थ (सुख आसन करि जहां स्थित होते हैं वोह। इन्द्र करि आश्रित ॥२१॥

देवोऽअग्निः स्विष्टकृद्देवमिन्द्रमवर्धयत्। स्विष्टं कुर्वन्त्स्विष्टकृत्स्विष्टमद्य करोतु नो वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥२२॥

स्विष्टकृद्देवः अग्निः इन्द्र देवको बढाता हुआ वोह हमारा स्विष्ट (साधुइष्ट) करे और पिये। कैसा कि स्विष्ट करते सन्तु स्विष्टकृत्नामजो भन इष्ट को करूंगा यह तिस का अधिकारहै॥२२॥

अग्निमद्य होतारमवृणीतायं यजमानः पचन्पक्तीः पचन्पुरोडाशं बध्नन्निन्द्राय छागम्। सूपस्था अद्य देवो वनस्पतिरभवदिन्द्राय छागेन। अघत्तं मेदस्तः प्रति पचताग्रभीदवीवृधत्पुरोडाशेन। त्वामद्यऽऋषे ॥२३॥+

त्वामद्य अयं प्रतीकः उभयत्रापि। ऐन्द्रपशुसम्बन्धी सूक्तवाकप्रैषः त्वामद्यऽऋषे इत्ययं मन्त्र उभयत्रापि ऐन्द्रानुवाके वायोधसानुवाके च प्रतीकोक्तेः आदिमात्रेणोक्तः सकलो ज्ञेयः। व्याख्यातः प्रैषः २१॰ ५७–६१॰॥२३॥

सप्तर्चं वसिष्ठदृष्टं आद्या जगती बहुदेवत्या। हम प्रातः + पुनः पुनः
+ प्रातः प्रातर्वीप्सावचनं॥
इन देवताओं को बुलाते हैं – इति प्रत्येकं सम्बध्यते। किन्हें कि अग्नि को इन्द्र· मित्रावरुणौ· अश्विनौ· भग· पूषा· बृहस्पति· सोम· और· रुद्र को॥३४॥

प्रातर्जितं भगमुग्रꣳ हुवेम वयं पुत्रमदितेर्यो विधर्ता। आध्रश्चिद्यं मन्यमानस्तुरश्चिद्राजा चिद्यं भगं भक्षीत्याह॥३५॥

पञ्च भगदेवत्यास्त्रिष्टुभः। हम तिस भग (आदित्य) को बुलाते हैं। कैसे को कि प्रातः जयनशील। उग्र (उत्कृष्ट वा उद्गूर्णदान। अदितिके

पुत्र। तिस किसे कि जो जगत का धारयिता। और जो आध्रश्चित् (मही तृप्त होता वा समन्तात् तृप्त होता वा अतृप्त-बुभुक्षित-दरिद्री वापि) जिस भग को भजता है अर्थात् उदय को इत्याह क्या करने कि स्वार्थ सिद्धि के अर्थ पूजने वोह ही सूर्योदय में भिक्षादि करि किंचित् पाता है ततः उदय को वाञ्छा करता है। तुरः (आतुर) भी जिस भग को भजता है उदय को दिवस में तिस के सुखोदय से रोगी की रात्रि कष्ट से जाती है यद्वा तुरो यमः वोह भी मारण के अर्थ दिनों को गिनता है। राजा भी जिस भग को भजता है इत्याह तिस के उदय में ही राजों की व्यवहारदर्शन करि सर्वेष्टसिद्धि है॥३५॥

भग प्रणेतर्भग सत्यराधो भगेमां धियमुदवा ददन्नः। भग प्र नो जनय गोभिरश्वैर्भग प्र नृभिर्नृवन्तः स्याम॥३६॥

हे भगः हे प्रणेतः (प्रकर्षेण धन को प्राप्त करता है) हे भगः † हे सत्यराधः (अविनश्वर धन जिस का वोह) हे भग तू धन को देते सन् हमारे (रे) इस धी (प्रज्ञा वा कर्म) को ऊंची (वा) चला जैसे सूक्ष्मार्थों को देखें तैसे करि इति भावः। किं च हे भग हमें गो और अश्वों करि बढा। हे भग हम मनुष्यों (पुत्रादिकों) करि मनुष्यवन्त प्रकर्षेण हों॥३६॥

† आदरार्थं पुनः सम्बोधनम्

उतेदानीं भगवन्तः स्यामोत प्रपित्व उत मध्ये अह्नाम्। उतोदिता मघवन्त्सूर्यस्य वयं देवानाᳬसुमतौ स्याम॥३७॥

हे मघवन् (धनवन् रवे) और भी हम ऐसे भगवन्त (धनवन्त वा ज्ञान

वन्त) हों और सूर्य के अस्तमय में भग॰। और मध्यदिन में भग॰। और सूर्य के उदय में भग॰। किं वहुना सर्वदा हमारी धनवत्ता हो इत्यर्थः॥ किंच देवताओं की कल्याण बुद्धि में हम हों अर्थात् देवता हमारे में शोभना अनुग्रह विषया बुद्धि धारण करें॥३७॥

भग एव भगवाँ२॥ऽअस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तः स्याम। तं त्वा भग सर्व इज्जोहवीति स नो भग पुरएता भवेह॥३८॥

हे देवताओ भग ही भगवान् (धनवान्) हो। फिरि क्या अदाता धनी देवताओं करि इतिभावः॥ तिस भगदत्त धन करि हम भगवन्त हों। एवं देवानुक्त्वाथ भगमाह हे भग सब ही मनुष्य तिस (प्रसिद्ध) तुम्हें इष्टसिद्धि के अर्थ अत्यन्त आह्वान करता है हे भग सो तू इस हमारे कर्म में अग्रयायी हो अर्थात् अग्रेसर होके सब कार्यों को साधि॥३८॥

समध्वरायोषसो नमन्त दधिक्रावेव शुचये पदाय। अर्वाचीनं वसुविदं भगं नो रथमिवाश्वा वाजिन आवहन्तु॥३९॥

प्रातःकाल के अधिष्ठातार देवता अध्वर के अर्थ प्रह्वी होते हैं कैसे कि दधिक्रावा (अश्व) जैसे अग्न्याधान के अर्थ शुचि पद को। ते देवाः भग (आदित्य) को हमारे अभिमुख आगमन करावें कैसे भग कि वसु (धन) लाभ होता है जिस से तिसे। पुनः कैसे कि जैसे वाजिनः (वेगवन्त वा अन्नवन्त) घोडे रथ को चलाते हैं॥३९॥

अश्वावतीर्गोमतीर्न उषासो वीरवतीः सदमुच्छन्तु भ-

शुभ्राः। घृतं दुहाना विश्वतः प्रपीता यूयं पात स्वस्ति-
भिः सदा नः॥४०॥

उषोदेवत्यात्रिष्टुप्। उषाएँ सदाकाल हमारे अज्ञानलक्षणतम
को दूर करें। कैसी उषाएँ कि अश्ववतीएँ गोमतीएँ वीरवतीएँ क-
ल्याणरूपाः जल को क्षरतीएँ सर्वतःधर्मार्थकामों को बढातीएँ।
एवं परोक्षं भाष्य प्रत्यक्षमाह हे उषाओ तुम स्वस्तिओं अविना-
शों करि हमें रक्षा करो॥४०॥

अ॰ ५॰ पूषन्तव व्रते वयं न रिष्येम कदा चन। स्तोतारस्त
ऽइह स्मसि॥४१॥

हे पौष्ण्यो गायत्रीत्रिष्टुभौ आद्या सुहोत्रदृष्टा द्वितीयाऋजिश्व-
दृष्टा। हे पूषन् तेरे कर्म में वर्तमाना हम कदापि विनाश न हों। किं-
च इस कर्म में तेरे स्तुतिकर्तारः हों॥४१॥

पथस्पथः परिपतिं वचस्या कामेन कृतोऽअभ्यान-
डर्कम्। स नो रासच्छुरुधश्चन्द्राग्रा धियं-धियꣳ
सीषधाति प्र पूषा॥४२॥

जो पूषा अर्कदेव को सर्वतः व्याप्त होता है कैसा कि वाञ्छितवेद-
लक्षण वचन करि अभिमुखीकिया। कैसा अर्क कि सब मार्गों का स्वा-
मी। वोह पूषा हमारे अर्थ शोकनाश करने हारे साधनों को देवै
कैसे शोक नाश करने हारे साधन कि चन्द्राग्राः आल्हादक है
अग्र जिन्हों की तिन साधनों के करने में आल्हाद होता है पुनः पू-
षा सब कर्मों को प्रकर्षेण सिद्धि करावै॥४२॥

त्रीणि पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः। अतो धर्माणि धारयन्॥४३॥

वैष्णव्यौ गायत्र्यौ मेधातिथिदृष्टे द्वयोर्ऋचोरेकवाक्यम्। जोविष्णु (यज्ञ) तीनि पदों (अग्निवाय्वादित्याख्यों) को व्याप्तहुआ। कैसा विष्णु कि जगत का रक्षक अहिंस्य। क्या करने कि इन तीनि पदों धर्मों (पुण्यों॰ कर्मों) कोधारण कराने॥४३॥

तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवाꣳसः समिन्धते। विष्णोर्यत्परमं पदम्॥४४॥

तिस विष्णु (यज्ञ) का जो परमपद (ब्रह्मलक्षण) वोह ब्राह्मणलोगप्रकाशते (उपासते) हैं। कैसे ब्रा॰ कि विगत है संसार व्यवहार जिन्होंसे (निष्कामाः जागरणशीलाः अप्रमत्ताः) ज्ञान कर्म में समुच्चयकरने हारे॥४४॥

घृतवती भुवनानामभिश्रियोर्वी पृथ्वी मधुदुघे सुपेशसा। द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते ऽअजरे भूरिरेतसा॥४५॥

भरद्वाजदृष्टा जगती द्यावापृथिवीदेवत्या। द्यावापृथिव्यौ वरुण (आदित्य) कीधरणशक्ति करि दृढी हैं अर्थात् वरुणने अपनी शक्ति से दृढी करीं। कैसी हैं ते कि घृतवतीएं (उदकवतीएं। भूतजातों की आश्रयणीयें। उर्व्यौ (वस्तीर्णे) पृथिव्यौ (पृथुलं+। उदक की दुहने हारीएं। सुरूपाएं। जराहिते। भूरिरेतसौ (बहुतरेतवालिएं)सब भूतों के रेत तिन्हों से ही उत्पन्न होते हैं॥४५॥

+ आयाम विस्ताराभ्यां महांतं विशेषणं द्वयेनोक्तम्।

ये नः सपत्ना अप ते भवन्त्विन्द्राग्निभ्यामव बाधामहे तान्। वसवो रुद्रा आदित्या उपरिस्पृशं मोग्रं चेत्तारमधिराजमक्रन्॥४६॥

त्रिष्टुब्विहव्यदृष्टा लिङ्गोक्तदेवता। जे हमारे शत्रु ते अप (अपगतवीर्य। निरुद्यम। पराभव) हों। यतः हम तिन शत्रुओं को इन्द्राग्निबल करि नाश करें। किंच आठौ वसु एकादश रुद्र द्वादश आदित्य ये मुझे ऐसा करें। कैसा कि उच्चस्थानस्थित। उत्कृष्ट। ज्ञातार। अधिपति (ईश्वर)॥४६॥

आ नासत्या त्रिभिरेकादशैरिह देवेभिर्यातं मधुपेयमश्विना। प्रायुस्तारिष्टं नी रपांसि मृक्षतं सेधतं द्वेषो भवतं सचाभुवा॥४७॥

हिरण्यस्तूपदृष्टा जगती अश्विदेवत्या। हे नासत्यौ हे अश्विनौ त्रिगुण एकादशों (त्रयस्त्रिंशत्संख्याक) देवों सहित मधुपेय (सोमपान) प्रति आओ। किंच आयु बढाओ। पापों को नाश करो। दौर्भाग्य को नाश करो। संयुक्तौ होओ। अष्टौ वसव इत्यादिना त्रयस्त्रिंशद्देवा गणिताः॥४७॥

एष व स्तोमो मरुत इयं गीर्मान्दार्यस्य मान्यस्य कारोः। एषा यासीष्ट तन्वे वयां विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्॥४८॥

अगस्त्यदृष्टा मारुती त्रिष्टुप्। हे मरुतः कारोः (यजमान का) यह स्तोम और यह गीः सत्या और (प्रिय वाणी) तुम्हारे अर्थ वर्ते हैं इति शेषः। कैसे यजमान कि मान्दार्य (में मेरा इस स्वस्वामि सम्बन्ध-

को दारण करता है तिस वीतराग) की यद्वा मुझे दारण करता इत्येवं शत्रुओं के प्रत्यय को स्थापन करता तिसकी। वा मन्दार (कल्पवृक्ष तिस) तुल्य अर्थात् कामपूरक की। मान्य (मानार्ह) की। किंच हे मरुतः तुम अन्ननिमित्त करि आओ किसलिये कि हमारे बाल्य यौवन स्थाविर अवस्था सम्बन्धिनी देही की स्थित्यर्थ (हमारे शरीर दृढी करने के लिये इतिभावः। किंच अन्न और बल को हम प्राप्त हों कैसे अन्न बल कि जीवितदातृ (अन्न और बल को प्राप्त हों इति प्रार्थना॥४८॥

सहस्तोमाः सहछन्दस आवृतः सहप्रमा ऋषयः सप्त दैव्याः। पूर्वेषां पन्थामनुदृश्य धीरा अन्वालेभिरे रथ्यो न रश्मीन्॥४९॥

ऋषिसृष्टिप्रतिपादिका त्रिष्टुप् प्राजापत्यो यज्ञदृष्टा। दैव्याः सप्त ऋषयः॰ देव (प्रजापति) के ये (प्रजापतिप्राणाभिमानिनः सप्त ऋषयः भरद्वाज· कश्यप· गोतम· अत्रि· वसिष्ठ· विश्वामित्र· जमदग्नि· संज्ञाः†। अन्वालेभिरे (सृष्टवन्तः सृष्टियज्ञ को इतिशेषः। क्या करिके कि अधस्तन कल्पोत्पन्नों अवसिताधिकारों के मार्गों को देखि अर्थात् पूर्व कल्पोत्पन्न ऋषियों करि जैसे सृजा गया तैसे सृजते हुए (सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयदित्युक्तेः। कैसे कि कि जैसे रथ्यः (रथमें साधु) इष्ट देश प्राप्त्यर्थ पहिले रश्मिओं (प्रग्रहों) को आलभते (स्पर्श करता वा सृजता है) तैसे ते भी सृष्टि यज्ञ को सृजते हुए। कैसे ऋषयः कि स्तोमसहिताः। गायत्र्यादि छन्दों करि सहिताः। आवृत् (कर्म) सहिताः। (श्रद्धासत्य प्रधान कर्मों के

† इमावेव गोतमभरद्वाजाविति० शत०१४·५·२·६· श्रुतेः॥

अनु ष्ठातारः । प्रभा सहिताः (शब्दप्रमाण परीक्षणतत्पराः।धीराः (धीमन्तः॥४९॥

आयुष्यं वर्चस्यꣳ रायस्पोषमौद्भिदम्। इदꣳ हिरण्यं वर्चस्वज्जैत्रायाविशतादु माम्॥५०॥

तिस्रः उष्णिक् शक्करी त्रिष्टुभः दक्षदृष्टाः। हिरण्यस्तुतिः यह हिरण्य जय के अर्थ मुझ विषे तिष्ठे। कैसा कि आयु के अर्थे हित तेज के अर्थ हित धन का वर्धक उद्भित् (धन वा स्वर्ग का प्रकाशक) वर्चस्वत् (अन्नसंयुक्त॥५०॥

अ० ६। न तद्रक्षाꣳसि न पिशाचास्तरन्ति देवानामोजः प्रथमजꣳह्येतत्। यो बिभर्ति दाक्षायणꣳ हिरण्यꣳ स देवेषु कृणुते दीर्घमायुःस मनुष्येषु कृणुते दीर्घमायुः॥५१॥

राक्षसलोग और पिशाचलोग तिस हिरण्य को नहीं हिंसा करसकते क्यों कि यह हिरण्य प्रथमोत्पन्न देवताओं का तेज ही है। अतएव जो हिरण्य को दाक्षायण (अलंकारत्व) करि धारण करता है वोह देवलोक में बहुत कालतक वसता है और वोह मनुष्य लोक में अपनी आयु को दीर्घ करता है (मनुष्यायु को अतिक्रम्य जीवता है॥५१॥

यदाबध्नन्दाक्षायणा हिरण्यꣳ शतानीकाय सुमनस्यमानाः। तन्म आबध्नामि शतशारदायायुष्मान्जरदष्टिर्यथासम्॥५२॥

दाक्षायणाः (दक्षवंशोत्पन्ना ब्राह्मणाः) जिस हिरण्य को शतानी

क (बहुत सैन्यों वाले) राजा के अर्थ बांधते हुए। कैसे दाक्षायणाः कि सुमनस्यमानाः (मन में शोभन ध्यान करते शोभन मन करते) वोह हिरण्य अपने में बांधता हूँ किस लिये कि शत शरद्जीवने के अर्थ। जिस प्रकार हिरण्य बन्धनाख्य करि मैं दीर्घजीवी और जरदष्टि (जरा को व्याप्त वा जरा प्राप्त शरीर होंऊं तैसें बांधता हूं ॥५२॥

उत नो ऽहिर्बुध्न्यः शृणोत्वज एकपात्पृथिवी समुद्रः। विश्वे देवा ऋतावृधो हुवाना स्तुता मन्त्राः कविशस्ता अवन्तु ॥५३॥

ऋजिश्वदृष्टा त्रिष्टुप्। और अहिर्बुध्न्यः (रुद्रविशेषः) सुनें हमारे वचनों को इतिशेषः अज एकपात् (रुद्र वा प्राण) सुनें और पृथिवी सुनें और समुद्र सुनें और विश्वे देवा सुनें। और सुनि केते अहिर्बुध्न्यादयः हम को पालन करें कैसे हैं ते कि ऋत (सत्य वा यज्ञ) के बढाने हारे। मन्त्रों करि स्तुताः। कविशस्ताः (मेधावियोंकरि पूजिताः॥५३॥

इमा गिर आदित्येभ्यो घृतस्नूः सनाद्राजभ्यो जुह्वा जुहोमि। शृणोतु मित्रो ऽअर्यमा भगो नस्तुविजातो वरुणो दक्षो ऽअंशः॥५४॥

गार्त्समदोकूर्मदृष्टा आदित्यदेवत्या त्रिष्टुप्। इस वाणी जुहू (स्रुचा) करि आदित्यों के अर्थ होमता हूं (स्तुतिलक्षणवाणी बुद्धिरूपास्रुचा करि आदित्यों के अर्थ समर्पण करता हूं। कैसी वाणी कि घृतस्नूः (घृत प्रसारिणी वा घृतहोमसहचरिता। कैसे आदित्यों कि चिर-

काल दीप्यमानों के अर्थ। वोह स्रुचाहूयमाना हमारी वाणी सुनें। कौन कि मित्र· अर्यमा और भग। तुविजातः (त्वष्टा वा वात+)। वरुण· दक्ष· और अंश। एते सूर्यविशेषाः ॥५४॥

सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे सप्त रक्षन्ति सदम-
प्रमादम्। सप्तापः स्वपतो लोकमीयुस्तत्र जागृतो
अस्वप्नजौ सत्रसदौ च देवौ ॥५५॥

अध्यात्मवादिनी जगती। सप्त ऋषयः (प्राणाः* त्वक् चक्षुः श्रवण रसना घ्राण मनो बुद्धिलक्षणाः) शरीर में व्यवस्थित हैं ते ही सातों सदाकाल सावधान जैसे तैसे शरीर को रक्षा करते हैं। ते सातों सोते हुए मनुष्य के लोक (आत्मा#) को प्राप्त होते हैं। कैसे हैं सातों कि आपः (व्याप्त होते हैं देह को। तहां तिन ऋषीओं की लोकगमनावस्था में देवौ (दीप्यमानौ प्राणापानौ) जागरण करते हैं। कैसे कि अस्वप्नजौ (नही निद्रा जाती है जिन्हों में। तथा सत्रसदौ (जीवितदातारौ ॥५५॥

उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवयन्तस्त्वेमहे। उप प्रय-
न्तु मरुतः सुदानव इन्द्र प्राशूर्भवा सचा ॥५६॥

तृचो ब्रह्मणस्पतिदैवतः द्वे बृहत्यौ अघोरोकएवद्दष्टे तृतीया त्रिष्टुप् गृत्समदद्दष्टा। हे ब्रह्मणस्पते (ब्रह्मणः देवस्य पते) उतिष्ठ (ऊँचा· आरब्धकार्य हो। क्यों कि हम देवताओं को चाहने हारे तुझे याचना करते हैं अतः आगमन करि। तेरे आने के समीप में मरुतः आवें। कैसे मरुतः कि सुदानवः (शोभन दातारः। हे इन्द्र

+ सवितृ बृहस्पतिः प्रजापतिः

* ...

लोकशब्देन विज्ञानात्मा हृदयाकाशप्रतिष्ठ उच्यते

तू भी सह गमन के अर्थ प्रकर्षेण शीघ्र हो॥५६॥

प्र नूनं ब्रह्मणस्पतिर्मन्त्रं वदत्युक्थ्यम्। यस्मिन्निन्द्रो वरुणो मित्रोऽअर्यमा देवा ओकांसि चक्रिरे॥५७॥

ब्रह्मणस्पति निश्चय उक्थ्य (शस्त्रयोग्य मन्त्र) को प्रकर्षेण उच्चारता है कि जिस मन्त्र में इन्द्र· वरुण· मित्र· अर्यमा· और अन्यदेवाः निवासों को करते हुए। अर्थात् सर्वदेवाधारभूत शस्त्रपठनीय मन्त्र को कहिता है॥५७॥

ब्रह्मणस्पते त्वमस्य यन्ता सूक्तस्य बोधि तनयं च जिन्व। विश्वं तद्भद्रं यदवन्ति देवा बृहद्वदेम विदथे सुवीराः। य इमा विश्वा विश्वकर्मा यो नः पितान्नपतेऽन्नस्य नो देहि॥५८॥

इति संहितापाठे षष्ठोऽनुवाकः६

इति श्री शुक्लयजुषिमाध्यन्दिन शाखीयायां वाजसनेय संहितायां दीर्घपाठेचतुस्त्रिंशोऽध्यायः॥३४॥

हे ब्रह्मणस्पते यतः तू इस जगत का नियन्ता है अतः प्रार्थना है कि मेरी कही स्तुति को बोधन करि। और मेरे तनयों (अपत्यों) को प्रीति करि। देवाः जिस भद्र (कल्याण) को पालन करते हैं वोह सब भद्र हमारे को हो इति शेषः। किं च सुवीराः (कल्याणपुत्राः) हो कर हम यज्ञ में बृहत् (महत्) बोलें (देवो भोगो इत्यादि उच्चारण करें। अथ चतस्रः कण्डिकाः प्रतीकोक्ताः य इमा विश्वा भुवनानि जुह्वत् १७·१७· विश्वकर्मा विमना। १७·२६· यो

नः पिता १७·२७· अन्नपतेऽन्नस्य नो देहि ११·८३· इति। ता ब्रह्म-
यज्ञेऽध्येयाः॥५८॥

इति भाष्ये षष्ठोऽनुवाकः६

श्रीवेदार्थप्रदीपेन तमोहार्दं निवारयन्

पुमार्थांश्चतुरो देयात्स्वयं ब्रह्म सनातनः३४

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनीयशाखाध्येतृव्याघ्रपादा-
न्वय विश्वामित्र पुराधिप श्रीमज्जयकिशोर देववर्म्मात्मज रो-
हिणीय नृपति गिरिप्रसादेन रचिते श्री वेदार्थ प्रदीपे गिरिधर-
भाष्ये खिलप्रकरणे ब्रह्मयज्ञवर्णनो नाम चतुस्त्रिंशोऽध्या-
यः॥३४॥ ॥समाप्तोऽयं ब्रह्मयागः॥ ॥ ॥

हरिः ओम्

ओंनमो यज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकं द्विरूपं च साधनैर्बहुरूपकम्

स्वानंददाय कं कृष्णं ब्रह्मरूपं परं स्तुमः३५

अध्यायस्य पितरो देवता आदित्या ऋषयो देवा वा

अ० १· अपेतो यन्तु पणयोऽसुम्ना देवपीयवः। अस्य लो-
कः सुतावतः॥ द्युभिरहोभिरक्तुभिर्व्यक्तं यमो द-
दात्ववसानमस्मै॥१॥ + अ-तः।अ॰।द्यु-स्मै।इ०॥१॥

ओंनमो याज्ञवल्क्याय

गिरिप्रसादसंज्ञेन श्री वेदार्थप्रदीपके

पञ्चत्रिंशोऽयमध्यायः पितृमेधार्थदर्शने ३५

त्रयस्त्रिंशेऽध्याये सर्वमेधसम्बन्धिनः कियतोमन्त्रानुक्त्वा प्रवायुमच्छेत्यारभ्य ३३।५५ अनारभ्याधीतान्मन्त्रानुक्त्वा चतुस्त्रिंशेऽध्याये तानेव समाप्येदानीं पञ्चत्रिंशेऽध्याये पितृमेधसम्बन्धिनो मन्त्रा उच्यन्ते स च पितृमेधो मृतस्य वर्षास्मरणे भवति वर्षस्मृतौ तु विषमवर्षेषु भवति एकतारकनक्षत्रे चित्रादौ दर्शे वाग्रीष्मे शरदि माघे भवति॥ पितृमेध करनेहारे द्विज करि कुम्भ में अस्थिसंचय करिये है। और मृतक के जितने अमात्य पुत्र पौत्र हैं तितने कुम्भ कर्मदिन में लाइयें हैं और कुम्भों से अधिक छत्र हैं। ततः अरण्य में कुम्भ विषें किये अस्थिसंचयन को ग्रामसमीप में लाकर शय्या में कुम्भ को स्थापन करि वस्त्र के एक देश से वेष्टन करि लोहमय बाजों के बाजते और वीणा के बाजते में मृतक के पुत्र पौत्र उत्तरीयों और वीजनाओं से अस्थि कुम्भ को बीजते हुए तीनि-तीनि प्रदक्षिणाएँ फिरें। कोईक आचार्य स्त्रियों को भी फिरना कहिते हैं। रात्रि के पूर्व मध्य अपर भागों में तिस दिन विषें बहुत अन्नदान करते और नाचते गाते बजाते और अस्थिकुम्भ के अर्थ अन्न को उपहरते हैं। फिरि उपप्रात अस्थिकुम्भसहिताः पूर्वोक्त कुम्भों और छत्रों को लेकर ग्राम से दक्षिण दिशा को बाहिर चलते हैं अध्वर्युयजमानामात्याः। श्मशानान्तकर्म करते जैसे रवि उदय हो तैसें रात्रि में आरम्भ करना तहां वन में चलिके ग्राम से मार्ग से और अश्वत्थ तिल्वक हरिद्र स्फूर्जक विभीतक श्लेष्मान्तक कोविदारादिकों से दूर में अन्यवृक्षगुल्मादिवृत वा ऊषर वा ऊ-

दक्प्रवण दक्षिणप्रवण वा सम में वा सुखकारि रम्य में वन वा उ-
दक से पूर्वभाग वा उत्तरभाग में वर्तमान गर्तवान् वीरणतृणवान्
प्रदेश में श्मशानार्थ दिक्कोण पुरुषप्रमाणक्षेत्र को मान करते हैं।
पैतृक्यां द्विपुरुषं समचतुरस्रं कृत्वा करणीमध्येषु शङ्कवः स समा-
धिरिति यजुःपरिशिष्ट॰ ७॰ २॰ शुल्वोक्तविधि करि वोह चतुरस्र उ-
त्तर और पश्चिम से पृथु (विशाल) होता है। तत्र साधनप्रकार। पूर्व
दक्षिणपार्श्वों से नौ ९ अङ्गुल अपने त्रयोदशांश करि अङ्गुलचतु-
र्थभाग सहित पुरुषप्रमाणमध्य में न्यून करियें हैं पश्चिमोत्तरपा-
र्श्वों से तितने पुरुषप्रमाण से अधिक तथा हि॰ पुरुषमात्रक्षेत्र की
अपक्षणया प्राची करिके तिस के प्रान्तों में शङ्कुएँ रखि सार्धाष्टादशा-
ङ्गुलहीना पुरुषद्वयप्रमाणा उभयतःपाशा रज्जु को मध्यम देश में
सल्लक्षणकरिके पूर्वा शङ्कुओं से तिस की पाश छोडि मध्यलक्षण
करि दक्षिण से चलाय दक्षिण कोण साधियें हैं ततः सार्धाष्टादशा-
ङ्गुलाधिका पुरुषद्वयप्रमाणा रज्जु उभयतःपाशा को मध्यलक्षणयु-
ता करिके शङ्कुओं के पाश छोडि मध्यलक्षण करि उत्तरतः चलाय
उत्तरकोण साधियें हैं इति। ततः पूर्वादिकोणों में पालाश शमी वा-
रण अश्मय चारि शङ्कुएँ रखियें हैं। इस कर्म करनेहारों के निक-
ट में कोई यजमानपुरुष तृणपूलक ऊंचा करिके धारण करे। क-
र्मसमाप्ति में घर को आकर तिसे घर में ऊँची करे प्रजावृद्धि के अ-
र्थ। इत्यादि वोध्यम्॥ कात्यायनः २१॰ ३॰ ३२॰ अपप्रादक्षिण्येन नि-
व्यादिन कीई हुई रज्जु से तिस क्षेत्र को समन्तात् अपदक्षिण

वेष्टित करि अपेतो यन्त्विति मन्त्रेण क्षेत्रमध्य पतित तृणपर्णा-
दिकों को पलाशशाखा करि क्षेत्र से बाहिर निकालै इतिसूत्रार्थः॥
अस्याध्यायस्य पितरो देवता आदित्या ऋषयो देवा वा।आद्या
गायत्री।पणयः(पराये द्रव्य को व्यवहार करने हारे असुरलोग)
निकलजावें।कैसे पणयः कि असुम्नाः(असुखकराः।तथा देव
पीयवः(देवताओं के द्वेष करने हारे।किमिति असुराणं अपग
मोऽर्थ्यते तत्राह इस अस्थिभूत यजमान का यह लोक(स्थान)
है।कैसे यजमान कि सोमाभिषव करने हारेका॥ द्युभिरहोभिरि
ति यजुः।यम इस यजमान के अर्थ अवसान(स्थान)दे।कैसा
स्थान कि द्युओं(ऋतुओं।)दिवसों और रात्रियों करि स्पष्टी कि
या(अर्थात् ऋत्वाद्यधिष्ठात देवताओं से प्रकटित स्थान इ-
स के अर्थ यम देवे॥१॥

सविता ते शरीरेभ्यः पृथिव्यां लोकमिच्छतु।त-
स्मै युज्यन्तामुस्त्रियाः॥२॥

का॰२१॰३॰३४॰फिरि अध्वर्यु तिस पलाशशाखा को दक्षिणमा-
ही निकालि परिश्रितों से वेष्टन करि तिस क्षेत्र के दक्षिणतः
वा उत्तरतः छे ६ बैलों करि हल को जोडे तिस युज्यमान में युङ्क्ते-
ति सम्प्रेष्य सवितेति मन्त्र को जपे॥ गायत्री।हे यजमान सूर्य तेरे
शरीरों के अर्थ पृथिवी में स्थान को इच्छा करे(सविता की आज्ञा वि-
ना कोईभी ठैरने को समर्थ नहीं होता।द्वितीयं वाक्यमाह तिस स-
विता करि दिये क्षेत्र के संस्कारार्थ अनड्वाहः युक्ता होवें॥२॥

+ तदेन मृत्युमिश्रा होरपैद्य सलोकं करोतीति श्रुतेः १३.८.२.३।

वायुः पुनातु सविता पुनात्वग्नेर्भ्राजसा सूर्यस्य वर्चसा। विमुच्यन्तामुस्रियाः॥३॥+

का॰२१॰४॰१॰२॰ अध्वर्यु सर्वतः वेष्टित रज्जु को अनुलक्षी करिके वायुः पुनात्विति प्रतिमन्त्रं पादेन-पादेन सीतायें (हलाई ये॰ हरैया) अप्रदक्षिण कृषै (जोतै) तहां पहिली सीता उत्तर पार्श्व में पश्चिम को कृषै दक्षिणतः सीरयोजनपक्षेऽपि तिस सीर (हल) को अप्रदक्षिण उत्तर से लाकर पहिले उत्तर से ही कृषै॥ चत्वारि यजूंषि १॰३॰ दै-पं॰२॰४॰ दै-त्रि॰ लिङ्गोक्तदेवतानि। हे पृथिवि तुम्हे वायु पुनातु (विदारै। सूर्य तुम्हे विदारै। अग्नि दीप्ति करि और सूर्य तेज करि तुम्हे विदारै॥ का॰२१॰४॰४॰ एवं पूर्वोक्त चारों मन्त्रों से चारों पार्श्वों में कर्षण करिके मध्य में भी सर्व क्षेत्र जैसे कृष्ट हो तैसे परिमिताः सीताः करिके बैलों को हल से छोडे विमुच्यन्तामिति॥ दै-ज॰ वृषदैवत्यम्। उस्रा (धेनु तिस) के अपत्य उस्रियाः (अनुड्वाहः) सीर से छूटें॥३॥

अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता। गोभाज इत्किलासथ यत्सनवथ पूरुषम्॥४॥

का॰२१॰४॰४॰ हल को दक्षिण दिशा में चुपके से फेंकि जुते क्षेत्र में सर्वौषधि बोवै॥ अनुष्टुप् व्याख्याता १२॰७९॰॥४॥

सविता ते शरीराणि मातुरुपस्थ आवपतु। तस्मै पृथिवि शं भव॥५॥

का॰२१॰४॰५॰ तिस पुरुषमात्र क्षेत्र के मध्य में मृतक के अस्थियों

+ सद्यसलवि पर्यावृत्योत्तरतः प्रतीचीं प्रथमाᳫं सीतां कृषति वायुः पुनात्विति सविता पुनात्विति जघनार्धेन दक्षिणामग्नेर्भ्राजसेति दक्षिणार्धेन प्राचीᳫं सूर्यस्य वर्चसेत्युत्तरेणोदीचीमिति श॰७॰२॰२॰६॰ श्रुतेः।

+ वा-तु। भ्रा॰ स-तु। दू॰। अ-सा। उ॰ सू-सा। क॰। वि-याः। ल॰॥३॥

की राशि करैं और यह कर्म सूर्योदय काल में कर्तव्य है † ॥ सवितृ-
देवत्या गायत्री। हे यजमान सूर्य तेरे शरीरें (अस्थियें) को माता
(पृथिवी) की उपस्थ (गोदी) में स्थापन करैं। हे पृथि तिस सविता
करि स्थापन किये यजमान के अर्थ सुखरूपा हो ॥ ५ ॥

प्रजापतौ त्वा देवतायामुपोदके लोके निदधाम्यसौ।
अप नः शोशुचदघम् ॥ ६ ॥

उष्णिक् प्रजापतिदेवत्या अस्थिनिवापे एव विनियुक्ता। असा-
विति नाम ग्रहणम् अनुदात्तत्वादामन्त्रितम्। हे देवदत्त उद-
क समीपवर्तिस्थान में प्रजापति देवता विषें तुम्हें स्थापन करता हूं। वो-
ह प्रजापति हमारे पाप को अत्यर्थ दहै यद्वा हमारे से निकालि-
हमारे शत्रु को दहै ‡ ॥ ६ ॥

परं मृत्यो अनु परेहि पन्थां यस्ते अन्य इतरो
देवयानात्। चक्षुष्मते शृण्वते ते ब्रवीमि मा
नः प्रजां रीरिषो मोत वीरान् ॥ ७ ॥

का॰ २१॰ ४॰ ७॰ दक्षिण को चलिकर चुपके से कुम्भ को डालि-
कर लौटि। यह कोई विघ्न भेजा है तिस के कुम्भ को डालिकर
लौटते में यजमान वा अध्वर्यु जपै ॥ मृत्युदेवत्या त्रिष्टुप् संक-
सुकदृष्टा। हे मृत्यो पराङ्मुख होके पर (अन्य) पन्था को अनु-
गमन करि। तमेव दर्शयति जो कि तेरा पन्था देवयान मार्ग
से इतर (तुच्छ) अन्य (पितृयानाख्य) है। किं च चक्षुष्मान् (ज्ञा-
नी) और सुनने हारा तेरा कुछ एक कहिता हूं (आदरार्थ वच-

‡ सायणोक्तम् ऋ॰ सं॰ भाष्ये वेदार्थ प्रकाशे म॰ १॰ अ॰ १४॰ सू॰ ९७॰ अपनः शोशुचदघम्

† यथा कुर्वतोऽभ्युदयादिति १३॰ ८॰ ३॰ २॰ श्रुतेः।

नम् नहि तस्यादृष्टमश्रुतं वास्ति षष्ठ्यर्थे चतुर्थ्यौ) क्या कि
हे मृत्यो हमारी प्रजा (संतति॰ वंश परम्परा) को मत हिंसा क
रि और हमारे वीरों (पुत्रों) को मत हिंसि॥७॥

शं वातः शंꣳ हि ते घृणिः शं ते भवन्त्विष्टकाः॥
शं ते भवन्त्वग्नयः पार्थिवासो मा त्वाभिशू-
शुचन्॥८॥

का॰२१॰४॰८॰शंवात इति दो मन्त्रों करि तिन मध्य में न्युप्त अ
स्थिओं को यथाङ्ग (जो अस्थि जिस अङ्ग का तिस अस्थि से
तिस अङ्ग) को कल्पना करि प्राक्शिर पुरुषाकृति करिके ति
स के मध्य में पादमात्री इष्टका को चुप के से रखे॥ द्वे ऋचा वनु-
ष्टुब्बृहत्यौ विश्वेदेवदेवते। हे यजमान वायु तेरा सुखरूप हो॥हि
(पुनः)घृणिः(सूर्यकिरणः) तेरा सु॰इष्टका मध्य में और प्रतिदि-
शा तीनि-तीनि डाली हुई तेरी सु॰हों। और अग्निएँ तेरे सु॰हों।
और पृथिवी में हुए अग्निएँ तुझे सर्वतः न तपावें॥८॥

कल्पन्तां ते दिशस्तुभ्यमापः शिवतमास्तुभ्यं भ-
वन्तु सिन्धवः। अन्तरिक्षꣳ शिवं तुभ्यं कल्पन्तां
ते दिशः सर्वाः॥९॥

दिशाएँ तेरे अर्थ क्लृप्ता होंवें। जल तेरे अर्थ कल्याणकारिणीएँ
होंवें। और सिंधुएँ (समुद्र वा नदिएँ) कल्या॰। अन्तरिक्ष (आका-
श) तेरे अर्थ कल्याणकारि हो। सब दिशाएँ तेरे अर्थ क्लृप्ता हों। आ-
दरार्थं कात्स्न्यार्थं वा पुनर्वचनम्॥९॥

अश्मन्वती रीयते सꣳरभध्वमुत्तिष्ठत प्रतरता सखायः। अत्र जहीमोऽशिवा येऽअसञ्छिवान्वय मुत्तरेमाभि वाजान्॥१०॥

का॰२१.४.२२. गर्त वा पूर्व वर्जित कृषी (जुती) हुई दिशा से मृदा लेकर तिस से विप्र का मुखमित क्षत्रिय का उरोमित वैश्य का ऊरूमित स्त्री का भगमित शूद्र का जानुमित वा सबों का जानुमित ऊंचा श्मशान को करि शैवल और कुशाओं से आच्छादि तिस के दक्षिणतः दो गर्त खोदि दूधजल से सम्पूरि श्मशान के उत्तर में सात ७ गर्तों को खोदि दक्षिणोत्तरों को जल करि पूरि उत्तर गर्तों में अध्वर्यु यजमान अमात्य तीनि पाषाणों को डालि कर अश्मन्वतीरिति मन्त्र करि तिस गर्त के ऊपर चलते हैं॥ विश्वदेवदेवत्या त्रिष्टुप् सुचीकहष्टा। हे मित्रो यह पाषाणवती नदी चलतीहै इस हेतु तुम उतरने के अर्थ प्रयत होओ। उठो (अभिमुखहोओ) प्रकर्षेण तिस नदी को तरो। किमिति क्यों कि इस प्रदेश में जे अशिवाः (अशान्ताः दुष्टा राक्षसादयः) हैं तिन्हें हम परित्याग करते हैं तिन्हों के त्यागने में सुख करों वाजों (अन्न विशेषों) को हम प्राप्त करावेंगे॥१०॥

अ॰ २. अपाघमप किल्बिषमप कृत्यामपो रपः। अपामार्ग त्वमस्मदप दुःष्वप्न्यꣳ सुव॥११॥

का॰२१.४.२३. ते अमात्या यज्ञोपवीतिनः होके जल का उपस्पर्श करि हाथ में लिये अपामार्ग करि अपने शरीर को शोधें केचित् अपामार्गबीजों से उद्वर्तन करें॥ लिङ्गोक्तानुष्टुप् शुनःशेप

दृष्टा दुःस्वप्ननाशनी। हे अपामार्ग तू हमारे सकाश से अघ(मानस पाप) को दूर चलाय। और किल्विष (कीर्तिभेदक कायकपाय) को दूर च॰। कृत्या (परकृत अभिचार) को दूर॰। और रपः (वाचिक पाप) को दू॰। और दुःस्वप्न से उठे असुखरूप फल को हम से दूरि चलाय॥११॥

सुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः॥१२॥

का॰ २१.४.२४. सुमित्रिया इति मन्त्रेण स्नान करि के नूतनवस्त्रों को धारण किये अनड्वाहमिति मन्त्रेण वृषपुच्छ को स्पर्श करि उद्वयमिति मन्त्रेण यजमानामात्या ग्राम को आते हैं यद्यपि यहां सुमित्रिया इस मन्त्र से स्नान कहा तथापि सुमित्रिया इतिजल अञ्जिलि करि लेके दुर्मित्रिया इति शत्रु को सींचे का॰ १९.५.५५. द्वयं विधेयम् (दुर्मित्रिया --- द्विष्म इति यामस्य द्वेष्यः स्यात्तां दिशं परासिञ्चत्तेनैव तं पराभावयतीति १३.८.४.५. श्रुतेः॥ व्याख्याता ६.२२॥१२॥

अनड्वाहमन्वारभामहे सौरभेयꣳ स्वस्तये। स न इन्द्र इव देवेभ्यो वन्हिः संतारणो भव॥१३॥

अनुष्टुप् अनडुद्देवत्या उत्तरोऽर्धर्चः प्रत्यक्षकृतः ततः सर्वनाम्नोऽध्याहारेण सामर्थ्यम्। हम स्वस्ति (अविनाश) के अर्थ अनड्वाह को स्पर्श करते हैं कैसे कि सुरभी के अपत्य को। हे अनड्वन् सो तू हमारा दुःखनाशक हो। किं च तू वन्हि (देवताओं का

वोढा। तत्र दृष्टान्तः जैसे इन्द्र देवताओं के अर्थ तारक है॥१३॥

उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम्। देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्॥१४॥

उद्वयं तमिति ग्राम को आते हैं। व्याख्याता २०।२१॥१४॥

इमं जीवेभ्यः परिधिं दधामि मैषां नु गादपरो अर्थमेतम्। शतं जीवन्तु शरदः पुरूचीरन्तर्मृत्युं दधतां पर्वतेन॥१५॥

का॰२१॰४॰२५॰ स्वनिवासग्राम और श्मशान के मध्य में वडाभारी मृदा का ढेला अध्वर्यु ही रखै॥मृत्युदेवत्या मनुष्यदेवत्या त्रिष्टुप् संकसुकदृष्टा।जीवों (विद्यमान जन्तुओं)के अर्थ परिधि (मर्यादा) को स्थापन करता हूं कथमिति चेत् कि इनजीवों के मध्य में अपर(कोई)क्षिप्र (वेदोक्त आयु से वरें) इस अर्थ (पितृलोक गमनकार्य को उद्देश करि) न जावे। ये जीवाः शतवर्षायुषः हों कैसे शतवर्षायुषः कि पुरूचीः (ज्ञानाध्यनयागानुकूलाः। किंच पर्वत (लोष्ट-ढेले) करि ही मृत्यु को अन्तर्हित करें ये जीवाः॥१५॥

अग्न आयूꣳषि पवस आसुवोर्जमिषं च नः। आरे बाधस्व दुच्छुनाम्॥१६॥

का॰२१॰४॰२६॰ कज्जलादि करि नेत्रों को आंजि तेल से पैरों को चुपरि औपासन करने आवसथ्याग्नि को दर्भों से परिस्तरण करि वारणवृक्ष के अवयवों से चारि ४ परिधिओं को चारों दिशा में चुपके से राखि वारणस्रुवा करि एका आहुति दो २ ऋचा

ओं। से होमें। औपासनः प्रेतस्यैव तस्यैवाद्वारेण निरसनीयत्वा दिति हरिस्वामिनः कर्तुरेवौपासने होम स्तस्यैक देश निरसनमि ति कर्कोदयः॥ व्याख्याता १७॰३८॰॥१६॥

आयुष्मानग्ने हविषा वृधानो घृतप्रतीको घृत योनिरेधि। घृतं पीत्वा मधु चारु गव्यं पितेव पु त्रमभिरक्षतादिमान्त्स्वाहा॥१७॥

अग्निर्देवत्या त्रिष्टुब् वैखानसहृष्टा। हे अग्ने तू ऐसा हो केसा कि आयुष्मान् (चिरंजीवी। तथा हवियों करि वृद्ध। तथा घृत मुख जिस का। घृत उत्पत्तिस्थान जिस का (उत्तरवेद्याधारणा भिप्रायमेतत्। सो तू गो सम्बन्धि घृत को पी कर इन जीवों को समन्तात् रक्षा करि। तत्र दृष्टान्तः जैसे पिता पुत्र को रक्षा क रता है। केसा घृत कि मधुर चारु (सुगन्धि) स्वाहा (सुहुतम स्तु॥१७॥

परीमे गामनेषत पर्यग्निमहृषत। देवेष्वक्रत श्रवः क इमाँ २॥ आदधर्षति॥१८॥

का॰२१॰४॰२७॰ अध्वर्यु यजमानामात्यों का परिदा (रक्षण) संज्ञक मन्त्र परीमे गामिति कहे॥ इन्द्रदेवत्यानुष्टुप् भरद्वा जात्मजशिरिम्बिठदृष्टा। ये जीवलोग गो (अनड्वाह) को प रिणीतवन्तः (अनुडुत्पुच्छालभनाभिप्रायम्। और ये जीवलो ग अग्नि को परिहृतवन्तः (यस्मिन्नग्नावेतत्कर्म कृतं तं परि जहुः (अद्वारेणौपासनं निरस्यतीत्येतदभिप्रायम्। ये देवाः

+ अपरः अप्नुर्दृष्टोसि आयुष्मानग्न इति

(कर्म में प्रकाश करते ऋत्विज:) तिन्हों में ऋव:(दक्षिणालक्षण धन) करते हुए। अत: इन कर्मों से कृतकृत्य हुए इन जीवों को कौन तिरस्कार करने को समर्थ होगा (अशक्यप्रतिक्रिया ये हुए इति भाव: ॥१८॥

क्रव्यादमग्निं प्रहिणोमि दूरं यमराज्यं गच्छतु रिप्रवाह:। इहैवायमितरो जातवेदा देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन् ॥१९॥

का॰ २१·४·२८· आहुतिहोम के अनन्तर जहां हुता तिस औपासन के एकदेश को निरसै·प्रेत का ही उपासन इस पक्ष में सब को निरसै क्रव्यादमित्यर्धेन ॥ अग्निदेवत्या त्रिष्टुप्। जिस करि पुरुष जलता है तिस क्रव्याद अग्नि को अपुनरागमन के अर्थ दूर पहुंचाता हूं वोह गया हुआ क्रव्यादाग्नि यम के राज्य प्रति जावै कैसा कि रिप्रवाह: (पाप का नाश करने हारा ॥ का॰ २१·४·२९· इहैवायमिति यजमान जपै ॥ यह क्रव्यादाग्नि से इतर (अन्य) जातवेदा: (जात:प्रज्ञानोऽग्नि:) इस घर में देवताओं के अर्थ हवि को प्राप्त करै क्या करिके कि अपने अधिकार को जानिकर ॥ ॥इति पितृमेध: समाप्त:॥ उपधानासन्दी वृषभ अजीर्णयवों को तिस के दक्षिणात्व करि देवै जो इच्छा होतो सुवर्णादि भी देवै ॥१९॥

वह वपां जातवेद: पितृभ्यो यत्रैनान्वेत्थ निहितान्पराके। मेदस: कुल्या उप तान्स्रवन्तु सत्या ए-

षामाशिषः संनमन्ताथं स्वाहा ॥२०॥

जातवेदोदेवत्या त्रिष्टुप्। अस्या विनियोगः श्रौत सूत्रे नास्ति गृह्यसूत्रेऽस्ति तथा हि पारस्कर॰३-३॰ मध्यमाष्टका गोपशु करि करियें है तिस धेनु की वपा को होमे वहवपामिति मन्त्रेण॥ हे जातवेदः (जान है धन जिस सें) पितरों के अर्थ तू वपा (धेनुसम्बन्धिनी चर्मविशेष) को प्राप्त करि। पराक्रान्त (दूरभी) जिस देश में स्थापितों इन पितरों को तू जानता है तहां प्राप्त करि इत्यर्थः। तिस वपा सें निकले मेद (धातुविशेष) की कुल्याः (नदियें) तिन पितरों प्रति उपस्रवें (प्रसरें। किंच इन देनेहारों के आशिषः (मनोरथाः) सत्याः अवितथाः) प्रह्वीहों। स्वाहा (सुहुतमस्तु। स्वाहेति ऋग्भिन्नं यजुः॥२०॥

स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरा निवेशनी। यच्छा नः शर्म सप्रथाः॥ अप नः शोशुचदघम्॥२१॥

पृथिविदेवत्या गायत्री मेधातिथिदृष्टा। अस्या अपि श्रौते विनियोगो नास्ति स्मार्ते प्रस्तरारोहणे शयने विनियोगः। तथा हि पारस्कर॰३-२॰ स्योना पृथिविनो भवेति दक्षिण करवट करि पूर्व में शिर करिके शयन करै॥ हे पृथिवि तू हमारी सुखरूपा हो। कैसी है तू कि अनृक्षरा (नहीं हैं चोर काँटे दुखदायि जिस में। तथा निवेशनी (साधु प्रतिष्ठाना। तथा सप्रथाः (सर्वतः विस्तारसहित। किंच हमारे अर्थ शर्म (शरण) दे॥ अतः परं यजुः तद्विनियोगो गृह्यसूत्रे सम्बन्धिमरणनिमित्ते स्नाने जलापनोदने तथा हि पारस्कर॰३-१०॰ सव्यस्यानामिकया अपनोद्यापनः शोशुचदे-

यमिति। यह जल हमारे पाप को अत्यन्त दहै॥२१॥

अस्मात्त्वमधि जातोऽसि त्वदयं जायतां पुनः।
असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा॥२२॥

इति संहितायां द्वितीयोऽनुवाकः२

इतिश्री शुक्लयजुषिमाध्यन्दिनशाखीयायां वाजसनेयसंहितायां दीर्घपाठे पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ३५

का॰२५॰७॰३७॰ साग्निक की पात्र प्रतिपत्ति के अन्त में दाह से पूर्वे पुत्र वा भ्राता वा अन्य ब्राह्मण आज्याहुति को होमें॥ अग्नि देवत्यागायत्री अनिरुक्ता। हे अग्ने तू इस यजमान से आधान काल में अधि उत्पन्न है। इस हेतु यह यजमान तुझ से उत्पन्न हो। असाविति विशेषनाम वचनः तथा हि देवदत्त स्वर्गलोक की प्राप्त्यर्थ तुझ से उत्पन्न हो। तेरा वंश ही हो इतिभावः। स्वाहा सुहुत मस्तु॥२२॥

इति श्री गिरिधर भाष्ये द्वितीयोऽनुवाकः२

श्रीवेदार्थप्रदीपेन नमोहार्दं निवारयन्। धुमार्थांश्चतुरोदेयाद्रमाधीशोगदाधरः ३५

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनीय शाखाध्येतृव्याघ्रपादान्वय विश्वामित्र पुराधिप श्रीमज्जयकिशोर देववर्म्मात्मज रौक्मिणेयनृपति गिरिप्रसादेन रचिते श्री वेदार्थ प्रदीपे गिरिधरभाष्ये पितृमेध वर्णनो नाम पञ्चत्रिंशोऽध्यायः॥३५॥ ॥आदितोऽनुवाकसंख्या॥३५॥

इतिसर्वानुक्रमणिभाष्येगिरिप्रसादरचितेचतुर्थाध्यायस्यचतुर्थःखण्डः४॥

आश्विनस्यासितेपक्षेऽमावायांवुधवासरे॥ ग्रहनेत्राङ्कभूवर्षे रिवल्यमन्त्राः समागमन् ॥ अतःपरं पञ्चभिरध्यायैः शुक्रमन्त्राभविष्यन्ति॥

अथ संक्षेपतः खिल्यमन्त्राणां सूचीपत्रम्

विश्वामित्रपुरीपनवलदुर्गस्थव्याघ्रपादप्रकाशकाश्मयन्त्रालये मुद्रितम्
विक्रमाब्दाः १९२९ शकाब्दाः १७९४ चैत्रकृष्ण ७ भृगुवार ॐ शान्तिः ३

हरिःओम्

ओंनमोयज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकं द्विरूपं च साधनैर्बहुरूपकम्
स्वानन्ददायकं कृष्णं ब्रह्मरूपं परं स्तुमः ३६

ऋचं वाचं पञ्चाध्यायी दध्यङ्ङाथर्वणो ददर्श
आद्योऽध्यायः शान्त्यर्थो वैश्वदेवः

अ० १ ऋचं वाचं प्रपद्ये मनो यजुः प्रपद्ये साम प्राणं प्रपद्ये
चक्षुः श्रोत्रं प्रपद्ये। वागोजः सहौजो मयि प्राणापानौ ॥१॥

दध्यङ्ङाथर्वणं नत्वा नासत्यौ च पुरंदरम्
वेदे पञ्चभिरध्यायैः शुक्रभाष्यं तनोम्यहम्

पञ्चाध्यायी अथर्वण के पुत्र दधीच ने देखी (दध्यङ्ह वा ऽआथर्वण एतर्ठं शुक्रमेतं यज्ञविदां चकारेति १४·१·१·२०·श्रुतेः) उग्रश्चेत्यग्नि को मन्त्रः ३९·७· अग्निर्ठंहृदयेनेत्यादि अध्याय समाप्ति पर्यन्त आश्वमेधिक हैं ३९·८–१३·तिन दोनों को छोडि कै॥का० २६·७·५८· प्रवर्ग्याचरण की आदि और अन्तमें ऋचं वाचमिति अध्याय करि शान्ति करण करना स्वाध्याय मन्त्र पाठ प्रवर्ग्य मन्त्रों की आदि में इस अध्याय के दर्शन से। अत एवोक्तम् का० अनुक्रम०४·५·॥

ओंनमोयाज्ञवल्क्याय

गिरिप्रसादसंज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीपके

अध्यायः शान्तिपाठार्थः षट्त्रिंᳪंशोऽयंसमीर्यते ३६॰

अध्यायो विश्वदेवदेवत्यः। पञ्च यजूᳪंषि लिङ्गोक्तदेवत्यानि। ऋग्रूपावाचा को मैं प्रपद्ये (प्रवेश करता॰ शरण जाता हूं। यजुरूप मन को प्र॰। प्राणरूप साम को प्र॰। चक्षु इन्द्रिय और श्रोत्रेन्द्रिय को प्र॰(वागादिकों का ग्रहण सप्तदशावयवोपलक्षण है अर्थात् सप्तदशावयव प्रजापति के लिङ्ग को प्र॰ भाव यह है कि त्रयीविद्या और लिङ्गशरीर को प्रवेश हुए प्रवर्ग्य नहीं नाश करै। तथा वागिन्द्रिय ओज (मानसबल धार्ष्ट्य) और पुनः ओजो ग्रहण से शरीर बल है और प्राणपानौ (उच्छ्वासनिश्वासवायू) एते एकीभूताः सन्तः मुरुविषें वर्त्ते हैं। अतोऽपि प्रवर्ग्य हम लोगों को न मारै इतिभावः॥१॥

यन्मे छिद्रं चक्षुषो हृदयस्य मनसो वातितृण्णं बृहस्पतिर्मे तद्दधातु। शं नो भवतु भुवनस्य यस्पतिः॥२॥

बृहस्पतिदेवत्या पङ्क्तिः। प्रवर्ग्याचरण करि इति शेषः। मेरी चक्षुरिन्द्रिय का जो छिद्र (अवखण्डन) हुआ। हृदय वा बुद्धि का जो छिद्र हुआ। मन का वा जो अतितृण्ण (अतिहिंसन। प्रवर्ग्याचरण करि जो चक्षु बुद्धि मन का व्याकुलत्व हुआ बृहस्पति (देवगुरु) मेरे तिस छिद्र और अतितृण्ण को दधातु (संदधातु छिद्र को निवर्त्त करै। भूतजात का जो अधिपति प्रवर्ग्यरूपो यज्ञः सो

हमारे को सुख रूप हो। अर्थात् बृहस्पति करि छिद्रापाकरण से प्रवर्ग्य कल्याण रूप हो॥२॥

भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्॥३॥ +भू-स्वः। अ॰। त-त्राइ॰॥

कया नश्चित्र आभुवदूती सदावृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥४॥

कस्त्वा सत्यो मदानां मंहिष्ठो मत्सदन्धसः। दृढा चिदारुजे वसु॥५॥

अभी षु णः सखीनामविता जरितॄणाम्। शतं भवास्यूतिभिः॥६॥

भूर्भुवः स्वः त्रीणि यजूंषि॰ तत्सवितुः॰ कया नः॰ कस्त्वा॰ अभीषु णः॰ एताश्चतस्र ऋचो व्याख्याताः ३॰ ३५॰ २७॰३९–४१॰ अभी षु ण इति इस ऋचा में शतं भवास्यूतिभिः यह बहुवचन है पहिले ऊतये यह पाठ था। ऊतिभिः (अवनों के हेतुओं से) शत (असख्य) रूप है॥३॥४॥५॥६॥

कया त्वं न ऊत्याभि प्रमन्दसे वृषन्। कया स्तोतृभ्य आभर॥७॥

इन्द्र देवत्या गायत्री अनिरुक्तेन्द्रपदहीना। हे वृषन् (सेक्तः इन्द्र) किस ऊति (तर्पण हविर्दान) करि हम लोगों को सर्वतः तृप्त+ करता है। और किस ऊति करि स्तुति करनेवाले यजमानों के अर्थ आहरण करता है धन देने को इति शेषः तिन दोनों करि तैसे

+ मदि- स्वप्ने जाड्ये मदे मोदे स्तुतौ गतौ

हम करते हैं इति भावः॥७॥

इन्द्रो विश्वस्य राजति। शं नो॑ऽअस्तु द्विपदे शं चतुष्पदे॥८॥

द्विपदा विराट्। जगत का इन्द्र (परमेश्वर महावीर वा आदित्य) राजति (प्रकाशे वा ईश्वर है। सो हमारे द्विपदों (पुत्रादिकों) का सुख रूप हो और चतुष्पदों (गवादिकों) का सुखरूप हो॥८॥

शं नो मित्रः शं वरुणः शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः शं नो विष्णुरुरुक्रमः॥९॥

द्वे अनुष्टुभौ। महावीर के प्रसाद से मित्र (भक्तों में स्नेह रखता है) देव हमारा सुखरूप हो। वरुण (अङ्गी करता है भक्त को) सुख॰। अर्यमा (चलता है भक्त प्रति) हमा॰। इन्द्र (देवेश) हमा॰। बृहस्पति (देवगुरु-वेदों का पालक) सुख॰। विस्तीर्ण है पादन्यास जिस का वोह विष्णु (व्याप्त) हमारा॰॥९॥

शं नो वातः पवताᳬं शं नस्तपतु सूर्य्यः। शं नः कनिक्रदद्देवः पर्जन्यो॑ऽअभिवर्षतु॥१०॥

वायु हमारा सुखकारी (अपरुष और अव्याधिजनक) वहै। सूर्य (प्रेरणा करता है जनों को अपने-अपने व्यापार में) सुखरूप (अदहन और भेषजरूप) हमारे को किरिणें प्रसारे। पर्जन्य (पूरता है जल को वा पहिले उत्पन्न होता है जल इस करि-पर्जन्य शोदेवः) हमारा सुखकर (काष्ठानिक्षार रहित जैसे तैसे) सर्वतः सींचे। कैसा कि कनिक्रदत् (अत्यन्त शब्द करता॥१०॥

अहानि शं भवन्तु नः शᳫं रात्रीः प्रतिधीयताम्। शं न इन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न इन्द्रावरुणा रातहव्या। शं न इन्द्रापूषणा वाजसातौ शमिन्द्रासोमा सुविताय शं योः॥११॥ †

द्विपदागायत्री। दिन हमारे सुखरूप हों रात्रीः सुखरूपाः हमारे विषें प्रति स्थापन करे महावीर इति शेषः॥ शं न इन्द्राग्नी त्रिष्टुप्। इन्द्राग्नी पालनों करिके हमारे सुखरूप होवें। हविस्तृप्तौ इन्द्रावरुणौ हमा॰। अन्न के दान निमित्तभूत में इन्द्रपूष संज्ञो देवौ हमा॰। इन्द्रसोमौ देवौ सुख॰। किमर्थम् कि सुविताय (साधुगमन वा साधु प्रसव के अर्थे। तथा शं (रोगों के शमन के अर्थे। योः भयों के पृथक्करण के अर्थे। अर्थात् रोग और भय को निवर्त करि सुखरूपौ हों॥११॥

शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शं योरभिस्रवन्तु नः॥१२॥

गायत्री। दीप्यमाना जल हमारे अभिषेक वा अभीष्ट और पान के अर्थ सुखरूपा हों (हमारे स्नान और पान में जल सुखप्रियो होवें। जल रोगों का शमन और भयों का पृथक्करण अभिस्रवें अर्थात् भय रोगनाश करें॥१२॥

स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरा निवेशनी। यच्छा नः शर्म सप्रथाः॥१३॥

आपो हि ष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन। महे

† अ॰ मू॰ अ॰। शं॰ यो॰। दू॰॥११॥

रणाय चक्षसे ॥१४॥
यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उश॒
तीरिव मातरः ॥१५॥
तस्मा ऽअरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ।
आपो जनयथा च नः ॥१६॥

स्योना पृथिवि। व्याख्याता ३५.२१.॥ आपो हिष्ठा। तृचो व्याख्यातः ११.५०—५२.॥१३॥१४॥१५॥१६॥

अ॰ २॰ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षꣳ शान्तिः पृथिवी शान्ति
रापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शा
न्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वꣳ शान्तिः
शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि॥ १७॥

यजूꣳषि संदृशि जीव्यासमित्यन्तानि क॰१९.। द्युलोकरूपा जो शान्ति और अन्तरिक्षरूपा जो शान्ति भूलोकरूपा जो शान्ति जलरूपा जो शान्ति ओषधिरूपा जो शान्ति वृक्षरूपा जो शान्ति सर्वदेवरूपा जो शान्ति ब्रह्म (त्रयीलक्षण वा परं तिस) रूपा जो शान्ति सर्वजगद्रूपा जो शान्ति स्वरूप से ही जो शान्ति वोह शान्ति मुझ प्रति हो। अर्थात् महावीर प्रसाद से सब शान्तिरूप मुझ प्रति हो। यद्वा दिवि अन्तरिक्ष पृथिवि इत्यादिकों में जो शान्ति वोह मुझ प्रति हो † ॥१७॥

दृते दृꣳह मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूता
नि समीक्षन्ताम्। मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि

† सप्तम्यर्थ प्रथमा विभक्तिव्यत्ययः।

भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे॥१८॥

दृते (दृ विदारे विदीर्णे जराजर्जरितेऽपि शरीरे) हे महावीर मुझे तू दृढी करि यद्वा दृते (विदीर्ण कर्म विषें) मुझे दृढी (अच्छिद्र कर्म) करि यद्वा ससुषिरत्व और सेक्तृत्व से दृति शब्द करि महावीर है: हे दृते (महावीर) मुझे दृढी करि। कथं दार्ढ्यं तदाह, सब प्राणी मुझे मित्र की आंख से देखें न बैरी की दृष्टि से अर्थात् सबों का प्यारा होऊं। किं च मैं भी सब भूतों को मित्र की आंख से देखूं (सब मेरे प्यारे हों। मित्रचक्षु: शान्त होती है मित्र किसी को नही मारता और मित्र को कोई नही मारता एवं परस्पर अद्रोह करि सबों को न मारते मित्र की आंख से हम देखते हैं॥१८॥

दृते दृꣳह मा। ज्योक्ते संदृशि जीव्यासं ज्योक्ते संदृशि जीव्यासम्॥१९॥

हे दृते (वीर) मुझे दृढी करि+। हे महावीर तेरे संदर्शन विषें मैं ज्योक् (चिर) जीऊं। पुनरुक्तिरादरार्था॥१९॥

+ आदरार्थं पुनर्वचनम्।

नमस्ते हरसे शोचिषे नमस्तेऽअस्त्वर्चिषे। अन्याँस्तेऽअस्मत्तपन्तु हेतयः पावकोऽअस्मभ्यꣳ शिवो भव॥२०॥

व्याख्याता १७॰११॰॥२०॥

नमस्तेऽअस्तु विद्युते नमस्ते स्तनयित्नवे। नमस्ते भगवन्नस्तु यतः स्वः समीहसे॥२१॥

हे अनुष्टुभौ। हे भगवन् (महावीर) तुझ विद्युद्रूप के अर्थ नम-

स्कार हो तेरे तिस गर्जितरूप के अर्थ नम॰। जिस कारण से स्वर्ग जाने के लिये तू चेष्टा करता है इस हेतु तेरे अर्थ नमस्कार हो॥२१॥

यतो-यतः समीहसे ततो नो ऽअभयं कुरु। शं नः कुरु प्रजाभ्यो ऽभयं नः पशुभ्यः॥२२॥

हे महावीर जिस कारण-जिसकारण दुश्चरित से तू हमारे विषें अप करने के लिये चेष्टा करता है तिसकारण-तिसकारण से हमें अभय करि। किं च हमारी प्रजा के अर्थ सुख करि और हमारे पशुओं के अर्थ अभय करि॥२२॥

सुमित्रिया न ऽआप ऽओषधयः सन्तु दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः॥२३॥

यजुः। व्याख्यानम् ६-२२॥२३॥

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतꣳ शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्॥२४॥

इति संहितायां द्वितीयोऽनुवाकः२

इति श्री शुक्लयजुषि माध्यन्दिन शाखीयायां वाजसनेयसंहितायां दीर्घपाठे षट्त्रिंशोऽध्यायः॥३६॥

सूर्यदेवत्या (अक्षरातीत) पुर उष्णिक् छन्दस्का। इन मन्त्रों करि जो महावीर हमलोगों नें स्तुति किया वोह चक्षुः (जगत के नेत्रभूत आदित्यरूप को) पूर्व की दिशा में उदय करता है। कैसा वोह कि

देवहित (देवताओं करि स्थापित वा देवताओं का प्यारा) शुक्र (पापासंस्पृष्ट वा शोचिष्मत्) तिस के प्रसाद से शत १०० शरद + (वर्ष) हम देखें (शतवर्षपर्यन्त हम अव्याहत चक्षुरिन्द्रिया होंवें। शत शरद अपराधीनजीवना होंवें। शत शरद स्पष्ट श्रोत्रेन्द्रिया होंवें। शत शरद अस्खलित वागिन्द्रिया होंवें। शत शरद किसी के भी अगाडी दैन्य न करें। और शत शरद के ऊपर भी बहुत काल तक पश्येमेत्यादि योज्यम् ॥ २४ ॥

+ शत वर्ष में शत शरद होती हैं

इति भाष्ये द्वितीयोऽनुवाकः २

श्री वेदार्थ प्रदीपेन तमो हार्दं निवारयन्
पुमार्थांश्चतुरो देयाद्विश्वदेवाऽधिपः स्वयम् ३६

श्रीमच्छुक्लयजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनीय शाखाध्येतृ व्याघ्रपादान्वय विश्वामित्र पुराधिपति श्रीमज्जयकिशोर देव वर्म्मात्मज रौक्मिणेय नृपति गिरिप्रसादेन रचिते श्री वेदार्थ प्रदीपे गिरिधरभाष्ये शुक्रियायां शान्तिपाठ वर्णनो नाम षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

हरिः ओम्

ॐ नमो यज्ञपुरुषाय

पञ्चात्मकं द्विरूपं च साधनैर्बहुरूपकम्
स्वानंददायकं कृष्णं ब्रह्मरूपं परं स्तुमः १

अ॰ १॰ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। आददे नारिरसि ॥ १ ॥ +

+ दे-म्। अ॰। आ-सि। ई॰॥ १॥

युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः। वि होत्रा दधे वयुनाविदेक इन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः स्वाहा॥२॥

ओं नमो याज्ञवल्काय

गिरिप्रसाद संज्ञेन श्रीवेदार्थप्रदीपके॥

अभ्र्यादिरौहिणान्तोऽयं सप्तत्रिंशो निरूप्यते ३७

का॰ २६·१·३ उदुम्बरतरूत्था वा विकङ्कततरूत्था हस्त प्रमाण अभ्रि को देवस्य त्वा नारिरसीति मन्त्र से ले वाम हस्त में तिसे करिके दक्षिणहस्त से स्पर्श करि युञ्जते मन इति मन्त्र को जपे॥ देवस्य त्वा आ–बृ॰ सावित्रम्। आददे॰ अभ्रिदेवत्यं दे–ज॰ हे अभ्रे सविता देवता की आज्ञा में स्थित अश्विनीकुमारोंकी बाहुओं पूषा के हाथों से तुझे ग्रहण करता हूं और तू नारि (स्त्री नाम्नी) है॥ युञ्जते मनः। व्याख्याता ५·१४·॥१॥२॥

देवी द्यावापृथिवी मखस्य वामद्य शिरो राध्यासं देवयजने पृथिव्याः। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे॥३॥ दे–द्या॰। अ॰म–शी॰ई॰॥३॥

का॰ २६·१·४· अध्वर्युः देवीति मन्त्र करि बिघण मृत्पिण्ड को लेवे पिण्डवदिति पाणिओं से ग्रहण करे दक्षिणः साभ्रिरिति लभ्यते इति सूत्रार्थः॥ देवीति यजुः। मखायेति या–पं॰ देवी–शीर्ष्णे ब्रा–गा॰ द्यावापृथिवीदेवतम्। हे देवी (दीप्यमाने) द्यावा पृथिव्यो इस दिन में पृथिवी के देवयजनस्थान में मख (यज्ञ) का

शिर राध्यासम् + (साधन सिद्ध करता हूं। महावीरो यज्ञशिरः। क्या करिके कि तुम द्यावा पृथिवीओं (दिवों शा जल पृथिव्यं शम् द) को लेके इत्यर्थः। एवं द्यावा पृथिव्यौ प्रार्थ्य मृदमाह हे मृत् मख (यज्ञ) के अर्थ तुझे ग्रहण करता हूं। एवं सामान्येनोक्त्वा विशेषमाह मख (यज्ञ) के शिर (महावीर) के अर्थ तुझे ग्रहण करता हूं इति शेषः। तिस मृत्पिण्ड को उत्तरस्थापित कृष्णाजिन पर स्थापन करे॥३॥

+ राध॰साध के संसिद्धौ।

देव्यो वम्र्यो भूतस्य प्रथमजा मखस्य वोऽद्य शिरो राध्यासं देवयजने पृथिव्याः। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे॥४॥ + दे-व्याः। अ॰। म-र्ष्णे। कृ॰॥४॥

का॰ २६॰१॰५॰६॰ देव्यो-शीर्ष्णे। उपदीकृतो मृत्संचयः (वल्मीकः) तिस की वपा तिस के मध्यस्थ लोष्ट को लेके कृष्णाजिन पर मृत्पिण्ड से उत्तर में चुपके से स्थापन करे॥ देव्यो॰ यजुः। मखाय॰ या-पं॰। देव्यो-शीर्ष्णे आर्षी पंक्तिः। हे देव्यो (दीव्यमानाः) वम्र्यः (उपजिह्विकाः) तुम्हें लेके पृथिवी के देव॰- करता हूं। कैसी हो तुम कि भूत (प्राणिजात) की प्रथमजाः (प्रथमोत्पन्नाः) पृथिवी जन्तुओं की प्रथमजा तिस सम्बन्ध से वम्र्यः भी प्रथमजा कहियें हैं॥४॥

इयत्यग्र आसीन्मखस्य तेऽद्य शिरो राध्यासं देवयजने पृथिव्याः। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे॥५॥+

का॰ २६॰१॰७॰ इयत्यग्र इति वराहोत्खातमृदा को ले चुपके से कृष्णाजिन पर वल्मीकवपा के उत्तर में स्थापन करे॥ इयतीति

+ इ-व्याः। अ॰म-र्ष्णे। वृ॰॥५॥

आर्ची अ०। मखायेति या-पं०इय-शीर्ष्णे·ब्रा-गा० वराहविहतमृद्देवत्यं। हे पृथिवि भवती आदि (वराहोद्धरणसमय) में इयती (प्रादेशमात्री +) थी तुम्हें पृथिवि के देवयजन स्थान में०-करता हूं॥ मखायेति व्याख्यातम्॥५॥

इन्द्रस्यौज स्थ मखस्य वोऽद्य शिरो राध्यासं देवयजने पृथिव्याः। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे॥६॥ +

का०२६·१·८·पूतीकों (रोहिषतृणों) को इन्द्रस्येत्यादिशीर्ष्णेइत्यन्त ले चुपके से कृष्णाजिन पर वराहविहत के उत्तर में स्थापन करे॥ इन्द्रस्य-शीर्ष्णे आदार देवत्यम् ऋक्त्रिष्टुप्। हे पूतीकाओ तुम इन्द्र का ओज (तेजरूप) हो तुम्हें लेकर पृथिवी के देव यजन में यज्ञ का शिर सिद्धि करता हूं मख के अर्थ तुम्हें ग्रहण करता हूं और मख के शिर (महावीर) के अर्थ ग्रहण करता हूं॥ का०२६·१·९·मखायेति पय लेकर चुपके से कृष्णाजिन पर स्थापन करे॥ या-पं०पयोदेवत्यम्। हे पय मख के अर्थ मखशिर के अर्थ तुम्हें ग्रहण करता हूं॥ का०२६·१·१०· चुपके से गवेधुका भी ग्रहण करियें हैं॥ का०२६·१·११· मखायेति सम्भृत सम्भारों को हाथ से स्पर्श करे॥ या-पं०सम्भार देवत्यम्। हे सम्भारओ मख और मखशिर के अर्थ तुम्हें स्पर्श करता हूं॥६॥

प्रैतु ब्रह्मणस्पतिः प्र देव्येतु सूनृता। अच्छा वीरं नर्यं पङ्क्तिराधसं देवा यज्ञं नयन्तु नः। मखाय त्वा मख

+ इयती ह वा ऽ इयमग्रे पृथिव्यास प्रादेशमात्रीत्यादि वगाह उज्जघानेति १४·१·२·११·श्रुतेः।

+ ब्र-ब्या:। अ०। म-षों। बृ०॥६

स्य त्वा । शीर्ष्णे मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे ।
मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे ॥ ७ ॥ +

मैतु ७ मखस्य ८ अम्बस्य ९ ऋजवेत्वा १० यमाय त्वा देवस्त्वा अर्चिरसि ११ घर्मदेवत्यानि (यो घर्मः स आदित्यो य एव तपति ॥ का० २६ । १ । १२ अध्वर्यु प्रति प्रस्थाचाद्यः कृष्णाजिन को समन्तात् लेकर मैत्विति जपते हुए अन्तःपात्य से उत्तर में परिवृत (पञ्चारत्निमितः समचतुरस्रः प्राग्द्वारः सिकतोपकीर्णः पूर्वमेव किये सप्तभूसंस्कारसंस्कृतः छाये हुए प्रदेश) प्रति जावें ॥ बृहती । व्याख्याता ३३ । ८९ ॥ का० २६ । १ । १३ । १४ अध्वर्यु कृष्णाजिनस्थों ही सम्भारों को मखायेति परिवृत में स्थापन करें कैसे परिवृत्त कि उल्लिखित जलसिक्त (ये दो संस्कार पञ्चसंस्कारों से अधिक हैं) और सिकतायुक्त प्राग्द्वार में इति सूत्रार्थः ॥ हे सम्भारो मख के अर्थ तुम्हें स्थापन करता हूं ॥ का० २६ । १ । १५ मखायेति गवेधुका अजापय पृथक् करिके वल्मीकवपादि तीनि सम्भारों करि मृत्पिण्डको मिश्रित करें ॥ हे सम्भारओ तुम्हें मख के अर्थ मृत्पिण्ड करि संयुक्त करता (मिलता) हूं ॥ का० २६ । १ । १६ महावीरपर्याप्त चुपके से मृदा लेकर मखायेति मन्त्रेण महावीर करें कैसा कि प्रादेशोच्च गर्तवन्त मेखलायुत मध्य में संकुचित मेखला के ऊपर तीनि अङ्गुल ऊंचा इति सूत्रार्थः ॥ हे महावीर मख और तिस के शिर के अर्थ तुम्हें करता हूं ॥ ७ ॥

मखस्य शिरोऽसि । मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे ।

+ वै० न० । अ० ५ ब्रा० श्री० सू० ॥ ७ ॥

मखस्य शिरोऽसि। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे।
मखस्य शिरोऽसि। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे।
मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य
त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे॥८॥

यजु॥ का०२६·१·१७·वामकरस्थ निष्पन्न महावीर को मखस्य शिर इति स्पर्श करे॥ मखस्य शिरोऽसि या—गा०। हे महावीर तू मख का शिर है॥ का०२६·१·१९·इतर दो महावीरों को प्रतिमन्त्र वैसे ही करे और स्पर्श करे॥ मखाय॰ दूसरे महावीर को करता हूं। मखस्य॰ निष्पन्न को स्पर्श करता हूं॥ मखाय॰ तीसरे महावीर को करता हूं। मखस्येति निष्पन्न को स्पर्श करे +। मख का शिर है मख के अर्थ तुम्हे मख के शिर के अर्थ तुम्हे स्पर्श करता हूं॥ का०२६·१·२२·गवेधुकाओं से तीनों महावीरों को रगड कर सचिक्कण करे मखायेति प्रतिमन्त्र से एक-एक को॥ मख और मख के शिर के अर्थ तुम्हे गवेधुकाओं करि श्लक्ष्ण करता हूं॥ एवमग्रिमौ मन्त्रौ॥८॥

अश्वस्य त्वा वृष्णः शक्ना धूपयामि देवयजने पृथिव्याः। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। अश्वस्य त्वा वृष्णः शक्ना धूपयामि देवयजने पृथिव्याः। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। अश्वस्य त्वा वृष्णः शक्ना धूपयामि देवयजने पृथिव्याः। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय

+ तीसरे महावीर के स्पर्श में मखस्य॰ मखाय॰ दोनों पढ़े।

त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे॥९॥+

का॰२६॰१॰२३॰ दक्षिणाग्नि करि दीप्त अश्वपुरीष से तीनों मन्त्रों करि तीनों महावीरों को धूपै एक-एक धूपने में सात-सात अश्वलेण्ड ग्रहण करे॥ अश्वस्य॰प्रा-बृ॰हे महावीर पृथिवि के देवयजन स्थान में मख और मखशिर के अर्थ सेक्ता अश्व के पुरीष करि तुझे धूपन करता हूं॥ एवं इतरमन्त्रों से इतर दोनों को का॰२६॰१॰२४॰मखायेति तीनों मन्त्रों से तीनों महावीरों को पिन्वन रौहिणों सहित उखावत् अपे (पकावे॥ मख और मखशिर के अर्थ तुझे निर्दह करता हूं॥ एवं इतरौ॥९॥

ऋजवे त्वा साधवे त्वा सुक्षित्यै त्वा। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे। मखाय त्वा मखस्य त्वा शीर्ष्णे॥१०॥+

का॰२६॰१॰२५॰ पक्व महावीरों को अपाकादिव उद्धार करे (निकाले तीनि मन्त्रों से॥ ऋजवे त्वा तिस्रो हैं-बृ॰ ऋजवे प्रथमम्। असौ लोक ऋजुः तत्र सत्यमेव न तु कौटिल्यम्। सत्यमादित्यः हे महावीर ऋजु (सत्य-आदित्य) के अर्थ तुझे उद्वपन करता हूं इति शेषः तथा च श्रुतिः १४॰१॰२॰२२॰ स उद्वपेत्युजवे त्वेत्यसौ वै लोक ऋजुः सत्यꣳ ह्यृजुः सत्यमेष य एष तपत्येष उ प्रथमः प्रवर्ग्यस्तदेत मेवैतत्प्रीणाति तस्मादाहर्जवे त्वेति॥ अथ द्वितीयम् साधवे त्वा। साधु (वायु) की प्रीति के अर्थ तुझे उद्वप॰। तथा च श्रुतिः

+ अ-व्याः। अ॰। म-र्ष्णे। इ॰। अ-व्याः। उ॰। म-र्ष्णे। ऋ॰। अ-व्याः। तृ॰। म-र्ष्णे। आ॰॥९॥
+ ऋ-त्वा। अ॰। सा-त्वा। इ॰। सु-त्वा। उ॰। म-र्ष्णे। ऋ॰॥१०॥

१४॰१॰२॰२३॰ साधवे त्वेत्ययं साधुर्योऽयं पवत एष हीमां लो-
कान्त्सिद्धोऽनुवत एष उ द्वितीयः प्रवर्ग्यस्तदेतमेवैतत्प्रीणा-
ति तस्मादाह साधवे त्वेति॥ अथ तृतीयम् सुक्षित्यै त्वा सुष्ठु
क्षियन्ति निवसन्ति सर्वभूतानि यस्यां सुक्षितिः(भूमिः) तथा
च श्रुतिः १४॰१॰२॰२४॰सुक्षित्यै त्वेत्ययं वै लोकः सुक्षितिरस्मि-
न्हि लोके सर्वाणि भूतानि क्षियन्त्यथोऽग्निर्वै सुक्षितिरग्निर्ह्य-
स्मिं लोके सर्वाणि भूतानि क्षियन्त्येष उ तृतीयः प्रवर्ग्यस्तदेत-
मेवैतत्प्रीणाति तस्मादाह सुक्षित्यै त्वेति॥ का॰२६॰१॰२६॰ अ-
जापय करि तीनों महावीरों को सींचै मखाय त्वेति प्रति म-
न्त्र से॥ मख और मखशिर के अर्थ अजापय करि तुझे सींच-
ता हूं॥ एवमितरौ द्वौ॥१०॥ इतिमहावीरसम्भरणं समाप्तम्॥

अ॰२॰ यमाय त्वा मखाय त्वा सूर्यस्य त्वा तपसे। दे-
वस्त्वा सविता मध्वानक्तु पृथिव्याः सᳬस्पृश-
स्पाहि। अर्चिरसि शोचिरसि तपोऽसि॥११॥+

का॰ २६॰२॰१३॰ प्रचरेति ब्रह्मा से आज्ञा पाया अध्वर्यु बैठि
कर यमायत्वेति तीनि मन्त्रों करि प्रचरणीय महावीर को ती-
निवार प्रोक्षण करै॥ ह्व दे-बृ॰ तृतीया दे-ज॰ यमयति (नि-
यच्छति) सर्वमिति यम(आदित्य) तिस की प्रीति के अर्थ तुझे
प्रोक्षण करता हूं तथा च श्रुतिः १४॰१॰३॰५॰सप्रोक्षति यमाय
त्वेत्येष वै यमो य एष तपत्येष हीदᳬसर्वं यमयत्येतेनेदᳬ
सर्वं यतमेष उ प्रवर्ग्यस्तदेतमेवैतत्प्रीणाति तस्मादाह यमाय

+ य-त्वा। अ म-त्वा। इ॰ सू-सी। उ॰ दे-तु। त्र॰ पृ-हि। लृ॰ अ-सि। आ॰॥११॥

त्वेति॥ मखाय त्वा। मख (यज्ञ-सूर्यरूप प्रवर्ग्य) की प्रीति के अर्थ तुम्हें प्रोक्षण करता हूं। तथा च श्रुतिः १४·१·३·५· एष वै मखो य एष तपत्येष उ प्रवर्ग्यस्तदेतमेवैतत्प्रीणाति तस्मादाह मखाय त्वेति॥ सूर्यस्य त्वा तपसे। तपतीति तपः (तेजः) सूर्य तेजरूप प्रवर्ग्य के अर्थ तुम्हें प्रोक्ष॰ तथा च श्रुतिः १४·१·३·६· एष वै सूर्यो य एष तपत्येष उ प्रवर्ग्यस्तदेवमेवैतत्प्रीणाति तस्मादाह सूर्यस्य त्वा तपस इति॥ का॰ २६·२·२०· होता करि अञ्जन्ति यं प्रथयन्तीति मन्त्र पाठ करते में आज्य को विधि से संस्कार करि तिस आज्य से अचरणीय महावीर को देवस्त्वेति मन्त्र करि लेपैं (चुपैरे)॥ या-पं॰ सविता देवः सर्वजगद्रूप मधुर आज्य करि हे महावीर तुम्हें लेपै (चुपरै) तथाच श्रुतिः १४·१·३· १३· सर्वं वा इदं मधु यदिदं किं च तदेनमनेन सर्वेण समनक्तीति॥ का॰ २६·२·२१· रजत का शतमान (शतरत्ति का मितरजत) खर में सिकतान्तर उपगूहन करे॥ या-अ॰१। हे रजत संस्पृश (उपद्रव के अर्थ स्पर्श करने हारे राक्षस) से तू महावीर को रक्षा करि। राक्षसों से डर हुए देवता यज्ञरक्षार्थ अग्नि के अपत्य रजत को राक्षसों के घात के लिये रखते हुए और पृथिवी भी महावीरपाक में अग्नि से डरी ततः यह न जलै इस हेतु रजत खर में अन्तर्हित किया यह श्रुति में कथा है तथा च श्रुतिः १४·१· ३·१४· देवा अबिभयुर्यद्वै न इममधस्ताद्रक्षाꣳसि नाष्ट्रा न हन्युरित्यग्नेर्वा एतद्रेतो यद्धिरण्यं नाष्ट्राणाꣳ रक्षसामपहत्या

प्र॰-गा॰ रजत देवस्त्वेति महीष्व॥

